Executive Director & Chief Financial Officer
DIN.: 05147051

Mumbai, 06 November, 2025

What truly keeps Vaani fit

Bollywood actress opens up about her morning rituals, diet secrets, mindfulness and how she balances fitness

Aanchal Chaudhary

There's a quiet calm in the way Vaani Kapoor talks about her mornings — unhurried, grounded, and filled with mindful moments. For someone constantly under the spotlight, the actress believes in finding balance through spirituality, discipline, and a love for all things nourishing, both for the body and mind.

In a candid conversation with ***The Free Press Journal,*** bollywood actress Vaani Kapoor opened up about her daily routine, workout habits, and how she maintains a healthy relationship with food.



Pics: Instagram_@vaanikapoor

'I always begin with meditation'

"I don't have a very fixed morning routine," Vaani admits, "but I always begin with meditation. It keeps me centered and helps me align my thoughts for the day." She also adds a unique ritual, spiritual smudging. "I listen to chants and smudge the house to cleanse the energy. My mom laughs at me for it, but I love the calm it brings." Once she's done with her morning rituals, the actress heads straight to the gym. "If I skip a morning workout, I'll slack during the day," she laughs. Her routine alternates between Pilates and weight training, but strength training remains her main focus.



Inside Vaani's diet

While Vaani doesn't rely on pre-workout meals or breakfasts, she does take BCAA supplements to help with muscle recovery. "Mine is sugar-free, it just helps me recover faster," the *Aabeer Gulaal* fame says. Her diet is protein-rich, with a focus on natural foods and mindful eating. "Everyone's body reacts differently," she emphasises. "You need to know your metabolism and understand what works for you." The 37-year-old follows intermittent fasting, which she calls "the only thing that has truly worked" for her. "I start my first meal around 10 a.m. and finish dinner by 6:30 or 7 p.m.," she shares. "I usually do 14 hours of fasting, it keeps me light and energetic." "I can't do fad diets like keto or paleo, I want something sustainable," says Vaani. Her meals are simple yet nutritious with chicken, veggies, almond flour *parathas,* and gluten-free *rotis.* She avoids sugar, dairy, and processed foods but is not shy about indulging occasionally. "I also live that life," she states, continuing, "I love my fries and burgers! Cheat meals are a must at least once a week," Vaani laughs. She admits, "I don't want to starve and punish myself because that is also like comfort food for me." But, these days, the actress has switched to sugar free ice cream or almond zucchini brownie, giving her cheat meal a healthy punch. "Which also, by the way, tastes delicious," Vanni emphasises.



Her diet habits during shoots

The actress doesn't believe in starving herself during long shoots. "Our shoots go on for 12 to 16 hours, so I carry snacks such as millets, popcorn, fox nuts, and protein bars. If I'm hungry, I eat." She credits fitness and mindful eating for helping her sustain energy and focus through hectic schedules. "When your body is getting trained, especially weight training helps you to develop that stamina for those many hours for you to work," adds the *Raid 2* star.

FPJ EXCLUSIVE

Vaani loves cooking

Vaani confesses she loves cooking for others. "During COVID, I used to bake healthy oat desserts with blueberries for my friends," she recalls fondly. "They loved it! It was just something I picked up online and turned out delicious."

Rest and recovery

For her night routine, the actress swears by simple, effective supplements. "I take magnesium before sleeping, it really helps me rest better. And I also take my salmon oil vitamins," she says. "It's my small self-care ritual for a calm night."

> **"I listen to chants and smudge the house to cleanse the energy. My mom laughs at me for it, but I love the calm it brings**
>
> **— Vaani Kapoor**

What's next

On the professional front, Vaani will next be seen in *Badtameez Gill,* directed by Navjot Gulati and produced by Nickky and Viicky Bhagnani. She also stars in Sonali Rattan Deshmukh's *Sarvgunn Sampann,* alongside an ensemble cast including Namik Paul and Raghubir Yadav. For Vaani, wellness isn't about perfection, it's about consistency, balance, and joy. As she puts it, "It's not just about fitness or food; it's about how you feel from within."

Om & KGF fame veteran actor Harish Rai dies

Veteran Kannada actor Harish Rai, best known for his performances in films like *Om* and the *KGF* series, has passed away after battling cancer. The actor was a respected name in South Indian cinema, having acted in Kannada, Tamil, and Telugu films over several decades. Throughout his career, Rai appeared in several popular films such as *Samara, Bangalore Underworld, Jodihakki, Raj Bahadur, Sanju Weds Geetha, Swayamvara,* and *Nalla.* However, his roles in *Om* and the *KGF* franchise brought him wide recognition and love from fans.



IFP turns 15

Fifteen years since its inception, the India Film Project (IFP) returns to Mehboob Studios on November 29 and 30 for its 15th edition — a two-day celebration of creativity, storytelling, and collaboration. Now recognized as the world's largest festival for Creativity x Culture, IFP brings together filmmakers, writers, musicians, designers, and performers from across the globe. This year's jury features acclaimed names such as Dibakar Banerjee, Sheeba Chaddha, Hariharan, Bilal Siddiqi, and Mukesh Chhabra, among others. With over 40,000 participants from 23 countries, IFP continues to champion imagination, curiosity, and community — inspiring creators everywhere to dream, collaborate, and tell their stories.

Meghan Markle set to return to acting?

CJ Desk

After years of being away from her acting career, Meghan Markle is now all set to make her return to films. According to Variety, Meghan Markle will be featured in the upcoming comedy film titled *Close Personal Friends,* also starring Lily Collins, Jack Quaid, Brie Larson, and Henry Golding.

Even though Meghan Markle will be seen in a small cameo role, details surrounding her character have been kept under wraps. The film's shooting is currently underway in Los Angeles. Speaking about the Duchess of Sussex's part, a source told People, "Meghan was on the set today. She has a small part. She seemed very relaxed and happy. She introduced herself to everyone and was very sweet and down-to-earth."

Among other cast members are Melissa Villasenor, Natasha Demetriou, Anna Konkle, Patti Harrison, Jack Shalloo, and Dustin Demri-Burns. Close Personal Friends reportedly focuses on the story of a "regular" couple that meets a celebrity couple during their trip to Santa Barbara.

However, it is when the two couples become friends that things start getting awkward and lines are crossed. Directed by Jason Orley, the film's screenplay comes from Isaac Aptaker, who is also producing alongside Elizabeth Berger.




Pic: Instagram_@meghan

Akon brings the biggest party to India

Global music icon Akon is set to electrify Indian audiences this November with what promises to be the biggest party of the year. The Grammy-nominated singer and hitmaker behind chartbusters like ***Smack That, Lonely, Don't Matter, Right Now (Na Na Na),*** and the Bollywood favourite ***Chammak Challo,*** will perform in Delhi on November 9, Bengaluru on November 14, and Mumbai on November 16.

In a special message to his Indian fans, Akon said, "Y'all ready, India? It's your boy Akon! This November, I'm bringing the party of the year straight to you. Can't wait to see my people, my fans, my fam out there — let's make history together!"

The concert series, presented by HSBC and co-presented by The Spirit of KASHMYR, is organised by White Fox and Percept Live. Aman Kumar, co-founder of White Fox, called Akon's return a "full-circle moment" for fans who grew up with his music. "Each city will feel the energy — the lights, the production, the connection," he said.



Pic: Instagram_@akon



Pic: X

Stars set to wed?

Are actors Rashmika Mandanna and Vijay Deverakonda all set to take their relationship to the next level? The much-loved couple reportedly got engaged in October 2025 in an intimate ceremony and is now planning to get married in February 2026 in Udaipur, Rajasthan. A viral social media post has claimed that the wedding will take place on February 26 at a grand palace in Udaipur. Though the reports have taken the internet by storm, neither Rashmika nor Vijay has officially confirmed or denied them. Sources close to the couple had earlier informed NDTV that their engagement took place on October 3, in a private ceremony attended only by close friends and family. The event was said to be simple yet elegant, marking the beginning of a new chapter in their relationship.

e-paper
Chouthasansar.com

cspress1@gmail.com,
cspress@rediffmail.com
Ph. : 0731-2575511-15

चौथा संसार

तापमान
अधिकतम 30.3
न्यूनतम 12.1
सूर्योदय 6.35
सूर्यास्त 5.47

वर्ष 37 ▮ अंक 320 ▮ कीमत 4 रुपए ▮ शुक्रवार, 07 नवंबर 2025 ▮ रजि. नं. आय.डी.सी./एम.पी./956/2024-2026

एक नजर



ईडी ने रैना और शिखर की 11.14 करोड़ की संपत्ति जब्त की

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ऑनलाइन सट्टेबाजी और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामलों के कार 1 पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन की 11.14 करोड़ रुपये की संपत्तियां अस्थायी रूप से जब्त कर ली हैं। इनमें रैना के 6.64 करोड़ के म्यूचुअल फंड निवेश और धवन की 4.5 करोड़ की अचल संपत्ति शामिल हैं। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग निरोधक कानून (पीएलएलए) 2002 के तहत की गई है।

1 माह में बिटकॉइन में 21 फीसदी की गिरावट

मुंबई। क्रिप्टोकरेंसी मार्केट भारी उथल-पुथल के दौर से गुजर रहा है। पिछले 5 माह में 1लाख डालर के नीचे आ गया है। पिछले एक माह में 21 फीसदी से ज्यादा की गिरावट क्रिप्टो करेंसी में देखने को मिल रही है। इथेरियम, सोलाना, बीएनबी डाज कॉइन,एक्सआरपी सहित सभी डिजिटल संपत्तियों में बिकवाली देखने को मिल रही है। अक्टूबर माह में बिटकॉइन 1 लाख 26 हजार डॉलर के ऊपर कारोबार कर रहा था। जो अब घटकर एक लाख के नीचे आ गया है।

भारत से दक्षिण अफ्रीका जा रहे जहाज पर हुआ कब्जा

सोमालिया। गुरुवार को सोमालिया के तट के पास मशीन गन और रॉकेट प्रोपेल्ड गन से लैस हमलावरों ने एक जहाज पर हमला किया और उस पर कब्जा कर लिया। जिस जहाज पर हमला हुआ, वह भारत से दक्षि 1 अफ्रीका जा रहा था। माना जा रहा है कि सोमालिया के समुद्री डाकुओं ने इस हमले को अंजाम दिया। ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर ने इस हमले को लेकर अलर्ट जारी किया और इलाके में मौजूद जहाजों को चेतावनी दी।

कुख्यात नक्सली कमला सोड़ी ने किया सरेंडर

रायपुर। छत्तीसगढ़ के खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (केसीजी) जिले में 17 लाख रुपये की इनामी महिला नक्सली ने बृहस्पतिवार को सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्प 1 कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के माड़ डिवीजन, बस्तर एमएमसी (मध्य प्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ जोन) से संबंधित नक्सली कमला सोड़ी उर्फ उंगी उर्फ तरू 11 (30 वर्ष) ने केसीजी जिले के पुलिस अधीक्षक के सामने आत्मसमर्प 1 किया।

इंदौर की शाहबानो पर बनी फिल्म हक आज होगी रिलीज, हाईकोर्ट का रोक लगाने से इनकार

'हम सिर्फ मुसलमान औरतें नहीं, हम हिंदुस्तान की मुस्लिम औरतें है, इसी मिट्टी में पले बढ़े हैं, इसलिए कानून हमें उसी नजर से देखे जैसे अन्य हिन्दुस्तानियों को देखता है'

फिल्म हक की मुख्य भूमिका में इमरान हाशिमी और यामिनी गौतम

इंदौर(नप्र)। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने शाहबानो केस पर आधारित फिल्म हक की रिलीज पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। अदालत ने गुरुवार को दिए फैसले में कहा- यह किसी की निजता का हनन नहीं है। इसके साथ ही हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने शाहबानो की बेटी और कानूनी वारिस सिद्दिका बेगम खान की उस याचिका को भी खारिज कर दिया, जिसमें फिल्म की रिलीज, प्रदर्शन और प्रमोशन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की थी। फिल्म हक की मुख्य भूमिका में इमरान हाशिमी और यामिनी गौतम है। इस फिल्म का ट्रेलर काफी दिन पहले रिलिज हो चुका है। जिसमें यामी गौतम का यह डॉयलॉग काफी प्रभावित करता है- हम सिर्फ मुसलमान औरतें नहीं, हम हिंदुस्तान की मुस्लिम





औरतें है, इसी मिट्टी में पले बढ़े हैं, इसलिए कानून हमें उसी नजर से देखे जैसे अन्य हिन्दुस्तानियों को देखता है।

याचिकाकर्ता के तर्क- याचिका में सिद्दिका बेगम का कहना था कि फिल्म मेकर्स ने शाहबानो पर फिल्म बनाने से पहले उनकी कानूनी वारिस से कोई अनुमति नहीं ली है। फिल्म में शरिया कानून की नकारात्मक छवि दिखाई गई है, जिससे मुस्लिम समुदाय की भावनाएं आहत हो सकती हैं। उन्होंने फिल्म के डायरेक्टर सुपर्ण एस. वर्मा, जंगली पिक्चर्स, बावेजा स्टूडियोज और केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के चेयरपर्सन को कानूनी नोटिस भी भेजा था। इससे पहले हाईकोर्ट ने 4 नवंबर को दो घंटे चली सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने गुरुवार को अपने आदेश में याचिका को खाजिर करते हुए फिल्म रिलिज की अनुमति दे दी। फिल्म 'हक' आज 7 नवंबर को होगी।

प्रतिष्ठा धूमिल करने जैसी बात नहीं

वहीं, फिल्म के निमार्ताओं और वितरकों की ओर से सीनियर एडवोकेट अजय बागड़िया, हितेश मेहता, रितिक गुप्ता एवं अधिवक्ता अनुग्रह शर्मा उपस्थित रहे। हितेश मेहता ने तर्क रखे थे कि फिल्म के डायलॉग में कुछ आपत्तिजनक नहीं है। न ही परिवार की प्रतिष्ठा को धूमिल करने जैसी बात है। इवेंट्स अच्छे नजरिए और बेहतर तरीके से फिल्माया है। न्यायालय के समक्ष यह तर्क रखा कि, फिल्म किसी व्यक्ति की जीवनी नही है। उन्होंने कहा कि फिल्म शाह बानो केस से प्रेरित अवश्य है, परंतु यह किसी व्यक्ति का वास्तविक जीवन चित्रण नहीं करती।

न्यायमूर्ति प्रणय वर्मा का आदेश

न्यायमूर्ति प्रणय वर्मा ने अपने 14 पष्ठों के आदेश में कहा कि किसी व्यक्ति का निजता का अधिकार एक प्राकतिक अधिकार है जो उसके जन्म के साथ उत्पन्न होता है और मृत्यु के साथ समाप्त हो जाता है। मृत व्यकति के निजता या गरिमा के अधिकार को उनके उत्तराधिकारी विरासत में नहीं पा सकते।

अंततः माननीय न्यायालय 'ने यह निष्कर्ष निकाला कि. फिल्म हक शाह बानो के जीवन से प्रेरित अवश्य है, परंत उनकी जीवनी नहीं है। फिल्म को सेंसर प्रमाणन मिल चुका है और उस प्रक्रिया में कोई कानूनी त्रूटि नहीं बताई गई है। याचिकाकर्ता ने वैकल्पिक उपाय नहीं अपनाया और विलंब से याचिका दायर की। इन आधारों पर अदालत ने कहा कि याचिका में कोई ठोस संवैधानिक उल्लंघन या कानूनी कारण नहीं पाया गया । इसलिए उक्त याचिका को निरस्त किया गया है ।

बिहार में पहले चरण में अच्छा मतदान

121 सीटों पर 64.46% से अधिक हुआ मतदान



पटना, (एजेंसी)। हार विधानसभा चुनाव के पहले फेज की वोटिंग खत्म हो गई है। चुनाव आयोग के अनुसार पहले चरण में 64.46 फीसदी वोटिंग हुई है। बेगूसराय में सबसे ज्यादा 67.32% और शेखपुरा में सबसे कम 52.36% वोटिंग हुई। वहीं राजधानी पटना में 55.02% मतदान हुआ।

अतिसंवेदनशील 56 बूथों पर शाम 5 बजे तक ही वोटिंग हुई। बिहार में शहरी वोटर में वैसा उत्साह नहीं दिखा। 121 सीटों में से 3 सीट पर सबसे कम वोटिंग देखी जा रहीं है। राजधानी पटना के शहरी क्षेत्र कुम्हरार में 39.52 फीसदी, दीघा में 39.10 फीसदी और बांकीपुर में 40 फीसदी मतदान हुआ।

पहले फेज की वोटिंग खत्म होने के साथ ही 18 जिलों की 121 सीटों पर आज 1314 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई।

बिहार के डिप्टी सीएम की गाड़ी पर गोबर-चप्पल फेंकी

विजय सिन्हा-राजद एमएलसी बीच सड़क भिड़े उपमुख्यमंत्री बोले- दारू पीकर गुंडागर्दी कर रहा है

बिहार के उपमुख्यमंत्री और लखीसराय से बीजेपी कैंडिडेट विजय कुमार सिन्हा की गाड़ी पर गुरुवार को गोबर और चप्पलें फेंकी गई। विजय सिन्हा ने कहा,



गाड़ी पर पथराव भी हुआ है। ये हमला आरजेडी के लोगों ने किया है। मामला लखीसराय विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 404 और 405 के पास का है। विजय सिन्हा खोरियारी गांव में इंटर कर रहे थे, तभी कुछ लोगों ने कार को घेर लिया। विजय सिन्हा के मुताबिक, कुछ लोगों ने चप्पलें फेंकी, पथराव किया और मुर्दाबाद के नारे लगाए। उन्हें गांव में जाने से भी रोक दिया। उन्होंने कहा, 'ये राजद के गुंडे हैं। सत्ता में आए बिना ही ये गुंडे बिहार के उपमुख्यमंत्री को बाहर जाने के लिए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। यहां के एसपी कायर और कमजोर हैं, जो यहां आकर कह रहे हैं कि शांतिपू 1 मतदान हो रहा है। अगर किसी भी तरह की कोई घटना होती है तो हम यहीं पर धरना-प्रदर्शन करेंगे। ऐसे प्रशासन पर धिक्कार है।' शेष अंतिम पृष्ठ पर

इंदौर में सीजन की सबसे ठंडी रात, पारा 12.1 डिग्री

भोपाल, ग्वालियर में भी लुढ़का पारा

भोपाल/इंदौर(निप्र)। प्रदेश में बारिश का दौर थामने के बाद ठंड का असर बढ़ने लगा है। बुधवार रात कई शहरों में पारा काफी लुढ़क गया। इंदौर में सीजन की सबसे ठंडी रात रही। यहां पर न्यूनतम तापमान 12.1 डिग्री दर्ज किया गया। इससे एक दिन पूर्व मंगलवार रात का तापमान 18.2 डिग्री था, मतलब रात के तापमान में 6 डिग्री से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई।

भोपाल में 13 डिग्री, ग्वालियर में 16.3 डिग्री, उज्जैन में 14.5 डिग्री और जबलपुर में 18.2



डिग्री दर्ज किया गया। राजगढ़ सबसे ठंडा रहा। यहां पारा 11 डिग्री रहा। मौसम विभाग के अनुसार, इस सीजन में पहली पार तापमान में इतनी गिरावट देखने को मिली है। सभी शहरों में तापमान 20 डिग्री से कम ही रहा। पहाड़ों पर बर्फबारी शुरू होना भी इसकी एक वजह है।

नमी की वजह से नहीं लुढ़का पारा- मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, इस बार अक्टूबर के आखिरी हफ्ते में बने सिस्टम के कारण बंगाल की खाड़ी और अरब सागर दोनों तरफ से नमी आई। जिससे बादल छाए रहे। इस वजह से दिन का तापमान नहीं बढ़ सका। वर्तमान में हरियाणा के पास एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन (चक्रवात) बना हुआ है। इस वजह से यह प्रदेश में ठंडी हवा आने से रोक रहा है। अगले 24 में यह चक्रवात उत्तर भारत में सक्रिय वेस्टर्न डिस्टरबेंस में समाहित हो जाएगा। इसके बाद ही हमारे यहां ठंड का असर शुरू होगा।

राहुल गांधी का अजीबो गरीब तर्क, बोले-

मोदी सस्ता डाटा देकर युवाओं को इसका आदी बना रहे

इंस्टा, फेसबुक, 21वीं सदी का नशा है

पूर्णिया, (एजेंसी)। पूर्णिया के कसबा में गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मंच पर कांग्रेस प्रत्याशी इरफान आलम रो दिए। राहुल का भाषण खत्म होने के बाद वे मंच पर बोलने आए। उन्होंने कहा कि 'हमको जिंदगी में पहली बार इतनी बड़े मंच में बोलने का मौका मिला है। जो आज तक सर को पता नहीं होगा। सर मैं आपको बताना चाहता हूं, एक चिट्ठी बांटने वाले के बेटे को आपने टिकट दिया है।'श

ये ड्रग्स से भी खतरनाक नशा - राहुल गांधी ने कहा कि, मोदी सस्ता डाटा देकर युवाओं को सोशल मीडिया



(खासकर इंस्टाग्राम रील्स, फेसबुक) की लत लगवाकर बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार जैसे असली मुद्दों से भटका रहे हैं।ये ड्रग्स से भी खतरनाक नशा है। ऐसा वो इसलिए करते हैं ताकि युवा फालतू की बातों में उलझे रहे और वो वोट चोरी करते रहे।

ट्रेन की छत पर जिंदा जला व्यक्ति

जालंधर। पंजाब में जालंधर के फिल्लौर रेलवे स्टेशन में ट्रेन पर चढ़ा व्यक्ति हाईटेंशन तारों की चपेट में आने से जिंदा जल गया। व्यक्ति की अभी पहचान नहीं हो पाई है। रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची है। व्यक्ति ट्रेन पर कैसे चढ़ा और क्या कर रहा था इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल इसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। जिस ट्रेन पर व्यक्ति को करंट लगा वो सुबह पौने 10 बजे लोहियां से लुधियाना जा रही थी। ट्रेन जैसे ही फिल्लौर के प्लेटफार्म नंबर 3 पर रुकी तभी यह हादसा हुआ। उसे पहले फिल्लौर फिर जालंधर रेफर कर दिया गया।

बैंक-लोन फ्रॉड मामले में अनिल अंबानी को ईडी का समन

14 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया



मुंबई, (एजेंसी)। रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फिर से समन भेजा है। पीटीआई के अनुसार ईडी ने अनिल अंबानी को 14 नवंबर को पूछताछ के लिए हाजिर होने को कहा है। यह मामला मनी लॉन्ड्रिंग और बैंक लोन फ्रॉड से जुड़ा है, जिसकी जांच ईडी कर रही है। 7,500 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी जब्त इससे पहले ईडी ने 3 नवंबर को अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप से जुड़ी 132 एकड़ जमीन को अटैच कर दिया है। यह जमीन धीरूभाई अंबानी नॉलेज सिटी नवी मुंबई में है, जिसकी वैल्यू 4,462.81 करोड़ रुपए है।

जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल में बर्फबारी

तापमान माइनस में:गुलमर्ग बना व्हाइट वंडरलैंड

नई दिल्ली, (एजेंसी)। हिमालय के तीन राज्यों जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल में बर्फबारी शुरू हो गई है। जम्मू-कश्मीर के बारामूला में गुलमर्ग व्हाइट वंडरलैंड में बदल गया है। उत्तराखंड में बद्रीनाथ-केदारनाथ धाम भी बर्फ से ढंक गए हैं। हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों लाहौल और स्पीति और किन्नौर, कुल्लू में ताजा बर्फबारी हुई, जिससे तापमान में गिरावट हुई है। देशभर से लोग बर्फबारी का नजारा देखने पहुंच रहे हैं। ताबो में पारा माइनस 2.2, कुकुमसेरी में माइनस 1.8और केलांग में 0.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

इधर पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का असर मैदानी



राज्यों में नजर आने लगा है। दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, झारखंड में ठंडी हवाएं चलने से तापमान में 3डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक इन राज्यों में अगले 3 दिन में ठंड जोर पकड़ लेगी।



दिल्ली के ऊपर उड़ने वाले विमानों को मिले गलत सिग्नल

सरकार ने जांच शुरू की

नई दिल्ली, (एजेंसी)। दिल्ली में पिछले एक हफ्ते से विमानों के जीपीएस सिग्नल में फेक अलर्ट आ रहे हैं। इसे जीपीएस स्पूफिंग भी कहते हैं। इसके तहत पायलटों को गलत लोकेशन और नेविगेशन डेटा अलर्ट मिल रहे हैं।

एयर ट्रैफिक कंट्रोल के सूत्रों के अनुसार दिल्ली के करीब 100 किमी के दायरे में ऐसी घटनाएं सामने आई हैं। फ्लाइट रेगुलेटर डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) को इसके बारे में जानकारी दे दी गई है।

स्पूफिंग एक प्रकार का साइबर अटैक है जो नेविगेशन सिस्टम को गुमराह करने के लिए फेक जीपीएस सिग्नल भेजता है। ज्यादातर इसका इस्तेमाल वॉर जोन में किया जाता है, ताकि दुश्मनों के ड्रोन और विमानों को नष्ट किया जा सके। पायलट ने बताया- लैंडिंग के वक्त आया फेक अलर्ट एक एयरलाइंस के पायलट ने बताया कि पिछले हफ्ते उन्होंने 6 दिन फ्लाइट उड़ाई और हर बार जीपीएस स्पूफिंग का सामना करना पड़ा। पायलट के मुताबिक, दिल्ली एयरपोर्ट पर एक बार फ्लाइट लैंड करने के दौरान, उसके कॉकपिट सिस्टम में अलर्ट आया कि आगे रूट पर कोई खतरा है। वास्तव में वहां ऐसा कुछ नहीं था। ऐसा ही कुछ अन्य फ्लाइट्स के साथ भी हुआ। इससे कई उड़ानों में देरी भी हुई। सूत्रों ने बताया कि भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर जीपीएस स्पूफिंग होना आम बात है, लेकिन दिल्ली के ऊपर ऐसी घटनाएं असामान्य हैं।

हाइड्रोजन बम — **अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने भी दिया था इशारा**

क्या भारत ने बना लिया 1,000 ताकतवार हाइड्रोजन बम

नई दिल्ली, (एजेंसी)। 18 मई 1998 की वहां तारीख जब अमेरिका के जाने-माने अखबार में एक खबर छपी कि भारत ने हाइड्रोजन बम का परीक्षण किया है। भारतीय वैज्ञानिकों ने बताया है कि उन्होंने पिछले हफ्ते पांच भूमिगत टेस्ट किए हैं, जिसमें एक हाइड्रोजन बम का भी था। हालांकि, पूरी दुनिया में भारत के इस एच-बम टेस्ट किए जाने को लेकर सवाल भी उठे थे। मगर, खुद तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और वैज्ञानिकों ने दो टूक कहा था कि अब भारत ने बड़ा बम बनाने की क्षमता हासिल कर ली है। अब जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुलासा किया है कि



पाकिस्तान फिर परमाणु बम बना रहा है। तब जानकारों का कहना है कि भारत को अब हाइड्रोजन बम बना लेना चाहिए।

अमेरिका की केंद्रीय जांच एजेंसी (सीआईए) ने 2014 में एक सीक्रेट फाइल उजागर की थी। उसमें 19 मई, 1989 के एक इंटरव्यू का जिक्र है, जिसमें सीईए के डायरेक्टर विलियम एच वेबस्टर ने कहा था कि इसतरह के संकेत हैं कि भारत हाइड्रोजन बम बना रहा है और उन्होंने परमाणु बम विस्फोट किए जाने की चेतावनी भी दी थी। उनकी बात सही साबित हुई और भारत ने दस साल बाद ही परमाणु टेस्ट कर लिया।

हाइड्रोजन बम सीधे शब्दों में परमाणु हथियार तकनीक का चरम है। भारतीय वैज्ञानिकों ने मई, 1998 में पांच परमाणु परीक्षण किए थे। इसमें हाइड्रोजन बम के विस्फोट को भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर (बीएआरसी) के वैज्ञानिकों ने अपनी सर्वोच्च उपलब्धि माना था। इन टेस्ट के बाद गर्व से भरे तत्कालीन प्रधानमंत्री वाजपेयी ने कहा था कि अब हमारे पास एक बड़ा बम बनाने की क्षमता है।

भारतीय वैज्ञानिकों ने तब दावा किया था कि उनके पांच परमाणु परीक्षणों की कुल क्षमता 58 किलोटन थी। एक किलोटन विस्फोटक ऊर्जा 1,000 टन टीएनटी के बराबर होती है। वहीं, सिर्फ हाइड्रोजन बम की क्षमता 45 टन थी। 1 नवंबर, 1952 को अमेरिका ने दुनिया का पहला हाइड्रोजन बम टेस्ट किया था। उस वक्त 5 किलोमीटर चौड़ा एक विशाल, चकाचौंध कर देने वाला सफेद आग के गोले ने आसमान को ढक लिया था। हाइड्रोजन बम नाभिकीय संलयन अभिक्रिया की वजह से होता है। इसमें बड़ी मात्रा में एनर्जी निकलने की वजह से बड़ा विस्फोट होता है। वहीं, परमाणु बम विस्फोट के पीछे नाभिकीय विखंडन होता है। हाइड्रोजन बम परमाणु बम से ज्यादा विनाशकारी होता है।

रिपोर्ट के अनुसार, एक हाइड्रोजन बम करीब 1,000 परमाणु बम जितना ताकतवार होता है। अगर, एक परमाणु बम नागासाकी जैसे छोटे शहर को ध्वस्त कर सकता है, तब एक शक्तिशाली हाइड्रोजन बम मिनटों में पूरे न्यूयॉर्क महानगर को नष्ट कर सकता है, जिसमें लाखों लोग मारे जा सकते हैं। सैन्य हलकों में इस बम को सिटी बस्टर के नाम से जाना जाता था।

एक नजर



महिलाओं के लिए पिंक लीगल सेमिनार का आयोजन

इंदौर,(नप्र)। फिक्की एफएलओ इंदौर द्वारा पिंक लीगल शीर्षक से एक प्रेर ादायक सेमिनार का आयोजन 3 नवंबर को डीसीबीएम, इंदौर में किया गया, जिसका उद्देश्य महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना था। एडवोकेट निधि वैद्य, जो मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, इंदौर में प्रैक्टिस करती है, ने महिलाओं के अधिकारों से जुड़े महत्वपू र्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला और आत्मरक्षा व आत्मविश्वास के लिए कानून की समझ को आवश्यक बताया। इस कार्यक्रम का सफल आयोजन और संचालन सीए प्रिया बिंदल, कार्यकारि ी सदस्य एवं वित्तीय साक्षरता एवं विधिक पहल की प्रमुख द्वारा किया गया। सीए श्वेता अग्रवाल, चेयरपर्सन फिक्की एफएलओ इंदौर ने कहा कि संगठन महिलाओं के सशक्तिकर ा के लिए विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे सार्थक प्रयास लगातार करता रहेगा।



अ भा श्वेताम्बर जैन महिला संघ द्वारा ऑनलाइन परिचय सम्मेलन

इंदौर,(नप्र)। विधवा, विधुर एवं परित्यक्ता परिचय सम्मेलन समाज के लिए अत्यंत आवश्यक और मानवीय पहल है। इसके पीछे कई सामाजिक, भावनात्मक और नैतिक कार ा हैं।इसीलिए अ भा श्वेताम्बर जैन महिला संघ केंद्रीय इकाई द्वारा 30 नवम्बर को ऑनलाइन परिचय सम्मेलन किया जा रहा है। पोस्टर का विमोचन करते हुए समाजसेवी वीरेन्द्र कुमार जैन एवं सतीश पावेचा ने कहा कि पति या पत्नी के जाने के बाद या टूटे हुए वैवाहिक रिश्ते के बाद व्यक्ति अकेला हो जाता है। जीवन में सहयोग, संवेदना और सुरक्षा की कमी महसूस होती है। ऐसे में समान परिस्थिति वाले लोगों का मिलना उन्हें नया साथी और नई दिशा दे सकता है। संस्थापक अध्यक्ष रेखा जैन एवं अध्यक्ष विजया जैन ने कहा समाज में आज भी विधवा या परित्यक्ता पुनर्विवाह को सहजता से नहीं लिया जाता। ऐसे सम्मेलन सकारात्मक सामाजिक संदेश देते हैं कि दूसरा विवाह कोई अपराध नहीं, बल्कि जीवन का पुनर्निर्मा ा है।



पिंक कलर थीम पर आयोजित किया मिलन समारोह

इंदौर (नप्र)। विजयवर्गीय महिला समाज का दीपावली मिलन समारोह पिंक कलर थीम पर आयोजित किया गया जिसमें पिंक कलर के परिधान पहन कर महिलाएं सज धज कर आयी और उन्होंने तिलक लगाकर सभी का मुंह मीठा कराया गया। आयोजित समारोह महिलाओं और बच्चों ने साथ में कई रोचक गेम्स भी खेले। थीम विनर्स मोना गुप्ता, संजीता विजयवर्गीय और सीमा विजयवर्गीय रही।

गुमास्ता नगर स्थित वैष ाव कन्या विद्यालय पर कल अंतरविद्यालयीन चित्रकला, संगीत एवं निबंध स्पर्धा

इंदौर (नप्र)। गुमास्ता नगर स्थित श्री वैष ाव कन्या विद्यालय पर अपनी 30 वर्ष पुरानी परंपरा के अनुरूप इस वर्ष भी शुक्रवार 7 नवंबर को सुबह 9.30 बजे से अंतरविद्यालयीन चित्रकला, संगीत एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन साहित्यकार एवं उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन के सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. पुरुषोत्तम दुबे की अध्यक्षता में किया जा रहा है। विजेताओं को ट्रॉफी के द्वारा स्व. श्रीमती केसरबाई आगार और स्व. मोहनलाल आगार की स्मृति में कैलाशचन्द्र आगार जनकल्या ा फाउंडेशन की ओर से सम्मानित किया जाएगा। विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजकुमार भाटिया, मंत्री अमित पसारी एवं प्राचार्य ममता शुक्ला ने बताया कि कक्षा छठी से आठवीं के बच्चों के लिए ह्यक्रीएटिव विकास इन विद्यार्थियों के भविष्य की कुंजीह्न, कक्षा नौवीं एवं दसवीं के लिए ह्यस्वस्थ विचार और स्वस्थ जीवन में एक अटूट सम्बन्ध हैह्न तथा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के बच्चों के लिए ह्यविश्व मंच पर भारत की भूमिकाह्न विषय पर तीन सौ से चार सौ शब्दों में निबंध लेखन प्रतियोगिता , 7 नवंबर को सुबह 9.30 से 11 बजे तक वैष ाव कन्या विद्यालय पर रखी गई है। इसी तरह चित्रकला में कक्षा तीसरी से पांचवीं के लिए ह्यमेरे सपनों का उद्यान,ह्न छठी से आठवीं के लिए ह्यप्रकृति एवं वन्यप्रा ीह्न, नौवीं और दसवीं के लिए ह्यशांति की ताकतह्न तथा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के बच्चों के लिए ह्यमेरे लिए आजादी के मायनेह्न जैसे विषयों को शामिल किया गया है।

स्कूल बसों की सुरक्षा पर सख्त हुए पुलिस-कमिश्नर

स्कूल प्रशासकों, ट्रांसपोर्ट अधिकारियों के साथ की बैठक; बोले-बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

इंदौर (नप्र)। स्कूल बसों की सुरक्षित संचालन, स्टूडेंट्स व लोगों की सुरक्षा को लेकर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने स्कूल प्रशासकों और स्कूल बसों के ट्रांसपोर्ट अधिकारियों के साथ गुरुवार को बैठक की।

बैठक में स्टूडेंट्स और लोगों की सुरक्षा को पहली प्राथमिकता देते हुए रोड पर बसों के सुरक्षित संचालन से जुड़े कई पहलुओं पर चर्चा की। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने स्कूल प्रशासकों और ट्रांसपोर्ट अधिकारियों से कहा कि स्कूल के बच्चों और लोगों की सुरक्षा और सुरक्षित यातायात हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता और जिम्मेदारी है। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्कूल प्रबंधन/बस चालकों एवं संचालकों के लिए जारी दिशा-निर्देश का पालन करें और सुरक्षित रूप से बसों का परिचालन करें। उन्होंने सभी को किसी भी प्रकार की घटना/दुर्घटना के बचाव के लिए दिशा-निर्देश दिए हैं।



पुलिस कमिश्नर ने सभी संबंधितों से इन निदेर्शों का जिम्मेदारी पूर्वक पालन कर, सहयोग करने के की अपेक्षा की है। बैठक के दौरान बसों के सुरक्षित चलाने के लिए यातायात प्रबंधन पुलिस द्वारा एक चेक लिस्ट तैयार की गई है, जिसमें स्कूल संचालकों एवं बस के चालक व परिचालकों के लिए कुछ सामान्य निर्देश हैं, वो सभी को दी गई और इन निदेर्शों का पालन किया जा रहा है, इसके लिए एक शपथ पत्र भी सभी से लिया गया है। यातायात पुलिस द्वारा अभियान चलाकर स्कूल बसों के सुरक्षित परिचालन के संबंध में जागरूकता व कार्रवाई की जाएगी। स्कूलों के ट्रांसपोर्ट अधिकारियों व प्रशासकों ने भी अपनी बात रखी और उक्त निदेर्शों के पालन में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन भी दिया।

ये दिशा-निर्देश दिए है

- सभी स्कूल नियमों के अनुसार अपनी बसों में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम और सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।
- बसों में स्पीड गवर्नर सिस्टम लगवाया जाए और उनकी गति सीमा 40 किमी/घंटा से अधिक न हो।
- बसों में किसी भी आपात स्थिति के समय आवश्यक उपकर ा जैसे- अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स व अन्य जरूरी सामान आवश्यक रूप से हो।
- बसों में एक इमरजेंसी गेट जरूर हो, इसका भी ध्यान रखा जाए।
- बसों के फिटनेस और निर्धारित मानकों की मॉनिटरिंग की जाए, किसी भी स्थिति में खराब वाहनों का संचालन न किया जाए।
- ड्राइवरों के पास वैध और भारी वाहन चलाने के लिए उपयुक्त लाइसेंस हो, जिसकी वैधता की जांच भी की जाए।
- ड्राइवरों की शारीरिक स्थिति (आंखों की जांच आदि) की भी समय-समय पर जांच हो और उन्हें प्रशिक्षित भी किया जाए।
- चालक और परिचालक आपराधिक पृष्ठभूमि के तो नहीं हैं, इसके लिए पुलिस वेरिफिकेशन भी करवाया जाएं। वो नशा करके वाहन तो नहीं चलाते, इसकी भी निगरानी की जाए।



सफाई में लापरवाही पर दरोगा को हटाने के निर्देश

आयुक्त द्वारा झोन क्रमांक 2 का निरीक्ष ा

इंदौर (नप्र)। आयुक्त दिलीप कुमार यादव ने आज प्रातः झोन क्रमांक 2 के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। बजाज खाना चौक, टिंबर मार्केट, राज मोहल्ला, गंगवाल बस स्टैंड, धार रोड आदि क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था की समीक्षा की गई।

सफाई कार्य में लापरवाही मिलने पर दरोगा अनिल गोसर और राजकुमार नरवाले को तत्काल प्रभाव से हटाने के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने एनजीओ बेसिक्स को भी फटकार लगाई तथा मार्केट खुलने से पूर्व विशेष सफाई सुनिश्चित करने को कहा। राज मोहल्ला उद्यान में सफाई व्यवस्था सुधारने, पाथवे निर्माण और बोरिंग कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही बैकलेन क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान और सीमेंटीकरण करने के निर्देश भी दिए गए।


संघ ने सामान्य व्यक्तियों को साधक बनने का अवसर दिया - भैय्याजी जोशी

अरविंदजी जोशी की जीवन-स्मृतियों पर आधारित पुस्तक का संघ-साधक का विमोचन

इंदौर,(नप्र)। साधना की यात्रा १०० वर्षों की यात्रा में संघ ने सामान्य व्यक्तियों को साधक बनने का अवसर प्रदान किया। ऐसा ही अवसर श्री अरविंद जोशीजी को भी प्राप्त हुआ।

उक्त विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य श्री भैय्याजी जोशी नें इन्दौर में समाजसेवी श्री अरविंद जी जोशी की जीवन-स्मृतियों पर आधारित पुस्तक का संघ-साधक के विमोचन के अवसर पर व्यक्त किये। श्री भैय्याजी ने अपने उद्बोधन में साधना हेतु साधक में कुछ अनिवार्य गुणों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए कहा कि कभी-कभी साधनों से स्नेह जाता है, साधन के प्रति स्नेह से आपत्ति नही, परंतु स्मरण साध्य का अवश्य रहे। फल की चिंता करने वाला साधक, साधना का आनंद खो देता है। साधना के पथ पर निरंतर निष्काम चलने वाला साधक प्रसन्न रहता है। साधना हेतु अंतः और बाह्य शुद्धता, पूर्ण समर्पण और अपने कार्य प्रति निष्ठा आवश्यक है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने साधना के मार्ग पर सबको साथ लेकर चलना सीखाया है। हम अकेले नही अपितु सबको साथ लेकर चलें हैं आगे भी सभी को साथ लेकर चलेंगे। सबको अपना बनाना है, अपने जैसा बनाने का दुराग्रह नहीं करना है।



अर्चना प्रकाशन द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'संघ साधक' का विमोचन मंगलवार को गणेश मंडल, इंदौर में एक गरिमामय समारोह में किया गया। यह पुस्तक माधवाश्रम न्यास गौशाला, मंडलेश्वर के संस्थापक व पूर्व अध्यक्ष स्व. श्री अरविंद जी जोशी की जीवन-स्मृतियों पर आधारित है। इस पुस्तक में उनकी जीवन-स्मृतियों को अत्यंत प्रभावी शैली में प्रस्तुत किया गया है। पुस्तक का विमोचन श्री भैय्याजी जोशी, डॉ. प्रकाश जी शास्त्री (मालवा प्रांत संघचालक एवं अध्यक्ष, श्री माधवाश्रम न्यास) एवं अर्चना प्रकाशन के ओमप्रकाश जी गुप्ता के करकमलों द्वारा हुआ।

विमोचन समारोह में स्व. श्री अरविन्द जी जोशी के परिजनों एवं श्री अरविंदजी जोशी के साथ कार्य करने वाले समाजसेवियों में अपने विचार व्यक्त किये। 'संघ साधक' पुस्तक अर्चना प्रकाशन द्वारा प्रकाशित है और यह माधव वस्तु भंडार, इंदौर पर उपलब्ध है।

नए-पुराने गीतों से सजी शाम ने मौसम बदल दिया

संगीत प्रेमी 87 वर्षीय मनोहर करमबेलकर ने किया शानदार आयोजन

इंदौर,(नप्र)। हिंदी साहित्य समिति के सभागार मे स्वर मनोहर म्यूजिकल ग्रुप का सुमधुर नए और पुराने फिल्मी गीतों का आयोजन हुआ, जिसका आयोजन 87 वर्षीय मनोहर करमबेलकर ने किया । संयोजक अनुजा पंडित सह संयोजक सुभाष पालीवाल, सह आयोजक हेमा करमबेलकर भावे एवं सूत्र संचालन लीना श्रीवास ने किया ।मुख्य अतिथि श्री विष्णु कोकजे पूर्व राज्यपाल हिमाचल प्रदेश एवं सांसद श्री शंकर ललवानी एवं जाने माने सिंगर चिन्तन बाकलीवाल आए और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। गायक मनोहर करमबेलकर एवं गायिकाएं शुभी चौहान, लीना श्रीवास, संस्कृति सुगंधी, आराधना सुगंधी, मयूरी गुप्ता, प्रियंका आगवन, संतोष चौहान, ऋद्धि तिवारी, हेमा करमबेलकर भावे ने अपनी मधुर आवाज में गीत गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और खूब तालिया बटोरी । श्रोताओं ने सभी गीतों को खूब सराहा एवं इस अविस्मरणीय संगीत निशा का आनंद लिया। आयोजक मनोहर करमबेलकर ने स्वर मनोहर म्यूजिकल ग्रुप की यह तीसरी प्रस्तुति दी।



दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय योग कांफ्रेस कल से

इंदौर (नप्र)। स्थानीय नावदा पंथ धार रोड स्थित नेत्र चिकित्सालय में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय योग कांफ्रेस का आयोजन आज 8 नवंबर से आयोजित किया जा रहा है। हरिओम योग केंद्र चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा 9 नवंबर तक आयोजित इस योग कान्फ्रेंस में देश विदेश के 700 से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे। इस कांफ्रेंस के मुख्य आकर्ष ा में योग परिचर्चा, योग क्विज, योग प्रदर्शन, नृत्य-संगीत योग, ध्यान सत्र, योग स्मारिका, पोस्टर प्रदर्शनी, लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड के साथ विशेषज्ञों के व्याख्यान होंगे। व्याख्यान में देशभर के विशेषज्ञ अपने अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।



महापौर द्वारा विधानसभा 3 एवं 5 के वार्डों की समीक्षा बैठक

इंदौर (नप्र)। महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में सिटी बस कार्यालय में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में आयुक्त दिलीप कुमार यादव, विधायक गोलु शुक्ला, विधायक महेन्द्र हार्डिया, महापौर परिषद सदस्यगण, पार्षदगण, महापौर प्रतिनिधि एवं निगम अधिकारी उपस्थित रहे।

महापौर ने कहा कि निर्मित सड़कों को खोदना गलत है, कार्य में लापरवाही करने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। उन्होंने सड़क, सीवरेज, उद्यान एवं जलप्रदाय कार्यों की गति बढ़ाने और समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। विधायक हार्डिया ने राजस्व वसूली अभियान में जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की, वहीं श्री शुक्ला ने अवैध निर्माण पर सख्त कार्रवाई व ऑडिटोरियम निर्माण का सुझाव दिया।

ऑडियो कांड को लेकर बड़े नेताओं से शिकायत

शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा एआई का उपयोग कर बनाया

इंदौर (नप्र)। इंदौर में शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे और पूर्व नगर अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा के बीच हुए कॉल के विवाद का मामला दिल्ली तक पहुंचा है। कांग्रेस नेता देवेंद्र सिंह यादव ने पदाधिकारियों से शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे की शिकायत की है। उधर चौकसे का कहना है कि एआई का उपयोग कर ऑडियो बनाया जा सकता है।

इस मामले में हम शिकायत कर रहे है। उधर सुरजीत सिंह ने इस मामले में चुप्पी साध रखी है। दोनो के बीच हुई बातचीक ऑडियो लीक हुआ है। आरोप है कि चौकसे ने दिग्विजय सिंह के खिलाफ आपत्तिजनक बातें कही है। कांग्रेस नेता यादव ने कहा कि वरिष्ठ नेता के बारे में इस तरह की बातें करना अनुशासहिनता है। इससे पार्टी की छवि खराब हो रही है। केंद्रीय नेतृत्व को इस मामले में संज्ञान लेना चाहिए।

सिंह के बारे में सोच भी नहीं सकता- लीक ऑडियो मामले पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि दिग्विजय सिंह राष्ट्रीय स्तर के नेता है। उनके बारे में गलत बोलना तो दूर हम सोच भी नहीं सकते है। वे मेरे अभिभावक है। मुझे नहीं पता कि यह किस प्रकार से हुआ है। आधुनिक समय में एआई का उपयोग कर फेक ऑडियो भी बन रहे है। यह इसी तरह का कृत्य होगा। इस मामले में हम वकील से सलाह ले रहे है। इस मामले में जल्दी ही शिकायत भी की जाएगी। पार्टी यदि मुझसे इस मामले में स्पष्टीकरण लेगी तो पारदर्शिता से अपना पक्ष रखूंगा।

क्या है मामला- इंदौर के शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे और पूर्व शहर अध्यक्ष सुरजीत सिंह के बीच फोन पर हुई बातचीत का ऑडियो लीक हुआ है। इसमें सुरजीत, चिंटू चौकसे को समझाते रहे है, लेकिन अचानक तैश में आए चौकसे ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के खिलाफ बुरा-भला कहना शुरू कर दिया। इस दौरान गालियों का भी उपयोग हुआ। चौकसे इस ऑडियो को एआई से तैयार किया हुआ बता रहे है।



सांसद लालवानी ने किया फार्मा एमएसएमई प्रतिनिधिमंडल का स्वागत

इंदौर,(नप्र)। विश्व बैंक समर्थित भारत सरकार की (रेजिंग एंड एक्सलेरेटिंग एमएसएमई परफॉरमेंस) योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा फार्मास्यूटिकल सेक्टर के एमएसएमई उद्यमों के प्रतिनिधियों के लिए एक एक्सपोजर विज़िट का आयोजन हैदराबाद फार्मा एसईजेड क्लस्टर में किया गया है। इस अवसर पर माननीय सांसद शंकर लालवानी ने इंदौर एयरपोर्ट पर फार्मा एमएसएमई प्रतिनिधिमंडल का स्वागत कर उन्हें हैदराबाद के लिए रवाना किया।

लुप्त होती डायरी लेखन विधा की सीखी बारीकियां

इंदौर (नप्र)। वरिष्ठ लेखिका इंदु पाराशर के मुख्य आतिथ्य में संस्था विचार प्रवाह साहित्य मंच की मासिक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें रचनाकारों ने रचना पाठ के साथ बाल साहित्य और लुप्त होती डायरी लेखन विधा की बारीकियों को भी सीखा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ लेखिका इंदु पाराशर ने कहा कि बाल साहित्य लिखने के लिए बाल मन की जरूरत होती है। गोष्ठी में कविता, गीत और मुक्तकों की प्रस्तुति के साथ ही लघुकथा पाठ भी किया। संचालन राधिका मंडलोई ने किया।







182 मकानों पर निगम की कार्रवाई

मालवीय नगर क्षेत्र में सड़क चौड़ीकर ा के लिए कार्रवाई, रोड के दूसरी तरफ के मकानों-दुकानों को तोड़ा

इंदौर,(नप्र)। एमआर-9 से एलआईजी लिंक रोड चौड़ीकरण के काम में बाधक मकानों को हटाने की कार?वाई गुरुवार को फिर की गई। आज 182 मकानों-दुकानों के हिस्सों को तोड़ा जा रहा है। मंगलवार को नगर निगम की टीम ने 140 से ज्यादा मकानों पर ये कार्रवाई की थी। आज रोड के दूसरी तरफ बने मकानों-दुकानों को तोड़ा जा रहा है। सुबह से ही बड़ी संख्या में नगर निगम का अमला दलबल के साथ यहां पहुंच गया था।

नगर निगम की कार्रवाई के पहले ही रहवासियों ने अपने-अपने मकानों को तोड़ने का काम शुरू कर दिया था। साथ ही मकानों में रखा सामान भी शिफ्ट कर दिया था। बता दें कि नगर निगम की टीम ने पहले ही नोटिस देकर मकानों पर मार्किंग कर दी थी। जिसके चलते लोगों ने उतने हिस्से को तोड़ने का काम पहले ही शुरू कर दिया था।

182 मकानों-दुकानों पर कार्रवाई- मालवीय नगर गली नंबर 2 से एलआईजी लिंक रोड तक सड़क चौड़ीकरण का काम किया जाना है। इसकी जद में आने वाले मकानों-दुकानों को तोड़ने की कार्रवाई नगर निगम द्वारा की जा रही है। बाधक मकानों को कुछ महीने पहले ही नोटिस जारी कर दिए गए थे। मंगलवार को नगर निगम के अमले ने 5 जेसीबी और 5 पोकलेन मशीन की मदद से रोड के एक तरफ बने मकानों को तोड़ने की कार्रवाई की गई थी।

गुरुवार को दोबारा निगम का अमला 5 जेसीबी और 5 पोकलेन मशीन के साथ मौके पर पहुंचा और आज रोड के दूसरे तरफ के मकानों को तोड़ने की कार्रवाई शुरू की। ये कार?वाई शाम तक जारी रहेगी। जिसके बाद मलवा उठाया जाएगा। आज 182 मकानों को हटाने की कार?वाई की जा रही है। वहीं बाधक मकान में रहने वाले 28 परिवारों को पीएम आवास योजना के अंतर्गत शिफ्ट किया गया है। नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर ये कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के दौरान अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, भवन अधिकारी विनोद अग्रवाल, भवन निरीक्षक सचिन गहलोत, रिमूवल अधिकारी बबलू कल्याणे, निगम का रिमूवल अमला और पुलिस बल मौजूद रहा।

एक नजर

समाधान योजना का लाभ ले सकेंगे पश्चिम मप्र के 20 लाख से ज्यादा उपभोक्ता

सरचार्ज पर 50 से 100 फीसदी तक छूट, लाभ एक मुश्त या किश्तों में बकाया जमा करने पर लिया जा सकेगा

इंदौर। मप्र शासन ऊर्जा विभाग द्वारा लागू बकाया बिलों के सरचार्ज के लिए समाधान योजना का पश्चिम मप्र के 20 लाख से ज्यादा उपभोक्ता लाभ ले सकेंगे। इसके लिए बकाया राशि एकमुश्त जमा करने पर सरचार्ज श्रे ाी के अनुसार सौ फीसदी तक माफ हो जाएगा, इसी तरह छः समान किश्तों में जमा करने पर 50 से 90 प्रतिशत की छूट श्रे ाी के अनुसार मिलेगी। योजना लाभ के लिए पंजीयन अनिवार्य होगा। पंजीयन के समय बकाया राशि या पहली किश्त जमा कराना होगी। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितर ा कंपनी के इंदौर, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, धार, रतलाम, मंदसौर, नीमच, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, बुरहानपुर, झाबुआ, आलीराजपुर जिले के बकायादार कृषि, घरेलू, गैर घरेलू, औद्योगिक श्रे ाी के बिजली उपभोक्ता इस योजना का लाभ ले सकेंगे। समाधान योजना में शामिल होने के लिए पंजीयन तिथि के पहले तीन माह या अधिक अवधि के बकायादार उपभोक्ता होना जरूरी है। बकाया मूल राशि को एक मुश्त जमा करने पर बिल बकाया होने पर घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं के बिलों पर लगाया गया सरचार्ज पूरी तरह माफ किया जाएगा, इसी तरह गैर घरेलू उपभोक्ताओं के सरचार्ज को अस्सी फीसदी माफ किया जाएगा। इसी तरह नवंबर से लेकर फरवरी तक पंजीयन होने वाले उपभोक्ताओं को राशि किश्तों में जमा करने पर 50 से 90 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। कंपनी ने कहा कि शासन द्वारा लागू इस योजना का लाभ सभी बकायादार उपभोक्ता उठाए, एक मुश्त शत प्रतिशत मूल बकाया राशि जमा कराई जाए एवं योजना में दर्ज शत प्रतिशत सरचार्ज से मुक्ति पाए। कंपनी ने योजना लाभ के लिए पंद्रह जिलों के 434 जोन, वितर ा केंद्रों के साथ ही पोर्टल पर संपर्क करने का अनुरोध किया है।

बेटे ने दोस्तों के साथ मिलकर पिता को पीटा

युवक ने महिला के साथ बेल्ट से की मारपीट पुलिस ने दोनों मामलों में दर्ज किए केस

इंदौर,(नप्र)। शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्र में मारपीट के मामले सामने आए हैं। एक जगह बेटे ने दोस्तों के साथ मिलकर मारपीट की। मारपीट की दोनों घटनाओं में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हीरानगर पुलिस ने बताया कि विनोद (50) पिता रमेश गिरी निवासी आमरापुरी कॉलोनी भानगढ़ रोड ने शिकायत की है कि उसके बेटे अंकित गिरी (23), उसके दोस्त लक्ष्मण सिंह और रोहित ने उसके साथ मारपीट की है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा अंकित, उसके दोस्त लक्ष्मण और रोहित साथ घर पर आए और गाली-गलौज करना शुरू कर दी।

गाली-गलौज करने से मना किया तो मामला बढ़ गया और बात मारपीट तक पहुंच गई। तीनों ने मिलकर विनोद को पीटना शुरू कर दिया और रोहित ने विनोद के सिर पर हथोड़ी मार दी, जिससे उसके सिर में चोट लग गई और खून निकलने लगा। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

बेल्ट से महिला को पीटा

दूसरी घटना जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस के मुताबिक दीपिका नामक महिला ने मामले में शुभम बामनिया के खिलाफ केस दर्ज कराया है। महिला ने पुलिस को बताया कि वह घर के बाहर खड़ी थी, तभी इलाके में रहने वाला शुभम और उसका भाई संदीप किसी बात पर बहस कर रहे थे।

इस पर महिला ने उन्हें कहा कि जो भी बात करना है अपने घर के बाहर करो इसी बात पर से शुभम ने महिला के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। मना करने पर उसने बेल्ट निकाला और महिला के साथ बेल्ट से मारपीट कर दी। जिससे महिला को पसली, कमर और दोनों कंधों पर अंदरूनी चोटें आई। महिला की शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

एमडी ड्रग्स सप्लाई करने वाला युवक पकड़ाया

टीन चादर की दुकान की आड़ में चल रही थी सप्लाई, जावरा से दिलवाता माल

इंदौर,(नप्र)। क्राइम ब्रांच ने एमडी ड्रग्स की सप्लाई करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। वह ऑनलाइन पैसे लेकर एमडी ड्रग्स सप्लाई करता था और अच्छे कमीशन के बदले यह कारोबार करता था।

कुछ दिनों पहले क्राइम ब्रांच ने दो बदमाशों को 22 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ पकड़ा था। उनसे पूछताछ में यह युवक सामने आया, जिसके बाद टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। यह भी पता चला कि वह टीन चादर की दुकान की आड़ में ड्रग्स की सप्लाई करता था।

एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि पहले शहीम पिता सलीम खान और मोहम्मद शारिक पिता मोहम्मद शकील निवासी बेटमा को गिरफ्तार किया गया था। इनके पास से बरामद 22 ग्राम एमडी ड्रग्स की कीमत करीब तीन लाख रुपए थी। पूछताछ में दोनों ने बताया कि यह ड्रग्स परवेज खान के माध्यम से मिलती थी। इसके बाद पुलिस ने धार निवासी परवेज खान को गिरफ्तार किया।

जावरा से ड्रग्स लाते थे

पुलिस के मुताबिक, परवेज खान जावरा से ड्रग्स दिलवाता था और इसके बदले में उसे अच्छा कमीशन मिलता था। सबसे पहले वह ऑनलाइन पैसा अपने खाते में डलवाता और फिर ड्रग्स की सप्लाई करवाता।

इंडिया फायर एंड सिक्योरिटी यात्रा कल

इंदौर (नप्र)। लगातार बढ़ रही अग्निकांड की घटनाओं के कार ा और उनसे सुरक्षा हेतु आवश्यक उपाय के प्रति शहर के लोगों को जागरूक करने के लिए फायर एंड सिक्योरिटी एसोसिएशन ऑफ इंडिया, इंदौर चैप्टर द्वारा हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में सुरक्षा एवं सरक्षा विषय पर एक दिवसीय सेमिनार तथा फायर एंड सिक्योरिटी यात्रा का आयोजन कल 8 नवंबर को आयोजित किया जा रहा है।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मैं किरण कुमार, नायक, आर्मी नम्बर 2796595W यह कि मेरे सेना लेखा कार्यालय में मेरी पुत्री का नाम तनिशा (TANISHA) दर्ज है। जो कि अपूर्ण है, मेरे पुत्री का वास्तविक नाम- तनिशा किरण कुमार (TANISHA KIRAN KUMAR) है। जो कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है। भविष्य में मेरी पुत्री का नाम तनिशा किरण कुमार (TANISHA KIRAN Kumar) पढ़ा व लिखा जावे एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

किरण कुमार निवासी . म. नं. 366, 7 NO .GATE WARD NO. 12 ग्राम + तेहसील - नेपानगर जिला-बुरहानपुर (म.प्र.) पिन कोड न.450221

नाम परिवर्तन

पूर्व मे मेरा नाम **Areif khan** आरिफ खान था अब मेरा नाम **Aarif khan** आरीफ खान कर लिया है । अतः भविष्य में मुझे **Aarif khan** आरीफ खान के नाम से जाना पहचाना जावे **Address Azad Nagar Ward no 12 Emagird Burhanpur MP**

TDS FINCAP PRIVATE LIMITED

Registered Office:
2nd Floor, 316, IDA Scheme No. 44, Transport Nagar, Indore (M.P) 452014
Tel. No.: + 0731-4293747, E-mail: companysecretary@tdsgroupindia.com

This Notice is hereby given by the Company pursuant to para 42.3.1 of Master Direction - Reserve Bank of India (Non-Banking Financial Company - Scale Based Regulation) Directions, 2023 dated October 19, 2023 read with order issued by RBI in respect of our application No. PRV.CO.DPSS.2025-2026.P9 dated May 12, 2025 for the acquisition of 58.83% shareholding of TDS Fincap Private Limited by Harman Singh Taranjeet Singh Hora HUF from the existing shareholders of the company (M/s. Claudia Sales Private Limited, M/s. Jatashiv Commercial Pvt. Ltd., M/s. Uniform Commosale Pvt. Ltd., M/s. Worldwealth Dealtrade Pvt. Ltd.), who have expressed that they are no longer interested in holding equity shares of the company.

For **TDS Fincap Private Limited**
Harman Singh Hora, Director

कार्यालय पंचायतराज प्रशिक्षण केन्द्र, नागझिरी देवास रोड़ उज्जैन (म.प्र.)

प्रशिक्षण व्यवस्था हेतु निविदा आमंत्रण

क्र./52/नि.समिति/PTC/2025–26 उज्जैन दिनांक : 06/11/2025

वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए प्रशिक्षण संस्थान द्वारा उज्जैन संभाग में आयोजित बाह्य प्रशिक्षणों (जनपद स्तर एवं क्लस्टर स्तर पर) विभिन्न प्रशिक्षण कार्यशाला एवं सेमीनार में उपस्थित प्रतिभागियों के लिए प्रशिक्षण स्थल पर आवश्यकतानुसार बैठक व्यवस्था, कुर्सी, साउण्ड सिस्टम, लैपटॉप, एलसीडी प्रोजेक्टर एवं व्हाईट बोर्ड तथा अन्य आवश्यक व्यवस्था किराये पर लेने के लिए सील बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है।

(अ) निविदा प्रकाशन तिथि से निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि दिनांक 16/11/2025 तक कार्यालय समय 05.00 बजे तक निर्धारित रहेगी।

(ब) निविदा प्रपत्र कार्यालय में सील बंद बॉक्स में जमा करने की दिनांक 17/11/2025 को दोपहर 01.00 बजे तक रहेगी एवं प्राप्त निविदाएँ दिनांक 17/11/2025 (नियत तिथि) में समय दोपहर 02.30 बजे खोली जावेगी।

(स) उपरोक्त निविदा प्रपत्र की निविदा सेवा शर्त विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 16/11/2025 तक कार्यालयीन समय में पंचायतराज प्रशिक्षण केन्द्र, उज्जैन से राशि रू. 500/– नगद देकर प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदाएँ दिनांक 17/11/2025 को दोपहर 02.30 बजे संस्थान में गठित निविदा समिति के समक्ष खोली जावेगी एवं निविदा स्वीकृति/निरस्ती हेतु समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

प्राचार्य/उपायुक्त (विकास)
पंचायतराज प्रशिक्षण केन्द्र,उज्जैन (म.प्र.)

महापौर ने देर रात पेंचवर्क कार्य देखे

इंदौर। महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा देर रात पेंचवर्क कार्यों का किया गया अवलोकन इंदौर। महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा शहर की सड़कों को सुगम एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से जारी पेंचवर्क अभियान की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी क्रम में महापौर भार्गव ने बुधवार देर रात विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे पेंचवर्क कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने पलासिया चौराहा, मालीपुरा, बांगड़दा रोड एवं सिंगापुर टाउनशिप क्षेत्र में जारी कार्यों का जायजा लिया। इससे पूर्व भी भार्गव ने बॉम्बे हॉस्पिटल, रावजी बाजार एवं फूटी कोठी क्षेत्र में देर रात पेंचवर्क कार्यों का निरीक्षण कर दिशा-निर्देश दिए थे।

WORTH

वर्थ पेरिफेरल्स लिमिटेड

सीआईएन - L67120MP1996PLC010808
पंजीकृत कार्यालय : 102, संस्कृति अपार्टमेन्ट, 44 साकेत नगर, इन्दौर-452018 (म.प्र.) भारत
वेबसाइट : www.worthindia.com

(₹ लाख में) जब तक कि अन्यथा न कहा गया हो

30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश

क्र. संख्या	विवरण	स्टैंडअलोन						समेकित					
		तिमाही समाप्त			आधा वर्ष समाप्त		वर्ष समाप्त	तिमाही समाप्त			आधा वर्ष समाप्त		वर्ष समाप्त
		30.09.2025	30.06.2025	30.09.2024	30.09.2025	30.09.2024	31.03.2025	30.09.2025	30.06.2025	30.09.2024	30.09.2025	30.09.2024	31.03.2025
		असंपादित	असंपादित	असंपादित	असंपादित	असंपादित	लेखापरीक्षित	असंपादित	असंपादित	असंपादित	असंपादित	असंपादित	लेखापरीक्षित
1	परिचालन से कुल आय	5,342.26	5,212.63	4,921.05	10,554.89	9,750.68	19,470.84	7,746.36	7,622.74	7,025.05	15,369.10	13,657.74	27,579.15
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ (कर और अपवादात्मक मदों से पहले)	592.59	468.91	421.98	1,061.50	851.05	2,069.82	788.62	628.53	543.17	1,417.15	1,056.30	2,397.26
3	कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ (असाधारण मदों के बाद)	592.59	468.91	421.98	1,061.50	851.05	2,069.82	788.62	628.53	543.17	1,417.15	1,056.30	2,397.26
4	कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ												
	कम्पनी के मालिक	463.30	369.68	305.71	832.98	638.05	1,580.32	455.73	343.87	303.73	799.60	634.11	1,543.47
	गैर-नियंत्रण हित	-	-	-	-	-	-	99.24	89.91	64.01	189.15	109.48	190.91
	कुल	463.30	369.68	305.71	832.98	638.05	1,580.32	554.97	433.78	367.74	988.75	743.59	1,734.38
5	कुल व्यापक आय												
	कम्पनी के मालिक	463.29	369.67	305.26	832.96	637.16	1,580.27	454.60	342.74	303.31	797.34	633.28	1,538.93
	गैर-नियंत्रण हित	-	-	-	-	-	-	98.11	88.79	64.04	186.90	109.54	186.42
	कुल	463.29	369.67	305.26	832.96	637.16	1,580.27	552.71	431.53	367.35	984.24	742.82	1,725.35
6	चुकता इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10 रुपये प्रति शेयर)	1,575.10	1,575.10	1,575.10	1,575.10	1,575.10	1,575.10	1,575.10	1,575.10	1,575.10	1,575.10	1,575.10	1,575.10
7	पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व (जैसा कि पिछले वर्ष की लेखापरीक्षित बैलेंस शीट में दर्शाया गया है)	-	-	-	-	-	15,794.38	-	-	-	-	-	15,754.17
8	प्रति शेयर आय (₹10/- प्रत्येक)												
	-बेसिक (₹)	2.94	2.35	1.94	5.29	4.05	10.03	2.90	2.18	1.93	5.08	4.03	9.80
	डाइल्यूटेड (₹)	2.94	2.35	1.94	5.29	4.05	10.03	2.90	2.18	1.93	5.08	4.03	9.80

परिणामों के लिए नोट्स :

1. 30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए कंपनी के उपरोक्त अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और 6 नवम्बर, 2025 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा रिकॉर्ड पर लिया गया और अनुमोदित किया गया है। कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षकों ने संशोधित सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन, 2015 के विनियम 33 के अनुसार इन वित्तीय परिणामों की समीक्षा की है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणाम कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अन्तर्गत निर्धारित मान्यता और माप सिद्धांतों के अनुसार तैयार किए गए है, इसके तहत जारी प्रासंगिक नियमों, संशोधित कंपनियों (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 (इंड एएस) और भारत में आम तौर पर स्वीकार किए जाने वाले अन्य लेखांकन सिद्धांतों और संशोधित सेबी (सूचिबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन, 2015 के विनियम 33 के अनुपालन में पढ़ा गया है।
3. कम्पनी के पास केवल एक रिपोर्ट योग्य खंड है, जिसका नाम है 'नालीदार बक्सों का निर्माण और बिक्री', जैसा कि भारतीय लेखा मानक 108-परिचालन खंड में बताया गया है।

तारीख : 06.11.2025
स्थान : इन्दौर

वर्थ पेरिफेरल्स लिमिटेड के लिए
जयवीर चड्ढा
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 02397468

यूको बैंक ने मनाया सतर्कता जागरूकता सप्ताह

इंदौर। केन्द्रीय सतर्कता आयोग के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप यूको बैंक अंचल कार्यालय, इंदौर द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह

2025 का आयोजन 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक किया गया। सप्ताह का शुभारंभ अंचल कार्यालय एवं सभी शाखाओं में सतर्कता प्रतिज्ञा के साथ हुआ। सप्ताह भर चलने वाले इस अभियान के दौरान आम नागरिकों में ईमानदारी, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार मुक्त समाज के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इंदौर के प्रसिद्ध स्थल 56 दुकान पर यूको बैंक द्वारा सतर्कता जागरूकता केनोपी लगाई गई, जहाँ नागरिकों को

नैतिकता और पारदर्शिता के महत्व से अवगत कराया गया। इसके साथ ही कृष्णा पब्लिक स्कूल, इंदौर में यूको बैंक की



अनूप नगर शाखा द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता तथा ज्योति पब्लिक स्कूल, गुलाना में गुलाना शाखा द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सप्ताह के दौरान बैंक की विभिन्न शाखाओं में सतर्कता जागरूकता शिविरों का भी आयोजन किया गया, जिनमें ग्राहकों और आम नागरिकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर यूको बैंक अंचल कार्यालय, इंदौर द्वारा अंचल प्रबन्धक थी विक्रांत टंडन के मार्गदर्शन में वॉकाथन आयोजित किया गया। इस वॉकाथन का उद्देश्य समाज में ईमानदारी, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार उन्मूलन के प्रति जन-जागरूकता फैलाना था। वॉकाथन में बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

कार्यालय नगर पालिक निगम, इंदौर

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि नगरीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली नीचे उल्लेखित खसरा भूमि पर संस्था / कंपनी / व्यक्तियों को **आवासीय भूखण्डीय विकास (DECENT HEIGHT EXTENSION) उपयोग** की विकास अनुमति प्रदान की गई है। उल्लेखित स्थल पर विकास कार्यों पेटे निम्नानुसार भूखण्ड / ब्लॉक / प्रकोष्ठ धरोहर रखे गये हैं:

अ क्र.	कॉलोनी/संस्था का नाम	ग्राम व खसरा क्रमांक	विकास अनुमति जारी करने का क्रमांक व दिनांक	धरोहर भूखण्डों का विवरण
1.	**मेसर्स सचिन लिजिंग एण्ड डेवलपर्स प्रायवेट लिमिटेड** पता: खण्डेलवाल चेम्बर्स, ए.बी. रोड, जिला इन्दौर (म.प्र.) तर्फे संचालक **श्री सचिन पिता रमेश शर्मा,** पता: 61-62, विष्णुपुरी कॉलोनी मेन, भंवरकुआं, जिला इन्दौर (म.प्र.) तर्फे **विकासकर्ता मेसर्स देव इन्फ्रा** तर्फे अधिकृत भागीदार **श्री राजेश पिता ओमप्रकाश बूलिया** पता: 82, स्वामी विवेकानंद नगर, कनाड़िया रोड, जिला इन्दौर (म.प्र.)	ग्राम मुण्डला नायता, तहसील जूनी इन्दौर, जिला इन्दौर स्थित खसरा क्रमांक 200, 205 कुल रकबा 2.193 हैक्टेयर (21930.00 वर्गमीटर) में से नेट स्कीम एरिया 14248.93 वर्गमीटर भूमि पर आवासीय भूखण्डीय विकास (DECENT HEIGHT EXTENSION) उपयोग की विकास अनुमति बाबद्।	**पत्र क्रमांक 7420/ कॉलोनी सेल/ 2025 दिनांक 04.11.2025**	विकास लागत के 125 प्रतिशत के मान से धरोहर पेटे अभिन्यास में लाल रंग से अंकित सदर स्थल के भूखण्ड क्रमांक एम-1 क्षेत्रफल 1817.23 वर्गमीटर, भूखण्ड क्रमांक 12, क्षेत्रफल 92.96 वर्गमीटर, इस प्रकार **कुल 02 भूखण्ड, जिनका कुल क्षेत्रफल** 1910.19 वर्गमीटर है, जो गिरवीनामा ई-पंजीकरण संख्या (रजिस्ट्रेशन नंबर) MP7IGR17522025A 100845131 दिनांक 22.09.2025 से धरोहर के रूप में रखे गये हैं।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखंडों / प्रकोष्ठों का क्रय-विक्रय नहीं किया जावे अन्यथा की स्थिति में निगम जवाबदेह नहीं होगा।

आज्ञा से
आयुक्त नगर पालिक निगम, इंदौर

एक नजर



युवक कांग्रेस नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया

आतिशबाजी कर मिठाई भी वितरित की

महू। भारतीय युवा कांग्रेस में प्रदेश पदाधिकारी एवं इंदौर जिला अध्यक्ष सहित विधानसभा क्षेत्र के समस्त निर्वाचित युवा कांग्रेस पदाधिकारी का स्वागत सम्मान किया गया। गुरुवार शाम ईमलैंड चौराहा नेहरू प्रतिमा के पास मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव शक्ति सिंह गोयल के नेतृत्व में इंदौर जिला युवक कांग्रेस के नव निर्वाचित अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़, प्रदेश सचिव अरुण गुर्जर, मुस्तकिम कुरेशी, सद्दाम पटेल व विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष ओम पटेल, सिमरोल ब्लॉक अध्यक्ष योगेश बीना, मानपुर ब्लाक अध्यक्ष रामकिशन मेड़ा, महूगांव ब्लाक अध्यक्ष सनी सिंह राजपूत , ग्रामीण ब्लाक अध्यक्ष जयदीप चौहान, शहर अध्यक्ष से सचिन गुप्ता के निर्वाचित होने पर व जिला पदाधिकारी, सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी का भव्य स्वागत सम्मान समारोह किया गया,आतिशबाजी कर मिठाइयां वितरित की गई। इस मौके पर मुख्य रूप से राजकुमार बागड़ी, देवेंद्र अग्रवाल,सहित कांग्रेस के वरिष्ठ जन एवं युवा उपस्थित थे।

दीपावली मिलन समारोह ओर संगीत निशा कल

महू। दीपक जागू मित्र मंडल ओर सुर सप्तक के सयुक्त तत्वाधान मे 8 नवम्बर को स्थानीय चोपडा वाटिका मे संगीत निशा ₹र किसी राह मे किसी मोड पर ₹र का आयोजन शाम 7 बजे से किया जा रहा है जिसमे श्रेष्ठ चयनित प्रमुख सुर साधको द्वारा मनभावक सुमधुर फिल्मी गीतो की प्रस्तुतिया दी जायेगी । उपरोक्त संगीत निशा की परिकल्पना सुनिता कोंगे एवं विरेन्द्र कोंगे ने की है । संगीत निशा मे सभी रसिक सुधी संगीत प्रेमियो को सुमधुर गीतो का आनन्द लेने ओर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान मंडल के सरंक्षक राधेश्याम ?दव बसंत अग्रवाल अरूण जोशी जे बी सिंह महेन्द्र चतुर्वेदी कु अजय सिंह अरूण महेस्वरी कमलेश ?दव सुनिल कौशल आदि ने की है । उपरोक्त जानकारी मंडल के मीडिया प्रभारी विजय परदेशी ने दी है ।

यातायात बाधक कंडम वाहन, छावनी परिषद की चालानी कारवाई

फोर व्हीलर वाहनों पर 2 हजार रुपए का जुर्माना, चस्पा किया



महू। छावनी परिषद ने यातायात बाधक खासकर कंडम वाहनों पर कारवाई शुरू कर दी है। प्लाउडन रोड एवं आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से पार्क अनेक चार पहिया वाहनों पर 2 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। यह जुमार्ना पत्र वाहनों पर चिपकाया जा रहा है। जिसे 10 नवंबर तक अनिवार्य रूप से जमा करना होगा, अन्यथा छावनी अधिनियम 2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

ज्ञात हो कि छावनी क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अधिकृत पार्किंग व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण वाहन चालक सुविधा अनुसार अपने वाहन पार्क कर सके । इधर स्थानीय नागरिकों में इस कारवाई को लेकर मिली जुली प्रतिक्रिया है। अनेक ने इसे यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए कारगर उपाय बताया तो अनेक ने आरोप लगाया है कि परिषद व्यवस्थाओं को सुधारने के बजाय वसूली पर अधिक ध्यान दे रही है।

नागरिकों का कहना है कि प्रतिदिन शाम 5 से 7 बजे के बीच शहर के मुख्य मार्गों पर दुग्ध वाहन चलते हैं, जिससे पैदल चलने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

वहीं, हीरा तारा बिल्डिंग के पास लगाया गया बैरियर कई दिनों से खराब है, जिसकी शिकायत के बावजूद मरम्मत नहीं की गई। उसकी जगह शाम को रास्ता बंद करने के लिए बेरिकेट्स लगाए जाते हैं, जिन्हें हटाकर फोर व्हीलर अंदर प्रवेश कर जाते हैं और यातायात अव्यवस्थित होता है। नागरिकों ने छावनी परिषद से व्यवस्थाओं में सुधार और वैध पार्किंग व्यवस्था बनाए जाने की मांग की है।

फूल चौक-खामोशी - शहर के यातायात और व्यापारिक व आबादी बाहुल्य क्षेत्र फूल चौक पर यातयात का कचूमर दिन भर खासकर दो पहिया वाहन चालकों को परेशान कर रहा है। यहां स्थित मिठाई नमकीन प्रतिष्ठान के साथ ही हार फूल की दुकानों के कारण यह समस्या और विकराल.... लोगों का कहना है कि अवैध निर्माण व्यवसायिक तानाबाना के साथ ही पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के कारण.... दिन भर ग्राहकी और मिठाई नमकीन आदि दुकानों पर बाहर ही पार्किंग

ग्वाल वंश अहीर यादव समाज का अन्नकूट महोत्सव, प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

महू। ग्वाल वंश अहीर यादव समाज लुनियापुरा राधा कृष्ण मंदिर द्वारा, स्थानीय चौधरी के बगीचे पर, एक भव्य अन्नकूट महोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न हुआ। जिसमें समाज के बुजुर्ग वरिष्ठों का ग्वाल वंश अहीर यादव समाज की कार्यकारिणी द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया, व, 10वीं और 12वीं की परीक्षा में 60% से ऊपर, लाने वाले प्रतिभाशाली बच्चों का समाज द्वारा अन्नकूट महोत्सव में उपस्थित हुई क्षेत्रीय विधायक उषा ठाकुर के हाथों, बालिका और बालिकाओं का सम्मान किया गया। समाज द्वारा टेबल कुर्सी लगाकर, अन्नकूट महोत्सव में उत्तम भोग की व्यवस्था की गई थी, जिसमें समाज जनो ने बड़ी की तादाद में उपस्थित होकर, भोजन प्रसादी का आनंद लिया। इस अवसर पर कार्यकारिणी में मुख्य रूप प्रकाश यादव, मंगल यादव नरेंद्र कौशिक सुशील यादव सुनूं यादव धीरज यादव,प्रभात यादव प्रदीप यादव राजेश यादव दिनेश यादव नरेंद्र यादव मुन्ना सोनू यादव गन्नू यादव विनोद यादव फूलचंद यादव निहार यादव आनंद यादव सुधीर यादव के के यादव, जीतू यादव अजय यादव प्रशांत यादव गुड्डू, अंकुर ग्वाल सहित अन्य वरिष्ठ जन भी मौजूद रहे।

तिरछी नजर

प्रशासन आपके द्वार-संवेदनशील तंत्र

महू। बीती रात जिला प्रशासन नवाचार और ग्रामीणों के चेहरे पर उम्मीदों का नया सवेरा..... दरअसल जिला प्रशासनिक कप्तान बुधवार देर शाम महिला राजनीतिक सशक्तिकरण का उत्कृष्ट उदाहरण ग्राम पंचायत बाई ग्राम के गांव गाजिंदा पहुंचे.... आदिवासी बाहुल्य इस ग्राम में आजादी के अमृत महोत्सव काल में भी बुनियादी सुविधाओं.... खैर बात निकली है तो दूर तलक जाएगी फिलहाल तो यही जिलाधीश संवेदनशील शिवम वर्मा ने ग्राम चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों के साथ ही ग्राम जनप्रतिनिधियों से संवाद किया और समस्याओं से भी रूबरू हुए.... इस दौरान पीएम आवास योजना और हितग्राही को लेकर हलचल रही.... साथ ही राशन पानी से लेकर अंतिम संस्कार तक की परेशानियों को लेकर महिलाओं से लेकर पुरुष, युवा, बुजुर्ग मुखर रहें.... खास बात जिला कप्तान ने धैर्य पूर्वक सभी को सुना और अनेक समस्याओं को लेकर स्थानीय प्रशासन को दिशा निर्देश..... इस दौरान कथित तौर पर अवैध निर्माण, जंगल कटाई और अवैध खनन आदि मुद्दे उठाए जाने के पहले ही खामोश..... चर्चा है कि ऐसे कौन लोग और किस तरह से ग्रामीणों को चुप्पी या महज अफवाह.... क्यों संवेदनशील कलेक्टर के सामने खामोशी के लिए तानाबाना.... हैरत भरा बहुत कुछ

गहरी नींद-मदमस्त

विधानसभा क्षेत्र और विकास विस्तार, विभिन्न शासकीय योजनाओं और हितग्राही.... अदद आशियाना और पीएम आवास योजना के साथ ही गरीब, वंचित, अनुसूचित जाति जनजाति आदि के लिए तमाम योजनाएं, किसान, भूमिहर, स्ट्रीट वेंडर, श्रमिक मजदूर आदि वर्ग के लिए लागू योजनाओं में पात्र की जगह अपात्र.... अवैध कालोनी, अवैध खनन, अवैध शराब बेचने और परोसने का कारोबार..... तमाम शासकीय जमीनों पर जादूगरी कब्जा, अतिक्रमण... शासकीय ... उपनगरीय बसे, टाटा मैजिक और परिवहन.... सरकारी राशन दुकानों से कथित तौर पर कलाबाजी ..... ठेके,सप्लाई लाइजनिंग दलाली मुखबिरी मैनेज बॉन्डिंग का दौर... फिर वही बात निकली है तो दूर तलक जाएगी ..... चौक चौराहों से चौपालों तक सार्वजानिक तौर पर चचाओं में नींद में कोई नहीं.... मौजूदा स्वार्थ सिद्धि और मौका परस्ती का दौर.... लिहाजा लोकतांत्रिक व्यवस्था और तंत्र के बीच मजबूत ?.... इधर कतिपय तत्व और जुगलबंदी..... यहीं की अभी अपने अपने स्तर पर कमाने में बिजी.... मदमस्त और बढ़ती साधन संसाधन और संपन्नता ..... चौक चौराहों से चौपालों तक सार्वजानिक तौर पर चचाओं में मौजूदा दौर और विभिन्न स्तर पर जिमेदारों / अनेक स्तर पर जनप्रतिनिधियों के साथ ही कतिपय कॉकस, और महज दो, चार सौ की सालाना सौ सीआर महज..... गुस्ताखी माफ के साथ विराम

एक खोखा-सौ सीआर

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार क्षेत्र में दशक भर में ही केंद्र राज्य, सेमी गवर्मेंट, कतिपय अधिकारी, कर्मचारी, विभिन्न स्तर खासकर अंचल और जन कार्य से जुड़े कतिपय ग्राम, निकाय स्तरीय जनप्रतिनिधियों की साधन संसाधन सम्पन्नता और वैभवशाली जीवन शैली कोई अपराध नहीं.... लेकिन अनियमितता, भ्रष्ट आचरण और जरूरतमंदों के हक पर कुंडली कानून / ऊपर वाले के यहां भी गुनाह.... आटा नमक प्राकृतिक संरचना.... दाल ही काली अप्राकृतिक , बात निकली है तो दूर तलक जाएगी.... विश्वनीय सूत्रों का कहना है दशक भर में ही विभिन्न महकमे और कतिपय के साथ ही कथित नेतागीरी और वृहद स्तर पर खेला.... इस दौरान दो दर्जन के ही दो से पांच सीआर के बंगले, बगीचे आलीशान..... वेतन , भत्ता अन्य इनकम से दस, बीस गुणा अधिक महल तो फिर संपत्ति का आंकलन..., बहुत ज्यादा पर फिलहाल गुस्साखी माफ के साथ विराम ...।

भूसे और पशुआहार की बोरियों के पीछे छिपा कर ले जारहे थे अवैध बीयर, शराब

पुलिस कार्रवाई में 528 पेटियां और आयशर वाहन जप्त



पीथमपुर। धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के आदेशानुसार, उपायुक्त आबकारी संभाग इंदौर संजय तिवारी, एवं सहायक आबकारी आयुक्त जिला धार राज नारायण सोनी के मार्गदर्शन में तथा कार्यवाही सहायक जिला आबकारी अधिकारी नागेंद्र सिंह जादौन के नेतृत्व में अवैध मदिरा से भरा हुआ आयशर वाहन को पकड़ा गया ।

सहायक आबकारी आयुक्त राज नारायण सोनी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक आयशर वाहन इंदौर से पीथमपुर होते हुए धार की तरफ जा रहा है जिसमे पशु आहार के बोरों के पीछे अवैध शराब की पेटियां भरी हुई हैं तत्काल सहायक आबकारी आयुक्त जिला धार द्वारा ' सहायक जिला आबकारी अधिकारी *नागेंद्र सिंह जादौन* के नेतृत्व में टीम गठित की गई । गठित टीम तुरंत ग्राम गुणावद पर निमार्नाधींन रेलवे ओवरब्रिज की सर्विस रोड पर नाकाबंदी की गई तो आयसर वाहन से अवैध रूप से परिवहन की जारही है।

138 पेटी माउंट-6000 कैन बियर,

150 पेटी लंदन प्राइड व्हिस्की,

20 पेटी लंदन प्राइड वोडका ,

220 पेटी रॉयल सेलेक्ट व्हिस्की मदिरा

5166.0 बल्क लीटर जप्त कर आरोपी वाहन चालक हफीज पिता इस्माइल, निवासी- हरियाणा के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) एवं 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया । जप्त मदिरा एवं वाहन की कुल अनुमानित कीमत लगभग रुपये 45,00,000 है ।

उक्त कार्यवाही सहायक जिला आबकारी अधिकारी नागेंद्र सिंह जादौन, आबकारी उप निरीक्षक मुनेन्द्र सिंह जादौन, आरक्षक सुरेश चौंगड़, संजय मंसारे तथा रीना भंडोले की टीम द्वारा की गई।

अग्रवाल महासंघ विजयनगर की देव दीपावली में पहुंचे मंत्री विजयवर्गीय ने भी किया दीपदान

इंदौर,(नप्र)। कार्तिक पूर्णिमा के महापर्व पर अग्रवाल समाज महासंघ विजय नगर द्वारा गोयल रिसोर्ट पर अन्नकूट महोत्सव एवं दीपावली मिलन समारोह उस वक्त यादगार बन गया, जब राज्य के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने देव दीपावली के अवसर पर निर्मित विशेष कुंड में स्वयं दीपदान भी किया और मातृशक्ति के आग्रह पर भजन भी सुनाए। इस अवसर पर भगवान श्रीनाथजी को 56 भोग समर्पित करने के साथ ही अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। वहीं मुख्य अतिथि विजयवर्गीय ने सेवाभावी बंधुओं का सम्मान भी किया। प्रारंभ में महासंघ के संरक्षक किशोर गोयल, अध्यक्ष अजय अग्रवाल, महामंत्री नीरज गोयल एवं अन्य पदाधिकारियों ने विजयवर्गीय के साथ भाजपा के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, पार्षद नंदकिशोर पहाड़िया, निगम सभापति मुन्नालाल यादव, पूर्व एल्डरमैन गणेश गोयल, समाजसेवी जगदीश बाबाश्री, रानू अग्रवाल एवं अजय मित्तल का भी स्वागत किया। महासंघ की ओर से नितेश बंसल, शैलेन्द्र अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, पवन अग्रवाल, अमित बंसल, भावना-मनीष गर्ग, मेघा-विनय गुप्ता एवं अन्य पदाधिकारियों की भी उपस्थिति भी रही।

खेलों की नगरी महू में जारी महिला फुटबाल महाकुंभ

संघर्षपूर्ण मुकाबले में मंडला एवं महू का मैच ड्रॉ रहा

टैगोर फुटबॉल क्लब भोपाल 2-0 से विजयी रही

महू। मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ एवं नेशनल फुटबॉल क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मध्य प्रदेश महिला प्रीमियर लीग प्रतियोगिता 2025 के अंतर्गत आज दो शानदार मुकाबले स्थानीय हाई स्कूल स्टेडियम ग्राउंड पर खेले गए।

आयोजक नैशनल फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष अमित शुक्ला एवं सचिव नीरज शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में आज दो शानदार मुकाबले खेले गए पहला मैच नेशनल फुटबॉल क्लब विरुद्ध नर्मदा वैली फुटबॉल क्लब मंडला के मध्य खेला गया शानदार रोमांचक मुकाबले में प्रतियोगिता की सशक्त प्रबल दावेदार टीम मंडला ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए नैशनल फुटबॉल क्लब महू टीम पर शुरूवात से हमले किए जिसको नैशनल फुटबॉल क्लब की मजबूत रक्षापंक्ति ने विफल कर दिए मध्यांतर तक का मैच बराबर रहा सेकंड हाफ के



मैच में दोनों टीमों में काफी संघर्ष देखने को मिला जिसमें मंडला टीम की अंबिका,सोमानी,तेजस्विनी तथा उमा ने अच्छे तालमेल के साथ अच्छे खेल का प्रदर्शन किया नैशनल फुटबॉल क्लब महू की गोलकीपर उमा केवट,नेहा मकवाना,वर्षा,शबनम ने शानदार खेल का परिचय दिया अंततः अंतिम व्हिस्ल तक दोनों टीमें गोल मारने में असमर्थ रही ओर स्कोर 0-0 से बराबर रहा और अंक तालिका में दोनों टीमों को 1-1 अंक से संतोष करना पड़ा।

दूसरा मैच डायमंड रॉक फुटबॉल क्लब बालाघाट विरुद्ध टैगोर फुटबॉल क्लब भोपाल के मध्य खेला गया जिसमें भोपाल टीम ने शुरूवात से ही आक्रामक रुख अपनाते हुए मुकाबला 2-0 से जीत लिया भोपाल टीम की ओर से जर्सी नॉ 05 अंजली ने लगातार दो गोल मारते हुए टीम को विजयी बनाया। टीमों का उत्साहवर्धन करने हेतु वरिष्ठ प्रख्यात फुटबॉलर अशोक पिल्ले, यशवंत कौशल, दीपक भंवर,मो.अशरफ,अमित ठोमरे (रेलवे)आदि सदस्यगण उपस्थित थे। कार्यकम का प्रभावी संचालन प्रवीण कांबले ने किया।

इस प्रतियोगिता में मैच कमिश्नर के रूप में चंद्रा मालिक (जबलपुर),रेफरी एसेसर यू.बी.सिंह(जबलपुर) तथा रेफरियों की भूमिका में शाहरुख खान (टीकमगढ़), राहुल गुप्ता(सिंगरोली),अंजल सिंह ठाकुर (बालाघाट), प्रिंस (सिंगरौली) महिला रेफरी में मुस्कान लोवंशी(शिवनी), करिश्मा सिंह(सतना), पूजा वारसी (बालाघाट) उपस्थित रहे।प्रतियोगिता में आज शुक्रवार को एक शानदार मुकाबला कासा फुटबॉल क्लब बड़वानी विरुद्ध लायल वेव्स फुटबॉल क्लब रायसेन के बीच दोपहर 3 बजे से खेला जाएगा।

एक दिवसीय विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम आयोजित

महू। डॉ भीमराव अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों के लिए वाणिज्य विभाग की ओर से एक दिवसीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. रामदास आत्रम ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता डॉ. डी.के. वर्मा और विशेष अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय की वित्त नियंत्रक डॉ. लता चौहान थे।

कार्यक्रम में माता सरस्वती एवं डा अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर व प्रदीप प्रज्जवलित कर प्रारंभ किया गया है। विभाग अध्यक्ष डॉ. जगत सिंह मंडलोई ने अतिथियों के समक्ष वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों को आगे कैसे बढ़ाया जाए और उनके लिए विभाग शिक्षक और विश्वविद्यालय की ओर से क्या बेहतर किया जाए जिससे कि वह अपना भविष्य सुनहरा बना सके। इसकी विस्तृत रूपरेखा रखी।

कार्यक्रम में एमबीए की छात्रा अंबिका विरोली और बीकॉम का छात्र तरुण ठाकुर ने विश्वविद्यालय में अध्ययन एवं गुरुओं के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के



मुख्य वक्ता डॉ. डी.के. वर्मा द्वारा विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर कैसे सुलभ हो और अपनी पढ़ाई के साथ-साथ वह क्या करें जिससे अपने सुनहरे भविष्य के साथ राष्ट्र निर्माण में वह अपना बेहतर योगदान दे सके। इसी दिशा में उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स की आधुनिक तकनीक का सही प्रयोग कर गूगल के माध्यम से ऑनलाइन निशुल्क सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं जो वर्तमान में कई कंपनियों में सुलभ रोजगार उपलब्ध का अवसर प्रदान करेगा। आज विश्व में आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स के माध्यम से ही अधिकांश हिस्सों में नियंत्रण हो रहा है। कुछ समय पहले कंप्यूटर साइंस में डिग्री करने से रोजगार के अवसर सुलभ उपलब्ध होते थे उसी तरह आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स है।

डॉ.डी.के. वर्मा द्वारा बताया गया कि अर्थशास्त्र देश के लिए विकास के सैद्धांतिक मॉडल तैयार करता है वही वाणिज्य उसे व्यावहारिक रूप देता है। जंगलों में रहने वाले आदिवासी इस वाणिज्यिक प्रक्रिया को बहुत पहले से वस्तु विनिमय के माध्यम से करते थे।

वर्तमान में एक व्यवसायी ग्राहकों की आवश्यकता को स्वयं क्रिएट करते हैं और अपनी वस्तुओं को आसानी से उन्हें खरीदने को मजबूर करते हैं। वर्तमान में ई-कॉमर्स में भी यही हो रहा है

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलगुरु डॉ. रामदास आत्रम ने कहा है कि विद्यार्थियों को आम विद्यार्थियों की तुलना में थोड़ा सा विशिष्ट प्रयास करने की आवश्यकता होती है और उनके मन में यह होना चाहिए कि मैं अन्य विद्यार्थियों की तुलना में एक विशिष्ट और अलग कैसे देखे या उनका काम विशिष्ट के साथ कैसे दिखे। जब भारत में कंप्यूटर का आगमन हुआ तब लोगों का यह मानना था की रोजगार खत्म हो जाएगा किंतु ऐसा नहीं हुआ है।

वर्तमान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स के जमाने में भी रोजगार के अपार संभावनाएं हैं। देश में चार्टर्ड अकाउंटेंट के क्षेत्र में रोजगार का अवसर खुला मैदान है। उन्होंने कहा है कि विद्यार्थियों को अधिक से अधिक अपनी पढ़ाई और विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी में समय व्यतीत करना चाहिए जिससे कि वह अपना सुनहरा भविष्य का निर्माण कर सकें यदि कोई विद्यार्थी विदेश जाना चाहता है तो वह उन्हें भी सुलभ सुविधा एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराएंगे।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में उत्साह के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम को सफल बनाने में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के प्रोफेसर डॉ सुनील कुमार गर्ग एवं डॉ दिलीप कुमार एगोरे का विशेष योगदान रहा है । कार्यक्रम का संचालन डॉ नेहा उपाध्याय ने किया और आभार डॉ.अरविंद सिंह विजय ने माना है।

CHANGE OF NAME

I LIZA KASTURI D/O NITESH KUMAR KASTURI residing at 501 pushpratan building diamond colony new palasiya Indore, have changed my name to LISA KASTURI D/O NITESH KUMAR KASTURI for all future purposes, including the updating of my passport.

न्यायालय तहसीलदार तहसील भिचौलीहप्सी इंदौर

क्रमांक/1416/रीडर/2025
इन्दौर, दिनांक 27/10/2025
प्रकरण क्र.965/अ-6/25-26

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बबिता बाई (पिता बहादुरसिंह ठाकुर) पति लाड सिंह राजपूत पता 4 तेजाजी चौक, पानदा, इंदौर द्वारा म०प्र० भू राजस्व संहिता-1959 की धारा 109-110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर पंजीकृत हकत्याग पत्र MP7IGR 17522025A100767682 दिनांक 28/08/2025 के आधार पर ग्राम उमरियाखुर्द स्थित भूमि सर्वे नंबर 331 रकबा 0.121 हैक्टेयर भूमि पर अनावेदक बहादुरसिंह ठाकुर पिता अतरसिंह ठाकुर पता ग्राम उमरियाखुर्द इंदौर के स्थान पर राजस्व रिकार्ड मे नामांतरण किये जाने का निवेदन प्रस्तुत किया है।तक अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो वह दिनांक 10/11/4 अपनी आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से तहसील न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 27/10/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

तहसीलदार
तहसील भिचौलीहप्सी, इन्दौर

कार्यालय कलेक्टर (कॉलोनी सेल) जिला इंदौर

क्रमांक/4425/ब.ज.ा.टी./ब. से. /2025 इन्दौर, दिनांक 06/11/2025

:: विज्ञप्ति ::

मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 (क्रं. 1 सन् 1994) और उसके अधीन बनाए गए मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (कॉलोनियों का विकास) नियम 2014 के नियम 9 के अधीन प्रदाय ग्राम-नैनौद, तहसील- मल्हारगंज जिला इंदौर में स्थिति सर्वे क्रमांक 237/1/1/1, 237/1/2/1, 237/3, 238/3 पैकि, 239/2 कुल रकबा 5.818 है. में से 3.2106 है. पर आवासीय भूखण्डीय विकास प्रयोजन की कॉलोनी " Arihant palms " की संशोधित विकास अनुज्ञा प्रदान के आवेदन के संबंध में शासे- आपत्ति आमंत्रित करने बाबद्। जन सामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि आवेदक मार्ग रियलटेक एल.एल.पी. तर्फे पार्टनर श्री आदर्श मेहता पिता श्री अरूण मेहता पता: यू.जी. 21, बी. सी.एम. हाईट्स, पी.यू.-4, स्कीम नं. 54 जिला इन्दौर (म.प्र.) द्वारा नीचे दी गई कॉलोनी की कॉलोनी विकास अनुज्ञा हेतु कलेक्टोरेट हेल्पलाईन, जिला-इन्दौर में दिनांक 08.10.2025 को आवेदन प्रस्तुत किया गया। 1. कॉलोनी का नाम :- " Arihant palms", 2. अवस्थिति (अवस्थिति/ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक) ग्राम-नैनौद, तहसील-मल्हारगंज जिला- इन्दौर में स्थिति सर्वे क्रमांक 237/1/1/1, 237/1/2/1, 237/3, 238/3 पैकि, 239/2 कुल रकबा 5.818 है. में से 3.2106 है, 3. विकास का प्रयोजन : आवासीय भूखण्डीय विकास प्रयोजना, 4. पूर्व टीएण्डसीपी क्रमांक- संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश, जिला कार्यालय इन्दौर (म.प्र.) द्वारा स्वीकृत अभिन्यास पत्र क्रमांक INDLP09032432869 दिनाक 01.05.2024 एवं संशोधित पत्र क्रमांक INDLP09032432869/नपानि/2024 इन्दौर दिनांक 22.06.2024, 5. वर्तमान टीएण्डसीपी क्रमांक - संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश, जिला कार्यालय इन्दौर (म.प्र.) द्वारा स्वीकृत संशोधित अभिन्यास पत्र क्रमांक INDLP21072501128 दिनांक 27. 09.2025, उक्त आवेदित भूमि सर्वे नंबर 237/1/1/1, 237/1/2/1, 237/3, 238/3 पैकि, 239/2 कुल रकबा 5.818 है. में से 3.2106 है. भूमि पर आवेदक मार्ग रियलटेक एल.एल.पी. तर्फे पार्टनर श्री आदर्श मेहता पिता श्री अरूण मेहता पता: यू.जी.-21, बी.सी.एम. हाईट्स पी.यू.-4 स्कीम नं. -54 जिला इन्दौर (म.प्र.) को कार्यालय कलेक्टर जिला इन्दौर द्वारा कॉलोनी विकास अनुमति क्र. 575/2024, प्र.क्र. 718/बी-121/2024-25 इन्दौर, दिनांक 21.11.2024 को प्रदाय की गयी थी। आवेदक द्वारा संयुक्त संचालक नगर एवं ग्राम निवेश जिला इन्दौर का पत्र क्रमांक INDLP21072501128 दिनांक 27.09.2025 द्वारा संशोधित अभिन्यास स्वीकृत कराकर संशोधित विकास अनुमति हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त के संबंध मे यदि किसी हितबद्ध व्यक्ति/सदस्य को ग्राम-नैनौद, तहसील मल्हारगंज जिला- इंदौर में स्थिति सर्वे क्रमांक 237/1/1/1, 237/1/2/1, 237/3, 238/3 पैकि, 239/2 कुल रकबा 5.818 है. में से 3.2106 है. पर Arihant palms " कॉलोनी की संशोधित विकास अनुमति दिये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा किसी हितबद्ध व्यक्ति द्वारा आवेदित भूमि पर किसी भूखण्ड का क्रय/विक्रय/विक्रय अनुबंध किया हो तो अपनी आपत्ति कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 111 में कार्यालयीन समय में (अवकाश के दिनों को छोड़कर) सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। निर्धारित दिनांक या समय के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी,
कॉलोनी सेल, जिला–इन्दौर

ArihantCapital Generating Wealth

Arihant Capital Markets Limited

(Member of BSE, NSE, NCDEX, MCX, DP-NSDL, CDSL) **CIN: L66120MP1992PLC007182**
Regd. Office: 601, Atlantis Tower, Plot No. 13-A, Scheme No.78, Vijay Nagar, Indore- 452010
Ph.: 0731-4217200, Email: compliance@arihantcapital.com, Website: www.arihantcapital.com

UNAUDITED STANDALONE AND CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEARLY ENDED ON SEPTEMBER 30th, 2025

Based on the recommendations of the Audit Comittee, the Board of Arihant Capital Markets Limited ("The Company") at its meeting held on Thursday, 06th November, 2025, approved the Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results of the Company for the Quarter and Half Yearly ended on September 30, 2025 which have been subject to a limited review by Statutory Auditors of the Company, in terms of Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015,

The aforementioned Financial Results along with the Limited Review Report of the Statutory Auditors thereon are available on the company website at:
https://www.arihantcapital.com/Files/research-reports/OUTCOMEOFBM.pdf

You can also access the results by scanning the Quick Response Code provided below:

Scan The QR Code to view the result on the website of the company.

Place: **Mumbai,** Date : **06.11.2025**

For **Arihant Capital Markets Limited**
Sd/-
Ashok Kumar Jain
(Chairman & Managing Director)
DIN : 00184729

Note: The above intimation is in accordance with the Regulation 33 read with Regulation 47(1) of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

VIGILANCE

एक नजर

अंतर्राष्ट्रीय शायर निजामी की किताब आंसुओं की आग का दुबई में विमोचन

मुनव्वर राना अवार्ड से किया सम्मानित

उज्जैन, (निप्र)। दुबई पोयट्री फेस्टिवल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मुशायरे में अंतर्राष्ट्रीय शायर अहमद रईस निजामी की किताब



आंसूओं की आग का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। संयुक्त अरब अमिरात के उद्योगपति इमादुल मालिक और राजस्थान के डॉ.जुबेर फारूक के आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में श्री निजामी की शायरी किताब का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में श्री निजामी को मुनव्वर राना अवार्ड से सम्मानित किया गया। मुशायरें में निजामी में श्रेष्ठ गजले पढ़ी।उल्लेखनीय है कि श्री निजामी उज्जैन संभाग के एकमात्र शायर हैं जिन्हें विभिन्न देशों में भारत देश का प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य प्राप्त है। श्री निजामी ने विदेशों में आयोजित 35 अंतर्राष्ट्रीय आयोजनो में प्रतिनिधित्व किया है। श्री निजामी को देश व विदेश में अवार्ड और सम्मान भी प्राप्त हुए है। दुबई पोयट्री फेस्टिवल में श्री निजामी को मुनव्वर राना अवार्ड से सम्मानित किया गया।

इंदौर रोड़ पर हादसा, एक की मौत, दो गंभीर

खंडवा आ रहे बाइक सवारों को आयशर गाड़ी ने मारी टक्कर

खंडवा, (एजेंसी)। खंडवा शहर की सीमा में गुरुवार शाम को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक आयशर गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी, बाइक सवार तीन लोग रोड़ पर गिर पड़े। हादसे में एक की मौत हो गई, वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। उधर, घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। जानकारी के मुताबिक, हादसा इंदौर रोड पर आशा धाम के पास हुआ है। बताया जाता है कि आयशर वाहन ने बाइक को टक्कर मारी और फिर भाग निकला है। हादसे में गंभीर घायल खंडवा के कुम्हार मोहल्ला (सिंघाड़ तलाई) निवासी कैलाश पिता पुंडलिक (48) को हॉस्पिटल लाया गया, यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे में सोनू (35) पिता तुकाराम बंजारे और दिलीप (45) पिता नारायण घायल हुए हैं। तीनों बाइक सवार छैगांवमाखन की ओर से खंडवा आ रहे थे। जहां हादसा हुआ, वहां आयशर गाड़ी ने ओवरटेक करते हुए तेज रफ्तार में बाइक को टक्कर मारी थी। मामले में थाना पदमनगर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

नीमच में मुरम-पत्थर का अवैध परिवहन करते 3 वाहन जब्त

खनिज अधिकारी बोले- कार्रवाई जारी रहेगी

नीमच, (एजेंसी)। नीमच जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन की बढ़ती गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए खनिज



विभाग ने गुरुवार को कार्रवाई की है। विभाग ने नीमच क्षेत्र से मुरम और खण्डा खनिज का अवैध उत्खनन एवं परिवहन कर रहे तीन वाहनों को जब्त किया है। यह कार्रवाई खनिज अधिकारी गजेन्द्र सिंह डावर के नेतृत्व में विभाग की टीम की ओर से की गई। इसे मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत अंजाम दिया गया। जब्त किए गए वाहनों में मुरम्म खोदने वाली जेसीबी, मुरम से भरा डंपर और पत्थर से भरा ट्रैक्टर शामिल हैं। इन सभी वाहनों को पुलिस चौकी नयागांव की अभिरक्षा में कलेक्टर के आगामी आदेश तक सुरक्षित खड़ा किया गया है। खनिज अधिकारी गजेंद्र डावर ने स्पष्ट किया कि खनिजों का अवैध उत्खनन और परिवहन करने वालों पर विभाग की यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।
फोटो-नीमच ट्राली जब्त

तोल कांटा जब्त करने पर भड़के सब्जी विक्रेता, देवास में सड़क पर सब्जी फैलाकर चक्काजाम

देवास, (एजेंसी)। देवास में गुरुवार शाम को ठेले लगाकर व्यापार करने वाले लोगों ने नगर निगम के सामने प्रदर्शन किया। केला देवी क्षेत्र के इन विक्रेताओं ने सड़क पर सब्जी फेंककर और कुछ



देर के लिए चक्का जाम कर अपना विरोध दर्ज कराया। उन्होंने नगर निगम की टीम पर उनके तोल कांटे जब्त करने का आरोप लगाया।प्रदर्शनकारियों ने बताया कि नगर निगम उन्हें लगातार परेशान कर रहा है और उनके तोल कांटे जब्त कर लिए गए हैं। उनकी मुख्य मांग है कि उन्हें व्यापार के लिए एक निश्चित स्थान उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि निगम कर्मचारी उन्हें अपना धंधा बंद करने के लिए कह रहे हैं, जिससे उनके जीवन यापन पर संकट आ गया है।इस मामले में नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि वे आयुक्त से चर्चा करेंगे और जो भी निर्णय होगा, उसकी जानकारी दी जाएगी। प्रदर्शन के दौरान एक महिला को बातचीत करते समय चक्कर भी आ गए। चक्का जाम की सूचना मिलने पर कोतवाली थाना प्रभारी श्याम चंद्र शर्मा, पुलिस बल और यातायात थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति को नियंत्रित किया और सड़क को सुचारू करवाया।कोतवाली थाना प्रभारी श्याम चंद्र शर्मा ने बताया कि ठेला संचालक अपनी समस्याओं को लेकर नगर निगम पहुंचे थे। उनके द्वारा सड़क पर सब्जी फेंकी गई, जिससे उनका ही नुकसान हुआ।

पागलपन में ममता भूली मां, बेटे की गला घोंटकर हत्या

सेमरिया में पहाड़ पर ले जाकर वारदात; खुद भी रही लापता

सीधी, (एजेंसी)। सीधी जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र में एक मानसिक रोगी ने मां ने अपने 8 वर्षीय बेटे की गला घोटकर हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने बेटे का शव बरामद करने के बाद मां को गिरफ्तार कर लिया। ग्राम कतरी काडी में रहने वाली फूल कुमारी बैगा ने कबूल किया है कि उसने ही अपने 8 वर्षीय बेटे आशिक बैगा की गला दबाकर हत्या कर दी।

पड़ोसियों के अनुसार, फूल कुमारी बीते कई सालों से मानसिक रूप से असामान्य बताई जा रही थी। उसकी दो बेटियां और एक बेटा था। 4 अक्टूबर की शाम से ही फूल कुमारी और उसका बेटा लापता थे।

5 अक्टूबर की दोपहर जब गांव के चरवाहे पशुओं को चराते हुए पहाड़ पर पहुंचे, तो वहां बच्चे का शव दिखाई दिया। उन्होंने तुरंत गांव आकर परिजनों और ग्रामीणों को सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस पहुंची और शव को बरामद कर पंचनामा तैयार किया।



मौके पर पहुंची आरोपी मां- ग्रामीणों के अनुसार जब बच्चे का शव मिला तक कोई भी उसके पास नहीं थी। वहीं मां भी उसके साथ ही लापता थी। लेकिन पुलिस के पहुंचने पर वह भी मौके पर आ गई। यहां परिजनों और पुलिस ने उससे पूछताछ की। यहां उसने बताया कि उसने की बेटे की हत्या की है।

घर से एक किमी दूर लेकर की हत्या- पुलिस के पहुंचने के बाद मौके पर फूल कुमारी भी मौजूद थी। वारदात का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मां बच्चे को घर से लगभग 1 किलोमीटर दूर पहाड़ पर ले गई और वहीं उसकी हत्या कर दी।रात अधिक होने के कारण पोस्टमॉर्टम नहीं हो सका, जिसे अगले दिन गुरुवार को कराया गया। इसके उपरांत आरोपी मां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं- चुरहट के एसडीओपी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि पुलिस को घटना की जानकारी एक दिन बाद मिली। प्रथम दृष्टया ग्रामीणों ने महिला की मानसिक स्थिति ठीक न होने की बात कही है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, जिसमें यह पता लगाया जा रहा है कि महिला ने यह कदम मानसिक असंतुलन के कारण उठाया या इसके पीछे कोई अन्य वजह थी।

प्राइवेट पार्ट और गर्दन काट दूंगा डिप्टी रेंजर को मिली धमकी

अफसर बोला- विधायक ने लकड़ी जब्त करने से मना किया था; मेरी जान पर बन आई

राजगढ़, (एजेंसी)। एमपी के राजगढ़ जिले के खिलचीपुर क्षेत्र फॉरेस्ट विभाग के डिप्टी रेंजर को गर्दन और प्राइवेट पार्ट काटने की धमकी मिली है। विभाग की उड़नदस्ता टीम ने छापीहेड़ा में अवैध लकड़ी और बिना परमिट के संचालित आरा मशीनों पर कार्रवाई करते हुए चार मशीनों को सील किया था। इसके बाद डिप्टी रेंजर मोहन सोनगिरा को लगातार जान से मारने और गंभीर नुकसान पहुंचाने की धमकियां मिलने लगीं। मामले में खिलचीपुर के विधायक हजारीलाल दांगी का नाम भी सामने आया है। डिप्टी रेंजर ने गुरुवार पुलिस को शिकायती आवेदन दिया है।

डिप्टी रेंजर ने बताया कि दोपहर चार बजे जीरापुर से महेश गुड्डा विश्वकर्मा का फोन आया था। पहले महेश ने बात की फिर उसी फोन से विधायक हजारी लाल से बात करवाई। जिसके बाद 4 नवंबर को मेरे ऑफिस में कालू ने धमकी दी।

वन विभाग के उड़नदस्ता ने लकड़ी जब्त की थी- जानकारी के



मुताबिक 27-28 अक्टूबर को उड़नदस्ता छापीहेड़ा पहुंचा था। टीम में डिप्टी रेंजर मोहन सोनगिरा सहित अन्य कर्मचारी थे। जांच के दौरान उन्हें कई आरा मशीनों पर गीली लकड़ी और बिना टीपी (ट्रांजिट पास) की लकड़ी मिली।

टीम ने नियम अनुसार चार आरा मशीनों को सील कर दिया। डिप्टी रेंजर सोनगिरा के मुताबिक कार्रवाई के कुछ ही घंटे बाद उनके फोन पर धमकियों की बौछार शुरू हो गई।

आरोप- विधायक ने कार्रवाई रोकने फोन किया- सोनगिरा ने बताया- 27 अक्टूबर की रात को कालूराम नाम के संचालक का फोन आया। उसने गाली-गलौज करते हुए कहा- तेरी गर्दन कटवा दूंगा, तेरे गुप्तांग काट दूंगा। तू पैसे क्यों नहीं लेता? तूने मेरी मशीन सील करके बड़ी गलती की है।

डिप्टी रेंजर का कहना है कि अगले दिन (28 अक्टूबर) जब टीम जांच करने जीरापुर पहुंची तो वहां भी उन्हें गुड्डा राठौर और रमेश विश्वकर्मा नाम के आरा मशीन संचालकों ने धमकाया और हाथापाई की कोशिश की।

सोनगिरा के मुताबिक- दोपहर चार बजे जीरापुर से महेश गुड्डा विश्वकर्मा का फोन आया था, पहले महेश ने बात की फिर उसी फोन से विधायक हजारी लाल से बात करवाई। विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा- तू तुरंत वापस आ जा, मैं सबसे बात कर लूंगा, नहीं तो तेरी कार्रवाई कर दूंगा।

बदमाशों ने मजदूर को लूटकर पटरी पर फेंका, ट्रेन की चपेट में आने से बांया पैर कटा

दर्दनाक हादसा, घायल अस्पताल में भर्ती

उज्जैन, (निप्र)। जीरो पाइंट ब्रिज के नीचे मक्सी रोड पर बुधवार शाम को एक दर्दनाक घटना हो गई। यहां 3-4 बदमाशों ने एक मजदूर को पकड़ कर उससे रुपए लूट लिए और मारपीट कर पटरी पर फेंक दिया। इसी बीच ट्रेन आ गई और उसका पैर कट गया। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार रात को लखन पिता मांगीलाल चोहान आयु 33 वर्ष निवासी पल्दुना ढांचा भवन में एक निर्माण कार्य पर मजदूरी करता है। देवासगेट स्थित सराय में वो अस्थायी रूप से रहता है। खाना लेकर वह सराय की ओर लौट रहा था तभी जीरो पाइंट ब्रिज के नीचे 3-4 बदमाशों ने उसे पकड़ा और रुपए छीनने लगे। इस दौरान बदमाशों ने उससे मारपीट की और रुपए लूटकर उसे पटरियों पर पटक दिया। इसी बीच ट्रेन आ गई,जिससे उसका बांया पैर ट्रेन की चपेट में आकर अलग हो गया। लोगों की नजर जब घटना पर पड़ी तो उसे तुरंत चरक अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को घटना की सूचना दी। जीआरपी पुलिस द्वारा मामले में कार्रवाई की जा रही है।

छात्रा को अश्लील वीडियो का डर दिखाकर ठगी

बालाघाट में फोन पर कहा- गिरफ्तारी से बचना है तो पैसे दो; 17 बार में 35 हजार वसूले

बालाघाट, (एजेंसी)। बालाघाट में युवती को गिरफ्तारी का डर दिखाकर ठगने का मामला सामने आया है। ठग ने युवती से कहा- तुमने मोबाइल पर अश्लील फिल्म देखी है। इस आधार पर तुम्हारे खिलाफ ऋऋफ दर्ज की गई है। गिरफ्तारी का डर दिखाकर ठग ने युवती से 35 हजार रुपए अपने खाते में डलवा लिए।

पीड़ित युवती लांजी की रहने वाली है। प्राइवेट कॉलेज में बीए द्वितीय वर्ष में पढ़ती है। बीती एक नवंबर को उसके मोबाइल पर अनजान नंबर से एक कॉल आया। कॉलर ने कहा- मैं मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच से बोल रहा हूं। यहां तुम्हारे खिलाफ मोबाइल पर अश्लील फिल्में देखने की एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस तुम्हें गिरफ्तार करने पहुंच रही है।



कॉलर की बात सुनकर युवती डर गई। वह केस से बचाने की गुहार लगाने लगी। इस पर कॉलर ने कहा- गिरफ्तारी से बचना है तो रुपए देने होंगे। मैं तुम्हारे वॉट्सएप नंबर पर क्यूआर कोड भेज रहा हूं। पैसे ट्रांसफर कर दो। कॉलर ने उसे यह बात किसी को न बताने और आधे घंटे तक किसी का फोन न उठाने की हिदायत भी दी।

एक ही दिन में 17 बार ट्रांजेक्शन कराया- ठग ने युवती से एक ही दिन में कुल 17 ट्रांजेक्शन में 35 हजार रुपए बैंक खाते में ट्रांसफर करा लिए। इसके बाद बुधवार को फिर फोन किया और 10 हजार रुपए मांगे। युवती के पास रुपए नहीं थे तो वह बडे.भाई के पास पहुंची। उससे 10 हजार रुपए मांगे। बहन को परेशान देखकर भाई को शक हुआ। उसने युवती से पूछताछ की, जिसमें उसने पूरी बात बता दी।

साइबर पुलिस कर रही मामले की जांच- इसके बाद भाई, युवती को लेकर कोतवाली पहुंचा। यहां साइबर नोडल थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

कपास में नमी पर सीसीआई ने खरीदी से किया इंकार, भड़के किसान, गेट बंद कर किया प्रदर्शन



खरगोन निप्र। भारतीय कपास निगम के खरीदी नियमों को लेकर एक पखवाड़े में दूसरी बार आनंद नगर स्थित कपास मंडी में हंगामें की स्थिति निर्मित हुई। गुरुवार को कपास खरीदी के दौरान प्रति हेक्टेयर तय लिमिट के साथ ही कपास में नमी को लेकर किसानों ने विरोध दर्ज कराया। इसके चलते निलामी रोकनी पड़ी। आक्रोषित किसानों ने मंडी गेट बंद कर प्रदर्शन किया। एसडीएम एवं मंडी सचिव के हस्तक्षेप के बाद दोबारा खरीदी शुरू हो सकी।

मंडी पहुंचे किसान राधेश्याम पटेल ने बताया कि किराये के वाहन लेकर उपज मंडी लाए है। क्षेत्र के किसान इन दिनों बड़ी मुश्किल में है। लगातार हो रही बारिश ने कपास की फसल को नुकसान पहुंचाया है। ऐसे हालत में सीसीआई खरीदी से अच्छे दाम की उम्मीद थी, लेकिन वह भी टूटती जा रही है। किसानों ने बताया गत वर्ष के नियमों में भारी बदलाव किया है, किसान नए नियमों की पूर्ति नही कर पा रहे है। लिमिट तय करने के साथ ही नमी का हवाला देकर अच्छे कपास को भी रिजेक्ट किया जा रहा है। इसलिए मजबूरन अपनी चार माह की दिन रात की गई मेहनत से उपजाई फसल को कम दामों पर बेचना पड़ रहा है। सीसीआई अधिकारियों के अनुसार कपास में 12 प्रतिशत तक नमी स्वीकार्य होती है, लेकिन अब यह स्तर 18 से 20 प्रतिशत तक पहुंच गया है। ऐसे में खरीदी नही कर पा रहे है।

एसडीएम वीरेंद्र कटारे ने बताया किसान संगठन पदाधिकारियों के साथ बुधवार को बैठक की थी। इसमें निर्णय लिया गया कि खरीदी लिमिट बढ़ाई जाए, इसका प्रस्ताव शासन को भेजा है। किसानों की मांग है कि निर्णय का आज से ही पालन हो। इसके साथ ही बगैर नमी जांचे खरीदी हो, जो संभव नही है। किसानों की नाराजगी को देखते हुए बिक्री के लिए लाए कपास को बिक्री से पहले बिखराने की बात कही, जिस पर किसानों ने भी सहमति जताई।

शाजापुर में महिला खेत में कचरा जलाते समय झुलसी, मौत

शाजापुर, (एजेंसी)। शाजापुर के बेरछा थाना क्षेत्र के उपड़ा गांव में खेत में कचरा जलाते समय एक नवविवाहित महिला बुरी तरह झुलस गई। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना गुरुवार सुबह करीब 11 बजे की है।

खेत में साफ-सफाई के लिए कचरा जला रही थी महिला- अस्पताल चौकी से गुरुवार शाम 5 बजे मिली जानकारी के अनुसार, मृतक महिला का नाम रचना है।

बेतवा में आत्महत्या करने पहुंची 100 साल की बुजुर्ग

विदिशा में होमगार्ड के जवान से बोली- बेटों ने जमीन अपने नाम कर ली

विदिशा, (एजेंसी)। विदिशा में एक 100 साल की बुजुर्ग आत्महत्या करने बेतवा नदी के पास पहुंची। होमगार्ड ने उसे बचाया। बुजुर्ग ने बताया उनके तीन बेटों ने उनकी जमीन अपने नाम करा ली है। वृद्धावस्था के कारण मजदूरी कर गुजारा करना उनके लिए मुश्किल हो गया था, जिससे वे परेशान थीं।

मामला गुरुवार शाम का है। घटना चरण तीर्थ घाट की है,



ब्यौची गांव की एक महिला (लगभग 100 वर्ष) शाम को आत्महत्या करने पहुंची थीं। ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड जवान कपिल पाराशर ने उन्हें घाट पर अकेला बैठे देखा।

महिला से बात की, जिसमें उन्होंने अपना नाम बताते हुए बेटों द्वारा जमीन लेने की बात कही। बोली कि वृद्धावस्था के कारण मजदूरी कर गुजारा करना उनके लिए मुश्किल हो गया था, जिससे वे परेशान थीं। होमगार्ड ने उसे रोका, महिला को सुरक्षित होमगार्ड चौकी पहुंचाया और उनके परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर महिला का नाती मौके पर पहुंचा।

मिनी ट्रक और पिकअप के बीच मौत की टक्कर

दोनों वाहनों के चालकों की दर्दनाक मौत

खरगोन, (निप्र)। जिले के बालसमुद में मिनी ट्रक और पिकअप वाहन की भिड़ंत मौत का टकराव साबित हुई। टक्कर इतनी भयावह थी कि दोनों वाहनों के केबिन चकनाचुर हो गए, जिसमें दबने से चालकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस दर्दनाक हादसे के बाद क्षेत्र में कुछ देर के लिए चक्काजाम की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहन चालकों को अस्पताल पहुंचाकर मार्ग पर आवाजाही सुचारु कराई। मिली जानकारी अनुसार गुरुवार सुबह करीब साढ़े छह बजे खरगोन- इंदौर मार्ग पर ग्राम बालसमुद के पास पेट्रोल पंप के सामने दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। टमाटर व हरी सब्जियों से भरी पिकअप सामने से आ रही मिनी ट्रक से जा टकराई। मिनी ट्रक में सात लोग सवार थे, जिनमें चालक की मौत हो गई, जबकि कुछ लोगों को गंभीर चोट आई हैं।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार हादसे में ट्रक चालक दिनेश



पिता चेतराम भालसे (42) निवासी जीरभाए धरमपुरी के पोल्ट्री फार्म से खाद लेकर अपने गांव लौट रहा था। वहीं पिकअप वाहन इंदौर की ओर सब्जियां लेकर जा रही थी। इस दौरान दोनों वाहनों की आमने-सामने जोरदार टक्कर से वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। ग्रामीण सैफुद्दीन खान और सदर जावेद खान ने जेसीबी की मदद से मशक्कत के बाद दोनों चालकों के शवों को बाहर निकाला। पुलिस ने शवों को निजी वाहन से कसरावद अस्पताल भेजा।

जिस प्रकार नेत्रहीन के लिए दर्पण बेकार है उसी प्रकार बुद्धिहीन के लिए विद्या बेकार है।

– प्रेमचंद

अमेरिका में धार्मिक ध्रुवीकरण समाजवाद की चिंगारी?

अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के मेयर पद पर पहली बार भारतीय मूल के मुस्लिम नेता जोहरान ममदानी निर्वाचित हुए हैं। यह न केवल एक ऐतिहासिक जीत है, बल्कि अमेरिकी राजनीति में एक नए दौर की शुरूआत भी मानी जा रही है। ममदानी ने 50 प्रतिशत से अधिक वोट प्राप्त कर यह चुनाव जीता है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस चुनाव में हस्तक्षेप करते हुए चेतावनी दी थी कि यदि ममदानी जीतते हैं, तो वह न्यूयॉर्क की फंडिंग बंद कर देंगे। ट्रंप की इस धमकी के बावजूद न्यूयॉर्क की जनता ने 34 वर्षीय ममदानी को भारी बहुमत से विजयी बनाकर यह स्पष्ट संदेश दे दिया कि अमेरिका में परिवर्तन की लहर उठ चुकी है। यह जीत ट्रंप के लिए एक बड़ी राजनीतिक हार मानी जा रही है। डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में अमेरिका धार्मिक ध्रुवीकरण और नस्ली भेदभाव की दिशा में बढ़ता नजर आ रहा है। उनकी आर्थिक नीतियां कॉरपोरेट घरानों के पक्ष में झुकी हुई हैं, जिससे आम नागरिकों की मूलभूत सुविधाएं लगातार कम हो रही हैं। परिणामस्वरूप, अब न केवल डेमोक्रेटिक पार्टी बल्कि रिपब्लिकन खेमे के भीतर भी ट्रंप की कार्यशैली को लेकर असंतोष बढ़ रहा है। पिछले सौ वर्षों में न्यूयॉर्क के पहले भारतीय मूल के मेयर के रूप में ममदानी ने प्रगतिशील राजनीति और समाजवाद के प्रतीक बनकर जनता का विश्वास जीता है। वर्ष 2020 में वह न्यूयॉर्क स्टेट असेंबली के सदस्य चुने गए थे। गरीब और श्रमिक वर्ग के हक की आवाज उठाने के कारण उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ती गई। मेयर बनने के बाद अपने पहले भाषण में ममदानी ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के 15 अगस्त 1947 के ऐतिहासिक संबोधन का उल्लेख करते हुए कहा– न्यूयॉर्क अब पुराने से नए युग की ओर बढ़ रहा है। संघीय व्यवस्था और न्यायपालिका को जिस तरह से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चुनौती दी जा रही है, उसके खिलाफ एक बड़ा वातावरण बनना अमेरिका में शुरू हो गया है। न्यूयॉर्क के मेयर पद का चुनाव ट्रंप के लिए एक चिंगारी है। जो सुलग गई है, आगे चलकर यह एक बड़े स्वरूप में सामने आएगी। अमेरिका में पूंजीवाद का विरोध शुरू हो चुका है।

ट्रंप की आर्थिक शक्तियों पर सुप्रीम कोर्ट की ऐतिहासिक सुनवाई



कलम की गूंज

अगर हम इकोनॉमिक इमरजेंसी एक्ट और राष्ट्रपति की शक्ति को समझने की करें तो आईईईपीए की रचना अमेरिकी कांग्रेस ने 1977 में इस उद्देश्य से की थी कि राष्ट्रपति को राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित आर्थिक आपातकालीन स्थितियों में त्वरित कदम उठाने की शक्ति मिल सके। इसका मूल लक्ष्य था शत्रु देशों या आतंकवादी संगठनों से निपटना, व्यापारिक प्रतिबंध लगाना, और विदेशी संपत्तियों को नियंत्रित करना। परंतु 2018 से 2024 के बीच, ट्रंप प्रशासन ने इस कानून का उपयोग चीन, मेक्सिको, कनाडा, यूरोपीय संघ और यहाँ तक कि भारत के विरुद्ध भी टैरिफ (इम्पोर्ट डूटीज) लगाने के लिए किया,यह कहते हुए कि विदेशी व्यापार अमेरिकी सुरक्षा के लिए खतरा बन गया है।

किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तर पर 5 नवंबर 2025 का दिन अमेरिकी लोकतंत्र और वैश्विक अर्थव्यवस्था दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण तारीख बन गया है। आज,संयुक्त राज्य अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय में एक ऐसा मामला सुना गया जिसने न केवल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप की आर्थिक नीतियों की संवैधानिकता पर प्रश्न उठाया, बल्कि विश्व व्यापार की संरचना, आपातकालीन शक्तियों की सीमाओं और कार्यपालिका बनाम विधायिका के संतुलन को भी गहराई से परखा। इस केस की सुनवाई 80 मिनट तक चली, जबकि सामान्य मामलों में 60 मिनट ही मिलते हैं,अदालत में जगह खचाखच भरी रही,पूरी दुनिया की नजरें इस बात पर टिकी है कि क्या राष्ट्रपति की आर्थिक शक्तियां सीमित की जाएंगी या उन्हें और अधिक अधिकार मिलेंगे। बता दें इस केस की सुनवाई में भारतीय मूल के जाने-माने वकील नील कत्याल मुख्य वकील के तौर पर याचिका कर्ताओं की ओर से व ट्रंप की नीतियों के विरुद्ध दलीलें दिए,इस सुनवाई का केंद्र था इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक्स पावर्स एक्ट (आईईईपीए) ,1977 का वह कानून जिसने राष्ट्रपति को आर्थिक आपातकाल की स्थिति में विशेष शक्तियाँ प्रदान की थीं। परन्तु प्रश्न यह था कि क्या इन शक्तियों का प्रयोग ट्रंप ने अपने राजनीतिक - व्यापारिक हितों के लिए अत्यधिक सीमा तक कर लिया है? मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि यह सुनवाई इतिहास की उस रेखा पर खड़ी है जहाँ से तय होगा आर्थिक शक्ति का उपयोग राष्ट्रहित के लिए होगा या राजनीतिक प्रभुत्व के लिए है,लोकतंत्र में कोई भी व्यक्ति चाहे वह राष्ट्रपति ही क्यों न हो कानून से ऊपर नहीं है।दुनियाँ भर के देशों की निगाहें अब सुप्रीम कोर्ट के अंतिम निर्णय पर हैं, जो आने वाले महीनों में आएगा। यह फैसला तय करेगा कि क्या इकोनॉमिक पावर एक्ट के नाम पर राष्ट्रपति को असीमित शक्ति मिल सकती है,या संविधान की मयार्दा अब भी सर्वोच्च है। इस जानकारी का कलेक्शन मीडिया के माध्यम से किया गया है।



साथियों बात अगर हम इकोनॉमिक इमरजेंसी एक्ट और राष्ट्रपति की शक्ति को समझने की करें तो आईईईपीए की रचना अमेरिकी कांग्रेस ने 1977 में इस उद्देश्य से की थी कि राष्ट्रपति को राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित आर्थिक आपातकालीन स्थितियों में त्वरित कदम उठाने की शक्ति मिल सके। इसका मूल लक्ष्य था शत्रु देशों या आतंकवादी संगठनों से निपटना, व्यापारिक प्रतिबंध लगाना, और विदेशी संपत्तियों को नियंत्रित करना। परंतु 2018 से 2024 के बीच, ट्रंप प्रशासन ने इस कानून का उपयोग चीन, मेक्सिको, कनाडा, यूरोपीय संघ और यहाँ तक कि भारत के विरुद्ध भी टैरिफ (इम्पोर्ट डूटीज) लगाने के लिए किया,यह कहते हुए कि विदेशी व्यापारअमेरिकी सुरक्षा के लिए खतरा बन गया है। इसने न केवल कांग्रेस के सदस्यों बल्कि न्यायविदों को भी चिंतित कर दिया कि कहीं राष्ट्रपति इस कानून का उपयोग व्यापारिक हथियार के रूप में तो नहीं कर रहे।इस मामले में ट्रंप का तर्कसरल किंतु विवादास्पद है। उनका कहना है कि अमेरिका की आर्थिक शक्ति ही उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा है। यदि कोई देश अमेरिकी उद्योग या रोजगार को नुकसान पहुँचाता है,तो यह युद्ध का एक रूप है। इस दृष्टिकोण के अनुसार, चीन या अन्य देशों से आने वाले उत्पादों पर भारी टैरिफ लगाना राष्ट्र की रक्षा का एक हिस्सा है।उन्होंने इसे इकोनॉमिक नेशनलीस्म कहा और आईईईपीए की धारा 1702 का हवाला दिया,जो राष्ट्रपति को विदेशी व्यापार पर प्रतिबंध लगाने की अनुमति देती है। ट्रंप के समर्थक इसेअमेरिका फर्स्ट नीति की स्वाभाविक परिणति मानते हैं, जबकि आलोचक इसे संवैधानिक अतिरेक और कार्यपालिका के दुरुपयोग की परिभाषा बताते हैं।अमेरिकी कांग्रेस का एक बड़ा वर्ग मानता है कि ट्रंप ने आईईईपीए के उद्देश्य को मोड़कर अपनी व्यापारिक नीतियों को लागू करने का औजार बना लिया है। कांग्रेस के कई सदस्यों ने कहा कि इस कानून की आड़ मेंराष्ट्रपति ने न केवल संवैधानिक ह्यचेकस एंड बैलेंसस को तोड़ा,बल्कि अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक समझौतों को भी नष्ट किया। पिछले वर्ष लर्निंग रिसोर्सस बनाम ट्रम्प नामक मामले में कई उद्योग समूहों ने दावा किया कि ट्रंप के टैरिफ अवैध हैं, क्योंकि उन्होंने कोई वास्तविक आपातकाल घोषित नहीं किया था। इसी मामले की सुनवाई अब सुप्रीम कोर्ट में पहुंची है, जिसने आज इस पर मौखिक दलीलें सुनीं।

साथियों बात अगर हम आज की सुनवाई,कोर्ट रूम में लोकतंत्र की परीक्षा को समझने की करें तो 5 नवंबर 2025 को सुबह वाशिंगटन डी.सी. के सर्वोच्च न्यायालय में माहौल असाधारण था।बता दें इस केस में याचिकाकर्ता की ओर से यानें डोनाल्ड ट्रंप के विरुद्ध भारतीय मूल के बहुत बड़े वकील पैरवी कर रहे हैं,कोर्ट रूम में मीडिया, व्यापारिक प्रतिनिधि,संवैधानिक विशेषज्ञ औरअंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षक मौजूद थे। ट्रंप स्वयं उपस्थित नहीं हुए; उन्होंने कहा कि मेरी मौजूदगी से मुद्दे का राजनीतिकरण हो सकता है।उनकी जगह उनके ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने तर्क प्रस्तुत किया कि विश्व व्यापार की स्थिति ऐसी है कि आर्थिक कदम उठाना अमेरिकी सुरक्षा के लिए आवश्यक है।दूसरी ओर, याचिकाकताओं की ओर से वकीलों ने कहाआईईईपीए को इस तरह व्याख्यायित करना कि राष्ट्रपति किसी भी देश पर व्यापारिक युद्ध छेड़ सके, संविधान के विरुद्ध है। यदि यह मान लिया गया तो कोई भी राष्ट्रपति आर्थिक तानाशाही की स्थिति मं आ सकता है।जस्टिसों के सवाल,संविधान बनाम शक्ति- सुनवाई के दौरान कई जस्टिसों ने कठोर प्रश्न पूछे। मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्सगंज ने कहा,यदि हर व्यापारिक असंतुलन एक राष्ट्रीय आपातकाल है,तो फिर कांग्रेस की भूमिका क्या रह जाएगी? जस्टिस सोनिआ सोटोमेयर ने पूछा,क्या यह ह्यएग्जीक्यूटिव ओवररेच ह्न नहीं है कि राष्ट्रपति कांग्रेस की मंजूरी के बिना कर नीति तय करें?वहीं, कुछ जस्टिस जैसे नील गोरसूच ने यह तर्क दिया कि राष्ट्रपति को अंतरराष्ट्रीय परिस्थिति के अनुसार लचीलापन मिलना चाहिए। इससे यह स्पष्ट था कि कोर्ट इस मामले को केवल कानून की दृष्टि से नहीं, बल्कि संवैधानिक शक्ति-विभाजन के दृष्टिकोण से भी देख रही है।

साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रियाएँ, विश्व व्यापार में चिंता को समझने की करें तो,इस सुनवाई ने केवल अमेरिकी राजनीति में नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में हलचल मचा दी है। यूरोपीय संघ ने कहा है कि अगर सुप्रीम कोर्ट ट्रंप की शक्तियों को वैध मानता है,तो अंतरराष्ट्रीय व्यापार व्यवस्था पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। चीन ने इसे संरक्षणवाद की न्यायिक स्वीकृति कहा। भारत, जो अमेरिका-भारत व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा है।


व्रत-पर्व सहन करना सीखें

असहिष्णुता राहू की भांति निरंतर ग्रसित करती है

व्यक्ति स्वयं ही बेचैनी का जीवन जीता है और अकारण ही जीवन में अनेक कष्टों को आमंत्रित कर लेता है। एक आदमी था। वह सदा प्रसन्न रहता था। एक दिन उसको उदास देखकर मित्र ने पूछा, मित्र! तुम सदा प्रसन्न रहते थे। तुम्हारी सारी अनुकूलताएं थीं। पर आज तुम बहुत उदास दिख रहे हो, यह क्यों? उसने कहा, मेरी प्रसन्नता गायब हो गई। आज से नहीं, बारह महीनों से वह गायब है। इसका भी कारण है। पहले इस गांव में मेरा मकान सबसे ऊंचा था। न जाने एक व्यक्ति कहां से आ टपका कि उसने मेरे मकान से भी ऊंचा मकान बना डाला। उसी दिन से मेरी प्रसन्नता समाप्त हो गई।

इसकी कोई दवा नहीं है। आयुर्वेद विज्ञान में, मेडिकल साइन्स में, साइकोलॉजी में इसकी कोई दवा नहीं है। यह साइकोसोमेटिक बीमारी भी नहीं है। इसका कोई स्पष्ट कारण नहीं बना। दूसरे की विशेषता को, दूसरे की सम्पन्नता को सहन न करना ही इसका कारण है। ऐसी बीमारी का उपाय यह है कि व्यक्ति अपनी शक्ति को बढ़ाए, तीन मंजिले मकान के स्थान पर पांच मंजिला मकान बनाने पांच मंजिले के स्थान पर सात मंजिला मकान बनाने की क्षमता को विकसित करे और अधिक कमाए, और अधिक श्रम करे। यह उसका सकारात्मक पक्ष है। मनुष्य का दृष्टिकोण सकारात्मक कम होता है, नकारात्मक अधिक। एप्रोच नेगेटिव होने के कारण वह दुखी होता है। इससे असहिष्णुता का भाव जागता है और असहिष्णुता राहू की भांति चांद को निरंतर ग्रसित करती रहती है।








दैनिक पंचांग

7 नवम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	तुला में	वृश्चिक	06.55 ब.से
चंद्र	वृष में	धनु	09.11 बजे से
मंगल	वृश्चिक में	मकर	11.16 बजे से
बुध	वृश्चिक में	कुंभ	13.03 बजे से
गुरु	कर्क में	मीन	14.35 बजे से
शुक्र	तुला में	मेष	16.06 बजे से
शनि	मीन में	वृष	17.46 बजे से
राहु	कुंभ में	मिथुन	19.44 बजे से
केतु	सिंह में	कर्क	21.58 बजे से
राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक		सिंह	00.14 बजे से
		कन्या	02.26 बजे से
		तुला	04.36 बजे से

शुक्रवार 2025 वर्ष का 311 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** मृगशीर्ष (दक्षिण भारत में कार्तिक) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वितीया 11.06 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** रोहिणी 00.34 बजे रात्र को समाप्त। **योग** परिघ 22.28 बजे को समाप्त। **करण** गर 11.06 बजे तदनन्तर वणिज 21.17 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 16.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 16° 17' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872521 **जूलियन दिन** 2460986.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जमादि उल्लावल **तारीख** 15 **विशेष** रोहिणी व्रत।

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, मार्ग शीर्ष कृष्ण पक्ष, शरद ऋतु, शुक्रवार, कृतिका रोहणी नक्षत्र, गर करणे, वृष की चंद्रमा, भद्रा, जातकर्म, नामाकरण, अन्न प्रासन्न, वृक्षारोपण, तथापि दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

आज जन्म लिए बालक का फल

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमानी, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, उत्तमवृत्ति वाला, योगी-भोगी तथा धनी-मानी, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, सनातनी धर्म वाला होगा।



मेष राशि :- इष्ट-मित्र सुखवर्धक होंगे, सम्पत्ति विषयक समस्यायें अवश्य कम होंगी।

वृष राशि :- स्त्री-वर्ग से भोग-ऐश्वर्य की प्राप्ति अवश्य होगी, सफलता के साधन अवश्य जुटायें।

मिथुन राशि :- कार्य कुशलता में सुधार, बड़े-बड़े लोगों से मेल-मिलाप सुखवर्धक होगा।

कर्क राशि :- किसी उपद्रव से अशांति संभव है, मान-प्रतिष्ठा मंक वृद्धि के योग बनेंगे।

सिंह राशि :- योजना सफल होगी, शरीर कष्ट व मानसिक बेचैनी बनें, कार्य बन ही जायेंगे।

कन्या राशि :- समय अनुकूल नहीं, विशेष कार्य स्थिगित रखें, लेन-देन के मामले में हानि होगी।

तुला राशि :- कार्य कुशलता से संतोष एवं स्थिति पर नियंत्रण रखें, रुके कार्य बन जायेंगे।

वृश्चिक राशि :- योजनायें सफल होंगी, शरीर कष्ट, मानसिक बेचैनी, कार्य मन लगाकर निपटा लें।

धनु राशि :- थकावट बेचैनी, किसी कष्ट में फंसने से बचिये, व्यापारिक क्षमता से लाभ होगा।


मकर राशि :- विरोधी तत्व परेशान करें, मित्रों से कष्ट, आरोप तथा मानसिक क्लेश बनेगा।

कुंभ राशि :- असमंजस व असमर्थता का वातावरण क्लेशयुक्त रखे, प्रत्येक कार्य में बाधा होगी।

मीन राशि :- विरोध एवं विवाद से बचें, कार्यगति में बाधा, विघटनकारी तत्व परेशान अवश्य करेंगे।

फिल्म वर्ग पहेली

फिल्म वर्ग पहेली- 7016



ऊपर से नीचे:-

१. रानी ने इसमें अंधी एवं गूंगी-बहरी लड़की की भूमिका की है-२
२. फिरोज, संजय खान, मुमताज की फिल्म-२
३. 'आज गालो मुस्कालो' गीत वाली फिल्म-४
४. शम्मीकपूर, सायरा की एक फिल्म-३
६. 'सनम तुम हम पे मरते' गीत वाली फिल्म-३
८. 'मैं तुझसे मिलने आई' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-२
९. धर्मेन्द्र, रेखा की 'ऐ हवा ये बता' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'संसार है एक नदिया' गीत वाली विनोद मेहरा, डैनी, मौसमी चटर्जी की फिल्म-३
११. 'तुम तो परदेसी हो' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'ना सतरा से ऊपर ना सोला से कम' गीत वाली नवीन निश्चल, रेखा की फिल्म-२
१३. अशोककुमार, मधुबाला की 'आयेगा आने वाला' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'मैं इश्क उसका' गीत वाली फिल्म-२
१८. जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता भट्ट की 'अब घर आजा' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'गोरी कैंवारी सी हसीना का' गीत वाली अक्षयकुमार, करिश्मा की फिल्म-३
२१. शाहरूख, मनीषा, प्रीति की फिल्म-२,१
२२. फिल्म 'आरम्भ' में राकेश के साथ नायिका-२
२५. राजनीकांत, पद्मिनी, विजेयता की फिल्म-४
२६. 'ऐ यार सुन यारी' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूरस रेखा, परवीन बाबी की फिल्म-३
२८. शॉवरअली, तरूण, मेघना नायडू कोफिल्म-३
२९. 'सुबह सुबह जब' गीत वाली फिल्म-२
३१. ऋतिक रोशन, करीना कपूर की फिल्म-२

बायें से दायें:-

१. अजय, सुनील शेट्टी, प्रियंका, दीया की 'जाना नहीं था' गीत वाली फिल्म-२,२
५. अनिल, अक्षय, मनोज, करीना की 'मेरा दिल जिस' गीत वाली फिल्म-३
७. 'चाँद को क्या मालूम' गीत वाली पृथ्वीराज, शेख मुख्तार की फिल्म-२,३
९. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'मुसाफिर जाने वाले' गीत वाली फिल्म-३
११. 'जाओ जाओ हमसे क्या' गीत वाली जैकी श्रॉफ अमृतासिंह की फिल्म-२,३
१४. राजेश खन्ना, बबीता की 'अकेले हैं चले आओ' गीत वाली फिल्म-२
१५. गुड्डू धनोआ निर्देशित इमरान खान, शाहबाज खान, तब्बू की फिल्म-२
१७. करण दीवान, वैजयंतीमाला की 'दुनिया का मजा लेलो' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'तुम मुझे भूल भी जाओ' गीत वाली सुनीलदत्त, वहीदा रहमान की फिल्म-२
२१. जीतेंद्र, रेखा की 'गाँव में होते हँसते रोते' गीत वाली फिल्म-४
२३. प्रकाश झा निर्देशित मनोहरसिंह, अश्वुकपूर, सरला, दीसि नवल की फिल्म-३
२४. शशिकपूर, शर्मिला टैगोर की 'जिक्र होता है जब कयामत का' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. 'दिल में जागी धड़कन ऐसे' गीत वाली लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
२७. प्रशांत, संध्या की 'पंख होते तो उड़ आती रे' गीत वाली फिल्म-३
३०. फिल्म 'जबर्दस्त' में सनी देओल के साथ नायिक कौन थी-४
३२. जैकी, अमरीश, डिम्पल की 'हम न समझे थे' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'सपने में मिलती है' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज वाजपेयी, उर्मिला मातोंडकर की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 7015

बा	ग	बा	न		खु		स	ल	मा
गो		द		आ	शी	वां	द		लि
	स	ल	मा	न			मा	शू	क
खौ	फ		या		बा	दा		ल	
	र	न		पा	प		भू		प
का		या	दे		स	पू	त		र
म	नो	ज		जीं		र्णि		छा	या
चो		मा	चि	स		मा	ला		ध
र	वी	ना			ब्लैं		ड़		न
	रू		न	म	क	ह	ला	ल	

Jagrutidaur.com, Bangalore

गैजेट !

Vivo S50 सीरीज जल्द हो सकती है लॉन्च

Vivo अपनी नई S50 सीरीज को जल्द लॉन्च कर सकता है। माना जा रहा है कि ब्रांड द्वारा इसका टीजर आने वाले दिनों में सामने आ सकता है। इसी बीच लॉन्च से पहले इस श्रृंखला का एक फोन चीन की 3C सर्टिफिकेशन साइट पर देखा गया है। जिससे इसके फास्ट चार्जिंग फीचर का खुलासा हुआ है। बता दें कि कंपनी लाइनअप में पूर्व मॉडल्स की तरह Vivo S50 और Vivo S50 Pro Mini जैसे दो मॉडल्स लेकर आ सकती है।

Vivo के नए स्मार्टफोन को मॉडल नंबर V2582A के साथ 3C सर्टिफिकेशन मिला है। इस लिस्टिंग से पता चलता है कि यह डिवाइस 90W फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ आ सकता है। हालांकि सर्टिफिकेशन में इसके अन्य खूबियों की जानकारी सामने नहीं आई है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, V2582A मॉडल नंबर वाला फोन Vivo S50 सीरीज का बेस वैरियंट हो सकता है। वहीं, एक अन्य मॉडल V2572A चीन के रेडियो सर्टिफिकेशन प्लेटफार्म पर दिखा था। इसे Vivo S50 Pro Mini माना जा रहा है। उम्मीद की जा रही है कि Vivo S50 सीरीज का मुकाबला Oppo Reno 15 सीरीज और Honor 500 सीरीज से हो सकता है। यह फोंस भी इसी महीने के अंत तक लॉन्च होने की संभावना है।



रिपोर्ट्स के अनुसार आगामी Vivo S50 में 6.59 इंच का फ्लैट OLED डिस्प्ले दिया जा सकता है। इस पर 1.5K रिजॉल्यूशन और हाई रिफ्रेश रेट मिल सकता है। फोन में परफॉरमेंस के लिए Snapdragon 7 Gen4 चिपसेट मिलने की संभावना है। कैमरा सेक्शन में कंपनी ट्रिपल कैमरा सेटअप प्रदान कर सकती है। जिसमें पेरिस्कोप टेलीफोटो कैमरा शामिल हो सकता है। इसके साथ फोन में मेटल मिड-फ्रेम डिजाइन देखने को मिल सकता है।

एक नजर

बाइक पर पीछे बैठने वाले को भी अब हेलमेट पहनना अनिवार्य

दुपहिया वाहन चालकों के पीछे भागती नजर आई पुलिस

भोपाल। मध्य प्रदेश में अब दो पहिया वाहन चालकों पर पीछे बैठने वाली सवारी के पीछे बैठने वाले के लिए भी हेलमेट पहनना अनिवार्य हो गया है। दुपहिया वन चालू को के हेलमेट न पहनने पर चालानी कार्रवाई की जा रही है। मध्य प्रदेश के 5 बड़े शहरों- भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और उज्जैन में 6नवंबर से दोपहिया वाहन पर पीछे बैठने वालों के लिए भी हेलमेट पहनना अनिवार्य हो गया है। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत यह नियम पहले से है, लेकिन अब इसमें सख्ती बरती जाएगी। 4 साल की उम्र से बड़े के हेलमेट न पहनने पर 300 रुपए का चालान बनता है। डीआईजी टीके विद्यार्थी ने कहा- फिलहाल 5 बड़े शहरों में इसे लागू किया गया है। अगले चरण में इसे पूरे प्रदेश में लागू करेंगे। भोपाल में पहले दिन गुरुवार को काफी गहमागहमी नजर आई।इस अभियान के पहले दिन गुरुवार को भोपाल में ट्रैफिक पुलिस 20 पॉइंट्स पर चालानी कार्रवाई की । इस दौरान अलग-अलग नजारे सामने आ रहे हैं। कोई कह रहा है कि पुलिसकर्मी सामने से गुजरा, तब चालान क्यों नहीं किया? किसी ने कहा- बच्ची एडमिट है। जल्दी में हेलमेट भूल गया। टीटी नगर में एक शख्स ट्रैफिक पुलिस के हाथ जोड़ते नजर आया। वहीं कुछ बाइक सवार चेकिंग देखकर पहले बाइक घुमाकर भाग निकले। लालघाटी चौराहे पर पुलिस कर्मियों और दोपहिया सवारोंके बीच जमकर बहस भी हुई।

सड़क हादसों के आंकड़े चौंकाने वाले- पुलिस के अनुसार, इस सख्ती के पीछे वजह लगातार बढ़ते सड़क हादसे हैं। वर्ष 2024 में प्रदेश में 56,669 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 13,661 लोगों की मौत हुई। इनमें से 53.8 प्रतिशत मौतें दोपहिया वाहनों से जुड़ीं, जबकि 82 प्रतिशत पीड़ितों ने हेलमेट नहीं पहना था। पुलिस का कहना है कि हेलमेट पहनने से मौत का खतरा 70 प्रतिशत तक घटता है। इसलिए अब नियम तोड़ने वालों को कोई छूट नहीं दी जाएगी।

अजा-अजजा वर्ग के विकास और कल्याण के लिए राज्य सरकार कर रही निरंतर कार्य : डॉ. यादव

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय संसदीय समिति के सदस्यों से चर्चा की

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के सामाजिक-आर्थिक और शैक्षणिक विकास तथा कल्याण के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। योजनाओं और कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए राज्य शासन विभिन्न सुझावों के प्रति संवेदनशील और नवाचारों के लिए तत्पर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री निवास पहुंची अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण के लिए गठित केंद्रीय संसदीय समिति के सदस्यों के साथ चर्चा में यह बात कही।

केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष कुलस्ते ने बताया कि अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से केंद्रीय समिति द्वारा मैदानी स्तर पर समीक्षा की जा रही है। साथ ही कर्मचारियों के सेवा में प्रतिनिधित्व और उनके लिए संचालित कल्याणकारी गतिविधियों की प्रगति का भी आंकलन किया जा रहा है। योजनाओं व कार्यक्रमों के संबंध में समिति ने स्थानीय समुदायों, प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से संवाद किया है। समिति द्वारा तैयार की जा रही यह रिपोर्ट संसद में प्रस्तुत की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय समिति प्रदेश के दो दिवसीय प्रवास पर थीं। समिति में राज्यसभा सांसद मिथलेश कुमार, श्रीमती ममता ठाकुर, श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक, देवेन्द्र प्रताप सिंह, श्रीमती फूलो देवी नेताम, रवांगारा नार्जरी, लोकसभा सांसद हरीश मीना, अरूण कुमार, श्रीमती प्रोतिमा मंडल, जगन्नाथ सरकार, गोविंद करजोल, डी. प्रसाद राव और विष्णु दयाल राम शामिल थे।

दंपती के हत्यारे को 3 साल बाद उम्र कैद

भोपाल। भोपाल में करीब 3 साल पहले एक महिला और उसके दूसरे पति की सरेआम चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में अपर सत्र न्यायधीश जयंत शर्मा की कोर्ट ने गुरुवार को मुख्य आरोपी सुनील मालवीय और देवेंद्र मालवीय को दोहरे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी सुनील मृतका का पहला पति था। वारदात से पूर्व वह महिला पर साथ चलने का दबाव बना रहा था। जब महिला ने इनकार कर दिया तब, आरोपी ने उसकी और उसके दूसरे पति की हत्या कर दी। मृत महिला का नाम अरुणा उर्फ रचना (22) था, वहीं उसके दूसरे पति का नाम राजेंद्र सिंह था। मृतक राजेंद्र के बड़े भाई रवि ने बताया- 'हम मंडीदीप के रहने वाले हैं। राजेंद्र प्राइवेट जॉब करता था। 2 महीने पहले उसने विदिशा में रहने वाली अरुणा से कोर्ट में शादी की थी।

नाम परिवर्तन इश्तिहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि समस्त रिकार्ड आदि मे मेरा नाम **राजकुमारी** था जो परिवर्तित होकर **राजकुमारी डेम्बला** हो गया है। अतः अब मुझे **राजकुमारी डेम्बला** के नाम से जाना व पहचाना जावे।

राजकुमारी डेम्बला

11 मॉडल टाउन, पुराना आरटीओ रोड, केसरबाग, इंदौर

कमला नगर क्षेत्र में एनजीओ की महिला एसोसिएट डायरेक्टर के घर से 25 लाख रुपए का सोना चोरी

भोपाल। राजधानी भोपाल में चोरी के मामले बढ़ते जा रहे हैं। लगातार सोने वालों को जो अपना निशाना बना रहे ताजा मामला भोपाल के कमला नगर थाना क्षेत्र का है। कमला नगर इलाके में रहने वाली एक एनजीओ की महिला एसोसिएट डायरेक्टर के घर से 25 लाख रुपए का सोना चोरी हो गया है। दो महीने पहले उनकी मां ने उन्हें सोने के दो बिस्किट हिस्से में दिए थे।

जिसकी शिकायत आवेदन के माध्यम से उन्होंने थाने में की थी। आवेदन की लंबी जांच के बाद कमला नगर पुलिस ने गुरुवार को एफआईआर दर्ज की है। संदेह के आधार पर फरियादिया के घर काम करने वाली तीन नौकरानियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

टीआई निरूपा पांडे ने बताया कि निर्वता रघुवंशी गोमती कॉलोनी में रहती हैं और एक एनजीओ में बतौर एसोसिएट डायरेक्टर काम करती हैं। पैतृक संपत्ति में हिस्से के तौर पर उनकी मां दो महीने पहले 25 लाख रुपए कीमत के दो सोने के बिस्किट दिए थे। जिसे उन्होंने अलमारी के लॉकर में रख दिया था। दीपावली से एक दिन पूर्व उन्होंने सोने के बिस्किट चेक किए, जिससे वे जेवरात बनवाना चाहती थीं। रखे गए स्थान पर बिस्किट नहीं मिलने पर उन्होंने थाने में शिकायत की। संदेही के तौर पर उन्होंने घर में काम करने वाली अपनी तीन नौकरानियों के नाम बताए थे। पुलिस ने संदेही के तौर पर तीनों का नाम एफआईआर में दर्ज किया है। पुलिस जल्द पूरे मामले का खुलासा करने की बात कह रही है।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड

कार्यालय मुख्य अभियंता (इंदौर क्षेत्र) इंदौर

माह अक्टूबर-2025 की अवधि में म.प्र.प.क्षे.वि.वि.कं.लि. इंदौर क्षेत्र द्वारा प्रतिदिन विद्युत प्रदाय के औसत घण्टे

मैं, कामेश श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता (इंदौर क्षेत्र) इंदौर, मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग के निर्देश दिनांक 21.03.2005 के पालन में निम्नलिखित जानकारी माह अक्टूबर-2025 के संबंध में सार्वजनिक सूचना के लिये प्रकाशित करता हूं :-

क्र.	विवरण	प्रतिदिन विद्युत प्रदाय के औसत घण्टे		
		सितंबर-2025	अक्टूबर-2025	अक्टूबर-2024
1	संभागीय मुख्यालय	23:56:11	23:54:37	23:55:54
2	जिला मुख्यालय	23:50:59	23:50:20	23:48:05
3	तहसील मुख्यालय	23:43:54	23:43:44	23:44:04
4	घरेलू उपभोक्ता	23:31:46	23:34:38	23:35:53
5	सिंचाई उपभोक्ता	09:40:28	09:41:56	09:43:02

//बिजली की बचत किजिए//

म.प्र. माध्यम/122860/2025 मुख्य अभियंता (इं.क्षे.)

कार्तिक पूर्णिमा पर प्रभु प्रेमी संघ ने मनाया पाटोत्सव महोत्सव

देर रात तक सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी





आष्टा, (निप्र)। पंडित सुधीर व्यास ने प्रभु प्रेमी संघ द्वारा स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संघ द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु भक्त शामिल हुए। सुप्रसिद्ध भजन गायक पं. सुधीर व्यास ने कार्यक्रम में भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस आयोजन के माध्यम से स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज के जीवन व शिक्षाओं पर प्रकाश डाला गया और सभी को उनके मार्गदर्शन के अनुसार जीवन जीने का संदेश दिया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने उनकी दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। आयोजन की भ०?यता व लोकप्रियता के कारण आष्टा नगर में धार्मिक उत्साह व उल्लास का वातावरण बना रहा।ये चमक ये दमक फुलवन मा महक भजन से सबके दिलों में अपनी खास पहचान बनाने वाले पंडित सुधीर व्यास ने अपनी आष्टा यात्रा के दौरान कार्तिक के पावन मास में स्थानीय गोकुल धाम में एक से बढ़कर एक भजनो की प्रस्तुति दी जिस पर उपस्थित जनसमुदाय भक्त भाव विभोर होकर नाचने लगे। डोर उन्ही के हाथ अपने तन मन की खींच रहे है राम गाडी जीवन की..... करुणा की वर्षा हम पर श्री राम कर रहे है हम राम के भरोसे आराम कर रहे है श्री राम जी हमारे सब काम कर रहे है। ..... मेरी जिंदगी में क्या था तेरी कृपा के पहले मै बुझा हुआ दिया था तेरी रौशनी के पहले चरण में रखना शरण में रखना सदा में ही अपनी लगन में रखना। ..... वो राम नाम मतवाला है माँ अंजनी का लाला है। .... धणी खम्मा म्हरा श्रीजी बाबा ने धणी रे खम्मा.... भस्म भुजंगा जटा में गंगा अजब मेरे महादेव की छटा ....मेरे लाडले गणेश प्यारे प्यारे भोले बाबा की आँखों के तारे प्रभु सभा बीच में आ जाना .... जैसे एक से बढ़कर एक सुन्दर भजनो की प्रस्तुति दी ! भजन गायक पंडित सुधीर व्यास ने कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित अपने गुरु श्री धाम सरकार बापचा को अर्पण करते हुए .... जितना दिया सरकार ने मुझको उतनी मेरी ओकात नहीं ये है कृपा मेरे बाबा की मुझसे ऐसी कोई बात नहीं सुन्दर भजन भी प्रस्तुत किये जिसे उपस्थित जनो ने खूब सराहा ! कार्यक्रम में पंडित व्यास ने मीरा] राधा से सम्बंधित कृष्णा भजनो को भी अपने अनूठे अंदाज में प्रस्तुत किया ! अपने सबसे लोकप्रिय भजन ये चमक ये दमक फुलवन में महक सबकुछ सरकार तुमहि से है को पंडित व्यास ने सबसे आखिर में सुनाया जिसे सेकड़ो की संख्या में उपस्थित श्रद्धलुजनो ने खड़े होकर व हाथ जोड़कर भक्ति भाव से सुना वही बड़ी संख्या में उपस्थित युवा वर्ग ने अपने मोबाइल की मेमोरी में उस पल को न केवल कैद दिया बल्कि उस एहसास को उन्होंने जिया भी ! आयोजन स्थल को सुंदर तरीके से फूलों और गुब्बारों से सजाया गया था। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और नई पीढ़ी को आध्यात्मिकता से जोड़ते हैं। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, भक्तों एवं अनेक गणमान्य अतिथियों की सहभागिता रही।

कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वामी अवधेशानंद गिरी जी महाराज की पादुका पूजन व द्वीप प्रज्वलन कर किया गया कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायक श्री राम श्रीवादी ने गुरु भक्ति पर अपनी प्रस्तुति दी श्री धाम सरकार बापचा पंडित सुधीर व्यास एवं विधायक गोपाल सिंह] जिला पंचायत सदस्य कमल चौहान का स्वागत प्रभू प्रेमी संघ के अध्यक्ष सुरेश पालीवाल महामंत्री प्रदीप प्रगति द्वारा किया गया उपस्थित जनो का स्वागत व सत्कार लाभार्थी परिवार राजकुमार साहू] जीतेन्द्र साहू राम साहू, श्याम साहू द्वारा किया गया कार्यक्रम का ;सफल संचालन गोविन्द शर्मा द्वारा किया गया उपस्थित जनो का आभार प्रभु प्रेमी संघ के संयोजक कैलाश परमार द्वारा व्यक्त किया गया कार्यक्रम के अंत में आरती सम्पादित कर प्रसादी का वितरण किया गया !

कार्यालय नगर पालिका परिषद, आष्टा, जिला-सीहोर, म.प्र.

क्रमांक/2039/राजस्व शा./न.पा./2025 आष्टा दिनांक - 04/11/2025

-:: ई-निविदा फूड जोन एवं छत ऑफर सूचना ::-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मध्यप्रदेश नगर पालिका (अचल सपंति का अंतरण) नियम, 2016 एवं संशोधन के अंतर्गत वार्ड क. 18 में काला तालाब की पाल पर निर्मित फूड जोन क्षेत्रफल लगभग 77.80 वर्ग मीटर एवं वार्ड क्र. 18 कार्यालय नगर पालिका परिषद के सामने पुराना इंदौर भोपाल रोड़ भूतल पर स्थित दुकान की छत (क्षेत्रफल लगभग 73.00 वर्ग मी.) की ऑफर 30 वर्ष हेतू लीज पर उच्चतम दर उत्कथित करने वाले को दिया जाने के आधार पर अपने ऑफर प्रस्तुत कर सकते है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

फूड जोन का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	ऑनलाईन टेण्डर क्रमांक	फूड जोन का वर्ग	फूड जोन का साईज	अमानत राशि	ऑफसेट प्राईज (लाख में)	वार्षिक न्युनतम किराया	निविदा प्रपत्र की कीमत (प्रति दुकान)
1	2025_UAD_460158_1	अनारक्षित	77.80 वर्ग मीटर	182500/-	7300000/-	146000/-	10000रु. + जीएसटी

वार्ड क्र. 18 की दुकानों की छत विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	ऑनलाईन टेण्डर क्रमांक	आर.सी.सी. छत का क्षेत्रफल वर्ग मी.	अमानत राशि	ऑफसेट प्राईज (लाख में)	छत का वार्षिक किराया	निविदा प्रपत्र की कीमत (प्रति दुकान)
1	2025_UAD_460159_1	73.00 वर्ग मी.	1,10,000/-	14,18,000/-	रु-29000/-	2000/-

शर्तें -

1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
2. इच्छुक क्रयकर्ता दिनांक 06.11.2025 को समय प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 21.11.2025 को सायं 17.30 बजे तक अपनी अपनी निर्धारित अमानत राशि ऑनलाईन जमा कर निविदा में भाग ले सकते है।
3. फूड जोन की विस्तृत शर्तें/नियम कार्यालयीन समय में अवकाश के दिनों को छोड़कर राजस्व शाखा में भी देखी जा सकती है।
4. निविदा प्रारूप राशि निर्धारित निविदा शुल्क जमा कर क्रय किये जा सकते है।
5. प्रत्येक फूड जोन की निविदा प्रपत्र की राशि एवं अमानत राशि जमा करना आवश्यक है।
6. निविदाकार द्वारा प्रस्तुत निविदा दर पर नियमानुसार जी.एस.टी. (वर्तमान में 18 प्रतिशत) पृथक से देय होगा।

विनोद कुमार प्रजापति	श्रीमती तारा कटारिया	सिद्दीका बी भूरू भाई	हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा
मुख्य न.पा. अधिकारी	सभापति	उपाध्यक्ष	अध्यक्ष
न.पा.प. आष्टा	राजस्व शाखा, न.पा. आष्टा	न.पा.प. आष्टा	न.पा.प. आष्टा

मौसम रहेगा साफ , लेकिन रातें होंगी और सर्द

भोपाल। मध्यप्रदेश में अब बारिश और आंधी का दौर खत्म होने जा रहा है। मौसम साफ रहेगा, लेकिन रातें और सर्द होंगी। ग्वालियर-चंबल समेत उत्तर के जिलों में ठंड तेजी से बढ़ेगी, जबकि पहाड़ों पर शुरू हुई बर्फबारी का असर अगले दो दिनों में एमपी में भी दिखेगा।

मध्यप्रदेश में पिछले कई दिनों से जारी बारिश, आंधी और गरज-चमक का सिलसिला अब खत्म होने वाला है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले पांच दिनों तक आसमान साफ रहेगा और बारिश की कोई संभावना नहीं है। हालांकि, रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी, जिससे ठंड बढ़ने लगेगी। मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा के अनुसार आने वाले दिनों में रात का पारा 2 से 3 डिग्री तक लुढ़क सकता है। ठंड का सबसे ज्यादा असर ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में देखने को मिलेगा। जहां उत्तरी हवाओं का प्रभाव पहले महसूस होगा।

॥ कार्यालय कलेक्टर (कॉलोनी सेल) जिला इन्दौर ॥

क्रं.4450/अ0क0सी0क0से0/2025 **विज्ञप्ति** इन्दौर दिनांक 6/11/2025

मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 (क्रं. 1 सन् 1994) और उसके अधीन बनाए गए मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (कॉलोनियों का विकास) नियम 2014 के नियम 9 के अधीन प्रदाय ग्राम-सोलसिंदा, तहसील- सांवेर जिला- इंदौर में स्थिति **सर्वे क्रमांक 72/2/1/1 कुल रकबा 2.000 हे.** पर आवासीय भूखण्डीय विकास प्रयोजन की कॉलोनी " शिवा ग्रीन टाउन फेज 1 * की विकास अनुज्ञा निरस्त करने के आवेदन के संबंध में दावे-आपत्ति आमंत्रित करने बाबद् । जन सामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स वारसी रियल्टी तर्फे पार्टनर अफरोज खान पिता ज़र अख्तर खान व अन्य पताः- 1316, 13, वी 25 स्कीम नं. 78 पार्ट 2 सेक्टर बी, जिला इन्दौर (म. मंजिल स्काई अर्थ कॉपेरिट पार्क प्लॉट नं. प्र.) द्वारा नीचे दी गई कॉलोनी की कॉलोनी विकास अनुज्ञा निरस्ती हेतु कार्यालय में दिनांक 30.10.2025 को आवेदन प्रस्तुत किया गया।

1. कॉलोनी का नाम :- * शिवा ग्रीन टाउन फेज 1

2. अवस्थिति (अवस्थिति/ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक) ग्राम-सोलसिंदा, तहसील - सांवेर जिला- इंदौर में स्थिति सर्वे क्रमांक 72/2/1/1 कुल रकबा 2.000 हे.।

3. विकास का प्रयोजन:- आवासीय भूखण्डीय विकास प्रयोजन।

4. टीएण्डसीपी क्रमांक- संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश, जिला कार्यालय इन्दौर (म.प्र.) द्वारा स्वीकृत अभिन्यास पत्र क्रमांक आई.एन.डी.ओ.पी.04112302145 दिनांक 01.03.2024

उक्त आवेदित भूमि सर्वे नंबर 72/2/1/1 कुल रकबा 2.000 हे. भूमि पर आवेदक मेसर्स वारसी रियल्टी तर्फे पार्टनर अफरोज खान पिता श्री अख्तर खान व अन्य पताः- 1316, 13, वी मंजिल स्काई अर्थ कॉपेरिट पार्क प्लॉट नं. 25 स्कीम नं. 78 पार्ट 2 सेक्टर बी, जिला इन्दौर (म. प्र.) को कार्यालय कलेक्टर जिला इन्दौर द्वारा कॉलोनी विकास **अनुमति क्र. 400/2025, प्र.क्र. 0301/बी-121/2025-26 इन्दौर,** दिनांक 06.08.2025 को प्रदाय की गयी थी। आवेदक द्वारा उकत विकास अनुमति को निरस्त किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त के संबंध में यदि किसी हितबद्ध व्यक्ति/सदस्य को ग्राम-अमलीखेड़ा, तहसील- सांवेर जिला- इंदौर में स्थिति **सर्वे क्रमांक 72/2/1/1 कुल रकबा 2.000 हे.** पर शिवा ग्रीन टाउन फेज 1 " कॉलोनी की विकास अनुमति निरस्त किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा किसी हितबद्ध व्यक्ति द्वारा आवेदित भूमि पर किसी भूखण्ड का क्रय/विक्रय/विक्रय अनुबंध किया हो तो अपनी आपत्ति कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 111 में कार्यालयीन समय में (अवकाश के दिनों को छोड़कर) सूचना प्रकाशन के **15 दिवस** के भीतर प्रस्तुत करें। निर्धारित दिनांक या समय के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी, कॉलोनी सेल, जिला-इन्दौर

eki

STEERING THE PLANET TO NET ZERO

EKI ENERGY SERVICES LIMITED

CIN: L74200MP2011PLC025904 • BSE Scrip Code - EKI | 543284

Registered Address: EnKing Embassy, Plot 48, Scheme 78 Part-2, Vijay Nagar, Indore-452 010, M.P., India

Corporate Address: EKI Embassy, A35, Scheme 78, Part-1, Phase 2, Indore-452 010, M.P., India

Phone : (+91) 731 42 89 086, E-mail: business@enkingint.org, Website: www.enkingint.org

Extract of Un-audited Financial Results for the Quarter and Half Year Ended on September 30, 2025

(₹ In Lakhs unless specified)

S. No.	Particulars	Standalone			Consolidated		
		(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)
		Half Year Ended	Quarter Ended	Quarter Ended	Half Year Ended	Quarter Ended	Quarter Ended
		30.09.2025	30.09.2025	30.09.2024	30.09.2025	30.09.2025	30.09.2024
1	Total Income from Operations	4,908.47	3,435.42	4,595.42	4,999.68	3,505.69	14,312.17
2	Net Profit / (Loss) for the period (before tax, Exceptional and / or Extraordinary items)	127.34	228.06	412.16	(209.60)	23.51	427.30
3	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and / or Extraordinary items)	127.34	228.06	412.16	(209.60)	23.51	427.30
4	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and / or Extraordinary items)	2.19	(1.75)	408.92	(416.06)	(287.61)	422.34
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	2.19	(1.75)	408.92	(416.06)	(287.61)	422.34
6	Equity Share Capital (Face value of ₹ 10/- per share)	2,764.37	2,764.37	2,753.17	2,764.37	2,764.37	2,753.17
7	Other Equity (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year			39,962.01			36,114.13
8	Earning Per Share (EPS) (for continuing operation) (Equity Shares of ₹ 10/- each)						
	Basic EPS (₹)	0.01	(0.01)	1.49	(1.79)	(1.33)	1.53
	Diluted EPS (₹)	0.01	(0.01)	1.48	(1.79)	(1.33)	1.53

Notes:

1) The above is an extract of the detailed format of Standalone and Consolidated Unaudited Financial Results for the Quarter and Half year ended September 30, 2025 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements), Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Results are available on the website of the BSE Limited i.e., **www.bseindia.com** and on the Company i.e., **www.enkingint.org**.

2) The above results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors in their respective meeting held on November 06, 2025 at Indore, Madhya Pradesh.

3) The previous year figures have been re-classified / re-grouped wherever considered necessary, to conform to current year classification.

Place : **Indore**
Date : **November 06, 2025**

For: **EKI ENERGY SERVICES LIMITED**
Sd/-
Manish Kumar Dabkara
Chairman & Managing Director

एक नजर

जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं हो रहे ट्रंप

वाशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह इस महीने के अंत में दक्षि । अफ्रीका में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होने वाले है। ट्रंप ने मियामी में अमेरिका बिजनेस फोरम में कहा, मैं नहीं जा रहा हूं। दक्षि । अफ्रीका में जी-20 की बैठक है। दक्षि । अफ्रीका को जी-20 में ही नहीं होना चाहिए क्योंकि वहां जो हुआ है वह बहुत बुरा है। मैंने उन्हें बता दिया है कि मैं नहीं आ रहा हूं। मैं वहां अपने देश का प्रतिनिधित्व नहीं करने वाला...दक्षि । अफ्रीका ने एक दिसंबर 2024 को एक साल के लिए जी-20 की अध्यक्षता ग्रह । की थी और वह 22 और 23 नवंबर को जोहानिसबर्ग में समूह के नेताओं की शिखर बैठक की मेजबानी करेगा। यह पहली बार है जब जी-20 शिखर सम्मेलन अफ्रीकी धरती पर आयोजित होगा।

हॉलीवुड एक्ट्रेस एंजेलिना जोली यूक्रेन पहुंचीं

हॉलीवुड एक्ट्रेस और मानवाधिकार कार्यकर्ता एंजेलिना जोली अचानक यूक्रेन के दक्षि ी शहर खेरसॉन पहुंचीं। यह वही इलाका है, जहां इन दिनों रूस की ओर से लगातार ड्रोन हमले हो रहे हैं। जोली ने यहां बच्चों के अस्पताल और मैटरनिटी वार्ड में मरीजों से मुलाकात की। बुधवार को सोशल मीडिया पर सामने आईं तस्वीरों में एंजेलिना जोली यूक्रेनी बुलेटप्रूफ जैकेट और हेलमेट पहने दिखीं। वे अस्पतालों में मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों से बातचीत करती नजर आईं। एक तस्वीर में वे एक यूक्रेनी सैनिक के साथ भी दिखीं, जिसकी पहचान सुरक्षा कार णों से छिपाई गई थी। यूक्रेनी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जोली के साथ स्थानीय बॉडीगार्ड भी मौजूद थे। दावा है कि उनके एक बॉडीगार्ड को यूक्रेनी सेना ने जबरन भर्ती कर लिया था, जिसके बाद जोली खुद कंसक्रिप्शन (भर्ती) ऑफिस पहुंचीं और उन्हें छुड़वाया।

ब्यूटी कॉन्टेस्ट में मिस मेक्सिको को बेवकूफ कहा

बैंकॉक, (एजेंसी)। थाईलैंड में चल रहे ब्यूटी कॉन्टेस्ट मिस यूनिवर्स इवेंट के दौरान मंगलवार को विवाद बढ़ गया। मिस यूनिवर्स थाईलैंड के डायरेक्टर नवात इत्सारागिसिल ने मंच पर मिस मेक्सिको फातिमा बोश को सबके सामने डांटते हुए बेवकूफ कह दिया। इसके विरोध में कई देशों की कंटेस्टेंट्स ने हॉल से बाहर निकलकर विरोध जताया। नवात ने फातिमा से कहा कि उन्होंने प्रतियोगिता से जुड़े प्रमोशनल कंटेंट शेयर नहीं किए। जब फातिमा ने इस पर आपत्ति जताई, तो नवात ने सुरक्षा कर्मियों को बुलाने की धमकी दी और कहा कि जो भी उनके समर्थन में आएगा, उसे प्रतियोगिता से बाहर किया जा सकता है। इसके बाद फातिमा मंच छोड़कर बाहर चली गईं।

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के जजों ने ट्रंप के टैरिफ की वैधता पर उठाए सवाल

टैरिफ को लेकर फंस गए अमेरिकी राष्ट्रपति, क्या दुनिया को मिलेगी राहत?

वॉशिंगटन,(एजेंसी)। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के जजों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ की वैधता पर सवाल उठाते हुए संदेह जताया है जिसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी पड़ सकता है। यह मामला ट्रंप की पावर का एक बड़ा टेस्ट माना जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के कंजरवेटिव और लिबरल दोनों ही जजों ने ट्रंप प्रशासन के वकील से यह सवाल किया कि क्या 1977 का आपातकालीन कानून, जो राष्ट्रीय आपात स्थिति के समय के लिए बनाया था, ट्रंप को यह अधिकार देता है कि वे इतने बड़े स्तर पर टैरिफ लगा सकें, या उन्होंने कांग्रेस के अधिकार क्षेत्र में दखल दिया है।

हालांकि, कुछ कंजरवेटिव जजों ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति को विदेशों से जुड़े मामलों में स्वाभाविक रूप से ज्यादा अधिकार मिले हैं। इससे संकेत मिलता है कि कोर्ट का फैसला इस मामले में तीखे मतभेदों के साथ बंट सकता है। सुप्रीम कोर्ट में इस समय 6-3 का कंजरवेटिव बहुमत है।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक करीब ढाई घंटे चली सुनवाई में जजों ने ट्रंप प्रशासन की उन अपीलों पर विचार किया, जिनमें निचली अदालतों के फैसलों को चुनौती दी गई थी। निचली अदालतों ने कहा था कि ट्रंप की ओर से इस कानून का इस्तेमाल करके टैरिफ लगाना उनके अधिकार से परे है। इन टैरिफ से प्रभावित कंपनियों और 12 अमेरिकी राज्यों ने इस फैसले को चुनौती दी थी।

मुख्य न्यायाधीश ने अमेरिकी सॉलिसिटर जनरल से कहा कि टैरिफ तो अमेरिकियों पर टैक्स लगाने जैसा है और टैक्स लगाने का अधिकार हमेशा से कांग्रेस का मुख्य अधिकार रहा है। ट्रंप ने सुप्रीम कोर्ट पर दबाव डाला है कि वह उनके टैरिफ को कायम रखे, जिन्हें वह आर्थिक और विदेशी नीति का अहम हथियार मानते हैं। अगर कोर्ट ने ट्रंप के खिलाफ फैसला दिया तो यह उनके लिए बड़ा झटका होगा, क्योंकि अब तक कोर्ट ने कई मामलों में उनके सख्त कदमों को मंजूरी दी है, जैसे आव्रजन पर रोक, अधिकारियों की बर्खास्तगी, और ट्रांसजेंडर सैनिकों पर प्रतिबंध।

सरकार के खिलाफ जेन-जेड का प्रदर्शन

'कातिलों जवाब दो खून का हिसाब दो'

इस्लामाबाद, (एजेंसी)। नेपाल, बांग्लादेश के बाद अब पाकिस्तान में जेन-जेड सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में यह प्रदर्शन शिक्षा में सुधारों, परीक्षा में ई-मार्किंग सिस्टम की खामियां और बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण किया जा रहा है।



यह आंदोलन 4 नवंबर को मुजफ्फराबाद के यूनिवर्सिटी ऑफ आजाद जम्मू एंड कश्मीर से शुरू हुआ, जहां छात्र सेमेस्टर फीस में लाखों रुपए के बढ़ोतरी का विरोध कर रहे थे। हालांकि इसमें एक छात्र गोली लगने से घायल हुआ, जिसके बाद यह प्रदर्शन हिंसक हो गए।

यह प्रदर्शन मुजफ्फराबाद से निकलकर मीरपुर, कोटली, रावलाकोट और नीलम वैली तक फैल चुके हैं। लाहौर में भी इंटरमीडिएट छात्रों ने धरना दिया। छात्रों ने आजादी और 'कातिलों जवाब दो, खून का हिसाब दो' जैसे नारे लगाते हुए पाकिस्तानी सेना पर अत्याचार के आरोप लगाए।

मुजफ्फराबाद के यूनिवर्सिटी ऑफ कश्मीर में सेमेस्टर फीस में 3-4 महीने में लाखों रुपए बढ़ने के कारण छात्र गुस्साए हुए थे। इस प्रदर्शन में इंटरमीडिएट (11वीं-12वीं) के छात्र भी शामिल हो गए, जो मैट्रिक और इंटरमीडिएट स्तर पर लागू ई-मार्किंग (डिजिटल मूल्यांकन) सिस्टम से नाराज हैं।

इससे पहले 30 अक्टूबर को ग्यारहवी के रिजल्ट 6 महीने की देरी से जारी किए गए थे, जिसके कारण स्टूडेंट्स ने विरोध किया था। छात्रों ने आरोप लगाया कि ई-मार्किंग के कारण उन्हें बहुत कम नंबर मिले।

वहीं, कुछ मामलों में तो ऐसी परीक्षाओं में भी पास दिखाया गया जिनकी परीक्षा उन्होंने दी ही नहीं थी। एजुकेशन बोर्ड ने ई-मार्किंग प्रक्रिया की जांच के लिए एक कमेटी गठित की, लेकिन सरकार की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया।

महंगाई को लेकर 5 दिनों तक चला था प्रदर्शन

पीओके में अक्टूबर में बिजली बिलों में वृद्धि, आटे की सब्सिडी और विकास कार्यों की मांग को लेकर प्रदर्शन हुआ था। यह आंदोलन पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 5 दिनों तक चला। यह प्रदर्शन जम्मू-कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी के नेतृत्व में हुआ था। प्रदर्शनकारी सरकार पर मौलिक अधिकारों की अनदेखी और महंगाई कंट्रोल न कर पाने का आरोप लगा रहे थे।

राष्ट्रपति ट्रंप ने किया दावा

अमेरिका, रूस और चीन का होगा परमाणु निरस्त्रीकरण

वॉशिंगटन(एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में कई देशों के न्यूक्लियर परीक्षण करने का दावा किया। साथ ही ट्रंप ने ये भी कहा था कि जब सब टेस्ट कर रहे हैं, तो अमेरिका इस मामले में पीछे क्यों रहे? वो भी जल्द ही परीक्षण शुरू करने जा रहा है। अब डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका, रूस और चीन के परमाणु निरस्त्रीकरण के लिए प्लान बनाया है। ये पहली बार नहीं है जब ट्रंप ने इस तरह का कोई प्लान बनाया है, इससे पहले भी वह परमाणु निरस्त्रीकरण पर बात कर चुके हैं। राष्ट्रपति ने परमाणु निरस्त्रीकरण पर काम करने की योजना का ऐलान किया है।



परमाणु निरस्त्रीकरण में आमतौर पर हथियारों की संख्या को कम कर दिया जाता है या फिर वह पूरी तरह से खत्म किया जाता है। इसका एक ही उद्देश्य होता है कि परमाणु-मुक्त दुनिया बनाई जा सके। ऐसा नहीं है कि डोनाल्ड ट्रंप ने इस पर पहली बार बात की है, बल्कि वह इस मामले पर पहले भी बात कर चुके हैं। ट्रंप ने साल की शुरूआत में कहा था कि ह्यपरमाणु ऊर्जा पर बहुत खर्चा हो रहा है। ये ऐसी चीज है जिस पर हम बात भी नहीं करते हैं। इसलिए अब हमें ये देखना होगा कि क्या परमाणु निरस्त्रीकरण हो सकता है और मुझे लगता है कि यह हो सकता है। डोनाल्ड ट्रंप को अभी दो ही दिन बीते होंगे जब उन्होंने अमेरिका के न्यूक्लियर टेस्ट करने की बात कही थी। उनका कहना था कि पाकिस्तान, रूस और चीन जैसे कई देश परमाणु परीक्षण कर रहे है।

प्रतिबंध : सिंगापुर में च्युइंगम चबाने बेचने पर हो सकती है जेल

सिंगापुर (एजेंसी)। सिंगापुर दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जहां च्युइंगम चबाना और बेचना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। सिंगापुर सरकार ने 1992 में देश में च्युइंगम पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था। इस नियम का उल्लंघन करने पर एक साल तक की जेल और भारी जुमार्ना हो सकता है। यह फैसला देश की स्वच्छता बनाए रखने और सार्वजनिक व्यवस्था को सुधारने के उद्देश्य से लिया गया था। च्युइंगम में सिंथेटिक रबर, फ्लेवर और प्लास्टिसाइजर होते हैं जो इसे चिपचिपा बनाते हैं। फेंकने के गलत तरीके से यह सड़कों, फुटपाथों और



सार्वजनिक परिवहन पर चिपककर गंदगी फैलाती थी। सरकार ने यह कदम इसलिए उठाया ताकि सफाई कर्मचारियों की परेशानी कम हो और शहर साफ-सुथरा बना रहे।

सिंगापुर आज इसी नीति की वजह से दुनिया के सबसे स्वच्छ और अनुशासित देशों में गिना जाता है। यह प्रतिबंध 2004 में अमेरिका और सिंगापुर के बीच हुए फ्री ट्रेड समझौते के बाद थोड़ा नरम हुआ लेकिन केवल चिकित्सीय उपयोग (मेडिकल यूज) के लिएः अनुमति प्राप्त च्युइंगमः निकोटीन गम (धूम्रपान छोड़ने में मदद करने वाली) और व्हाइटनिंग गम (दांतों की सफाई के लिए) जैसी विशेष च्युइंगम को मेडिकल स्टोर पर सिर्फ डॉक्टर की सलाह से खरीदने की अनुमति दी गई।

आम च्युइंगम बैनः इन विशेष गम्स को छोड़कर बाकी सभी तरह की च्युइंगम पर आज भी पूरी तरह से प्रतिबंध है।

पाकिस्तान दूतावास खोलेगा?

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान उत्तर कोरिया में अपना दूतावास खोलने जा रहा है। खबर है कि इस संबंध में पाकिस्तान को प्योंगयांग से एक संदेश भी मिला है। खास बात है कि यह घटनाक्रम ऐसे समय पर हो रहा है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि पाकिस्तान और चीन समेत कई देश परमाणु हथियारों की टेस्टिंग कर रहे हैं। भारत कई बार पाकिस्तान और उत्तर कोरिया के बीच संदिग्ध परमाणु संबंधों की बात उठाता रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने पुष्टि की है कि इस्लामाबाद को उत्तर कोरिया से एक संदेश मिला है,।

अब बदले ट्रंप के सुर, बोले- न्यूयॉर्क की करेंगे भरपूर मदद

वाशिंगटन,(एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले तो न्यूयॉर्क मेयर चुनाव को लेकर जनता को धमकी दी थी कहा कि ये ममदानी चुनाव जीते तो न्यूयॉर्क का फंड बंद कर देंगे। इसके बाद परिणाम आए तो पता चला कि ममदानी ही जीते हैं। इसके बाद नए मेयर जोहरान ममदानी पर तीखा हमला बोला, लेकिन कुछ ही घंटों बाद उनके सुर बदल गए। मियामी में एक कारोबारी कार्यक्रम के दौरान ट्रंप ने ममदानी को कम्युनिस्ट बताते हुए कहा कि न्यूयॉर्क ने अपनी आजादी खो दी है और शहर अब समाजवाद के रास्ते पर चल पड़ा है। लेकिन इसी कार्यक्रम के बाद उन्होंने कहा कि वह न्यूयॉर्क की मदद भी करेंगे ताकि शहर सफल हो सके।

ट्रंप का यह भाषण मियामी के कसेया सेंटर में आयोजित अमेरिका बिजनेस फोरम में हुआ, जहां उन्होंने अपनी जीत की पहली वर्षगांठ भी मनाई। ट्रंप ने कहा कि उनकी सरकार अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाई, महंगाई घटाई और दुनिया में अमेरिका की साख बढ़ाई। उन्होंने रिपब्लिकन पार्टी को हाल के स्थानीय चुनावों में मिली हार पर कहा कि ह्यहमारे पास अब भी सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था है, लेकिन लोग यह नहीं देख पा रहे। हमें अपनी उपलब्धियों को और जोर से बताना होगा। ट्रंप ने कहा- हम देखेंगे कि न्यूयॉर्क में एक कम्युनिस्ट कैसा काम करता है। हम थोड़ी मदद करेंगे, ताकि शहर फिर से आगे बढ़े। यह बयान ऐसे समय आया जब उन्होंने पहले ममदानी की जीत को कम्युनिज्म की जीत बताया था और कहा था कि अमेरिका के सामने अब दो रास्ते हैं- कम्युनिज्म या कॉमन सेंस। मियामी के ही कार्यक्रम में उन्होंने अपना सिग्नेचर डांस किया।

बेटिंग ऐप के मुख्य आरोपी रवि को लेकर भारत-यूएई के संबंधों में दरार

दुबई,(एजेंसी)। महादेव बेटिंग ऐप से जुड़े 6000 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुख्य आरोपी रवि उप्पल दुबई से गायब हो गया है। इस घटनाक्रम से भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच मजबूत संबंधों पर पहली बार दरार पड़ने के संकेत मिले हैं। ईडी की लंबित प्रत्यर्पण याचिका के बावजूद उप्पल की रिहाई और उसके गायब होने से भारतीय जांच एजेंसियां हैरान हैं। यूएई ने उसके ठिकाने को लेकर भी भारत को कोई जानकारी नहीं दी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बताया जा रहा है कि यूएई ने न तो भारत को उसकी रिहाई के बारे में पहले से जानकारी दी और न ही यह बताया कि वह अब किस देश में है। रवि उप्पल को भारतीय एजेंसियों के लिए एक बड़ी सफलता माना जा रहा था।

जिसे भारत ने किया तबाह, उस चीनी एयर डिफेंस सिस्टम को अजरबैजान ने खरीदा

बाकू,(एजेंसी)। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान के जो मिसाइल दागी थीं, उसे चीनी एचक्यू-9बी एयर डिफेंस सिस्टम रोकने में नाकाम रहा था। चाहे वो स्कैल्प मिसाइलें हों या ब्रह्मोस मिसाइल। चीन का एयर डिफेंस सिस्टम उन्हें रोक नहीं सका, बल्कि भारत ने ड्रोन हमलों में उसे तबाह भी कर दिया। फिर भी पाकिस्तान के दोस्त अजरबैजान वायु सेना ने चीनी एचक्यु-9बी लंबी दूरी की एयर डिफेंस सिस्टम खरीदने की पुष्टि की है। अजरबैजान की राजधानी बाकू में एक सैन्य परेड रिहर्सल में इस सिस्टम के एक लॉन्चर का प्रदर्शन किया गया।



पश्चिमी देशों के साथ अच्छे संबंध होने के बाद भी अजरबैजान ने चीनी एयर डिफेंस सिस्टम पर भरोसा जताया। हाल ही में अजरबैजान ने पाकिस्तान से भी जेएफ-17 ब्लॉक-3 फाइटर जेट खरीदे हैं, जिसकी डिलीवरी शुरू होने की रिपोर्ट पिछले महीने आई थी। एचक्यू-9बी सिस्टम, चीन के पुराने रूसी एस-300पीएमयू-2 सिस्टम का आधुनिक उत्तराधिकारी बनकर उभरा है।

चीन का दावा है कि एचक्यू-9बी, आज दुनिया के सबसे एडवांस लंबी दूरी के एयर डिफेंस सिस्मम में से एक है। यह प्रणाली 250 किलोमीटर तक के दायरे में हवाई लक्ष्यों को भेदने की क्षमता रखती है और 360 डिग्री रडार कवरेज करती है। कुछ विशेषज्ञ इसे रूस के एस-400 और अमेरिका के एमआईएम-104 पैट्रियट सिस्टम के समान, बल्कि कुछ मामलों में ज्यादा प्रभावी मानते हैं।

डर

7 महीने में 100 हमले, 12 की मौत; लोगों को घरों में घंटियां रखने की सलाह

जापान के भालुओं का रहवासी इलाकों में प्रकोप

टोक्यो, (एजेंसी)। जापान ने बुधवार को कई इलाकों में भालुओं को पकड़ने के लिए सेल्फ-डिफेंस फोर्सेज को तैनात किया है। भालू विभाग के अधिकारियों के मुताबिक यहां के पहाड़ी इलाकों में भालुओं का आतंक बढ़ता जा रहा है।

अप्रैल से अब तक पूरे देश में 100 से अधिक भालू हमले हो चुके हैं, जिनमें 12 लोगों की मौत हुई है। सबसे ज्यादा मौतें अकिता प्रांत और पड़ोसी शहर इवाते में हुईं। अकिता में भालू दिखने की घटनाएं इस साल छह गुना बढ़कर 8,000 से अधिक हो गईं।

स्थिति बेकाबू होने पर प्रांत के गवर्नर ने सेना की मदद मांगी। बुधवार को एसडीएफ के सैनिक काजुनो शहर पहुंचे, जहां वे भालू पकड़ने के लिए स्टील जाल लगाने में स्थानीय अधिकारियों की मदद कर रहे हैं।

वहीं, भालुओं को मारने का काम ट्रेंड शिकारियों को सौंपा गया है। इनसे बचने के लिए अधिकारियों ने लोगों को घरो के बाहर घंटी रखने की सलाह दी है, ताकि तेज आवाज सुनकर भालू घर के पास न आए।

काजुनो शहर में रह रहे 30 हजार निवासियों को जंगल से दूर रहने,



रात में घर से बाहर न निकलने, घंटी रखने और तेज साउंड की मदद से भालुओं को भगाने की सलाह दी जा रही है।

शहर के लोगों ने मीडिया को बताया कि, 'पहले भालू शहरों की तरफ नहीं आते थे, लेकिन अब वे इंसानों की तरफ आते हैं। ये बेहद डरावने हो गए हैं।

मेयर शिंजी सासामोतो ने बताया कि डर के कारण लोग बाहर जाना बंद कर चुके हैं और कई इवेंट भी टाले जा चुके हैं। सेना नवंबर के अंत तक काजुनो के अलावा ओडेट और किताअकिता शहरों में भी मदद करेगी। भालुओं के हमले सुपरमार्केट, आसपास के रिजार्ट, बस स्टॉप और स्कूल परिसर तक पहुंच गए हैं। यहां कुछ स्कूलों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। लोगों को घंटी रखने और तेज साउंड की मदद से भालुओं को भगाने की हिदायत दी गई है।

पर्यावरण मंत्रालय के अनुसार, जलवायु परिवर्तन की वजह से जंगलों का क्षेत्र घट रहा है। बचे हुए जंगलों में भी भालुओं को पर्याप्त भोजन नहीं मिल पाता, इसलिए वे खाने की तलाश में आबादी वाले इलाकों की ओर आने लगे हैं।

समुद्र में दो प्रकार की डाइव करते हैं सांप : शोध



लंदन (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी ऑफ एडिलेड की एक नई रिसर्च ने साबित किया है कि ये सांप सतह की ओर लौटते समय अपनी देह को लहरों की तरह मोड़ते हुए यानी ह्यविगलह्व करते हैं। यह अनोखा व्यवहार न केवल देखने में दिलचस्प है बल्कि समुद्री पारिस्थितिकी और सांपों की अनुकूलन क्षमता को समझने में भी अहम साबित हो सकता है। शोध टीम ने दो प्रमुख प्रजातियों हायड्रोफिस स्टोक्सी (स्टोक्स सी स्नेक) और हायड्रोफिस मेजर (ग्रेटर सी स्नेक) पर अध्ययन किया। वैज्ञानिकों ने पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के एक्समाउथ गल्फ और न्यू कैलेडोनिया के तटीय इलाकों में पांच सांपों पर अल्ट्रासोनिक ट्रांसमीटर लगाए, जो हर दो सेकंड में सांपों की गहराई का डेटा भेजते थे।

इस डेटा के आधार पर उनकी 3 डी डाइविंग पाथ बनाई गई, जिससे यह खुलासा हुआ कि ये सांप अपना 97 प्रतिशत समय पानी के भीतर बिताते हैं और दो प्रकार की डाइव करते हैं यू-शेप और एस-शेप।

the SPOTLIGHT



नितांशी गोयल का सपनों का सफर जारी

नितांशी गोयल के लिए यह साल वाकई बेहद खास साबित हो रहा है। अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर लगातार प्रतिष्ठित अवॉर्ड्स अपने नाम करने वाली नितांशी को अब दादासाहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स 2025 में क्रिटिक्स बेस्ट एक्ट्रेस का सम्मान मिला है। हाल ही में उन्होंने IIFA में बेस्ट एक्ट्रेस और फिल्मफेयर में बेस्ट फीमेल डेब्यू का पुरस्कार जीता था, और अब दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड की उपलब्धि ने उनके सम्मानित सफर में एक और सुनहरा अध्याय जोड़ दिया है। Laapataa Ladies में उनके मासूम और भावनात्मक किरदार फूल ने दर्शकों और समीक्षकों के दिलों में एक गहरी छाप छोड़ी। नितांशी की स्वाभाविक स्क्रीन प्रेजेंस और भावनात्मक गहराई उन्हें युवा अभिनेत्रियों की भीड़ में अलग पहचान देती है। यह उपलब्धि उन्हें भारतीय मनोरंजन जगत की सबसे उभरती और आशाजनक प्रतिभाओं में अग्रणी बनाती है। खास बात यह है कि नितांशी अपने टीनएज में रहते हुए ही चार बड़े पुरस्कार अपने नाम कर चुकी हैं । – जिन्हें हासिल करने में कई कलाकारों को सालों लग जाते हैं।

100 रुपए में पानी की बोतल और 700 रुपए में कॉफी बेच रहे हो

सुप्रीम कोर्ट ने मल्टीप्लेक्स में महंगाई पर जताई नाराजगी



सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में कहा है कि अगर मल्टीप्लेक्स अपने टिकट के दाम नहीं घटाते, तो सिनेमा हॉल खाली रह जाएंगे। कोर्ट ने कहा कि अब सिनेमा की लोकप्रियता घट रही है और टिकट के दाम आम लोगों की पहुंच से बाहर हो रहे हैं। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा कर्नाटक हाईकोर्ट के एक आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान की। जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच ने कर्नाटक हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें मल्टीप्लेक्स को हर फिल्म टिकट की बिक्री का पूरा और ऑडिट योग्य रिकॉर्ड रखने के निर्देश दिए गए थे। कर्नाटक हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने 30 सितंबर को यह आदेश दिया था।

'तेरे इश्क में' का नया गाना बना लाखों दिलों की धड़कन

आनंद एल राय की फिल्म 'तेरे इश्क में' का टाइटल ट्रैक जबसे रिलीज हुआ है, सभी लोगों के दिलों पर राज कर रहा है, और तो और म्यूज़िक चार्ट्स पर अब भी टॉप पर बना हुआ है। ऐसे में, दर्शकों के दिलों पर कब्जा करने इस दफा भूषण कुमार की टी-सीरीज और कलर येल्लो लेकर आए हैं फिल्म का दूसरा गाना- 'उसे कहना', जिसे संगीत के जादूगर ए.आर. रहमान ने कंपोज किया है। यह नया गाना फिल्म की भावनाओं को और भी गहराई से बयाँ करता है। कुल मिलाकर, यह गाना इस लव स्टोरी का एक और पन्ना खोलने के लिए तैयार है, जिसके सुर सीधे दिल को छू जाते हैं। इरशाद कामिल के दिल छू लेने वाले बोल और नितेश अहेर व जोनिता गांधी की सुरीली आवाज से सुसज्जित यह गाना रहमान की खास शैली में कालातीत और दिल से जुड़ा लगता है। वीडियो में धनुष और कृति सेनन के बीच के कुछ बेहद खूबसूरत पल देखने को मिलते हैं, जहां कृति अपने किरदार 'मुक्ति' के जज्बातों में डूबती नजर आती है, वहीं उसके और धनुष के बीच का रिश्ता भी पहले से कहीं ज्यादा गहरा महसूस होता है। इस धुन के बारे में बात करते हुए, म्यूज़िक के जादूगर ए.आर. रहमान ने कहा, रहमारा अगला गाना 'उसे कहना' तब बना, जब हम हिमाचल की यात्रा पर थे और हमने गंगा में पहाड़ों का खूबसूरत प्रतिबिंब देखा। वहीं से इस गाने की धुन की शुरूआत हुई।





मस्ती 4 का ट्रेलर रिलीज

जैसे ही वेवबैंड प्रोडक्शन ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म मस्ती 4 का ट्रेलर लॉन्च किया, वैसे ही सोशल मीडिया पर तहलका मच गया। वेवबैंड के ग्रैंड विजन के साथ इस बार यह सुपरहिट फ्रैंचाइज और भी बड़े स्केल पर लौट आई है, जिसमें हंसी, धमाल और एंटरटेनमेंट की भरमार है। फिल्म में रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदासानी एक बार फिर अमर, मीत और प्रेम के रूप में अपनी आइकॉनिक जोड़ी को दोहराते दिखेंगे, जबकि निर्देशन की कमान संभाली है, मिलाप मिलन जवेरी ने। फिलहाल ट्रेलर को दर्शकों और नेटिजन्स की ओर से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। फ्रैंचाइज के फैंस सोशल मीडिया पर जमकर प्यार लुटा रहे हैं और 21 नवंबर को रिलीज होने जा रही इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, ये फ्रैंचाइज कभी निराश नहीं करती! फिर से मस्ती और कॉमेडी गोल्ड का धमाका! दिन गिन रहा हूँ 21 नवंबर का!

प्रियंका चोपड़ा की हिम्मत को सलाम

ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा जोनस सोशल मीडिया की दुनिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपने खास पल फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। बीते दिन पीसी ने निक जोनस के ऑरलैंडो कॉन्सर्ट से खूबसूरत तस्वीरें शेयर की थीं, जिन पर फैंस ने खूब प्यार लुटाया था। वहीं, हाल ही में प्रियंका ने फिर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ नई तस्वीरें शेयर की हैं, जो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं। सबसे ज्यादा चर्चा में है, वो है एक्ट्रेस के गले में लिपटा अजगर! प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुल 9 फोटोज और एक वीडियो का शेयर किया। इनमें वह और निक जोनस एक साथ दिखाई दे रहे हैं।



एकाकी से धमाकेदार वापसी करेंगे आशीष चंचलानी

भारत के सबसे बड़े डिजिटल स्टार्स में से एक, आशीष चंचलानी, जो सालों से यूट्यूब पर राज कर रहे हैं, अब अपने करियर में बड़ा कदम उठाने जा रहे हैं। वो अपनी खुद की वेब सीरीज एकाकी से डायरेक्शन की दुनिया में डेब्यू कर रहे हैं। आशीष ने अपने वायरल स्केच और दिल को छू लेने वाले परफॉर्मेंस से लाखों फैंस का दिल जीता है, और अब वो इस बड़े प्रोजेक्ट के साथ अपनी क्रिएटिव सीमाओं को और आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। बता दें कि हाल ही में एकाकी का ट्रेलर रिलीज हुआ, जिसने इंटरनेट पर जबरदस्त हलचल मचा दी। उत्साह को और बढ़ाते हुए, मेकर्स ने यह ऐलान किया है कि एकाकी पांच भाषाओं हिंदी, मलयालम, तेलुगू, तमिल और कन्नड़ में रिलीज होगी।




सुहाना-आर्यन को करियर एडवाइज नहीं देते शाहरुख खान



शाहरुख खान ने मुंबई में फैन मीट-अप रखा था। इस दौरान कई फैंस ने उनसे सवाल किए। एक फैन ने उनसे पूछा कि वो बच्चों सुहाना और आर्यन को कैसे करियर एडवाइज देते हैं। इसके जवाब में शाहरुख ने बताया कि उन्हें बच्चों को सलाह देना पसंद नहीं है। वो जो चाहें कर सकते हैं। शाहरुख खान ने मीट-अप में कहा- 'आर्यन और सुहाना दोनों का झुकाव क्रिएटिव साइड में है। सुहाना एक्टिंग की ओर बढ़ रही है, वहीं आर्यन डायरेक्शन और राइटिंग की तरफ आकर्षित है। मैं उन्हें ज्यादा कुछ नहीं कहता, क्योंकि मेरा मानना है कि क्रिएटिव लोगों को ज्यादा शब्दों की जरूरत नहीं होती। शुरूआत में आर्यन इस बात को लेकर श्योर नहीं था कि उसे खुद इसे (बैड्स ऑफ बॉलीवुड) को डायरेक्ट करना चाहिए या किसी और को करने देना चाहिए। लेकिन मेरा हमेशा से मानना है कि जो लोग अपनी कहानियां खुद लिखते और डायरेक्ट करते हैं, तो वे बेहतर डायरेक्टर साबित होते हैं।

चिकिरी टीजर हुआ रिलीज

फिल्म पेद्दी के मेकर्स ने रिलीज से पहले ही दर्शकों के दिल जीत लिए हैं। हाल ही में रिलीज हुए एक इंटरएक्टिव वीडियो में म्यूज़िक के उस्ताद ए.आर. रहमान और डायरेक्टर बुची बाबू साना अपने आने वाले गाने चिकिरी पर दिल छू लेने वाली बातचीत करते नजर आए। यह गाना 7 नवंबर को रिलीज होगा और सोशल मीडिया पर पहले से ही जबरदस्त चर्चा में है। इसकी झलक में राम चरण जोश से भरे अंदाज में चिकिरी चिकिरीह्व गाते और देसी रिदम पर थिरकते दिख रहे हैं। वीडियो में हमेशा अपनी धुनों की जड़ों को समझने के लिए उत्सुक रहने वाले ए.आर. रहमान मुस्कुराते हुए पूछते हैं, चिकिरी चिकिरी इसका मतलब क्या है इस पर बुची बाबू मुस्कुराकर समझाते हैं, उनके गांव में लड़कियों को प्यार, से बुलाने के लिए चिकिरी कहते हैं। उसी पल से गाना शुरू होता है। चिकिरी एक प्यारा शब्द है। मैं इसके लिए एक हुक दूं ठीक है सर चिकिरी चिकिरी, कैसा है रहमान का तुरंत रिएक्शन उनकी शानदार क्रिएटिव समझ को दिखाता है सुपर्ब सर! बहुत बढ़िया, करिए ये। और बस, इसी तरह एक लोकल प्यार से भरा शब्द चिकिरी एक कैची और यूनिवर्सल धुन में बदल जाता है।



आज का इतिहास 7 नवंबर

1627 मुगल शासक जहांगीर का निधन हुआ।
1858 विपिनचंद्र पाल का जन्म हुआ।
1862 बहादुर शाह द्वितीय की मौत रंगून में हुई।
1867 वैज्ञानिक मेरी क्यूरी का जन्म।
1888 प्रसिद्ध वैज्ञानिक सी.वी.रमण का जन्म।
1921 चीन में भीषण अकाल पड़ा।
1956 ब्रिटेन और फ्रांस ने मिस्त्र में युद्ध विराम की घोषणा की।
1966 सोवियत संघ में बोलशेविक क्रांति की वर्षगांठ पर आयोजित समारोह से चीनी राजनयिकों ने वाक आउट किया।
1973 अमरीका और मिस्त्र ने राजनयिक संबंध पुन: बहाल करने की घोषणा की।
1981 सोवियत संघ के रक्षा मंत्री दिमिती उस्तिनोव ने विश्व में सैनिक वर्चस्व बनाए रखने की घोषणा की।
1988 चीन में आए भूकंप से कम से कम छह सौ व्यक्ति मारे गए।
1989 सोवियत संघ में हड़ताल के दौरान सुरक्षाकर्मियों और प्रदर्शनकारियों में जबरदस्त संघर्ष हुआ।
1992 चेकोस्लोवाकिया के पूर्व नेता अलेक्जेंडर दुबचेक की मौत हुई।

राजामौली ने दो फिल्मों को मिलाकर बनाया नया संस्करण



सुपरहिट फिल्मों बाहुबलीः द बिगिनिंगऔर बाहुबलीः द कंक्लूजन को एक साथ जोड़कर फिल्ममेकर एस.एस. राजामौली एक नया सिनेमाई अनुभव पेश करने जा रहे हैं। राजामौली की इस नई फिल्म का नाम ह्यबाहुबलीः द एपिक रखा गया है। हालांकि, इस संयुक्त संस्करण में कई महत्वपूर्ण दृश्यों को हटा दिया गया है, ताकि फिल्म की कहानी और भावनात्मक प्रवाह को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। हाल ही में एक इंटरव्यू में राजामौली, प्रभास और राणा दग्गुबाती ने बताया कि फिल्म में कई ऐसे सीन काटे गए हैं, जो पहले दर्शकों के बीच लोकप्रिय रहे थे। इनमें तमन्ना भाटिया का मशहूर गाना पाचा बोट्टेसिना भी शामिल है। राजामौली के अनुसार, फिल्म का उद्देश्य केवल दोनों फिल्मों को जोड़ना नहीं था, बल्कि कहानी को इस तरह गढ़ना था कि दर्शकों को यह एक नई और निरंतर यात्रा जैसा अनुभव दे।

काल त्रीघोरी ट्रेलर हुआ रिलीज

काल त्रीघोरी के निमार्ताओं ने अपने बहुप्रतीक्षित अलौकिक थ्रिलर फिल्म का दमदार ट्रेलर जारी कर दिया है। इस फिल्म में अरबाज खान, ऋतुपर्णा सेनगुप्ता और आदित्य श्रीवास्तव मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। नितिन वैद्य द्वारा लिखित और निर्देशित यह फिल्म 14 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में महेश मांजरेकर, राजेश शर्मा और मुग्धा गोडसे भी अहम किरदारों में हैं। ट्रेलर एक डरावनी दुनिया की झलक दिखाता है, जहां प्राचीन श्राप, दंतकथाएं और मानवीय भय आपस में उलझ जाते हैं। इसमें एक रहस्यमयी हवेली, एक भयावह वूडू गुड़िया, एक काली बिल्ली और एक प्राचीन मिथक को दिखाया गया है जो एक दुर्लभ खगोलीय घटना के दौरान जीवित हो उठता है। इस रहस्यमय माहौल के बीच आदित्य श्रीवास्तव को एक गूढ़ अनुष्ठान करते हुए दिखाया गया है, जबकि ऋतुपर्णा सेनगुप्ता और अरबाज खान खुद को एक श्रापित समय में फंसा हुआ पाते हैं – जहां हकीकत और भ्रम की रेखा धुंधली हो जाती है। ट्रेलर लॉन्च के मौके पर अरबाज खान ने कहा, ह्लमुझे लगता है कि यह फिल्म नितिन सर की कल्पना और उनके निर्देशन का नतीजा है। उन्होंने मेरे किरदार को जिस तरह से गढ़ा है, वह मेरे लिए बिल्कुल नया अनुभव था।



28 नवंबर को थिएटर्स में दिखेगा इश्क का जादू



मानीषा मल्होत्रा की फिल्म ह्यगुस्ताख इश्?क कुछ पहले जैसाह्व ने पुराने जमाने के प्यार और उसकी खूबसूरती को फिर से ज़िंदा करने के लिए खूब चर्चा बटोरी है। अब दर्शकों को थोड़ा और इंतजार करना होगा, क्योंकि यह फिल्म 28 नवंबर को रिलीज होगी। गुस्ताख इश्क मनीष मल्होत्रा के लिए बहुत खास है यह उनके प्रोडक्शन हाउस Stage5 Production के तहत उनकी पहली फिल्म है। यह फिल्म उनके लिए फैशन और कहानी से आगे बढ़कर एक जुनूनी प्रेमकहानी है, जो क्लासिक रोमांस के दौर को फिर से लौटाने जा रही है। फिल्म के मेकर्स ने एक मोशन पोस्टर के जरिए नई रिलीज डेट का ऐलान किया है। चूंकि फिल्म की थीम प्यार, तड़प और इंतजार पर आधारित है, इसलिए थोड़ा इंतजार वाकई काबिले-तारीफ है! अब तक गुस्ताख इश्क अपने दिल छू लेने वाले म्यूज़िक एल्बम से दर्शकों का दिल जीत चुकी है इसके तीन गाने उल जलूल इश्क, आप इस धूप और शहर तेरे लोगों की प्लेलिस्ट में लगातार छाए हुए हैं। ये तीनों गाने भले ही अलग हों, लेकिन इनका एहसास एक ही धागे से जुड़ा है प्यार और जुनून का। गुस्ताख इश्क मनीष मल्होत्रा के करियर का एक नया और रोमांचक अध्याय है एक ऐसी फिल्म जो पुराने जमाने की कहानियों की आत्मा को संजोए हुए है।

गणित पहेली - 6385

29		77		47		61	=	120
	■		■		■		■	
68		25		39		13	=	95
	■		■		■		■	
25		5		5		12	=	37
	■		■		■		■	
31		20		44		7	=	49
=	■	=	■	=	■	=	■	=
41		37		47		43	=	13 / 74

Jagrutidaur.com, Bangalore

संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

गणित पहेली - 6384

60	-	28	+	6	-	24	=	14
+	■	-	■	x	■	-	■	+
40	+	20	-	5	+	10	=	65
-	■	+	■	-	■	-	■	-
20	x	4	-	20	÷	4	=	15
-	■	-	■	x	■	+	■	-
60	÷	6	x	2	+	10	=	30
=	■	=	■	=	■	=	■	=
20	+	6	-	20	+	20	=	34 / 26

एक नजर

मंधाना आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नॉमिनेट:वोल्वार्ट और गार्डनर ने कम्पीट करेंगी

दुबई। विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाली स्मृति मंधाना को आईसीसी के बेस्ट प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नॉमिनेट किया गया है। 29 साल की मंधाना ने 2 नवंबर को समाप्त हुए टूर्नामेंट में 434 रन बनाए थे। उनके इस प्रदर्शन की मदद से भारतीय टीम साउथ अफ्रीका को 52 रनों से हराते हुए पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बनी थी। अक्टूबर महीने के नॉमिनेशन में भारतीय उपकप्तान मंधाना के अलावा, साउथ अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ट और ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर भी शामिल हैं।



भुल्लर सिंगापुर ओपन में 10वें स्थान पर

सिंगापुर। भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर बृहस्पतिवार को यहां पहले दौर में पांच अंडर 67 के स्कोर से मोतेई सिंगापुर ओपन में संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर हैं।पहले दौर का खेल अभी पूरा नहीं हुआ है।भुल्लर ने सात बर्डी की लेकिन दो बोगी भी कर गए।अन्य भारतीयों में अजितेश संधू (70) संयुक्त 57वें, विराज मादप्पा (71) संयुक्त 79वें, शिव कपूर (72) संयुक्त 98वें स्थान पर और एस चिकारंगप्पा (75) संयुक्त 121वें स्थान पर हैं। कोरिया के जेयुंगहुन वैंग ने आठ अंडर 64 के स्कोर से बढ़त बना रखी है।

दीक्षा डागर चीन में भारतीयों के बीच शीर्ष पर

शेनझेन (चीन)। दीक्षा डागर बृहस्पतिवार को यहां अरामको चीन गोल्फ चैंपियनशिप के पहले दौर में एक अंडर 72 के स्कोर से भारतीय खिलाड़ियों के बीच शीर्ष पर हैं।दीक्षा संयुक्त रूप से 42वें स्थान पर हैं।



भारत की प्रणवी उर्स पार 73 के स्कोर से संयुक्त रूप से 57वें स्थान पर हैं। दो अन्य भारतीय खिलाड़ी त्वेसा मलिक और अवनि प्रशांत एक ओवर 74 के समान स्कोर से संयुक्त रूप से 75वें पायदान पर हैं। स्वीडन की मोया फोल्क ने छह अंडर 67 के स्कोर से इंग्लैंड की एलिस ह्युसन, थाईलैंड की ओचिसा उतामा और जर्मनी की लॉरा फुएंफस्टुएक पर एक शॉट की बढ़त बना ली है।

अल्काराज एटीपी फाइनल्स ड्रॉ में जोकोविच के साथ, सिनर और ज्वेरेव दूसरे ग्रुप में

तूरिन (इटली)। शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज को बृहस्पतिवार को एटीपी फाइनल्स के ड्रॉ में नोवाक जोकोविच के साथ रखा गया है जबकि गत चैंपियन यानिक सिनर और एलेक्जेंडर ज्वेरेव दूसरे ग्रुप में हैं। जिमी कोनोर्स ग्रुप में अल्काराज, जोकोविच, टेलर फ्रिट्ज और एलेक्स डि मिनॉर शामिल हैं।ब्योर्न बोर्ग ग्रुप में सिनर, ज्वेरेव, बेन शेल्टन मौजूद है जबकि फेलिक्स ऑगर आलियासिमे या लोरेंजो मुसेटी में से एक इसमें जगह बनाएगा।

भारत ने चौथे टी20 मैच में ऑस्ट्रेलिया को 48 रन से हराया, श्रृंखला में 2-1 की बनाई बढ़त

घर में टी-20 में दूसरे सबसे छोटे स्कोर पर आस्ट्रेलिया आलआउट

सुंदर-शिवम और अक्षर चमके, गिल ने खेली 46 रनों की शानदार पारी

कैरारा (एजेंसी)। अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर की उम्दा गेंदबाजी से भारत ने बृहस्पतिवार को यहां चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को 48 रन से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बनाई। भारत के 168 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम वाशिंगटन सुंदर (तीन रन पर तीन विकेट), अक्षर पटेल (20 रन पर दो विकेट) और शिवम दुबे (20 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 18.2 ओवर में 119 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कप्तान मिचेल मार्श (30) ही 30 रन के आंकड़े को छू पाए। नाथन एलिस (21 रन पर तीन विकेट) और एडम जंपा (45 रन पर तीन विकेट) ने इससे पहले अंतिम ओवरों में भारत को लगातार झटके दिए जिससे एक समय दो विकेट पर 121 रन बनाकर अच्छी स्थिति में दिख रही मेहमान टीम आठ विकेट पर 167 रन ही बना सकी।

घर में ऑस्ट्रेलिया की शर्मनाक हार-पांच मैचों की सीरीज के चौथे मुकाबले में मेजबान ऑस्ट्रेलिया अपने घर में टी20 अंतरराष्ट्रीय के दूसरे सबसे छोटे स्कोर पर ऑलआउट हो गई। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया 2022 में सिडनी में न्यूजीलैंड के खिलाफ 111 के स्कोर पर ऑलआउट हो गई थी। वहीं, भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्हीं की सरजमीं पर दूसरा सबसे बड़ा लक्ष्य सफलतापूर्व डिफेंड किया। इससे पहले 2020 में भारत ने 162 रनों का लक्ष्य डिफेंड किया था।

गिल के अलावा कोई और नहीं चला-भारत की ओर से गिल के अलावा कोई और नहीं चला। उन्होंने सबसे ज्यादा 46 रन की पारी खेली। अभिषेक शर्मा 21 गेंद में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 28 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, शुभमन गिल ने 39 गेंद पर चार चौके और एक छक्के की मदद से 46 रन की पारी खेली। वहीं, शिवम दुबे 18 गेंद में 22 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 10 गेंद में दो छक्के की मदद से 20 रन की पारी खेली। तिलक वर्मा पांच रन और अर्शदीप खाता खोले बिना पवेलियन लौटे। आखिर में अक्षर पटेल ने जरूर कुछ आक्रामक शॉट्स खेले। वह 11 गेंद में 21 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया के लिए नाथन एलिस और जैम्पा ने तीन-तीन विकेट लिए। इसके अलावा जेवियर बार्टलेट और स्टोइनिस को एक-एक विकेट मिला।



जितेश शर्मा तीन रन बनाकर आउट हुए। वॉशिंगटन सुंदर भी 12 रन ही बना सके।

168 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाई और 18.2 ओवर में सिर्फ 119 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से कप्तान मिचेल मार्श (30) ही 30 रन का आंकड़ा छू सके, जबकि मैथ्यू शॉर्ट (25) ने शुरूआत में कुछ आक्रामक शॉट लगाए। अक्षर पटेल ने शॉर्ट को एलबीडब्ल्यू आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई, फिर जोश इंग्लिस (12) को बोल्ड किया। इसके बाद शिवम दुबे ने मिचेल मार्श और टिम डेविड (14) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को बैकफुट पर धकेल दिया। ग्लेन मैक्सवेल (2) और जोश फिलिप (10) जल्दी लौट गए। आखिर में वाशिंगटन सुंदर ने कहर बरपाया। उन्होंने लगातार दो गेंदों पर मार्कस स्टोइनिस (17) और जेवियर बार्टलेट (0) को आउट करने के बाद अगले ओवर में एडम जंपा (0) को भी चलता किया। सुंदर ने मात्र तीन रन देकर तीन विकेट झटके, जबकि अक्षर पटेल ने 20 रन पर दो विकेट और शिवम दुबे ने भी 20 रन पर दो विकेट लिए। अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह को भी एक-एक सफलता मिली।

शिवम ने 117 मीटर लंबा छक्का लगाया, बॉल गुमी

शिवम दुबे ने 11वें ओवर में एडम जम्पा की बॉल पर 117 मीटर लंबा छक्का लगाया। उनके इस छक्के से बॉल गुम गई। ऐसे में अंपायर्स को दूसरी बॉल मंगानी पड़ी। दुबे ने जम्पा के ऑफ स्टंप के बाहर की बॉल को सामने की तरफ मारा। बॉल सामने की तरफ साइट स्क्रीन की ओर चली गई। इसके बाद थर्ड अंपायर दूसरी बॉल लेकर आए।





विश्वविजेता बेटियों से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने की मुलाकात : कहा-

आप युवा लड़कियों के लिए रोल मॉडल है

नई दिल्ली, (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को विश्वकप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ियों के मुलाकात की और कहा कि वे आज युवा पीढ़ी की लड़कियों के लिए रोल मॉडल बन गई हैं, इससे उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। आज यहां राष्ट्रपति भवन में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस समारोह में भारतीय महिला क्रिकेट खिलाड़ियों ने ट्रॉफी लेकर राष्ट्रपति मुर्मू के साथ फोटो खिंचवाई। इस दौरान कप्तान हरमनप्रीत कौर ने राष्ट्रपति को खिलाड़ियों के हस्ताक्षर वाली टी-शर्ट भेंट की। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, आप युवा पीढ़ी, विशेषकर लड़कियों के लिए रोल मॉडल बन गई हैं, इससे वह जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगी।

अनऑफिशियल टेस्ट

जुरेल के शतक से भारत ए के 255 रन

साउथ अफ्रीका-ए से वान वुरेन को 4 विकेट

बेंगलुरू, (एजेंसी)। ध्रुव जुरेल के शानदार शतक की मदद से भारत ए ने शीर्षक्रम की नाकामी से उबरते हुए दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ चार दिवसीय मैच के पहले दिन बृहस्पतिवार को 255 रन बनाये । पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर भारत ए ने सात विकेट 126 रन पर गंवा दिये थे लेकिन जुरेल (नाबाद 132) और कुलदीप यादव (20) ने आठवें विकेट के लिये 79 रन की साझेदारी की । जुरेल ने 175 गेंदों में 12 चौकों और चार छक्कों की मदद से 126 रन की पारी खेली जबकि कुलदीप ने अपनी पारी में 87 गेंदों का सामना किया ।जुरेल ने आफ स्पिनर प्रेनेलान सुब्रायेन को लांग आन पर शानदार छक्का जड़ा । इसके बाद इसी गेंदबाज को स्लॉग स्वीप पर छक्का लगाया । उन्होंने वान वूरेन की गेंद पर एक रन लेकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में चौथा शतक पूरा किया । पिछली सात पारियों में यह उनका तीसरा शतक है । उन्होंने आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ लखनऊ में और वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद में शतक बनाया था । इससे पहले साइ सुदर्शन (17), केएल राहुल (19) और कप्तान ऋषभ पंत (24) सस्ते में आउट हो गए ।



चतुराई भरी बल्लेबाजी, हालात के अनुकूल ढलना जीत की कुंजी : सूर्यकुमार

कैरारा, (एजेंसी)। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने आस्ट्रेलिया पर चौथे टी20 मैच में 48 रन से मिली जीत के लिये बल्ले और गेंद से अपने खिलाड़ियों के चतुराई भरे खेल को श्रेय दिया ।भारत ने 167 रन बनाने के बावजूद जीत दर्ज कर-के पांच मैचों की श्रृंखला में 2 . 1 से बढत बना ली है ।



सूर्यकुमार ने जीत के बाद कहा , मुझे लगता है कि बल्लेबाजों को इसका श्रेय जाना चाहिये । शुभमन और अभिषेक ने जिस तरह से शुरूआत की , उन्हें पता था कि यह 200 या 220 रन वाला विकेट नहीं है । उन्होंने चतुराई से खेला । बल्लेबाजों की तरफ से यह पूरा टीम प्रयास था ।

उन्होंने आगे कहा ,मैं और गौती भाई (कोच गौतम गंभीर) इस बारे में स्पष्ट हैं कि गेंदबाजों को आक्रामक प्रदर्शन करना होगा । मैदान पर ओस अधिक नहीं थी लेकिन गेंदबाजों ने खुद को जल्दी ढाल लिया ।हरफनमौला शिवम दुबे ने दो और वॉशिंगटन सुंदर ने तीन विकेट लिये ।सूर्यकुमार ने कहा , दो तीन ओवर डालने वाले गेंदबाज टीम में होना हमेशा अच्छा रहता है । यह संयोजन हमे रास आता है ।

आस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने कहा , 167 का स्कोर बुरा नहीं था । हम फिनिश लाइन तक नहीं जा सके । भारतीय टीम को इसका पूरा श्रेय जाता है जो विश्व स्तरीय टीम है ।

एशेज श्रृंखला को देखते हुए आस्ट्रेलिया ने टीम में काफी बदलाव किये थे । प्रमुख खिलाड़ी टी20 श्रृंखला के आखिरी दो मैच छोड़कर इंग्लैंड के खिलाफ एशेज की तैयारी में लग गए ।मार्श ने कहा आप हमेशा सर्वश्रेष्ठ टीम उतारना चाहते हैं लेकिन एशेज श्रृंखला आने वाली है । हम अधिक खिलाड़ियों को मौका देना चाहते थे, खासकर इस तरह के दबाव वाले मैच में ।



मालोलन रंगराजन बने आरसीबी महिला टीम के मुख्य कोच

बेंगलुरु, (एजेंसी)। मालोलन रंगराजन को आगामी महिला प्रीमियर लीग सीजन के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। वह ल्यूक विलियम्स का स्थान लेंगे, जो 2024 से इस पद पर कार्यरत हैं। आगामी सीजन के जनवरी की शुरूआत में शुरू होने के साथ, विलियम्स बिग बैश लीग में एडिलेड स्ट्राइकर्स के मुख्य कोच के रूप में अपनी प्रतिबद्धता में व्यस्त रहेंगे। तमिलनाडु के पूर्व खिलाड़ी मालोलन पिछले छह वर्षों में फ्रेंचाइजी के साथ विभिन्न पदों पर रहे हैं। पिछले दो वर्षों से, वह महिला टीम के सहायक कोच के रूप में कार्यरत हैं।

कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा- मेरे उनके साथ बहुत अच्छे संबंध हैं और मुझे हमारी क्रिकेट संबंधी चचाओं में बहुत मजा आया। पिछले तीन वर्षों में उनका लड़कियों पर सकारात्मक प्रभाव रहा है और मुझे विश्वास है कि हम साथ मिलकर अच्छा काम करेंगे और आगामी सीजन में आरसीबी को सफलता दिलाएंगे। आरसीबी ने डब्ल्यूपीएल 2024 में चैंपियन बनने के बाद अपना चौथा सीजन समाप्त किया। वे गुरुवार को अन्य फ्रेंचाइजी के साथ अपने रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची जारी करेंगे।

आखिरी 4 बॉल पर 7 रन नहीं बना सकी वेस्टइंडीज, सीरीज 1-1 की बराबरी पर पहुंची

दूसरे टी-20 में न्यूजीलैंड ने 3 रन से हराया

ऑकलैंड, (एजेंसी)। न्यूजीलैंड ने दूसरे टी-20 मुकाबले में रोमांचक जीत दर्ज करते हुए वेस्टइंडीज को 3 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली है। आखिरी चार गेंदों पर वेस्टइंडीज को जीत के लिए 7 रन चाहिए थे, लेकिन टीम यह टारगेट हासिल नहीं कर सकी।

न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट पर 207 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 204 रन बना सकी। वेस्टइंडीज ने पहला मैच 7 रन से जीता था। 5 मैचों की सीरीज का तीसरा मैच 9 नवंबर को नेल्सन में खेला जाएगा।

चापमैन ने 28 गेंदों पर 78 रन बनाए -पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड टीम की ओर से मार्क चापमैन ने 28 गेंदों पर 78 रन की पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। ओपनर टिम रॉबिन्सन ने 25 बॉल पर 39 रन का योगदान दिया। जबकि डेरिल मिचेल ने आखिरी में 14 बॉल पर नाबाद 28 रन बनाए। वेस्टइंडीज की ओर से रोस्टन चेज ने 2 विकेट झटके। मैथ्यू फोर्ड, जेसन होल्डर और रोमारियो शेफर्ड को 1-1 विकेट मिले।





आखिरी बॉल पर 5 रन नहीं बना सके फोर्ड - 207 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज ने एक समय 155 रन के स्कोर पर अपना 7वां विकेट खोया था। तब 19 गेंदों में वेस्टइंडीज को 53 रन की जरूरत थी। इसके बाद मैथ्यू फोर्ड ने रोवमैन पॉवेल के साथ 17 गेंदों में 47 रन की साझेदारी की। टीम को जीत के लिए आखिरी ओवर में 16 रन चाहिए थे। फोर्ड ने पहली बॉल पर चौका लगाया, दूसरी बॉल पर कोई रन नहीं बना। तीसरी बॉल नो बॉल रही और चौका लगा।

यहां से टीम को आखिरी 4 बॉल पर 7 रन चाहिए थे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। वेस्टइंडीज को आखिरी गेंद पर 5 रन चाहिए थे और फोर्ड सिर्फ 1 रन ही बना सके। वे 13 गेंदों में 29 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड के लिए आखिरी ओवर काइल जैमिसन ने फेंका।

सैंटनर-सोढी ने 3-3 विकेट लिए -इससे पहले, वेस्टइंडीज की शुरूआत अच्छी नहीं रही। ब्रैंडन किंग शून्य पर आउट हुए। वहीं, एलिक एथनाज (33) और शाई होप (24) बड़ी पारी नहीं खेल सके। इनके बाद रोवमन पॉवेल (45) और रोमारियो (34) ने पारी को संभाला किया, लेकिन जीत नहीं दिला सके। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर और ईश सोढी ने 3-3 विकेट लिए। जैकब डफी और काइल जैमिसन को 1-1 विकेट मिला।

भारतीय ओलंपिक पदक विजेता विश्व चैंपियनशिप में पेश करेंगे चुनौती

भाकर और कुसाले आईएसएसएफ 2025 का करेंगे नेतृत्व

नई दिल्ली, (एजेंसी)। पेरिस 2024 के पदक विजेता मनु भाकर और स्वप्निल कुसाले गुरुवार से मिस्र के काहिरा में शुरू होने वाली आईएसएसएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल 2025 के लिए भारत की 40 सदस्यीय शूटिंग टीम की कमान संभालेंगे। इस प्रतियोगिता में 72 महासंघों के 720 एथलीट हिस्सा लेंगे। यह प्रतियोगिता मिस्र अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक सिटी में आयोजित होगी और 17 नवंबर को समाप्त होगी। भारतीय राइफल और पिस्टल निशानेबाजों ने इस साल आईएसएसएफ विश्व कप स्पर्धाओं में दमदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने ब्यूनस आयर्स में आठ, लीमा में सात, म्यूनिख में चार और निंगबो में दो पदक हासिल किए थे। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने लीमा में सिल्वर और शिमकेंट में 2025 एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में तीन ब्रॉन्ज मेडल जीते थे। वह भारत की पिस्टल चुनौती का नेतृत्व करेंगी। मनु भाकर के साथ ईशा सिंह और शानदार फॉर्म में चल रही सुरुचि सिंह भी टीम का हिस्सा होंगी। उन्होंने इस साल की शुरूआत में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में लगातार तीन गोल्ड मेडल जीतकर वर्ल्ड कप सर्किट में अपना दबदबा कायम किया था।

जो लोग मुझ पर और मेरे परिवार पर ताना कसते थे, वही आज प्रशंसा कर रहे हैं : क्रांति गौड़

नई दिल्ली, (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के घुवारा गांव की रहने वाली भारतीय तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने खुलासा करते हुए कहा कि एक समय उन्हें यह भी पता नहीं था कि भारत की महिला क्रिकेट टीम भी है। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने हाल में समाप्त हुए महिला वनडे विश्व कप में में 18.55 की औसत से नौ विकेट लिए जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ मैच में तीन विकेट लेना भी शामिल था। भारत ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

गौड़ ने गुरुवार को यहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात से ठीक पहले एक न्यूज ऐजेंसी से कहा, मुझे तो यह भी नहीं पता था कि महिला क्रिकेट टीम भी है। यहीं से क्रिकेट में मेरा सफर शुरू हुआ था। उन्होंने कहा, मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है क्योंकि यह मेरा पहला विश्व कप था और अब हम विश्व चैंपियन हैं। यह मेरे, मेरे परिवार और पूरे देश के लिए गर्व की बात है। क्रांति की कहानी स्टेडियम की दूधिया रोशनी और कैमरों से कहीं दूर शुरू हुई। वह ज्यादातर दूर से ही कुछ लड़कों को खेलते हुए देखती थी और जब भी गेंद उसके दरवाजे पर आती, तो वह उसे वापस फेंक देती थी।

एक दिन अचानक उन्हें तब अंतिम एकादश में जगह मिल गई, जब लड़कों को एक खिलाड़ी की जरूरत थी। क्रांति ने कहा, ह्यह्यजब मैंने उनके साथ खेलना शुरू किया, तो वे मुझे सिर्फ.एक क्षेत्ररक्षक के तौर पर खिलाते थे, लेकिन धीरे-धीरे मैंने भी खेलना सीख लिया। मुझे तो यह भी पता नहीं था स्पिन गेंदबाजी नाम की भी कोई चीज भी होती है। इसलिए मैंने लड़कों को देखकर तेज गेंदबाजी शुरू कर दी। उन्होंने राजीव बिल्थरे का जिक्र करते हुए कहा, ह्यह्यतब मैंने एक लेदर बॉल टूर्नामेंट खेला और राजीव सर से मिली।



राजीव बिल्थरे छतरपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव भी थे और उन्हें क्रांति की गेंद की रफ्तार काफी प्रभावशाली लगी थी। उन्होंने कहा, ह्यह्यउन्होंने मुझसे पूछा कि क्या मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट भी खेलना चाहती हूं। मुझे नहीं पता था कि लड़कियों की अंतरराष्ट्रीय टीम भी है और फिर वह मुझे अपनी अकादमी में ले गए। छह महीने के भीतर मैं सीनियर डिवीजन में खेली और एक साल के भीतर मैंने वडोदरा में राज्य की घरेलू अंडर-19 टीम में पदार्पण किया।

क्रांति ने कहा, मैं एक छोटे से गांव से हूं, इसलिए वहां लड़कियों को खेलने की इजाजत नहीं थी। मेरे परिवार से कहा जाता था कि तुम उसे लड़कों के साथ क्यों खेलने देते हो। तब मैंने सोचा कि एक दिन मैं अपने प्रदर्शन पर सबको तालियां बजाने पर मजबूर कर दूंगी। उन्होंने कहा, ह्यह्यऔर जो लोग मुझे और मेरे परिवार को ताना मारते थे, वे अब हमारी सराहना कर रहे हैं। अब महिला टीम भी बेहतर हो रही है और विश्व कप जीतने के बाद यह बहुत आगे जाएगी।

इस युवा तेज गेंदबाज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी मुलाकात की एक विशेष याद भी साझा की। क्रांति ने कहा,ह्यह्यमैंने उनसे कहा कि मेरा भाई आपका बहुत बड़ा प्रशंसक है। प्रधानमंत्री मुस्कुराए और बोले कि मैं जल्द ही आपके भाई से जरूर मिलूंगा।

पैरा तीरंदाज शीतल देवी ने नया कीर्तिमान स्थापित किया, भारत की एशिया कप सक्षम टीम में जगह बनाई

नयी दिल्ली, (एजेंसी)। जन्म से ही भुजाहीन पैरा तीरंदाज शीतल देवी ने बृहस्पतिवार को एक और उपलब्धि हासिल करते हुए जेद्दा में होने वाले आगामी एशिया कप चरण तीन के लिए भारत की सक्षम जूनियर टीम में जगह बनाई। विश्व कंपाउंड चैंपियन शीतल के लिए एक सक्षम अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम में शामिल होना एक और ऐतिहासिक उपलब्धि है। शीतल ने टीम की घोषणा के बाद सोशल मीडिया पर लिखा, ह्यह्यजब मैंने प्रतिस्पर्धा शुरू की थी तो मेरा एक छोटा सा सपना एक दिन सक्षम तीरंदाजों के साथ प्रतिस्पर्धा करना था। शुरूआत में मैं इसमें सफल नहीं हो पाई, लेकिन मैं हर असफलता से सीखते हुए आगे बढ़ती रही। आज वह सपना एक कदम और करीब आ गया है। पेरिस पैरालंपिक 2024 में मिश्रित टीम कंपाउंड स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाली शीतल ने तुर्की की पेरिस पैरालंपिक चैंपियन ओजनूर क्यूर गिर्डी से प्रेरणा ली जो विश्व स्तर पर सक्षम तीरंदाजों की स्पर्धाओं में भी भाग लेती हैं। देश भर के 60 से ज्यादा सक्षम तीरंदाजों के बीच समान परिस्थितियों में प्रतिस्पर्धा करते हुए जम्मू-कश्मीर की 18 वर्षीय तीरंदाज शीतल सोनीपत में हुए चार दिवसीय राष्ट्रीय चयन ट्रायल में तीसरे स्थान पर रहीं। शीतल ने क्वालीफिकेशन दौर में 703 अंक हासिल किए (पहले दौर में 352 और दूसरे दौर में 351) जो शीर्ष क्वालीफायर तेजल साल्वे के कुल अंक के बराबर स्कोर था। फाइनल रैंकिंग में तेजल (15.75 अंक) और वैदेही जाधव (15 अंक) ने शीर्ष दो स्थान हासिल किए जबकि शीतल ने 11.75 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। शीतल ने महाराष्ट्र की ज्ञानेश्वरी गडाधे को 0.25 अंक के मामूली अंतर से पीछे छोड़ा।



सराफा बाजार

इंदौर सोना-चांदी भाव



इंदौर। गुरूवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार की मात्रा सामान्य ही रही। दोनों ही मूल्यवान धातुओं में बाजार मामूली सुधार पर रहे। भाव इस प्रकार रहे :- चॉदी (9999) 150000, चॉदी (99) 149500, टंच 149000, सिक्का 1800, सोना 10 ग्राम 121500।

साबु उत्पाद के भाव

साबूदाना सच्चासाबु एगमार्क 500 ग्राम 5,010 प्रति क्विंटल साबूदाना चक्र एगमार्क 500 ग्राम 4,960 प्रति क्विंटल साबूदाना गोपाल लूज 25 किलो 4,410 प्रति क्विंटल साबूदाना पापड़- नारियलबूर्रा- हल्दी पाउडर साबूदाना-पापड़-कायनस सच्चासाबु 500 ग्राम 125 प्रति किलो साबूदाना-पापड़ सच्चासाबु 480 ग्राम 132 प्रति किलो नारियल-बूर्रा अल्पाहार 500 ग्राम 344 प्रति किलो सेलम-हल्दी-पाउडर अल्पाहार एगमार्क 500 ग्राम 174 प्रति किलो मीलेट्स झ्र श्रीधान्य श्रीधान्य- कुकरीजॉकी मीलेट लिटिल मोरधन 500 ग्राम 104 प्रति किलो श्रीधान्य- कुकरीजॉकी मीलेट कोदो कोदरा 500 ग्राम 73 प्रति किलो श्रीधान्य- कुकरीजॉकी मीलेट बार्नयार्ड झंगोरा 500 ग्राम 91 प्रति किलो श्रीधान्य- कुकरीजॉकी मीलेट फॉक्सटेल कंगनी 500 ग्राम 83 प्रति किलो श्रीधान्य- कुकरीजॉकी मीलेट किंगर रागी 500 ग्राम 56 प्रति किलो ।

सेंसेक्स 148 अंक फिसलकर 83,400 पर बंद

मुंबई। शेयर बाजार में आज यानी 6 नवंबर को गिरावट रही। सेंसेक्स 148 अंक गिरकर 83,311 पर बंद हुआ है। वहीं निफ्टी में भी 88 अंक की गिरावट रही। ये 25,509 पर बंद हुआ है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 12 में तेजी और 18 में गिरावट रही। मेटल और मीडिया शेयर्स में गिरावट रही। ऑटो और क्ळ शेयर में खरीदारी देखने को मिली। वहीं आज मेनबोर्ड सेगमेंट क्ढड ऑर्कला इंडिया शेयर बाजार में 2.75% प्रीमियम के साथ 750 रुपए पर लिस्ट हुआ है।

होंडा 2030 तक भारत में लॉन्च करेगी 10 नए मॉडल, 7 होंगी एसयूवी

तोक्यो (एजेंसी)। जापान की वाहन निमार्ता कंपनी होंडा 2030 तक भारतीय बाजार में 10 नए वाहन मॉडल पेश करेगी, जिसमें 7 एसयूवी मॉडल शामिल होंगे। कंपनी का उद्देश्य तेजी से बढ़ते भारतीय यात्री वाहन बाजार में बिक्री और बाजार हिस्सेदारी बढ़ाना है। होंडा मोटर के एक अधिकारी ने कहा कि भारत होंडा के लिए एक प्राथमिक बाजार है, और कंपनी ने इसके लिए विशेष परियोजना दल का गठन किया है जो भारतीय बाजार के लिए रणनीति तैयार कर रहा है। होंडा भारतीय बाजार में अपने दोपहिया वाहनों के सफल मॉडल की तरह कार व्यवसाय में भी स्थानीयकरण और साझेदारी को बढ़ावा देना चाहती है। अधिकारी ने कहा कि देश में स्थानीय आपूर्तिकताओं और ओएजेंसी के साथ सहयोग से कंपनी की उत्पाद क्षमता और प्रतिस्पर्धात्मक लाभ बढ़ेगा। होंडा वर्तमान में भारत में एक एसयूवी मॉडल ह्यएलिवेटह्ल और दो सेडान मॉडल ह्यअमेजह्ल और ह्यसिटीह्ल बेच रही है।

एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने लॉन्च किया एम सर्कल

मुंबई : एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक भारत का सबसे बड़ा स्मॉल फाइनेंस बैंक और भारतीय रिजर्व बैंक से यूनिवर्सल बैंक में ट्रांजिशन होने की इन-प्रिंसिपल स्वीकृति पाने वाला पहला बैंक। एयू एसएफबी ने आज एम सर्कल का शुभारंभ किया। यह एक अनूठा महिला-केंद्रित बैंकिंग प्रोग्राम है, जिसे विशेष रूप से महिलाओं की जरूरतों और आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य है उन्हें पर्सनलाइज्ड सुविधाएं, खास वित्तीय समाधान और एक्सक्लूसिव लाइफस्टाइल अनुभव उपलब्ध कराना। भारतीय महिलाएं हमेशा से देश की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं। आज 23% शहरी महिलाएं अपने परिवारों में मुख्य वित्तीय निर्णयकर्ता हैं और महिला-नेतृत्व वाले छोटे व्यवसाय 13.5% सीएजीआर की प्रभावशाली दर से बढ़ रहे हैं। जैसे-जैसे महिलाएं संपत्ति निर्माण, संरक्षण और अपनी जीवनशैली के प्रति अधिक सजग हो रही है।

ठंडी आवक से सरसों में सुर्खी

इंदौर (एजेंसी)। कमजोर आवकों के चलते गुरूवार को तिलहनों में सरसो बाजार सुर्खी पर रहे। सोयाबीन व रायडा भी सुर्ख रहा। दलहनों में चना घटाकर बोला गया। किराना जिंसों में शक्कर बाजार सुस्ती पर रहे। सरसो में मॉग निकलने व आवकें ठंडी रहने से बाजार सुर्खी पर रहे। सोयाबीन व रायडा भी सुर्ख देखा गया। चने में मॉग अटकने से भावों में मंदी आयी। किराना बाजार में शक्कर में सुस्ती रही। भाव इस प्रकार रहे :-



किराना :-शक्कर 4240-4280, खोपरा गोला 320-380, खोपरा बूरा 4000-6100 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 211-215, ऊंझा हल्का 245-228, मीडियम 232-240, बेस्ट 251-265, हल्दी निजामाबाद 170-210, सांगली 265-270, साबूदाना हल्का 4800-4900, मीडियम 5000-5100, बेस्ट 5100-5200, सच्चा मोती 5300, मोरधन 7200-8200, सौंफ मोटी 101-125, बेस्ट 145-225, एस्ट्रा बेस्ट 275-350, सौंफ बार?क 95-125, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 751-781, गरबल 715-725, मटरदाना 790-801, खसखस अनक्लीन 750-950, क्लीन 1050-1250, दालचीनी 220-245, जायफल 715-785, वाद्यान फूल 375-565, शाहजीरा 425, तेजपान 90-97, पत्थर फूल 235-260, जावत्री 1650-1975, नाग केसर 885-925, सौंठ 275-450, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 725-750, बेस्ट 780-791, हींग (वनदेवी 751) 3450, पाउच 10 ग्राम 3550, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 100-135, सिंदूर 6600, देशी कपूर 720-770, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची 2850-2925, मीडियम 2975-3175, बेस्ट 3225-3375, एक्ट्रा बोल्ड 3500-3551, पानबार 2700, बड़ी इलायची 1475-1575, बेस्ट1825-2050, तरबूज मगज 525-575, काजू (240) 885-925, काजू (320) 850-861, काजू एस. डब्ल्यू 835-840, काजू एस.एस. डब्ल्यू 850-860, काजू जे.एच. 810-820, टुकड़ी 785-795, बादाम मगज 840-851, कैलिफोर्निया 771-785, अखरोट 575-725, बेस्ट 815-850, अखरोट गिरी 1250-1650, जदार्लु 375-475, बेस्ट 550-650, किशमिश कंधारी 500-550, बेस्ट 625-725, इंडियन 375-391, बेस्ट 401-425, चारौली 1650-1750, बेस्ट 1850-1950, मुनक्का 350-650, बेस्ट 800-925, अंजीर 851-1075, मखाना 675-875, बेस्ट 975-1115, खारक 75-85, मीडियम 95-125, बेस्ट 175-275, पिस्ता पिशोरी 2850-2900, कंधारी 2350, नमकीन पिस्ता 875-1075, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 3600-3650, (160) 3600-3650, (200) 4000-4100, (250) 4900-5000।

तेल :-सींगदाना 1340-1350, मुम्बई 1360-1370, राजकोट तेलिया 2140-2150, सोया साल्वेंट 1180-1190, सोया रिफाइंड 1250-1260, कपास्या 1290, धूलिया 1285, कड़ी 1290।

रात की धारणा :-गुजरात लुज 1320-1325, मुम्बई पाम 1275, मुम्बई सोया 1285।

खली :-कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2400, देवास-उज्जैन 2400, खंडवा-बुरहानपुर 2375, अकोला 3800 (प्रति क्वि?ंटल)।

तिलहन :-सरसो 7000-7100, रायडा 6600, सोयाबीन 4400, टोली (महुआ बीज) 4400-4600, करंज 4400-4500, अलसी 6800-7000, अरंडी 4500-4700, तिल्ली पुरानी 6500-7000, तिल्ली नई 7200-7500।

दलहन :-चना कांटेवाला बेस्ट 5900-5950, एवरेज 5500-5600, विशाल 5450-5550, काबूली डॉलर 8500-9000, काबुली रशि?यन 5600-5800, बिटकी 5300-5400, मसूर बेस्ट 6100-6150, एवरेज 6000-6050, मूंग देशी 7800-7900, पाला 7900-8000, चमकी 8000-8100, नायलोन 8000-8100, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6600-6700, एवरेज 6500-6600, हल्की 6400-6500, तुअर महाराष्ट्र 6600-6700, महाराष्ट्र लाल 6600-6900, उड़द बेस्ट 7600-7700, एवरेज 7400-7500, शंकर 7200-7300, हल्की 7000-7100। दाल :-चना दाल एवरेज 7700-8300, बोल्ड 8600-8800, तुअर दाल सवा नं. 7300-7400, तुअर दाल फूल 9000-9100, तुअर दाल बोल्ड 9900-10100, मसूर दाल एवरेज 7750-7850, बेस्ट 7950-8100, मूंग दाल 9500-9600, बोल्ड 9800-10000, मूंग मोगर 9300-9400, बोल्ड 9700-9800, उड़द दाल 8500-8600, बोल्ड 8700-8900, मोगर 9800-10000, बोल्ड 10100-10200।

अनाज :- गेहूं मिल क्वालिटी 2625-2650, लोकवन 2800-2850, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2650-2675, पूर्णा 2750-2800, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2275-2300।

चावल :- चावल हंसा सफेद 3000-3200, सेला 3500-3800, परमल 3400-3500, दुबराज 4000-4500, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8900, बासमती दुबार 9000-10000, मीनी दुबार 8000-8500, मोगरा 4500-6000, तिबार 10500-11000, बासमती (921) 12000-13000, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4800-5300।

मावा :- इन्दौर 340, उज्जैन 280, रतलाम 320 रू. प्रति किलो।

मोटोरोला ने लॉन्च किया moto g67 POWER, 15,000 रुपए से कम कीमत में

मुंबई : मोटोरोला,मोबाइल टेक्नोलॉजी में ग्लोबल लीडर और भारत का अग्रणी एआई स्मार्टफोन ब्रांड, ने 15K सेगमेंट के तहत अपने सर्वश्रेष्ठ कैमरा फोन moto g67 POWER एफके लॉन्च की घोषणा की है। इसमें विशाल 7000अँ की बैटरी दी गई है। यह डिवाइस अपने सेगमेंट को फिर से परिभाषित करता है, जिसमें सेगमेंट का सर्वश्रेष्ठ # 50MP सोनी LYTIA™ 600 कैमरा है, जिसमें सभी कैमरों से 4K वीडियो रिकॉर्डिंग की अनूठी सुविधा है,



स्लिमर डिजाइन के लिए सिलिकॉन कार्बन टेक्नोलॉजी के साथ विशाल 7000 mAh बैटरी, शक्तिशाली स्नैपड्रैगन Ⓡ 7S जेन 2 प्रोसेसर, सेगमेंट की सर्वोच्च मजबूती गोरिल्ला ग्लास 7 और MIL-810H के साथ, और एक शानदार 6.7 120Hz FHD+ डस्प्ले, इन सबको एक अल्ट्रा-प्रीमियम पैंटोनट्ठ क्यूरेटेड वेगन लेदर डिजाइन में पेश किया गया है। moto g67 POWER एफसेगमेंट का सर्वश्रेष्ठ 50MP सोनी LYTIA™ 600 सेंसर पेश करता है, जो शानदार स्पष्टता, समृद्ध विवरण और असाधारण लो-लाइट परफॉर्मेंस प्रदान करता है। यह अपने सेगमेंट का एकमात्र फोन है जो सभी कैमरों से 4K वीडियो रिकॉर्डिंग प्रदान करता है।

टाटा मोटर्स की घोषणा , वुमेन वर्ल्ड कप विनर्स को गिफ्ट की जाएगी टाटा सिएरा

मुंबई : महिला क्रिकेट टीम ने इस साल वर्ल्ड कप जीतकर पूरे देश का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया. अब देश की ऑटोमोबाइल दिग्गज कंपनी टाटा मोटर्स ने इन विजेताओं के सम्मान में बड़ा कदम उठाया है.कंपनी ने घोषणा की है कि वह 25 नवंबर 2025 को लॉन्च होने वाली अपनी फ्लैगशिप एसयूवी (टाटा सिएरा) का पहला बैच भारतीय महिला क्रिकेट टीम को गिफ्ट करेगी.इस दौरान टीम की हर खिलाड़ी को मिलेगा इस एसयूवी का टॉप मॉडल, जिसमें कंपनी की नवीनतम टेक्नोलॉजी और फीचर्स शामिल होंगे.यह कारें टीम की उन खिलाड़ियों को समर्पित हैं, जिन्होंने विश्व कप में असाधारण प्रदर्शन कर इतिहास रचा। इस अवसर पर टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड के एमडी और सीईओ, श्री शैलेश चंद्रा ने कहा, भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अपने अद्भुत प्रदर्शन और शानदार जीत से पूरे देश को गर्व महसूस कराया है। उनका यह सफर दृढ़ संकल्प और विश्वास की शक्ति का सच्चा उदाहरण है - वे गुण जो हर भारतीय को प्रेरित करते हैं। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स में, हमें गर्व है कि हम इन महान खिलाड़ियों को एक और दिग्गज उपहार में दे रहे हैं - द टाटा सिएरा। यह हमारे द्वारा उनके जज्बे और देश को दिलाई गई शान को सलाम है - दो दिग्गज, एक जज्बा, अनंत प्रेरणा।

एंजेल वन एएमसी ने लॉन्च किया भारत का पहला स्मार्ट बीटा फंड

मुंबई : एंजेल वन लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, एंजेल वन एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने एंजेल वन निफ्टी टोटल मार्केट मोमेंटम क्वालिटी 50 ईटीएफ और एंजेल वन निफ्टी टोटल मार्केट मोमेंटम क्वालिटी 50 इंडेक्स फंड के लॉन्च की घोषणा की; ये निफ्टी टोटल मार्केट इंडेक्स पर आधारित पहली स्मार्ट बीटा योजनाएं हैं, जो निवेशकों को निष्क्रिय निवेश के दायरे के तहत व्यापक बाजार में निवेश का अवसर प्रदान करती हैं। नई फंड पेशकशें (एनएफओ) 3 नवंबर, 2025 को अभिदान (सब्सक्रिप्शन) के लिए खुलेंगी और 17 नवंबर, 2025 को बंद होंगी। दोनों योजनाएं निफ्टी टोटल मार्केट मोमेंटम क्वालिटी 50 इंडेक्स के प्रदर्शन का अनुसरण करने के लिए तैयार की गई हैं, जिसमें बड़ी, मध्यम, छोटी और माइक्रोकैप खंड की 750 कंपनियों के समूह से चुने गए शीर्ष 50 स्टॉक शामिल हैं। स्टॉक का चयन संयुक्त गति (मोमेंटम) और गुणवत्ता स्कोर पर आधारित है, जो निवेशकों को बाजार में भागीदारी के लिए विविध, नियम-आधारित और पारदर्शी दृष्टिकोण प्रदान करता है। एंजेल वन एएमसी के कार्यकारी निदेशक और मुख्य कार्यकारी, श्री हेमेन भाटिया ने इस योजना के लॉन्च के अवसर पर कहा, ₹इन नए लॉन्च से स्पष्ट है कि हम निवेशकों को बाजार में भागीदारी के पारदर्शी और किफायती तरीके प्रदान करने प्रति अपनी प्रतिबद्धता जारी रखे हुए हैं।

कोटक म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया कोटक रूरल अपॉर्च्यूनिटीज फंड

मुंबई : कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी ने कोटक रूरल अपॉर्च्यूनिटीज फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है, जो ग्रामीण और इससे जुड़े क्षेत्रों में निवेश पर फोकस करेगी। यह स्कीम 6 नवंबर 2025 से 20 नवंबर 2025 तक निवेशकों के लिए खुली रहेगी। इस फंड का उद्देश्य लंबी अवधि में निवेशकों की दौलत में इजाफा करना है, जिसके लिए यह उन कंपनियों के शेयरों में निवेश करेगा, जो भारत के ग्रामीण विकास और बदलाव (रूरल ट्रांसफॉर्मेशन) से जुड़ी हैं या उससे लाभ कमा रही हैं। इस स्कीम का बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी रूरल इंडेक्स टीआरआई होगा। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, नीलेश शाह ने इस मौके पर कहा कि, ग्रामीण भारत अब केवल खेती तक ही सीमित नहीं है, यह 'भारत' के विकास का नया मोर्चा बन चुका है। वित्तीय समावेशन से लेकर डिजिटल कनेक्टिविटी और स्थानीय मैन्युफैक्चरिंग तक, ग्रामीण भारत में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। यह बदलाव अवसरों, नई उम्मीदों और सरकारी नीतियों की वजह से आ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती आय और कंजम्पशन अब भारत की बड़ी आर्थिक कहानी का एक अहम हिस्सा हैं।

टीवीएस की अक्टूबर में कुल 5,43,557 वाहनों की बिक्री



नईदिल्ली (एजेंसी)। अक्टूबर 2025 में टीवीएस मोटर ने बिक्री के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। टीवीएस कंपनी ने इस महीने कुल 5,43,557 वाहनों की बिक्री दर्ज की, जो पिछले वर्ष की तुलना में 11.15 प्रतिशत की वृद्धि और पिछले महीने की तुलना में 0.46 प्रतिशत की बढ़त को दशार्ती है। बीते साल की तुलना में टीवीएस ने करीब 54 हजार वाहनों की अतिरिक्त बिक्री की। यह प्रदर्शन कंपनी की घरेलू और वैश्विक बाजार में मजबूत पकड़ को दशार्ता है।

टीवीएस की सफलता का सबसे बड़ा आधार उसका भारतीय बाजार रहा, जहां उसने 4,21,631 वाहनों की बिक्री की। यह कुल बिक्री का लगभग 80 प्रतिशत है और इसमें वार्षिक तौर पर 9.83 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं, निर्यात के क्षेत्र में कंपनी ने 1,03,519 वाहनों की बिक्री की, जो कुल बिक्री का करीब 18 प्रतिशत हिस्सा है। मोटरसाइकिल श्रेणी में कंपनी ने 2,66,715 इकाइयाँ बेचीं, जो कुल बिक्री का 51 प्रतिशत हिस्सा है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 15.77 प्रतिशत की वृद्धि को दिखाता है।

वहीं स्कूटर सेगमेंट में कंपनी ने 2,05,919 यूनिट्स बेचीं, जिनमें से आईक्यूब इलेक्ट्रिक स्कूटर सबसे लोकप्रिय रहा। इस मॉडल की 32,387 इकाइयाँ बिकीं, जिससे यह साबित हुआ कि उपभोक्ता तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर बढ़ रहे हैं। कंपनी के तीन पहिया वाहनों ने भी रिकॉर्ड बनाया। अक्टूबर में 18,407 यूनिट्स बिके, जिनमें घरेलू बाजार में 117 प्रतिशत और निर्यात में 52 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

शॉपर्स स्टॉप ने अपना नया वेडिंग कलेक्शन लॉन्च किया

मुंबई : भारत के प्रमुख प्रीमियम फैशन, ब्यूटी और गिफ्टिंग ब्रांड शॉपर्स स्टॉप ने अपने शानदार वेडिंग कलेक्शन को इंडिया वेड्स विद शॉपर्स स्टॉप अभियान के तहत लॉन्च किया है। भारतीय शादियों की खूबसूरती और विविधता को दिखाते हुए, यह कलेक्शन शादी से जुड़े हर सदस्य के लिए चुने हुए कपड़े और एक्सेसरीज का खास संग्रह पेश करता है, जो पारंपरिक कला और आधुनिक स्टाइल का सुंदर मेल है। शॉपर्स स्टॉप के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, कस्टमर केयर एसोसिएट, कविंद्र मिश्रा ने कहा, भारत में शादियाँ रंग, संस्कृति और रिश्तों के धागों से बुना हुआ एक सुंदर उत्सव होता हैं। हमारा यह कलेक्शन शादी करने वाले समुदाय को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, ताकि इस शादी के मौसम में हर कोई अपना सबसे बेहतरीन लुक दिखा सके। इंडिया वेड्स विथ शॉपर्स स्टॉप अभियान के तहत, ग्राहक शादी की तैयारी के लिए जरूरी हर चीज एक ही जगह पर पा सकते हैं।

मंगलम इंडस्ट्रियल फाइनेंस लिमिटेड का राइट्स इश्यू खुला

मुंबई : मंगलम इंडस्ट्रियल फाइनेंस लिमिटेड एक अग्रणी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी ने अपने राइट्स इश्यू की अवधि बढ़ाने की घोषणा की है। कंपनी का राइट्स इश्यू वर्तमान में खुला है और 14 नवंबर 2025 को बंद होगा। यह राइट्स इश्यू 1 रुपये प्रति शेयर के मूल्य पर 48,08,21,750 इक्विटी शेयरों का है, जिसकी कुल राशि लगभग 48.08 करोड़ रुपये है। राइट्स इश्यू से प्राप्त शुद्ध धन का उपयोग कंपनी अपने पूंजी आधार को मजबूत करने और अपने एनबीएफसी कारोबार से जुड़ी संचालन क्षमताओं के विस्तार के लिए करेगी। इससे पहले, कंपनी ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी समाधान को वित्तपोषित करने के लिए अपनी नई फ्लीट फाइनेंसिंग पहल की घोषणा की थी। कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और सतत विकास के राष्ट्रीय लक्ष्य में योगदान देने की दिशा में उठाए गए इस कदम के तहत, MIFL देशभर के इलेक्ट्रिक वाहन फ्लीट ऑपरेटरों को वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।

अक्टूबर में कुल 17,772 इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री



नई दिल्ली (एजेंसी)। अक्टूबर 2025 में कुल 17,772 इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री हुई, जो सितंबर के 16,354 यूनिट के मुकाबले 9 प्रतिशत ज्यादा है। इस बंपर बिक्री से यह अंदाज लगाया जा सकता है कि देश का इलेक्ट्रिक फोर-व्हीलर सेगमेंट तेजी से आगे बढ़ रहा है। भले ही 22 सितंबर से लागू जीएसटी 2.0 का असर बाकी सेगमेंट पर दिखा, लेकिन इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग में स्थिर वृद्धि देखने को मिली। बिक्री के आंकड़ों में टाटा मोटर्स ने फिर से बढ़त बनाए रखी। कंपनी ने अक्टूबर में 7,116 ईवी बेचीं, जो पिछले महीने से 7प्रतिशत अधिक है। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने 4,497 यूनिट की बिक्री के साथ 8प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

वहीं, महिंद्रा ने 3,857 इलेक्ट्रिक कारें बेचकर 11प्रतिशत की बढ़त हासिल की। किआ ने 655 यूनिट्स की बिक्री के साथ 24प्रतिशत की ग्रोथ दर्ज की, जबकि हुंडई ने 437 यूनिट्स बेचकर 20प्रतिशत की वृद्धि पाई।

घाटे में चल रही एयर इंडिया ने मांगी 1.1 अरब डॉलर की मदद

नई दिल्ली (एजेंसी)। टाटा ग्रुप की एयरलाइन एयर इंडिया एक बार फिर सुर्खियों में है। ब्लूमबर्ग और रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार एयर इंडिया अपने दो मुख्य शेयरधारकों टाटा संस और सिंगापुर एयरलाइंस से 1.1 अरब डॉलर (करीब 10,000 करोड़ रुपए) की अतिरिक्त फंडिंग की मांग करने वाली है। यह राशि एयरलाइन को मौजूदा घाटे से उबरने, तकनीकी सिस्टम को आधुनिक बनाने और अपना खुद का इंजीनियरिंग एवं मेंटेनेंस विभाग स्थापित करने के लिए चाहिए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह मदद या तो इक्विटी निवेश के रूप में या बिना ब्याज के ऋण (इंटरेस्ट-फ्री लोन) के रूप में मिल सकती है। अंतिम निर्णय अभी लंबित है। कंपनी पिछले कुछ समय से ऑपरेशनल चुनौतियों और सेफ्टी कंसर्न्स का सामना कर रही है। जून 2025 में अहमदाबाद में हुए बोइंग 787 ड्रीमलाइनर हादसे ने एयरलाइन की स्थिति को और कठिन बना दिया, जिसमें लगभग सभी यात्रियों की मौत हो गई थी। इसके बाद एविएशन रेगुलेटर ने कड़ी जांच शुरू की और एयर इंडिया की अंतरराष्ट्रीय उड़ानें 15 फीसदी तक कम करनी पड़ीं। वित्त वर्ष 2024-25 में एयर इंडिया को करीब 8,000 करोड़ रुपए से अधिक का घाटा हुआ है। साथ ही पाकिस्तान के साथ सीमा तनाव के कारण उड़ान मार्ग लंबा होने से ईंधन लागत बढ़ी और राजस्व घटा।

मार्केट कैप

मार्केट कैप के मामले में रिलायंस इंडस्ट्रीज 228 अरब डॉलर के साथ पहले स्थान पर

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने रचा इतिहास :100 अरब डॉलर के मार्केट कैप का आंकड़ा पार

इंफोसिस ने सितंबर 2021 में 100 अरब डॉलर के बाजार पूंजीकरण का आंकड़ा पार किया था, लेकिन अब इसका मूल्य करीब 70 अरब डॉलर ही रह गया है। यह गिरावट आईटी शेयरों में जारी कमजोरी और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये के लगातार गिरावट के कारण है।



मुंबई (ईएमएस)। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने सितंबर माह में बेहतरीन प्रदर्शन कर गुरुवार को 100 अरब डॉलर के मार्केट कैप के आंकड़े को पार किया। त्यौहारी सीजन में ग्राहकों के बढ़ते खर्च के कारण कर्ज में हुई बढ़ोतरी ने देश के इस सबसे बड़े बैंक को बाजार के अनुमानों से बेहतर प्रदर्शन करने में मदद की। यह उपलब्धि तब मिली है जब एसबीआई ने कुल व्यापार के 100 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार किया है। सितंबर 2025 तक, बैंक का कुल कर्ज 44.20 लाख करोड़ रुपये और जमा 55.92 लाख करोड़ रुपये रहा।

मार्केट कैप के मामले में रिलायंस इंडस्ट्रीज 228 अरब डॉलर के साथ पहले स्थान पर है। एचडीएफसी बैंक 170 अरब डॉलर के साथ दूसरे और भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) तथा आईसीआईसीआई बैंक 100 अरब डॉलर से अधिक के मूल्य के साथ सूची में शामिल हैं। गौर करने वाली बात यह है कि इस समूह में शामिल छह में से तीन कंपनियां बैंक ही हैं, जो दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में बैंकिंग क्षेत्र की बढ़ती ताकत को दिखाती है।

इंफोसिस ने सितंबर 2021 में 100 अरब डॉलर के बाजार पूंजीकरण का आंकड़ा पार किया था, लेकिन अब इसका मूल्य करीब 70 अरब डॉलर ही रह गया है। यह गिरावट आईटी शेयरों में जारी कमजोरी और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये के लगातार गिरावट के कारण है। एसबीआई के चेयरमैन सीएस सेट्टी ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के एकीकरण से उद्योग को स्पष्ट रूप से फायदा हुआ है।

एक नजर

नार्को-टेरर फंडिंग केस में ईडी की छापेमारी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर में पूर्व मंत्री बाबू सिंह के ठिकानों सहित कई जगहों पर नार्को टेरर फंडिंग से जुड़े मामले में छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर में छह और जम्मू में दो ठिकानों पर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कार्रवाई की जा रही है। सबसे पहले मार्च 2022 में जम्मू कश्मीर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी। मोहम्मद शरीफ शाह नाम के एक व्यक्ति को कश्मीर से जम्मू में जतिंदर सिंह उर्फ बाबू सिंह नामक व्यक्ति को 6.9 लाख रुपए हवाले के जरिए भेजते हुए पकड़ा गया था।

टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की महिला हॉस्टल में हिडन कैमरा

कृ ागिरी। तमिलनाडु के कृ ागिरि में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की महिला हॉस्टल में बाथरूम में हिडन कैमरा लगाने के आरोप में कंपनी की कर्मचारी नीलू कुमारी गुप्ता (22) और उसके बॉयफ्रेंड संतोष (25) को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, नीलू ने संतोष के कहने पर कैमरा लगाया था। हॉस्टल की एक महिला कर्मचारी को कैमरा दिखा तो उसने बाकी साथियों को बताया, जिसके बाद मामला सामने आया। घटना के बाद करीब 2 हजार महिलाओं ने देर रात तक प्रदर्शन किया।

पाकिस्तानी सेना ने एलओसी के मेडिकल ट्रेनिंग शुरू की

नई दिल्ली। पाकिस्तानी सेना ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (एलओसी) में 10 दिन का मेडिकल ट्रेनिंग अभ्यास शुरू किया है। यह इलाका नियंत्र ा रेखा के पास है। इस कार्यक्रम में कुल 81 वॉलंटियर्स ने हिस्सा लिया, जिनमें 32 महिलाएं शामिल थीं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस ट्रेनिंग में वॉलंटियर्स को प्राथमिक उपचार, रक्त बहाव रोकने, फ्रैक्चर होने पर उपाय, जलने और सांप के काटने पर इलाज करने के तरीके सिखाए जा रहे हैं। यह ट्रेनिंग स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित की गई। ट्रेनिंग पूरी करने के बाद सभी प्रतिभागियों को वॉलंटियर्स और मेडिकल किट प्रदान की गई।

बिहार के.....

प्रथम पृष्ठ का शेष....

विजय सिन्हा और आरजेडी एमएलसी के बीच हुई बहस

आरजेडी एमएलसी अजय सिंह और डिप्टी सीएम विजय सिन्हा बीच सड़क भिड़ गए। दोनों के बीच काफी देर तक बहस हुई। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों तू-तड़ाक पर उतर आए। विजय सिन्हा ने आरोप लगाया कि अजय सिंह ने दारू पी रखी है और दारू पीकर गुंडई कर रहे हैं। अजय सिन्हा ने भी विजय सिन्हा को गुंडा बताया। इस पर विजय सिन्हा ने कहा, तुम्हारे जैसे गुंडों को मैं ठीक कर दूंगा।'

कोटा में 180 किमी की स्पीड से दौड़ी स्लीपर वंदे-भारत

लोको पायलट के केबिन पर रखा पानी भी नहीं छलका; ट्रेन पूरी तरह ऑटोमैटिक

कोटा, (एजेंसी)। कोटा में 180 किमी प्रति घंटे की स्पीड से स्लीपर वंदे भारत ट्रेन दौड़ी। इस दौरान लोको पायलट की डेस्क पर रखे गिलास से पानी नहीं छलका। यह पूरी तरह ऑटोमैटिक ट्रेन है। स्वदेशी तकनीक से निर्मित इस ट्रेन का 2 से 17 नवंबर तक ट्रायल चल रहा है। ट्रायल का उद्देश्य ट्रेन की तकनीकी, ब्रेकिंग, स्थिरता, कंपन और बिजली तंत्र की जांच करना है। लखनऊ के रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गनाइजेशन के निर्देशन में यह ट्रायल किया जा रहा है।



सवाई माधोपुर-कोटा-नागदा रूट पर किया जा रहा ट्रायल

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि ट्रायल सवाई माधोपुर-कोटा-नागदा रुट पर किया जा रहा है। 16 कोच वाली इस ट्रेन को 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलाया जा रहा है। यही नहीं, ट्रेन को 800 टन रैक भार के साथ और 108 टन अतिरिक्त वजन जोड़कर कुल 908 टन भार में टेस्ट किया जा रहा है। हर ट्रायल की कम्प्यूटराइज्ड रिकॉर्डिंग की जा रही है, ताकि ट्रेन की हर तकनीकी रिपोर्ट सटीक रूप में तैयार की जा सके।

देश के सबसे बेहतर और हाई स्पीड ट्रैकों में आता है कोटा का ट्रैक- कोटा मंडल को यह ट्रायल इसलिए सौंपा गया है, क्योंकि यहां का ट्रैक देश के सबसे बेहतर और हाई-स्पीड ट्रैक में गिना जाता है। इससे पहले भी कोटा में वंदे भारत, एलएचबी, डबल डेकर और हाई कैपेसिटी इंजन के ट्रायल हो चुके हैं।

ट्रेन में फर्स्ट, सेकेंड और थर्ड एसी के कोच होंगे

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में यात्रियों के लिए फर्स्ट एसी, सेकेंड एसी और थर्ड एसी के कोच होंगे। फर्स्ट एसी में 24 बर्थ, सेकेंड एसी में 47 बर्थ, थर्ड एसी में 72 बर्थ यानी कुल 16 कोच में 1128 बर्थ होंगी। इनमें से 24 बर्थ स्टाफ के लिए रिजर्व रहेंगी।

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन पूरी तरह से होगी ऑटोमैटिक

ट्रेन पूरी तरह ऑटोमैटिक होगी, कोचों के गेट सेंसर से खुलेंगे-बंद होंगे। प्रत्येक कोच में अग्निशमन उपकरण, टच-फ्री फिटिंग्स, रीडिंग लाइट्स, चार्जिंग पॉइंट और शावर क्यूबिकल्स जैसी सुविधाएं होंगी।

बिहार के लोगों को देश में अपनी भागीदारी समझनी होगी : प्रियंका

चम्पारण वही धरती है, जहां के लोगों ने महात्मा गांधी को रास्ता दिखाया



मोतिहारी,(एजेंसी)। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने गुरुवार को पूर्वी चंपारण जिले के गोविंदगंज विधानसभा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए एनडीए पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह वही चम्पारण की धरती है, जहां के लोगों ने महात्मा गांधी को रास्ता दिखाया। इस क्षेत्र से महात्मा गांधी ने सत्याग्रह शुरू किया, लेकिन आज इस क्षेत्र की परिस्थिति क्या है? प्रियंका ने कहा कि हम कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता हैं, जिनको महात्मा गांधी ने रास्ता दिखाया और उन्हें रास्ता दिखाने वाले आपके पूर्वज थे। बिहार के लोगों को इस देश में अपनी भागीदारी समझनी होगी। आपको समझना पड़ेगा कि इस देश को बनाने वाले आपके पूर्वज हैं। जब यहां रास्ता तक नहीं था, उस समय आपके पूर्वज ब्रिटिश साम्राज्य से लड़ाई लड़ रहे थे।

उन्होंने कहा कि कल तक यहां के विकास तेजी से हो रहे थे, लेकिन आज स्थिति बदल गई है। आज यहां तीन साल में 27 पुल गिरे हैं। लोग रोजी-रोटी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। रोजगार के लिए पलायन कर रहे हैं। प्रियंका ने कहा कि बीजेपी के बड़े नेता यहां आते हैं, लेकिन कभी यहां के लोगों से पलायन के कारणों के बारे में नहीं पूछते। आज यहां के शिक्षित लोग मजदूरी कर रहे हैं। पहले किसानी से भी काम चल जाता था, लेकिन इसके लिए सरकार से जो मदद मिलनी चाहिए थी, वह नहीं मिल रही है। पहले इस इलाके में चीनी मिल होती थीं, लेकिन आज वे ठप हैं। आज यहां के किसानों को ईख (गन्ना) बेचने के लिए यूपी जाना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि आज उद्योग बंद हैं। छोटे व्यापार से भी कमाई हो जाती थी, लेकिन आज वह भी नहीं हो रही है। अब बचा क्या है? आज भ्रष्टाचार चरम पर है। छोटे कार्यों के लिए भी पैसा देना पड़ता है। आज कोई खुशी से त्योहार नहीं मनाता। अस्पतालों की स्थिति भी बदतर है। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज संघर्ष कर रही हैं, लेकिन किसी ने उन्हें नहीं समझा। आज जब चुनाव आया तो पैसे भेजे जा रहे हैं।

चांदनी चौक का नाम बदलकर शीश गंज करने की मांग

नई दिल्ली (एजेंसी)। पंजाब बीजेपी के नेता प्रीतपाल सिंह बलियावाल ने चांदनी चौक का नाम बदलने की मांग की है। उन्होंने दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर चांदनी चौक का नाम शीश गंज रखने की अपील की। चांदनी चौक का नाम बदलकर शीश गंज रखने से गुरु तेग बहादुर जी की शहादत की भावना अमर हो जाएगी।

जहां आरजेडी और कांग्रेस का कुशासन हो वहां विकास का नामो-निशान नहीं होता

-पीएम मोदी ने कहा- भीड़ बता रही चुनाव का रिजल्ट

अररिया, (एजेंसी)। बिहार चुनाव के पहले चरण के मतदान के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को अररिया के फारबिसगंज पहुंचे हैं। यहां वे हवाई अड्डा मैदान में विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन के प्रत्याशियों के लिए चुनावी सभा को संबोधित कर रहे हैं। बिहार में पहले चरण के मतदान के बीच पीएम मोदी ने अररिया में सभा की। उन्होंने मैथिली में अपना संबोधन देते हुए कहा कि आज बिहार में पहले चरण के लिए मतदान हो रहा है। सोशल मीडिया पर शानदार तस्वीरें आ रही हैं। बूथों पर सुबह से लाइन लगी हैं। आज पूरे बिहार से एक ही आवाज आ रही है फिर एक बार एनडीए सरकार।



पीएम मोदी ने कहा कि आरजेडी नेता बिहार की पूरी एक पीढ़ी का भविष्य खा गए। 2014 में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद बिहार के विकास में तेजी आई। पटना में आईआईटी। बोधगया में आईआईएम। पटना में एम्स खुला। दरभंगा एम्स का काम चल रहा है। भागलपुर में आईआईआईटी है। बिहार में एक नहीं, दो नहीं बल्कि चार सेंट्रल यूनिवर्सिटी भी हैं। एनडीए सरकार में गंगा पर चार बड़े पुल बनाए हैं। पीएम मोदी ने महिलाओं को लेकर कहा कि मेरे मन में एक सवाल है। आप सुबह-सुबह इतनी बड़ी संख्या में आई हैं। घरवालों को आज खाना मिलेगा क्या। या तो आपने आज सुबह 4 बजे उठकर खाना बनाया होगा। आपका ऐसा प्यार और सौभाग्य बहुत कम लोगों को मिलता होगा।

उन्होंने कहा कि इतना बड़ा पंडाल बनाया है। मैं हैरान हूं। कोई इतना बड़ा पंडाल कैसे बना सकता है। मैं हेलिकॉप्टर से देख रहा था तो मुझे बहुत सारे लोग पैदल आते दिखे। पंडाल के बाहर तक लोग हैं। ये दृश्य अपने आप में चुनाव का नतीजा क्या होगा ये डंके की चोट पर साफ कर देता है। पीएम ने कहा कि विकसित भारत के लिए बिहार का विकसित होना जरूरी है। आरजेडी और कांग्रेस कभी भी बिहार को विकसित नहीं बना सकते हैं। इन लोगों ने बिहार पर कई सालों तक राज किया। इन लोगों ने आपके साथ सिर्फ विश्वासघात किया है। जहां कट्टा, क्रूरता का राज हो, वहां कानून दम तोड़ देता है। जहां कटुता बढ़ाने वाली आरजेडी और कांग्रेस हो, वहां समाज में सद्भाव मुश्किल होता है। जहां आरजेडी और कांग्रेस का कुशासन हो, वहां विकास का नामो-निशान नहीं होता है। जहां करप्शन हो, वहां सामाजिक न्याय नहीं मिलता, ऐसे लोग कभी भी बिहार का भला नहीं कर सकते।

ब्राजील की जिस मॉडल का राहुल गांधी ने लिया नाम, उसने बताई पूरी कहानी

नई दिल्ली,(एजेंसी)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने वोटर लिस्ट की गड़बड़ी में जिस ब्राजीलियाई मॉडल का जिक्र किया था। उसका बयान आ गया है। इस महिला का असली नाम लरिसा है। और कभी वो मॉडलिंग किया करती थी लेकिन अब वो इस पेशे से दूर है। लेकिन इंस्टाग्राम पर वो अभी भी सक्रिय है। लरिसा का कहना है कि इस मामले के बाद उसे दर्जनों भारतीय पत्रकारों के मैसेज आ रहे हैं। इस महिला ने ब्राजिलियाई भाषा में इंस्टाग्राम पर अपना मैसेज जारी किया है।



भारत में इस महिला की चर्चा उसके लिए आठवें आश्चर्य से कम नहीं है। इस महिला का कहना है कि उसका भारत की राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। उसकी तस्वीर को किसी ने स्टॉक इमेज से खरीदा है। और इस तस्वीर का गलत इस्तेमाल किया गया है। इस मैसेज का हिंदी अनुवाद दिया जा रहा है।

हेलो इंडिया, मुझे भारतीय पत्रकारों के लिए एक वीडियो करने को कहा गया था। इसलिए मैं ये वीडियो बना रही हूं, मुझे भारत की राजनीति से कुछ भी लेना-देना नहीं है। मैं कभी भारत नहीं गई। मैं ब्राजील मॉडल थी और डिजिटल इंफ्लूएंशर भी हूं। मैं भारत के लोगों से प्यार करती हूं। आपका बहुत बहुत धन्यवाद। नमस्ते। देखिए, मैं आपको बताना चाहूंगी, ये पूरा मामला बहुत गंभीर हो चुका है कुछ भारतीय पत्रकार मुझसे जानकारी चाह रहे हैं। देखिए मैं यहां हूं। कुछ भारतीय पत्रकार मुझे खोज रहे हैं और मेरा इंटरव्यू करना चाह रहे हैं। दोस्तों मैंने सभी को इंटरव्यू दिया है, हर सवालों का जवाब दिया है। मैंने ये आधिकारिक वीडियो भारत के लोगों के लिए बनाया है। अब मुझे भारत के कुछ शब्द भी सीखने पड़ेंगे। ये शब्द क्या हैं, मैं तो सिर्फ नमस्ते जानती हूं, और शब्द मुझे क्या सीखने चाहिए।मैं भारत में फेमस हो जाऊंगी, क्या आप इसे यकीन कर सकते हैं, फेमस हो जाऊंगी। समझ गए न। इस मुद्दे पर इतनी ही बात करनी है। अब बहुत गंभीरता हो गई। इस मुद्दे पर मुझे इतना ही कहना है। आप जान लीजिए कि मैं ही वो रहस्यमयी ब्राजिलियन महिला हूं। मैं ही वो रहस्यमयी मॉडल हूं, मैं तो बस बच्चों का ख्याल रख रही हूं। बस इतना ही मामला है। अब तो मैं मॉडल भी नहीं रही, और आपके अनुसार मॉडल के बाद तो मैं अब रहस्यमयी भी हो गई हूं। भारतीय मतदाता आपका मेरे इंस्टाग्राम पर स्वागत है, चलिए अब कुछ भारतीय फॉलोअर्स के साथ बात की जाए। ये मैं नहीं थी, समझे, ये सिर्फ मेरी तस्वीर थी। लेकिन मुझे लेकर मैं आपकी चिंता, आपकी दया भावना की तारीफ करती हूं।

बिहार चुनाव के दूसरे चरण में 43 फीसदी उम्मीदवार करोड़पति, 415 पर है मुकदमे

पटना(एजेंसी)। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 43 फीसदी उम्मीदवार करोड़पति हैं। साथ ही करीब 32 फीसदी उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। 48 फीसदी उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता स्नातक या उससे अधिक है। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, दूसरे चरण में 415 (32 फीसदी) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। इनमें 341 (26 फीसदी) उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। 193 उम्मीदवारों पर हत्या, 79 पर हत्या की कोशिश और 52 पर महिलाओं के ऊपर अत्याचार से संबंधित मामले हैं। इनमें तीन ने अपने ऊपर दुष्कर्म से संबंधित मामले दर्ज होने की जानकारी दी है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) एवं बिहार इलेक्शन वॉच ने दूसरे चरण में चुनाव लड़ रहे 1302 में 1297 उम्मीदवारों के शपथपत्रों का विश्लेषण कर यह जानकारी दी है। यह उम्मीदवार 20 जिलों के कुल 122 निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ रहे हैं, जिनमें 10 फीसदी (133) महिलाएं हैं। 26 फीसदी जिन उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, उनमें जनसुराज पार्टी के 117 में 51 (44 फीसदी), बसपा के 91 में 12 (13 फीसदी), राजद के 70 में 27 (39 फीसदी), भाजपा के 53 में 22 (42 फीसदी) जदयू के 44 में 11 (25 फीसदी), कांग्रेस के 37 में 20 (54 फीसदी), लोजपा (रामविलास) के 15 में नौ (60प्रतिशत) सीपीआई (माले) के छह में चार (76 फीसदी), सीपीआई के चार में दो (50 फीसदी), सीपीएम के एक में एक (100 प्रतिशत) उम्मीदवार शामिल हैं।एडीआर की रिपोर्ट में बताया गया है कि दूसरे चरण के 445 (34 फीसदी) उम्मीदवारों की आयु 25 से 40 वर्ष के बीच है। 680 (52 फीसदी) उम्मीदवारों की आयु 41 से 60 के बीच बताई गयी है। 170 (13 प्रतिशत) उम्मीदवारों की आयु 61 से 80 वर्ष के बीच है। दो उम्मीदवारों ने अपनी आयु 80 वर्ष से अधिक घोषित की है।

कांग्रेस है तो मुसलमान है, तेलंगाना सीएम के बयान पर मचा बवाल

हैदराबाद,(एजेंसी)। तेलंगाना के सीएम ए रेवंत रेड्डी एक बयान के कारण विवादों में घिर गए हैं। खबर है कि उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा कि कांग्रेस है तो मुस्लिम । अब एक ओर जहां बीजेपी ने रेड्डी और कांग्रेस पर समुदाय को बांटने की राजनीति का आरोप लगाया है। वहीं, कांग्रेस नेताओं ने सीएम का बचाव किया है। खास बात है कि 11 नवंबर को जुबली हिल्स में उप चुनाव होना है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जुबली हिल्स विधानसभा उपचुनाव के प्रचार में रेड्डी भी एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस है तो मुसलमान है, कांग्रेस है तो आपकी इज्जत है। जब कांग्रेस नहीं है तो आप कुछ नहीं हैं। तेलंगाना सरकार में शामिल नए मंत्री और पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन ने रेड्डी के बयान का बचाव किया है।

डीएसपी साहब, अगर मैं अपराधी था तो घर के प्रोग्राम में क्यों बुलाते थे?: मनोहर का पलटवार

- 100 करोड़ वाले डीएसपी की मुश्किलें बढ़ीं

कानपुर (एजेंसी)। निलंबित डीएसपी ऋषिकांत शुक्ला पर लगाए गए जमीन हड़पने के आरोपों के मामले में नया मोड़ आ गया है। शिकायतकर्ता मनोहर शुक्ला ने अब सबूतों के साथ पलटवार करते हुए डीएसपी और उनके परिवार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने तस्वीरें और कॉल रिकॉर्ड जारी कर कहा कि अगर मैं अपराधी था, तो डीएसपी और उनकी पत्नी मुझे घर के कार्यक्रमों में क्यों बुलाते थे?

मनोहर शुक्ला का दावा है कि उन्होंने डीएसपी के बेटे के जन्मदिन का पूरा खर्च, करीब डेढ़ लाख रुपए, खुद उठाया था। यह आयोजन रॉयल क्लिप होटल में हुआ था। उन्होंने कहा, मैं उनके परिवार का हिस्सा था, घर की पूजा से लेकर पारिवारिक पार्टियों तक में शामिल रहा। अगर मैं अपराधी था, तो वे मेरे साथ इतने नजदीकी रिश्ते क्यों रखते थे? मनोहर ने आगे बताया कि डीएसपी और उनके बीच जमीन को लेकर एक रेंट एग्रीमेंट हुआ था, जिसके कागजात उनके पास हैं। उनका कहना है कि असली विवाद तब शुरू हुआ, जब उस जमीन की कीमत बढ़कर 60 से 70 करोड़ रुपए पहुंच गई। उन्होंने आरोप लगाया कि डीएसपी ने एनकाउंटर की धमकी देकर उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया।

ममदानी की जीत: तस्लीमा ने कहा-

पाखंड खत्म होना चाहिए ये तभी होगा जब मुस्लिम टैग हटेगा



नई दिल्ली,(एजेंसी)। न्यूयॉर्क के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी की जीत ने वैश्विक स्तर पर हलचल मचा दी है। एक यहूदी-ईसाई बहुल देश में मुस्लिम की इस सफलता पर सवाल उठ रहे हैं कि आखिर ऐसा कैसे संभव हुआ? मशहूर बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नसरीन ने इसे पश्चिमी देशों का पाखंड करार दिया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि अमेरिका और यूरोप अल्पसंख्यकों को सत्ता में देखकर उन्हें पहला मुस्लिम, पहला हिंदू या पहला यहूदी कहकर प्रचारित करते हैं, जबकि सच्ची समानता तब होगी जब पहचान नहीं, बल्कि कार्य और योग्यता मायने रखेगी।

पश्चिम का आंतरिक चेहरा अभी भी धार्मिक और कट्टर है; सिर्फ बाहरी मुखौटा आधुनिक लगता है। ममदानी की जीत के बहाने तस्लीमा ने धर्म, राजनीति और दिखावटी उदारवाद पर गहरा प्रहार किया है। तस्लीमा ने ऐतिहासिक उदाहरण दिए। जॉन एफ. केनेडी के राष्ट्रपति बनने पर उनके कैथोलिक होने को लेकर भारी विवाद हुआ, क्योंकि इससे पहले सभी राष्ट्रपति प्रोटेस्टेंट थे–अमेरिका की बहुसंख्यक आबादी। बराक ओबामा भी प्रोटेस्टेंट थे, जबकि जो बाइडेन दूसरे कैथोलिक राष्ट्रपति बने, लेकिन उनके विश्वास पर कोई हंगामा नहीं हुआ। कारण? पहली बार का टैग हट चुका था। समाज अपवादों को धीरे-धीरे स्वीकार करता है। इसी तरह, ममदानी को न्यूयॉर्क का पहला मुस्लिम मेयर कहा जा रहा है। ब्रिटेन में ऋषि सुनक पहले हिंदू प्रधानमंत्री बने, लंदन में सादिक खान पहले मुस्लिम मेयर। 1970 के दशक में न्यूयॉर्क के पहले यहूदी मेयर को भी यही टैग मिला। पश्चिम में सदियों से ईसाई सत्ता केंद्रित रहे, इसलिए अल्पसंख्यक की पहली सफलता हमेशा उछलती है।

चुनावी सीजन में लाड़ली, लक्ष्मी, बहिन की बल्ले-बल्ले

नई दिल्ली, (एजेंसी)। आधी आबादी को अपने पक्ष में करने का आसान तरीका राजनैतिक दलों ने अपनाया है। यही वजह है कि चुनावी सीजन में महिलाओं की बल्ले-बल्ले हो रही है। एक नई रिपोर्ट के अनुसार, अब तक 12 राज्यों ने महिलाओं के लिए बिना शर्त नकद हस्तांतरण योजनाएं शुरू की हैं, जबकि दो साल पहले यानी 2022-23 में ऐसे राज्यों की संख्या मात्र दो थी। पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च की इस ताजा अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष (2025-26) में ये 12 राज्य मिलकर 1,68,050 करोड़ रुपये खर्च करेंगे-जो देश के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 0.5 प्रतिशत है। दो साल पहले यह आंकड़ा 0.2प्रतिशत से भी कम था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि जिन राज्यों में आने वाले वर्ष में विधानसभा चुनाव होने हैं, वहां इन योजनाओं पर खर्च



में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। असम में पिछले वित्त वर्ष की तुलना में इन योजनाओं के लिए 31प्रतिशत अधिक राशि आवंटित की गई है। पश्चिम बंगाल में यह वृद्धि 15 प्रतिशत रही है। झारखंड सरकार ने अक्टूबर 2024 में मुख्यमंत्री मायन सम्मान योजना के तहत मासिक राशि 1,000 से बढ़ाकर 2,500 रुपये कर दी। हालांकि, आर्थिक दबाव बढ़ने पर कुछ राज्यों को लाभ राशि घटानी भी पड़ी है। उदाहरण के लिए, महाराष्ट्र सरकार ने अप्रैल 2025 में मुख्यमंत्री लाडकी बहिन योजना की राशि 1,500 से घटाकर 500 रुपये कर दी, खासकर उन महिलाओं के लिए जो पहले से किसानों हेतु चल रही किसी अन्य प्रत्यक्ष लाभ योजना के तहत 1,000 रुपये प्राप्त कर रही थीं। भारतीय रिजर्व बैंक ने पहले ही राज्यों को चेतावनी दी है कि बढ़ती सब्सिडियों, कृषि ऋण माफी और नकद हस्तांतरण योजनाओं से राज्यों की वित्तीय स्थिति पर दबाव बढ़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, 12 राज्यों में से छह राज्यों ने वर्ष 2025-26 के लिए राजस्व घाटे का अनुमान लगाया है।

रिपोर्ट यह भी कहती है कि यदि नकद हस्तांतरण योजनाओं के खर्च को हटाकर देखा जाए, तो इन राज्यों की राजस्व स्थिति बेहतर दिखती है। उदाहरण के लिए - कर्नाटक का राजस्व संतुलन 0.3 प्रतिशत अधिशेष से घटकर 0.6 प्रतिशत घाटे में पहुंच जाता है। मध्य प्रदेश में यह अधिशेष 1.1 प्रतिशत से घटकर सिर्फ 0.4 प्रतिशत रह जाता है। चाहे कर्नाटक की गृह लक्ष्मी, मध्य प्रदेश की लाड़ली बहना, महाराष्ट्र की लाडकी बहिन या बिहार की मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना हो, लगभग हर राजनीतिक दल अब महिलाओं को नकद सहायता के रूप में राहत देने की कोशिश कर रहा है। इन योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना बताया जाता है, लेकिन राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि ये योजनाएं चुनाव से पहले महिलाओं तक सीधी पहुंच बनाने का आसान और असरदार तरीका बन चुकी हैं।

स्वामी संसार पब्लिकेशन प्रा.लि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक प्रतीक्ष संघवी द्वारा 11, प्रेस काम्प्लेक्स, ए.बी. रोड इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित एवं पी.जी. इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेस प्रा.लि. राऊखेड़ी, मांगलिया बायपास ए.बी.रोड इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित।
फोन 0731 - 2575511-12। सम्पादक भरत दोशी, आर.एन.आई. पंजीयन क्रमांक 47622/88 (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र इंदौर रहेगा)।

एक नजर



विधायक ने किया नवीन पंचायत भवन का भूमिपूजन

नागदा-जंक्शन (निप्र)। नागदा खाचरौद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मोकड़ी में 38 लाख की राशि से नवीन अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त पंचायत भवन का भूमि पूजन और ग्राम घिनोदा में 34 लाख की राशि से नवीन पंचायत भवन का भूमि पूजन किया इसी कड़ी में ग्राम आक्याजागीर में 20 लाख की राशि से सीसी रोड़ निर्माण और पुलिया निर्माण का भूमि पूजन डॉ चौहान ने ग्रामीण जन और जनप्रतिनिधियों के साथ किया साथ ही विधायक डॉक्टर चौहान द्वारा ग्रामीणों से चर्चा करते हुए बताया गया कि खाचरोद से बेरछा होते हुए बनवाड़ा -मोकड़ी मार्ग और चांपाखेड़ा से बड़ावदा तक जो सड़क जर्जर हो गई है उसे ठीक करवा कर अतिशीघ्र टू लेन बनवाने हेतु ग्रामीण जनों को आश्वस्त किया और विधानसभा क्षेत्र में चंबल नदी पर जहां-जहां भी डेम की मांग विगत कई वर्षों से होती आ रही है वहां भी इसी कार्यकाल में डेम शासन से स्वीकृत कराकर अतिशीघ्र निर्माण शुरू करने हेतु पूरा प्रयास करेंगे इस अवसर पर , पूर्व मंडल अध्यक्ष लालसिंह बंजारी, जिला पंचायत सदस्य गजेन्द्रसिंह सोलंकी, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पाटीदार, मंडल महामंत्री ओर गोठड़ा सरपंच गजेन्द्रसिंह राठौर, मोकडी में सरपंच संतोष, पटेल यदुनाथसिंह गुर्जर, गोपाल पाटीदार, सचिव शांतिलाल वाक्तरिया आदि अन्य ग्रामीण, आक्याजागीर में सरपंच प्रतिनिधी बहादुरसिंह आंजना, भंवरलाल कावरिया, पन्नालाल रठोतिया, बालाराम गुलिया, राजेश बंबोरिया, विशाल आंजना, बद्रीलाल बंबोरिया, आदि अन्य ग्रामीण उपस्थित थे !



युवक कांग्रेस के विजय प्रत्याशी ने की खुशी जाहिर

नागदा-जंक्शन (निप्र)। प्रदेश युवक कांग्रेस संगठनात्मक चुनाव के परिणाम गुरुवार को जारी हुए जिसमें नागदा-खाचरौद युकां विधानसभा अध्यक्ष पद पर सरपंच बिरमसिंह गुर्जर, युकां नागदा ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष पद पर रवि शर्मा रजला, युकां खाचरौद ब्लॉक अध्यक्ष पद पर पुष्कर पाटीदार, युकां जिला महासचिव पद पर विरेन्द्रसिंह गुर्जर, युकां प्रदेश महासचिव पद पर जिला पंचायत सदस्य राधा मालवीय के विजय होने पर पूर्व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर के निवास पर आतिशबाजी कर, पुष्पमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर नागदा ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष धारासिंह सूरेल, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि देवीसिंह चन्द्रवंशी, पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष नरेन्द्र गुर्जर, भीमराज मालवीय, पार्षदगण आसिफ हुसैन, संदीप चौधरी, प्रमोदसिंह चौहान, वासुदेव चौहान, लोकेश चौहान, लोकुमल खत्री, मनीष रघुवंशी, सुनील गुर्जर, अहमद अली, असलम खान, कवि देवसिंह गुर्जर, रवि राठौर, मंगेश यादव, राजकुमार यादव, प्रभुलाल गुर्जर, सवजी गुर्जर, लखन, चरण गुर्जर, राजेश गुर्जर आदि ने स्वागत किया।

कार्तिक पूर्णिमा पर समाजजनों ने की इष्ट देव की आरती, मंगलाष्टक किए

नागदा-जंक्शन (निप्र)। सहस्त्र औदीच्य ब्राह्मण समाज, महिला मंडल एवं युवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में समाज के इष्टदेव भगवान श्री गोविंद माधव जी की जयंती का भव्य आयोजन बुधवार को श्री गोविंद माधव मंदिर, धर्मशाला परिसर, प्रकाश नगर में उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री गोविंद माधव की प्रतिमा के अलंकारिक श्रृंगार तथा स्वस्ति मंत्रो के साथ देव आह्वान से हुआ। तत्पश्चात भव्य आरती संपन्न की गई, जिसमें समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और जय श्री गोविंद माधव के जयघोष से सम्पूर्ण परिसर गुंजायमान हो उठा। आयोजन सहस्त्र औदीच्य ब्राह्मण समाज अध्यक्ष डॉ. प्रदीप रावल, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती अर्चना दवे तथा युवा संगठन अध्यक्ष अजय पंड्या के संयुक्त नेतृत्व में संपन्न हुआ। संपूर्ण आयोजन में समाज बंधुओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई और श्रद्धापूर्वक भगवान गोविंद माधव के दर्शन कर औदीच्य दिवस मनाया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि – गोविंद माधव जयंती समाज की आस्था, एकता और वैदिक परंपरा का प्रतीक पर्व है, जो सभी को धर्मनिष्ठा की प्रेरणा देता है।

जल की उपलब्धता हुई कम, सिंचाई के लिए पानी देना संभव नहीं

शाजापुर, निप्र। जिले में चिल्लर मध्यम सिंचाई योजना, लखुन्दर मध्यम सिंचाई योजना एवं लघु सिंचाई योजना में जलभराव क्षमता एवं संग्रहित जल के प्रतिशत कम व अल्प वर्षा होने के कारण चिल्लर जलाशय में जल की उपलब्धता कम होने से सिंचाई के लिए पानी देना संभव नहीं हैं। जिला मुख्यालय पर विधायक श्री अरूण भीमावद एवं कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जलसंसाधन विभाग के अधिकारी से सिंचाई तथा कमाण्ड एरिया की जानकारी प्राप्त कर विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।

विधायक श्री भीमावद ने जलसंसाधन एवं नगरपालिका एवं संबंधित विभागों के अधिकारी को निर्देश दिये कि किसानों को कृषि सिंचाई के लिए पर्याप्त जल कैसे दिया जाये इसके लिए कार्ययोजना बनाएं। साथ ही उन्होंने नगरपालिका अधिकारी को निर्देश दिये कि पेयजल की उपलब्धता बनी रहे इसके लिए शहर में वार्डवार नलकूप खनन कराएं।

कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने नगरपालिका सीएमओ को निर्देश दिये कि नगर में पेयजल का संकट निर्मित न हो, इसके दृष्टिगत रखते हुए सभी निर्माण कार्यों के लिए एचटीपी से निकलने वाले पानी का उपयोग कराएं। साथ ही पेयजल के लिए एसडीआरएफ



मद से राहत राशि प्राप्त करें। साथ ही नगरपालिका शहर में पेयजल की व्यवस्था के लिए के वार्डवार नलकूप खनन की कार्ययोजना बनाएं। उन्होंने निर्देश दिये कि विभिन्न करों की वसूली कर नगरपालिका आय बढ़ाएं। इस दौरान समिति सदस्यों ने 15 नवम्बर से लखुन्दर जलाशय का पानी नहरों में चालू करने का अनुरोध किया। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारी को 15 नवम्बर से नहर में पानी छोड़ने के निर्देश दिये। बैठक में कार्यपालन यंत्री जल संसाधन टोप्पो ने बताया कि जल संसाधन संभाग, शाजापुर के अंतर्गत 02 मध्यम योजनाऐं, 46 लघु सिंचाई तालाब, 52 स्टापडेम/वियर/बैराज सिंचाई योजनाए निर्मित है इस प्रकार कुल 100 योजनाऐं है। गत वर्ष 2024-25 में जिले में पूर्व से निर्मित 97 योजनाओं से रबी सिंचाई लक्ष्य 32020 हेक्टर के विरुद्ध 32020 हेक्टर क्षेत्र में सिंचाई की गई थी।

इस वर्ष अल्पवर्षा होने के कारण 02 मध्यम योजनाऐं एवं 98 लघु सिंचाई योजनाओं की कुल रुपांकित रबी सिंचाई 30327 हेक्टर के विरुद्ध 27477 हेक्टर क्षेत्र में रबी सिंचाई हेतु जल प्रदाय किया जावेगा। दिनांक 25.09.2025 की स्थिति में जीवित जल भराव 167.49 मि.घन मीटर के विरुद्ध 121.60 मि.घन मीटर ही हुआ है जिसका प्रतिशत 72.64 है।

चिल्लर मध्यम सिंचाई योजना - योजना की कुल उपयोगी जल भराव क्षमता 31.12 मि.घन मी. है, जिसके विरुद्ध 12.05 मि.घन मीटर पानी संग्रहित हुआ है जिसका प्रतिशत 38.72 है। इस वर्ष अल्पबर्षा होने से बांध का भराव 13.50 फीट ही हुवा है, जो कि पेयजल हेतु सुरक्षित रखा जावेगा एवं डूब तथा लिफ्ट से कृषकों को 710 हेक्टेयर क्षेत्र में पानी दिया जायेगा। लखुन्दर मध्यम सिंचाई योजना - बांध की कुल उपयोगी जल भराव क्षमता 30.65 मि.घन मीटर है, जिसके विरुद्ध 20.22 मि.घन मीटर पानी संग्रहित हुआ है जिसका प्रतिशत 66.00 है। इस योजना से बैंक नोट प्रेस देवास एवं नगर पंचायत मक्सी को लगभग 3.00 मि.घन मीटर जल प्रदाय किया जाता है। इस हेतु पानी औद्योगिक क्षेत्र देवास एवं मक्सी नगर के पेयजल हेतु आरक्षित रखा जाना प्रावधानिक है। सिंचाई हेतु नहरों को 482.00 मीटर के लेवल पर बंद कर पेयजल एवं बैंक नोट प्रेस देवास हेतु पानी सुरक्षित रखा जाता है। इस वर्ष इस योजना से रबी सिंचाई हेतु 3000 हेक्टेयर में पलेवा हेतु पानी दिया जाना प्रस्तावित है।

लघु सिंचाई योजना - जल संसाधन संभाग अंतर्गत कुल 98 लघु सिंचाई योजनाऐं निर्मित जिनकी कुल जीवित जल भराव क्षमता 105.72 मि.घन मीटर के विरुद्ध 89.33 मि.घन मीटर संग्रहित हुआ है जो कुल भराव का 84.50 प्रतिशत है। इन समस्त लघु सिंचाई योजनाओं से 23767 हेक्टेयर क्षेत्र में रबी सिंचाई की जायेगी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।





अमेरिका से आई सोशल कैपिटल इनिशिएटिव टीम पहुंची गांव के स्कूल में

नागदा-जंक्शन (निप्र)। मेरा गांव मेरी दुनिया संस्था उज्जैन जिले के गांवों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस प्रयास में अमेरिका की संस्था सोशल कैपिटल इनिशिएटिव सामाजिक पूंजी के माध्यम से मेरा गांव मेरी दुनिया को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने में सहयोग प्रदान कर रही है। सोशल कैपिटल इनिशिएटिव (एससी आई) से आईं गीता, हेलेन, श्वेता और ईमा ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय झुटावद का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने संस्था ह्मेरा गांव मेरी दुनियाह्व द्वारा संचालित स्पर्श और टेक ट्रक प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया।

स्पर्श प्रोजेक्ट के अंतर्गत बनाए गए हिंदी, अंग्रेजी और गणित विषयों के कॉर्नर को टीम ने खूब सराहा। भाषा और गणित की शिक्षण विधि को ध्यान में रखकर बच्चों की बुनियादी शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए संस्था के प्रयासों की उन्होंने विशेष प्रशंसा की।साथ ही टेक ट्रक प्रोजेक्ट के तहत विद्यालय में तैयार किए गए मंच पर टीम के सदस्यों ने बच्चों के साथ फोटो खिंचवाए। निरीक्षण के दौरान बच्चों ने अपने सीखे हुए कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने हाथों से मिठाई, खमण, बिस्कुट और पॉपकॉर्न बनाकर दिखाया। साथ ही वेल्डिंग करना, राइटिंग पेड बनाना, ईंट जोड़ना, कलम करना, और जैविक व दशपर्णी दवा तैयार करने की प्रक्रिया भी बच्चों ने प्रदर्शित की। इसके अतिरिक्त, फ्रिस्बी खेल का भी आयोजन किया गया।जिसमें शासकीय माध्यमिक विद्यालय पेटलावद और झुटावद के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया बच्चों के रचनात्मकता और सीखने के उत्साह को देखकर टीम के सदस्य अत्यंत प्रसन्न हुए। उन्होंने बच्चों और संस्था की टीम की सराहना करते हुए कहा– ह्बहुत बढ़िया काम हो रहा है, बच्चे बहुत अच्छे से सीख रहे हैं।ह्व गीता मेहता जो सोशल कैपिटल इनिशिएटिव की फाउंडर और दुनिया की सर्वश्रेष्ठ यूनिवर्सिटी में शामिल कोलंबिया यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर ने कहा कि मेरा गांव मेरी दुनिया की सबसे खूबसूरत बात ग्रामीण स्तर पर इस तरह की टीम तैयार करना और ऐसे लीडर तैयार करना है ,जो बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। श्वेता झुनझुनवाला ने बात करते हुए कहा कि इस तरह के काम की जरूरत पूरे भारत में है और हर गांव में ऐसे युवाओं की लीडरशिप तैयार करना चाहिए। सोशल कैपिटल इनिशिएटिव की बोर्ड मेंबर हेलेन जो फॉर्चून 500 में लीडरशिप की भूमिका में भी रही है ने पूरे प्रोग्राम की तारीफ करते हुए कहां की वो बहुत प्रेरित और विनम्र महसूस कर रही है। इस अवसर पर शासकीय माध्यमिक विद्यालय आजमाबाद से दिव्या डोडिया, पेटलावद से गोवर्धन परमार, जुवान सिंह, सुनील राठौर तथा झुटावद से मोहन विश्वकर्मा, लक्ष्मीनारायण शर्मा, अशोक पांचाल, राकेश पंवार आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे। मेरा गांव मेरी दुनियाह्व टीम ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए इस दिन को विशेष बताया।

नाबालिग छात्रा से अभद्र मैसेज भेजने वाले ऑटो चालक पर पुलिस की त्वरित कार्रवाई



नागदा-जंक्शन (निप्र)। थाना नागदा पुलिस ने महिला सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए एक नाबालिग छात्रा से अश्लील और अभद्र संदेश भेजने वाले ऑटो चालक को तत्काल गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

प्रकरण अपराध क्रमांक 509/2025 धारा 79 भारतीय न्याय संहिता एवं धारा 7/8 पाक्सो एक्ट के तहत दर्ज किया गया है। पीड़िता, जो नागदा निवासी है और वर्तमान में कक्षा 10वीं में अध्ययनरत है, ने बताया कि वह प्रतिदिन जिस ऑटो से स्कूल जाती है, उसी के चालक शोएब (ऑटो चालक) द्वारा से उसके घर के मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप संदेश भेजे गए।

पहले गुड मॉर्निंग और आप कहाँ हो जैसे सामान्य संदेश भेजे गए, लेकिन बाद में आरोपी ने गुरुवार शाम को मिलते हैं, मजा आएगाह्व जैसे डबल मीनिंग और अभद्र भाषा वाले संदेश भेजे, जिससे छात्रा को मानसिक पीड़ा पहुँची। पीड़िता ने यह बात अपने पिता व बड़े भाई को बताई, जिन्होंने तत्परता से थाना नागदा में रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया और द 06.11.2025 को 35 (3) बंसका नोटिस देकर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए आरोपी को उपजेल खाचरोद भेज दिया गया। थाना प्रभारी श्री अमृत लाल गवरी नागदा द्वारा बताया गया कि ह्ममहिला एवं बाल सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

ऐसे मामलों में तुरंत कार्रवाई की जाती है ताकि समाज में गलत तत्वों को सख्त संदेश मिल सके।

नागदा पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की नागरिकों द्वारा सराहना की जा रही है।



ग्रेसिम गोकुल गौशाला, टकरावदा में गौवंश आधारित प्रशिक्षण का आयोजन

नागदा-जंक्शन (निप्र)। ग्रेसिम जन सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित ग्रेसिम गोकुल गौशाला, टकरावदा में आज गौवंश आधारित किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम मे ग्रेसिम एवं बाएफ द्वारा संचालित परियोजनाओं से जुड़े किसान एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाये उपस्थित हुए किसानों को गौवंश आधारित खेती, जैविक कीटनाशक निर्माण एवं बीमारियों की रोकथाम से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रेसिम के मनीष जैन एवं जीवन पोरवाल द्वारा सभी अतिथियों के स्वागत से किया गया। राष्ट्रीय गौवंश आयोग (राष्ट्रीय कामधेनु) से पधारे सुनील जी मान सिंह ने मनुष्य मे फैल रही बीमारियों के रोकथाम के उपायों मे गौवंश और उनके प्रबंधन पर विस्तार से जानकारी दी। अभिनव एएचआरडीओ के अजीत शरद केलकर ने जैविक कीटनाशक एवं पोषक तत्व घर पर तैयार करने की विधि प्रदर्शित की। विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय गौरक्षा प्रमुख (म.प्र. एवं छत्तीसगढ़) सोहन विश्वकर्मा ने किसानों को जैविक खेती एवं गौ आधारित कृषि अपनाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर अरुण उपाध्याय (गौशाला चारा विभाग), जगदीश धाकड़ (उन्हेल), ग्रेसिम सीएसआर प्रमुख सतीश भुविर, मनीष जैन, जीवन पोरवाल,अविन्द सिकरवार, विजय प्रताप सिंह, डॉ. पी. सी. यादव,घनश्याम पांचाल, बाएफ लाइव्लीहुड्स से परियोजना अधिकारी शुभम ढुँढेले,ग्रेसी गुँजाल,राहुल अडलक, रामबाबू राठोर, रवींद्र पाटीदार तथा झांझाखेड़ी एफपीओ के बीओडी एवं सदस्य किसान, टकरावदा ग्राम पंचायत से सरपंच मंजु बिलवाडा उपस्थित रहे।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को गौवंश आधारित जैविक कृषि, प्राकृतिक खेती तकनीक, तथा ग्रामीण आजीविका संवर्धन से जोड़ना था ताकि वे आत्मनिर्भरता और सतत कृषि की दिशा में आगे बढ़ सकें।

कहीं भी कैसी भी परिस्थिति आ जाये धर्म को मत छोड़ना-संयतमुनिजी

नागदा जंक्शन (नि प्र) पूज्य अणुवत्सजी श्री संयतमुनिजी का आत्मशुद्धि चातुर्मास ऐतीहासिक रूप से सफल होकर पूर्ण हो गया है। पूज्य श्री ठाणा-4 का गुरुवार को समीपस्थ ग्राम रत्याखेड़ी में विहार हो गया ,रत्याखेड़ी स्थानक में प्रवेश कर अणुवत्सजी ने आयोजित धर्मसभा में कहा कि जैसे चातुर्मास प्रारम्भ में साधु संतो का प्रवेश होता है , ऐसे ही चातुर्मास पश्चात मंगल विहार भी होता है। ऐसे ही हमारा नागदा से विहार होकर रत्याखेड़ी प्रवेश हुआ। धर्म केवल 4 माह नहीं हमेशा करते रहना चाहिये। कहीं भी कैसी भी चाहे विषम परिस्थिति भी आ जाये धर्म को कभी नहीं छोड़ना चाहिये।

देव, धर्म, गुरू के प्रति दृढ़ आस्था एवं नींव जैसी दृढ़ श्रद्ध होनी चाहिये। धर्म करने वाले 4 प्रकार के होते है पहला मोम जैसा जो थोड़ा धर्म करता है बाद में पिघल जाता है। दूसरा लाख की तरह जो थोड़े समय के बाद पिघलते है। तीसरा लकड़ी के समान जो विषम परिस्थिति आने पर धर्म छोड़ देते है। चौथे मिट्टी के गोले के समान होते है जो आग में तपकर पक्के हो जाते है हमें भी उस मिट्टी के समान दृढ़ एवं पक्का धर्म करना चाहिये। कुछ भी हो जाये आराधना नहीं छोडना चाहिये। आदित्यमुनिजी ने कहा कि हमें अनंत पुण्यवाणी से ही भगवान का शासन मिला है। हमें सभी साधन भी पुण्यवाणी से मिले है। पुण्यवाणी से सब मिला पर हमने आज्ञा का पालन नहीं किया। वर्षावास 4 माह का बिना गुरू भगवान की आज्ञा के संभव नहीं।

डॉ. चौधरी पैंशनर्स एसोसिएशन जिला उपाध्यक्ष मनोनीत



नागदा-जंक्शन (निप्र)। सेवानिवृत्त आदर्श शिक्षक डॉ. प्रभु चौधरी प्रमुख पैंशनर्स एसोसिएशन जिला उज्जैन के उपाध्यक्ष मनोनीत किये गये। प्रमुख पैंशनर्स एसोसिएशन जिला उज्जैन में जिलाध्यक्ष अशोक दुबे ने विभागों के प्रभारी एवं उपाध्यक्ष तथा सचिव पदों पर एसोसिएशन के सदस्यो को मनोनीत किया गया है। जिलाध्यक्ष दुबे द्वारा सेवानिवृत्त आदर्श शिक्षक डॉ. प्रभु चौधरी को जिला उपाध्यक्ष एवं नागदा तहसील प्रभारी का नियुक्ति पत्र प्रदान किया है।डॉ चौधरी के प्रमुख पैंशनर्स एसोसिएशन जिला उज्जैन जिला उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर पैंशनर्स साथियों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की है।डॉ चौधरी को नियुक्त पत्र एवं सम्मान संस्था मीडिया प्रभारी डॉ स्वामीनाथ पांडेय ने प्रदान किया।उक्त जानकारी सेवानिवृत्त शिक्षक सुन्दरलाल जोशी ने दी है।

Arihant Capital Markets Limited

(Member of BSE, NSE, NCDEX, MCX, DP-NSDL, CDSL) **CIN: L66120MP1992PLC007182**

Regd. Office: 601, Atlantis Tower, Plot No. 13-A, Scheme No.78, Vijay Nagar, Indore- 452010

Ph.: 0731-4217200, Email: compliance@arihantcapital.com, Website: www.arihantcapital.com

UNAUDITED STANDALONE AND CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEARLY ENDED ON SEPTEMBER 30th, 2025

Based on the recommendations of the Audit Comittee, the Board of Arihant Capital Markets Limited ("The Company") at its meeting held on Thursday, 06th November, 2025, approved the Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results of the Company for the Quarter and Half Yearly ended on September 30, 2025 which have been subject to a limited review by Statutory Auditors of the Company, in terms of Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015,

The aforementioned Financial Results along with the Limited Review Report of the Statutory Auditors thereon are available on the company website at:

https://www.arihantcapital.com/Files/research-reports/OUTCOMEOFBM.pdf

You can also access the results by scanning the Quick Response Code provided below:

Scan The QR Code to view the result on the website of the company.

Place: **Mumbai,** Date : **06.11.2025**

For **Arihant Capital Markets Limited**

Sd/-

Ashok Kumar Jain

(Chairman & Managing Director)

DIN : 00184729

Note: The above intimation is in accordance with the Regulation 33 read with Regulation 47(1) of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

होंडा बाइक शोरूम चोरी का पर्दाफाश

2 लाख 40 हजार नकदी के साथ एक गिरफ्तार, साथी फरार

एसपी वर्मा ने टीआई मंडलोई की पुलिस टीम को सफलता पर दी बधाई



खरगोन, (निप्र)। कोतवाली क्षेत्र के बिस्टान रोड़ स्थित बाईक शोरुम में एक सप्ताह पहले हुई लाखों रुपए नकदी चोरी का पदार्फाश करने में पुलिस को सफलता मिली है। चोरी में शामिल दो बदमाशों में से पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 2 लाख 40 हजार रुपए की बड़ी नकदी बरामद की है। फिलहाल साथी फरार है। गिरफ्तार आरोपी आदतन अपराधी होकर, इसके विरुद्ध खेतिया थाने पर पूर्व में भी चोरी के प्रकरण का रिकार्ड मिला है।

एसपी रविंद्र वर्मा ने गुरुवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 28- 29 अक्टूबर की दरमियानी रात बाईक शोरुम में चोरी हुई थी। इसकी रिपोर्ट शोरुम संचालक विशाल भंडारी ने कोतवाली पर दर्ज कराते हुए शोरुम के सर्विस सेंटर शटर तोड़कर शोरुम में घुसने के बाद कैश काउंटर व स्पेयर पार्ट्स के गल्ले से नगदी 4 लाख 75 हजार 402 रुपये चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसपी ने टीआई श्री मंडलोई एवं उनकी पुलिस टीम को बधाई दी। उन्होंने बताया कि चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी बनवारी लाल मंडलोई के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर मौके पर बदमाशों की तलाश शुरू की गई। क्षेत्र व सभी संभावित रास्तों के सीसीटीव्ही कैमरे खंगाले गए व मुखबिरों को भी सक्रिय कर घटना से जुड़ी जानकारी देने के लिए लगाया गया। उल्लेखनीय है कि चोर शोरुम के बाहर खड़ी यात्री बस के सहारे शोरुम की छत के रास्ते घुसे थे। चोरों ने सीसीटीवी कैमरों से भी छेड़छाड की थी।

थाना प्रभारी मंडलोई ने बताया चिन्हित संदिग्धों की तलाश के दौरान जीतू पिता हरेसिंह निवासी निवाली जिला बड़वानी को हिरासत में लिया। पूछताछ में जीतू ने उक्त चोरी को अपने साथी के साथ मिलकर उक्त घटना को कारित करना स्वीकार किया। जीतू से नकदी बरामद करने के साथ ही उसके साथी की तलाश की जा रही है। उक्त की गई कार्यवाही में एसडीओपी खरगोन रोहित लखारे व थाना प्रभारी कोतवाली ारगोन निरीक्षक बनवारी लाल मंडलोई, निरीक्षक महेश गेहलोद, सउनि श्रीराम भुरिया, प्रआर. श्याम पंवार, संतोष शुक्ला, आरक्षक राजेश पटेल, आले अली, करण बोरकर, कृष्णकांत, जेतराम बर्डे, सायबर सेल से उनि.दिपक तलवारे, अभिलाष डोंगरे, सचिन चैधरी का विशेष योगदान रहा।



खबर का असर- नगर पालिका स्वास्थ्य अधिकारी मेढ़ा ने हटवाया कुड़ा-कचरा

खरगोन, (निप्र)। विगत दिवस पुल के नीचे महिनों से पड़े हुए कुड़े- कचरे एवं गंदगी का समाचार फोटो सहित प्रमुखता से प्रकाषित किया गया था। खबर का यह असर रहा कि स्वास्थ्य अधिकारी जितेंद्र मेढ़ा ने कुड़ा- कचरा और गंदगी हटवाकर यहां पूर्ण रुप से सफाई करवाई। सफाई हो जाने से वार्ड नंबर-2 के नागरिकों में खुषी देखी गई। स्वास्थ्य अधिकारी के इस कार्य से प्रसन्न होकर नगर पालिका के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजीजुद्दीन शेख ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि बेस्ट वर्क करके, अपनी बेस्ट ईमेज बनाएं।



रजत डंडीर बने जिला युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष, युवाओं में खुशी की लहर

खरगोन, (निप्र)। लंबे समय से छात्र नेता के रुप में सक्रिय रजत डंडीर के जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष बनने की खबर आते ही, जिलेभर के युवाओं में खुशी की लहर है। उल्लेखनीय है कि रजत, पूर्व विधायक परसराम डंडीर के भतीजे है। कांग्रेस नेता दीपक डंडीर ने बताया कि जिला युवा कांग्रेस की टीम में हमारे अन्य साथी भी पदाधिकारी चुने गए है। अधिकृत सूची आते ही विषाल जुलूस निकालने की तैयारी की जा रही है। संभवतः शनिवार को निर्वाचित सभी पदाधिकारियों का भव्य जुलूस निकाला जाएगा।



पीजी कॉलेज में इएलसी क्लब एवं कैम्पस एम्बेसेडर नियुक्ति के लिए हुई बैठक

खरगोन, (निप्र)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश के निदेर्शानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरगोन में स्वीप गतिविधयों के अंतर्गत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जी.एस. चौहान के मार्गदर्शन में 06 नवंबर इ.एल.सी को अपडेट करने एवं नव प्रवेशित विद्यार्थियों को कैम्पस एम्बेसेडर के रूप में नियुक्त करने के लिए बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्राचार्य डॉ. चौहान ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा चलाएं जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सहभागिता कर सुनिश्चित कर प्रचार प्रसार किया जाना है। जिला नोडल अधिकारी डॉ. ओ.एस.मेहता एवं इ.एल.सी संयोजक प्रो. संदिप बिड़ला ने बताया कि यह इ.एल.सी महाविद्यालय में वोटर कार्ड एवं निर्वाचन के लिए लगातार विद्यार्थियों को जागरूक करने तथा नामावली में अपना नाम जुड़वाने हेतु प्रेरित करेगी। साथ ही अग्रणी महाविद्यालय द्वारा अधिनस्थ महाविद्यालयों को इ.एल.सी गठन, कैम्पस एम्बेसेडर की नियुक्ति एवं एम्बेसेडर के दायित्व तथा उनके प्रविधियों से अवगत कराता है। बैठक में इ.ए.सी सदस्य डॉ. आर.एस. चौहान एवं डॉ. छितु सिंह चौहान, डॉ. सावित्री भगोरे, डॉ. दुर्गा पाटीदार, डॉ. मुकेश सस्त्या नवनियुक्त कैम्पस एम्बेसेडर, राधिका पटेल कक्षा बीए तृतीय वर्ष उपस्थित रहे।

कपास में नमी पर सीसीआई ने खरीदी से किया इंकार, भड़के किसान, गेट बंद कर किया प्रदर्शन

खरगोन, (निप्र)। भारतीय कपास निगम के खरीदी नियमों को लेकर एक पखवाड़े में दूसरी बार आनंद नगर स्थित कपास मंडी में हंगामें की स्थिति निर्मित हुई। गुरुवार को कपास खरीदी के दौरान प्रति हेक्टेयर तय लिमिट के साथ ही कपास में नमी को लेकर किसानों ने विरोध दर्ज कराया। इसके चलते निलामी रोकनी पड़ी। आक्रोशित किसानों ने मंडी गेट बंद कर प्रदर्शन किया। एसडीएम एवं मंडी सचिव के हस्तक्षेप के बाद दोबारा खरीदी शुरू हो सकी।

मंडी पहुंचे किसान राधेश्याम पटेल ने बताया कि किराये के वाहन लेकर उपज मंडी लाए है। क्षेत्र के किसान इन दिनों बड़ी मुश्किल में है। लगातार हो रही बारिश ने कपास की फसल को नुकसान पहुंचाया है। ऐसे हालत में सीसीआई खरीदी से अच्छे दाम की उम्मीद थी, लेकिन वह भी टूटती जा रही है। किसानों ने बताया गत वर्ष के नियमों में भारी बदलाव किया है, किसान नए नियमों की पूर्ति नही कर पा रहे है। लिमिट तय करने के साथ ही नमी का हवाला देकर अच्छे कपास को भी रिजेक्ट किया जा रहा है। इसलिए



मजबूरन अपनी चार माह की दिन रात की गई मेहनत से उपजाई फसल को कम दामों पर बेचना पड़ रहा है। सीसीआई अधिकारियों के अनुसार कपास में 12 प्रतिशत तक नमी स्वीकार्य होती है, लेकिन अब यह स्तर 18 से 20 प्रतिशत तक पहुंच गया है। ऐसे में खरीदी नही कर पा रहे है।

एसडीएम वीरेंद्र कटारे ने बताया किसान संगठन पदाधिकारियों के साथ बुधवार को बैठक की थी। इसमें निर्णय लिया गया कि खरीदी लिमिट बढ़ाई जाए, इसका प्रस्ताव शासन को भेजा है। किसानों की मांग है कि निर्णय का आज से ही पालन हो। इसके साथ ही बगैर नमी जांचे खरीदी हो, जो संभव नही है। किसानों की नाराजगी को देखते हुए बिक्री के लिए लाए कपास को बिक्री से पहले बिखराने की बात कही, जिस पर किसानों ने भी सहमति जताई।



राहुल पंवार युवक कांग्रेस जिला महासचिव निर्वाचित

खरगोन, (निप्र)। युवक कांग्रेस के ऑनलाईन किए गए चुनावों के परिणाम घोषित कर दिए गए है। इसमें युवक कांग्रेस के सक्रिय युवा नेता राहुल पंवार को जिला महासचिव निर्वाचित किया गया है। पंवार के महासचिव निर्वाचित होने पर साथी कार्यकताओं सहित पदाधिकारियों में खुशी का माहौल है। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पंवार को बधाई देते हुए कहा कि युवाओं को कांग्रेस पार्टी मौका दे रही है। युवाओं को वरिष्ठों के अनुभव से कांग्रेस के हर वर्ग के उत्थान की भावना और रीति- नीति को जन- जन तक पहुंचाने के संकल्प को बढ़ावा मिलेगा।



धर्मशालाएं किसी एक परिवार नहीं बल्कि पूरे समाज की होती हैं - विधायक पाटीदार



खरगोन, (निप्र)। धर्मशालाएं किसी एक परिवार की ना होकर व पूरे समाज की होती है। वह समाज के सभी लोगों के काम में आती है। आप सब के सामूहिक प्रयासो से आज यह भव्य भवन बनकर तैयार हुआ है। इसे साफ-स्वच्छ, सुरक्षित रखना आप सब की जिम्मेदारी होगी, जिससे समाज की यह धरोहर पहचान के रूप में स्थापित रहे।

उक्त विचार विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने गुरुवार को शहर के दांगी मोहल्ला क्षेत्र में नवनिर्मित धर्मशाला के लोकार्पण समारोह में व्यक्त किये। विधायक निधि से बनी इस धर्मशाला लोकार्पण समारोह में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। समाजजनों ने विधायक का आभार जताते हुए उनका सम्मान किया। समारोह में विधायक ने हाल ही में महिला विश्व कप में मिली जीत की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एक समय था जब लोगों की सोच थी कि बेटा ही कुल का नाम रोशन कर सकता है। लेकिन वर्तमान सरकार ने बेटियों को बढ़ावा देने के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसी अनेक योजनाएं शुरू की हैं। इसी का परिणाम है कि बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़कर देश का नाम रोशन कर रही है। लोकार्पण समारोह में दांगी समाज के वरिष्ठजनों के साथ ही जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

मिनी ट्रक और पिकअप के बीच मौत की टक्कर दोनों वाहनों के चालकों की दर्दनाक मौत

खरगोन, (निप्र)। जिले के बालसमुद में मिनी ट्रक और पिकअप वाहन की भिड़ंत मौत का टकराव साबित हुई। टक्कर इतनी भयावह थी कि दोनों वाहनों के केबिन चकनाचुर हो गए, जिसमें दबने से चालकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस दर्दनाक हादसे के बाद क्षेत्र में कुछ देर के लिए चक्काजाम की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहन चालकों को अस्पताल पहुंचाकर मार्ग पर आवाजाही सुचारु कराई। मिली जानकारी अनुसार गुरुवार सुबह करीब साढ़े छह बजे खरगोन- इंदौर मार्ग पर ग्राम बालसमुद के पास पेट्रोल पंप के सामने दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। टमाटर व हरी सब्जियों से भरी पिकअप सामने से आ रही मिनी ट्रक से जा टकराई। मिनी ट्रक में सात लोग सवार थे, जिनमें चालक की मौत हो गई, जबकि कुछ लोगों को गंभीर चोट आई हैं।



पुलिस से मिली जानकारी अनुसार हादसे में ट्रक चालक दिनेश पिता चेतराम भालसे (42) निवासी जीरभारए धरमपुरी के पोल्ट्री फार्म से खाद लेकर अपने गांव लौट रहा था। वहीं पिकअप वाहन इंदौर की ओर सब्जियां लेकर जा रही थी। इस दौरान दोनों वाहनों की आमने-सामने जोरदार टक्कर से वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। ग्रामीण सैफुद्दीन खान और सदर जावेद खान ने जेसीबी की मदद से मशक्कत के बाद दोनों चालकों के शवों को बाहर निकाला। पुलिस ने शवों को निजी वाहन से कसरावद अस्पताल भेजा।

महेश्वर-जानापाव उद्वहन माइक्रो सिंचाई योजना का नाम बदलकर महारानी अहिल्याबाई किया

खरगोन, (निप्र)। महेश्वर-जानापाव उद्वहन माइक्रो सिंचाई योजना का नाम शासन द्वारा गठित समिति के अनुमोदन उपरांत बदलकर महारानी अहिल्याबाई उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना किया गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने 24 जनवरी को महेश्वर प्रवास के दौरान भूमिपूजन कार्यक्रम में इस आशय की घोषणा की थी।

एक नजर



नगर निगम खंडवा द्वारा जब्त किए गए फलों का जरूरतमंदों में वितरण

खंडवा, (निप्र)। नगर निगम खंडवा द्वारा स्वच्छता और अनुशासन के साथ मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए आज जब्त किए गए लगभग एक क्विंटल फलों का वितरण शहर के विभिन्न सामाजिक संस्थानों में किया गया।निगमायुक्त श्रीमती प्रियांका राजपूत के निर्देश पर कुछ दिवस पूर्व नगर निगम कार्यालय के समीप बने सेल्फी प्वाइंट पर रखे गए लगभग एक क्विंटल सेबों को अवैध रूप से विक्रय हेतु रखे जाने पर नगर निगम दल द्वारा जब्त किया गया था। उक्त फल निगम परिसर में सुरक्षित रखे गए थे, जिन्हें आज निगम प्रशासन द्वारा जरूरतमंदों तक पहुँचाया गया।

आयुक्त के मार्गदर्शन में नगर निगम द्वारा यह पहल की गई कि जब्त किए गए खाद्य पदार्थों को नष्ट करने के बजाय उन तक पहुँचाया जाए जिन्हें इसकी सच्ची आवश्यकता है। इसी क्रम में आज नगर निगम टीम ने फलों का वितरण निम्न संस्थाओं में किया– निगमायुक्त श्रीमती प्रियांका राजपूत ने बताया कि जब्त की गई वस्तुओं का उपयोग जरूरतमंदों के कल्याण में किया जाना निगम की प्राथमिक नीति का हिस्सा है।

इस वितरण कार्यक्रम में नगर निगम के अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, सुरक्षा कर्मी एवं समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी संस्थाओं ने निगम प्रशासन का आभार व्यक्त किया और इसे एक प्रेरणादायक कदम बताया।



दलित बेटी की आत्महत्या पर विधायक तनवे ने जताया गहरा दुःख

परिवार से मिलकर दिलाया न्याय का भरोसा

खंडवा, (निप्र)। हरसूद क्षेत्र में दलित समाज की एक बेटी जो कथित रूप से लव जिहाद की शिकार बनी और लगातार मिल रही धमकियों व प्रताड़ना से व्यथित होकर उसने अपनी जान दे दी – यह घटना अत्यंत दुखद और हृदय विदारक है।

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया की गुरुवार खंडवा विधायक श्रीमति कंचन मुकेश तनवे हरसूद पहुंचीं और उन्होंने पीड़िता के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान विधायक तनवे ने परिवार को ढांढस बंधाया और भरोसा दिलाया कि दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा पीड़िता को न्याय दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। सुनील जैन ने बताया की इस अवसर विधायक कंचन तनवे के साथ ही मुकेश तनवे भाजपा मंडल अध्यक्ष रामजी पवार, भाजपा वरिष्ठ नेता कमल खंडेलवाल, आतिश पांडे सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

दुखी परिवार की सहायता करने में मिलती है मन को शांति, प्राप्त होता है पुण्य

खंडवा, (निप्र)। विगत दीनों एक दुखद घटना यूपी के गोरखपुर बस्ती जिले में रहने वाले आशीष धारिया के साथ गठित हो गई जो अपनी पत्नी बबली अपनी 14 वर्षीय पुत्री एवं 12 वर्षीय पुत्र के साथ गोरखपुर से कामकाज के सिलसिले में मुंबई जा रहे थे। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि रात्रि में खंडवा स्टेशन पर आशीष धारिया अपने बच्चों पत्नी के लिए भोजन लेने खंडवा प्लेटफार्म पर उतरे भोजन लेकर बच्चों को दिया तभी उन्हें ट्रेन में ही चक्कर आ गए और वह गिर पड़े तत्काल रेलवे पुलिस एवं संबंधित डॉक्टर द्वारा उन्हें खंडवा स्टेशन पर उतार कर जिला अस्पताल इलाज हेतु भेजा गया लेकिन ईश्वर को कुछ और ही मंजूर था और उनका निधन हो गया। स्वर्गीय आशीष धारिया उनकी पत्नी बबली एवं पुत्र पुत्री का रो रो कर बुरा हाल हो गया क्योंकि परिवार का मुखिया ही साथ छोड़ गया।लेकिन इस दादा जी की नगरी में ऐसे संकट के **समय दादाजी ने** स्वयं सेवाधारी को भेज देते हैं और पूरे 24 घंटे तक समाजसेवी ने अपने-अपने तरीके से उनकी सेवा की।



हरदा रेलवे डबल फाटक की राह हुई आसान जल्द शुरू होगा काम

आरोबी निर्माण के दौरान हेवी व्हीकल्स की एन्ट्री प्रतिबंधित रहेगी

हरदा, (निप्र)। शहर की वर्षों पुरानी मांग को मूर्तरूप दिया जा रहा है। स्थानीय रेल्वे फाटक पर अब आमजन को घंटों जाम से निजात मिल जाएगी ।

रेल्वे फाटक क्रमांक 204 डबल फाटक आर.ओ.बी. निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है। गत दिवस रेल्वे अधिकारियों एवं जिला प्रशासन की संयुक्त बैठक में अवगत कराया गया है कि निर्माण कार्य के दौरान रेल्वे फाटक क्रमांक 204 से आने जाने वाले हेवी व्हीकल्स बस, ट्रक, डम्पर, ट्राला इत्यादि वाहनों की एन्ट्री आर.ओ.बी. निर्माण अवधि के दौरान प्रतिबंधित रहेगी। शहर में टिमरनी-बैतूल मार्ग से आने वाले वाहन राष्ट्रीय राजमार्ग 59 उडा से पूर्व से होते हुए हंडिया रोड़ पर आयेंगे। इस दौरान शहर में आने वाले सभी टू-व्हीलर, फोर व्हीलर, ट्रेक्टर ट्रॉली वाहन पूर्व की भांति डबल फाटक से शहर में तथा शहर के बाहर जा सकेंगे।

राष्ट्रगीत वन्देमातरम वर्षगांठ मैराथन दौड़ आज

हरदा, (निप्र)। राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के मार्गदर्शन में 7 नवंबर शुक्रवार को पुलिस प्रशासन एवं जिला खेल और युवा कल्याण विभाग हरदा के तत्वाधान में मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है

वंदेमातरम् के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए वर्षभर 4 चरणों में विभिन्न गतिविधियां व्यापक रूप से आयोजित की जाएगी। इस दौरान प्रथम चरण 7 से 14 नवम्बर (शुभारम्भ), द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस, तृतीय चरण 7 से 15 अगस्त हर घर तिरंगा अभियान के साथ तथा चतुर्थ चरण 1 से 7 नवम्बर समापन सप्ताह के रूप में गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिये है कि 7 नवम्बर को प्रातः 9:30 बजे जिला मुख्यालय, सभी तहसील व विकासखण्ड मुख्यालय में वंदेमातरम का सम्पूर्ण गायन सुनिश्चित किया जाए। इसके बाद प्रातः 10 बजे से नई दिल्ली से माननीय प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम के सीधे प्रसारण के अवलोकन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। रक्षित निरीक्षक सुश्री रजनी सिंह गुर्जर ने बताया कि यह मैराथन दौड़ प्रातः 8:30 बजे से प्रताप चौक से प्रारंभ होकर नेहरू पार्क, बैंक ऑफ बड़ौदा, सब्जी मंडी, स्टेट बैंक, अंबेडकर चौक से होते हुए जिला न्यायालय के सामने ए.वी.एम मैदान स्थित शहीद स्मारक पर पहुंचेगी।

आदर्श योग व लायन्स क्लब ने गुरुजी की जयंती पर किया योग चिंतन, सेवा और संस्कारों का संचार

खंडवा, (निप्र)। आदर्श योग एवं संस्कार प्रतिष्ठान व लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा योगाचार्य स्व. लक्ष्मीनारायण गुप्त गुरुजी की 103वीं जन्म जयंती तिथि अनुसार मार्गशीर्ष प्रतिपदा पर योग, सेवा, संस्कार और गौसेवा के विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाई गई।

समाजसेवी नारायण बाहेती व सुनील जैन ने बताया कि आदर्श योग के अध्यक्ष डॉ दिलीप जैन, सचिव नारायण बाहेती, कोषाध्यक्ष दामोदर गर्ग,लायन्स अध्यक्ष आशा उपाध्याय, सचिव ओमप्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पवन लाड़ के नेतृत्व में कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 7 बजे टेगौर पार्क में योग साधना एवं गुरु स्मरण से हुआ। द्वारका शर्मा के मार्गदर्शन में सुंदरकांड पाठ आयोजित हुआ। प्रातः 8.30 बजे तुलसी उद्यान में करो योग रहो निरोग विषय पर योग कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें योग, प्राणायाम की बारीकियों, तथा गुरुजी के योग संदेश से अवगत कराया गया। भजनों के साथ ही गुरुजी की स्मृति में पौधरोपण किया गया।

दोपहर में लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर स्थित लायन्स भोजन सेवा केंद्र पर गाँधी प्रसाद गदले ,अखिलेश गुप्ता, नारायण बाहेती के मार्गदर्शन में 250 से अधिक मरीजों, परिजनों और जरूरतमंदों को बैठाकर भोजन कराया गया।

शाम 5 बजे गुरुजी के गौसेवा संदेश को साकार करते हुए गणेश गौशाला में गायों को चापड़, गुड़ एवं गौग्रास खिलाया गया। गुरुजी की प्रेरणा से साप्ताहिक गौसेवा अभियान भी संचालित है। अध्यक्ष डॉ. दिलीप जैन ने कहा कि ह्न गुरुजी की कथनी और करनी में कभी अंतर नहीं रहा। योग एवं संस्कार के क्षेत्र में उनका योगदान अविस्मरणीय है।

लायन्स क्लब खण्डवा अध्यक्ष आशा उपाध्याय ने बताया कि गुरुजी ने लायन्स क्लब के साथ अनेक योग शिविर आयोजित कर हजारों नागरिकों को लाभान्वित किया। नारायण बाहेती ने कहाकि गुरुजी द्वारा प्रारंभ की गई योग-व संस्कार की परंपरा आज भी उनके शिष्य निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं।

सिंधी समाज ने श्रद्धा पूर्वक मनाया श्री गुरुनानक देवजी का प्रकाशोत्सव आयोजित हुआ भंडारा

खंडवा, (निप्र)। सिंधी कालोनी स्थित प्रसिद्ध आस्था केंद्र बालकधाम गुरुद्वारा में श्री गुरुनानकदेव जी का 556 वां जयंती प्रकाशोत्सव स्वामी माधवदास उदासी जी के सानिध्य में परम्परानुसार बुधवार मध्य रात्रि में सिंधी समाजजनों द्वारा बड़ी श्रद्धा एवं हर्षोल्लास से मनाया गया। वही गुरुवार को सप्ताह पाठ साहेब पर भोग पश्चात गुरु के लंगर में बड़ी संख्या में हजारों श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी प्राप्त की। यह जानकारी देते हुए बालकधाम प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि आठ दिवसीय प्रकाशोत्सव के दौरान प्रति रात्रि 9 बजे से संगीतमय गीतों, भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। अंतिम दिन गुरुवार को आम भंडारा आयोजित हुआ। जिसमें दूर-दूर से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी प्राप्त की। परंपरानुसार बुधवार रात्रि 1:20 बजे अनेक श्रद्धालुओं की मौजूदगी में संगीतमय गीतों भजनों, लोरियों एवं लाडों की सुमधुर संगीतमय प्रस्तुतियों एवं रंगबिरंगी गगनभेदी आतिशबाजी के मध्य श्री गुरुनानक देव जी का जन्मदिन डोली उतारने के पश्चात स्वामी माधवदास जी के कर कमलों से दो विशाल केक काटे जाकर जन्मोत्सव मनाया गया। आरती अरदास पश्चात प्रसादी का वितरण हुआ। आम भंडारा में नगर के विभिन्न क्षेत्रों की धर्म प्रेमी जनता के साथ मोहन दीवान, अशोक पालीवाल, परमजीत सिंह नारंग, सेवादास पटेल,आदि सहित नगर की धर्म प्रेमी जनता ने बड़ी संख्या में भंडारा में भोजन प्रसादी प्राप्त की।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मैं किरण कुमार, नायक, आर्मी नम्बर 2796595W यह कि मेरे सेना लेखा कार्यालय में मेरी पुत्री का नाम तनिशा (TANISHA) दर्ज है। जो कि अपूर्ण है, मेरे पुत्री का वास्तविक नाम- तनिशा किरण कुमार (TANISHA KIRAN KUMAR) है। जो कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है। भविष्य में मेरी पुत्री का नाम तनिशा किरण कुमार (TANISHA KIRAN Kumar) पढ़ा व लिखा जावे एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

किरण कुमार निवासी . म. नं. 366, 7 NO .GATE WARD NO. 12 ग्राम + तेहसील - नेपानगर जिला-बुरहानपुर (म.प्र.) पिन कोड न.450221

नाम परिवर्तन

पूर्व मे मेरा नाम **Areif khan** आरिफ खान था अब मेरा नाम **Aarif khan** आरीफ खान कर लिया है । अतः भविष्य में मुझे **Aarif khan** आरीफ खान के नाम से जाना पहचाना जावे **Address Azad Nagar Ward no 12 Emagird Burhanpur MP**

TDS FINCAP PRIVATE LIMITED

Registered Office:
2nd Floor, 316, IDA Scheme No. 44, Transport Nagar, Indore (M.P) 452014
Tel. No.: + 0731-4293747, E-mail: companysecretary@tdsgroupindia.com

This Notice is hereby given by the Company pursuant to para 42.3.1 of Master Direction - Reserve Bank of India (Non-Banking Financial Company - Scale Based Regulation) Directions, 2023 dated October 19, 2023 read with order issued by RBI in respect of our application No. PRV.CO.DPSS.2025-2026.P9 dated May 12, 2025 for the acquisition of 58.83% shareholding of TDS Fincap Private Limited by Harman Singh Taranjeet Singh Hora HUF from the existing shareholders of the company (M/s. Claudia Sales Private Limited, M/s. Jatashiv Commercial Pvt. Ltd., M/s. Uniform Commosale Pvt. Ltd., M/s. Worldwealth Dealtrade Pvt. Ltd.), who have expressed that they are no longer interested in holding equity shares of the company.

For **TDS Fincap Private Limited**
Harman Singh Hora, Director

कार्यालय पंचायतराज प्रशिक्षण केन्द्र, नागझिरी देवास रोड़ उज्जैन (म.प्र.)

प्रशिक्षण व्यवस्था हेतु निविदा आमंत्रण

क्र./52/नि.समिति/PTC/2025–26 उज्जैन दिनांक : 06/11/2025

वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए प्रशिक्षण संस्थान द्वारा उज्जैन संभाग में आयोजित बाह्य प्रशिक्षणों (जनपद स्तर एवं क्लस्टर स्तर पर) विभिन्न प्रशिक्षण कार्यशाला एवं सेमीनार में उपस्थित प्रतिभागियों के लिए प्रशिक्षण स्थल पर आवश्यकतानुसार बैठक व्यवस्था, कुर्सी, साउण्ड सिस्टम, लैपटॉप, एलसीडी प्रोजेक्टर एवं व्हाईट बोर्ड तथा अन्य आवश्यक व्यवस्था किराये पर लेने के लिए सील बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है।

(अ) निविदा प्रकाशन तिथि से निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि दिनांक 16/11/2025 तक कार्यालय समय 05.00 बजे तक निर्धारित रहेगी।

(ब) निविदा प्रपत्र कार्यालय में सील बंद बॉक्स में जमा करने की दिनांक 17/11/2025 को दोपहर 01.00 बजे तक रहेगी एवं प्राप्त निविदाएँ दिनांक 17/11/2025 (नियत तिथि) में समय दोपहर 02.30 बजे खोली जावेगी।

(स) उपरोक्त निविदा प्रपत्र की निविदा सेवा शर्त विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 16/11/2025 तक कार्यालयीन समय में पंचायतराज प्रशिक्षण केन्द्र, उज्जैन से राशि रू. 500/– नगद देकर प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदाएँ दिनांक 17/11/2025 को दोपहर 02.30 बजे संस्थान में गठित निविदा समिति के समक्ष खोली जावेगी एवं निविदा स्वीकृति/निरस्ती हेतु समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

प्राचार्य/उपायुक्त (विकास)
पंचायतराज प्रशिक्षण केन्द्र,उज्जैन (म.प्र.)



संस्कार स्वच्छता-स्वभाव स्वच्छता से ही तय होगी स्वच्छता में जीत : निगम आयुक्त

स्व सहायता समूह की महिलायें चला रही हैं डोर टू डोर कैंपेन

खंडवा, (निप्र)। आज निगमायुक्त श्रीमती प्रियंका राजावत ने स्वयं किशोर नगर, रमेश्वर क्षेत्र एवं ब्रिज नगर में पहुँचकर नागरिकों को गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग करने हेतु समझाइश दी। इस दौरान उन्होंने डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहनों के साथ भ्रमण कर व्यवस्था का निरीक्षण भी किया तथा नियमों का पालन न करने वाले नागरिकों पर चालानी कार्रवाई के निर्देश दिए।

निगम द्वारा यह विशेष अभियान महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत महिलाओं की टीमें पूरे नगर के 50 वार्डों में घर-घर जाकर नागरिकों को यह समझाइश दे रही हैं कि वे अपने घर से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग डिब्बों में रखकर निगम की डोर टू डोर गाड़ियों में ही दें।

अभियान की प्रमुख विशेषताएँ – नगर के सभी 50 वार्डों में रलऋ की महिलाएँ सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। प्रत्येक वार्ड में महिलाएँ नागरिकों को समझाइश देने के साथ-साथ निगरानी एवं रिपोर्टिंग का कार्य भी कर रही हैं। नागरिकों को गीला कचरा (रसोई, फल-सब्जी अवशेष आदि) एवं सूखा कचरा (प्लास्टिक, कागज, बोतल आदि) अलग रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। नियमों का पालन न करने वाले नागरिकों पर जुमार्ना (चालानी कार्रवाई) की जा रही है ताकि अभियान प्रभावी बन सके। मेरा शहर, मेरी जिम्मेदारीह्न के संदेश के साथ नागरिकों को स्वच्छता में सहभागिता के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

आशा-उषा कार्यकर्ताओं ने 3 महीने से वेतन न मिलने पर जताया आक्रोश, सौंपा ज्ञापन



खंडवा, (निप्र)। आशा और उषा कार्यकर्ताओं ने 3 महीने से वेतन न मिलने के विरोध में नगर निगम नेता प्रतिपक्ष दीपक लक्ष्मण राठौर के नेतृत्व में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे लगातार सेवाएं दे रही हैं, लेकिन पिछले तीन महीनों से उन्हें मानदेय नहीं मिला है, जिससे उनके घरों का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। नेता प्रतिपक्ष दीपक राठौर ने कहा कि यह कार्यकर्ता समाज की रीढ़ हैं, इनके साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से जल्द वेतन जारी करने की मांग की गई।

WORTH
वर्थ पेरिफेरल्स लिमिटेड

सीआईएन - L67120MP1996PLC010808
पंजीकृत कार्यालय : 102, संस्कृति अपार्टमेन्ट, 44 साकेत नगर, इन्दौर-452018 (म.प्र.) भारत
वेबसाइट : www.worthindia.com

(₹ लाख में) जब तक कि अन्यथा न कहा गया हो

30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश

क्र संख्या	विवरण	स्टैंडअलोन						समेकित					
		तिमाही समाप्त			आधा वर्ष समाप्त		वर्ष समाप्त	तिमाही समाप्त			आधा वर्ष समाप्त		वर्ष समाप्त
		30.09.2025	30.06.2025	30.09.2024	30.09.2025	30.09.2024	31.03.2025	30.09.2025	30.06.2025	30.09.2024	30.09.2025	30.09.2024	31.03.2025
		असंपादित	असंपादित	असंपादित	असंपादित	असंपादित	लेखापरीक्षित	असंपादित	असंपादित	असंपादित	असंपादित	असंपादित	लेखापरीक्षित
1	परिचालन से कुल आय	5,342.26	5,212.63	4,921.05	10,554.89	9,750.68	19,470.84	7,746.36	7,622.74	7,025.05	15,369.10	13,657.74	27,579.15
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ (कर और अपवादात्मक मदों से पहले)	592.59	468.91	421.98	1,061.50	851.05	2,069.82	788.62	628.53	543.17	1,417.15	1,056.30	2,397.26
3	कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ (असाधारण मदों के बाद)	592.59	468.91	421.98	1,061.50	851.05	2,069.82	788.62	628.53	543.17	1,417.15	1,056.30	2,397.26
4	कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ												
	कम्पनी के मालिक	463.30	369.68	305.71	832.98	638.05	1,580.32	455.73	343.87	303.73	799.60	634.11	1,543.47
	गैर-नियंत्रण हित	-	-	-	-	-	-	99.24	89.91	64.01	189.15	109.48	190.91
	कुल	463.30	369.68	305.71	832.98	638.05	1,580.32	554.97	433.78	367.74	988.75	743.59	1,734.38
5	कुल व्यापक आय												
	कम्पनी के मालिक	463.29	369.67	305.26	832.96	637.16	1,580.27	454.60	342.74	303.31	797.34	633.28	1,538.93
	गैर-नियंत्रण हित	-	-	-	-	-	-	98.11	88.79	64.04	186.90	109.54	186.42
	कुल	463.29	369.67	305.26	832.96	637.16	1,580.27	552.71	431.53	367.35	984.24	742.82	1,725.35
6	चुकता इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10 रुपये प्रति शेयर)	1,575.10	1,575.10	1,575.10	1,575.10	1,575.10	1,575.10	1,575.10	1,575.10	1,575.10	1,575.10	1,575.10	1,575.10
7	पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व (जैसा कि पिछले वर्ष की लेखापरीक्षित बैलेंस शीट में दर्शाया गया है)	-	-	-	-	-	15,794.38	-	-	-	-	-	15,754.17
8	प्रति शेयर आय (₹10/- प्रत्येक)												
	-बेसिक (₹)	2.94	2.35	1.94	5.29	4.05	10.03	2.90	2.18	1.93	5.08	4.03	9.80
	डाइल्यूटेड (₹)	2.94	2.35	1.94	5.29	4.05	10.03	2.90	2.18	1.93	5.08	4.03	9.80

परिणामों के लिए नोट्स :

1. 30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए कंपनी के उपरोक्त अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और 6 नवम्बर, 2025 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा रिकॉर्ड पर लिया गया और अनुमोदित किया गया है। कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षकों ने संशोधित सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन, 2015 के विनियम 33 के अनुसार इन वित्तीय परिणामों की समीक्षा की है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणाम कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अन्तर्गत निर्धारित मान्यता और माप सिद्धांतों के अनुसार तैयार किए गए है, इसके तहत जारी प्रासंगिक नियमों, संशोधित कंपनियों (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 (इंड एएस) और भारत में आम तौर पर स्वीकार किए जाने वाले अन्य लेखांकन सिद्धांतों और संशोधित सेबी (सूचिबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन, 2015 के विनियम 33 के अनुपालन में पढ़ा गया है।
3. कम्पनी के पास केवल एक रिपोर्ट योग्य खंड है, जिसका नाम है 'नालीदार बक्सों का निर्माण और बिक्री', जैसा कि भारतीय लेखा मानक 108-परिचालन खंड में बताया गया है।

तारीख : 06.11.2025
स्थान : इन्दौर

वर्थ पेरिफेरल्स लिमिटेड के लिए
जयवीर चड्ढा
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 02397468

कार्यालय नगर पालिक निगम, इंदौर

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि नगरीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली नीचे उल्लेखित खसरा भूमि पर संस्था / कंपनी / व्यक्तियों को **आवासीय भूखण्डीय विकास (DECENT HEIGHT EXTENSION) उपयोग** की विकास अनुमति प्रदान की गई है। उल्लेखित स्थल पर विकास कार्यों पेटे निम्नानुसार भूखण्ड / ब्लॉक / प्रकोष्ठ धरोहर रखे गये हैं:

अ क्र.	कॉलोनी/संस्था का नाम	ग्राम व खसरा क्रमांक	विकास अनुमति जारी करने का क्रमांक व दिनांक	धरोहर भूखण्डों का विवरण
1.	**मेसर्स सचिन लिजिंग एण्ड डेवलपर्स प्रायवेट लिमिटेड** पता: खण्डेलवाल चेम्बर्स, ए.बी. रोड, जिला इन्दौर (म.प्र.) तर्फे संचालक **श्री सचिन पिता रमेश शर्मा**, पता: 61-62, विष्णुपुरी कॉलोनी मेन, भंवरकुआं, जिला इन्दौर (म.प्र.) तर्फे **विकासकर्ता मेसर्स देव इन्फ्रा** तर्फे अधिकृत भागीदार **श्री राजेश पिता ओमप्रकाश बूलिया** पता: 82, स्वामी विवेकानंद नगर, कनाड़िया रोड, जिला इन्दौर (म.प्र.)	ग्राम मुण्डला नायता, तहसील जूनी इन्दौर, जिला इन्दौर स्थित खसरा क्रमांक 200, 205 कुल रकबा 2.193 हैक्टेयर (21930.00 वर्गमीटर) में से नेट स्कीम एरिया 14248.93 वर्गमीटर भूमि पर आवासीय भूखण्डीय विकास (DECENT HEIGHT EXTENSION) उपयोग की विकास अनुमति बाबद् ।	पत्र क्रमांक 7420/ कॉलोनी सेल/ 2025 दिनांक 04.11.2025	विकास लागत के 125 प्रतिशत के मान से धरोहर पेटे अभिन्यास में लाल रंग से अंकित सदर स्थल के भूखण्ड क्रमांक एम-1 क्षेत्रफल 1817.23 वर्गमीटर, भूखण्ड क्रमांक 12, क्षेत्रफल 92.96 वर्गमीटर, इस प्रकार कुल 02 भूखण्ड, जिनका कुल क्षेत्रफल 1910.19 वर्गमीटर है, जो गिरवीनामा ई-पंजीकरण संख्या (रजिस्ट्रेशन नंबर) MP7IGR17522025A 100845131 दिनांक 22.09.2025 से धरोहर के रूप में रखे गये हैं।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखंडों / प्रकोष्ठों का क्रय-विक्रय नहीं किया जावे अन्यथा की स्थिति में निगम जवाबदेह नहीं होगा।

आज्ञा से
आयुक्त नगर पालिक निगम, इंदौर

एक नजर

बुरहानपुर-संक्षिप्त समाचार

1. गुरुवार को हार्टफुलनेस ध्यान शिविर का आयोजन थाना कोतवाली परिसर में किया गया। इस ध्यान सत्र शिविर मे थाना कोतवाली पुलिस कर्मियों के लिए किया गया ।
2.बुरहानपुर पुलिस द्वारा ऑपरेशन मुस्कान विशेष अभियान के तहत स्कूल, कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।

हर वोटर्स की वेरिफिकेशन के लिए घर- घर सर्वे जारी

अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी एवं निगम आयुक्त ने वार्डो में किया निरीक्षण

बुरहानपुर, (निप्र)। कृविशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है जिसमें सभी मतदाताओं को अपना परीगणना फॉर्म भरकर



ठण्एण के पास जमा करवाना होगा फार्म जमा नहीं करवाने पर आपका नाम मतदाता सूची में नहीं आएगा अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी एवं निगम आयुक्त श्री संदीप श्रीवास्तवएसहायक आयुक्त रितेश पाटीदार ने आज एसएआईएआर विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर आज शहर के वार्डो में डोर टू डोर अलग अलग बूथ पर जाकर निरीक्षण किया शहर के वार्ड नं 40 गुरुनानक वार्ड वार्ड 41 इंदिरा कॉलोनी वार्ड 42 रुईकर वार्ड में निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य में लगे अधिकारी कर्मचारियों से सभी से जानकारी प्राप्त की तथा लोगों को भी एसएआईएआर विशेष गहन पुनरीक्षण की जानकारी बताई गई और समय पर अपने.अपने पत्र तैयार कर बूथ लेवल अधिकारी के पास जमा करने के लिए कहा गया फॉर्म के साथ आपको 11 दस्तावेजों की सूची में से कोई भी दस्तावेज अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा। प्रक्रिय में आप अपने परिवार व आसपास के लोगों तक इसकी सूचना पहुंचाएं। उन्हें भी दस्तावेज तैयार करने के लिए प्रेरित करें जिससे पारदर्शी मतदाता सूचियों का निर्माण हो सके। आपका वोट आपका अधिकार है। जागरूक मतदाता बनें व परिगणना फॉर्म भरकर अपने को जमा करवाएं।

सैफी गोल्डन जुबिली कादरिया महाविद्यालय में डॉ. राजकुमारी जॉर्ज की पुस्तक का विमोचन

बुरहानपुर, (निप्र)। सैफी गोल्डन जुबिली कादरिया महाविद्यालयए बुरहानपुर के गृह विज्ञान विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोप ;डॉण्द्ध



राजकुमारी जॉर्ज द्वारा रचित पुस्तक श्लमतपंजतपब बैसमदहमेश ;वृद्धावस्था संबंधी चुनौतियाँद्ध का विमोचन महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव श्री मुल्ला अली असगर भाई टाकलीवाला तथा पूर्व निदेशक प्रोप मुमताज सलीम व कॉलेज निदेशक डॉक्टर तालिब युसूफ द्वारा किया गया। इस अवसर पर गृह विज्ञान विभाग द्वारा एकदिवसीय गेस्ट लेक्चर का भी आयोजन किया गयाए जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रोप ;डॉण्द्ध राजकुमारी जॉर्ज उपस्थित रहीं। डॉ. जॉर्ज ने विद्यार्थियों को संतुलित आहारए पोषक तत्वों के महत्व तथा स्वस्थ जीवनशैली पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों जैसे कृ कार्यक्रम के दौरान निदेशक डॉप तालिब युसूफ ने अतिथि का स्वागत किया एवं गेस्ट लेक्चर के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के प्राचार्य श्री मोहम्मद इस्माइल बफाती ने विषय के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रबंधन समिति के सचिव श्री मुल्ला अली असगर भाई टाकलीवाला ने पुस्तक विमोचन एवं गेस्ट लेक्चर के सफल आयोजन पर बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन प्रो. जयश्री जाधव ने किया। इस अवसर पर प्रो. दीपिका महाजन, श्रीराम जाधव, फैजान खान, श्रीमती प्रमिला सुराजीवाले समस्त स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम अत्यंत ज्ञानवर्धकए संवादात्मक एवं सफल रहा।

युवक कांग्रेस के चुनाव घोषित

बुरहानपुर, (निप्र)। म.प्र. के बुरहानपुर में युवक कांग्रेस के चुनाव परिणामो की घोषणा हो चुकी है। घोषित परिणामो में अर्जुन जंगाले



को जिलाध्यक्ष और देवेश्वर सिंह ठाकुर को विधानसभा अध्यक्ष चुना गया है। दोनों ही विजेता ठाकुर गुट के बताए जा रहे है। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद समर्थको में खुशी की लहर दौड़ गयी।

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की वर्षगांठ पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

बुरहानपुर, (निप्र)। भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगाँठ के अवसर पर 7 नवम्बर को जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन में आंशिक संशोधन करते हुए अब कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 9:30 बजे से परिवर्तित स्थान परमानन्द गोविंदजीवाला ऑडिटोरियम बुरहानपुर में आयोजित रहेगा। पूर्व में यह आयोजन शाही किला बुरहानपुर पर किया जाना था। कार्यक्रम में स्वदेशी अपनाएँ की शपथ दिलाई जावेगी। तदुपरांत प्रातः 10 बजे से नई दिल्ली से प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण होगा।

युवा संगम मेला आज

बुरहानपुर। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बुरहानपुर में 7 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से युवा संगम मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मेला में महाराष्ट्र राज्य की प्रतिष्ठित कंपनियां एलएपीएल ऑटोमोटिव प्रा.लिमि., पीजी इलेक्ट्रोप्लास्ट प्रा.लिमि. एवं धूत ट्रांसमिशन प्रा.लिमि. द्वारा सहभागिता की जायेगी।

सांसद पाटिल के नेतृत्व में 8 नवंबर को ग्राम लोनी में निकलेंगी विशाल पदयात्रा

भाजपा जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों के साथ पदयात्रा स्थल और रूट का किया निरीक्षण

बुरहानपुर, (निप्र)। लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील के नेतृत्व में 8 नवंबर को ग्राम लोनी में निकलने वाली विशाल पदयात्रा स्थल व मार्ग का गुरुवार को भाजपा जनप्रतिनिधियों ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। पदयात्रा बुरहानपुर विधानसभा के ग्राम लोनी से प्रारंभ होंगी और बहादरपुर में समापन होंगा।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ मनोज माने ने कहा की देश की एकताए अखंडता के लिए सरदार पटेल जी ने जो योगदान दियाए वो अनुकरणीय है। देश मे पदयात्राएं आयोजित की जा रही हैं। बुरहानपुर में सांसद ज्ञानेश्वर पाटील के नेतृत्व में यह पदयात्रा



निकलेंगी। इस पहल का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाना और एकता की भावना को मजबूत करना है। कार्यक्रम लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित है।

यह रहेंगा रूट- 8 नवंबर शनिवार को सुबह 9 बजे ग्राम लोनी में सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ पदयात्रा प्रारंभ होंगी जो ग्राम के विभिन्न मार्गों से होते हुए ग्राम बहादरपुर के मुख्य बाजार स्थल पर पहुँचेंगी यहां समापन होगा।

कार्यक्रम की रूपरेखा की तैयारीयो के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन, पूर्व महापौर अतुल पटेल अनिल भोसल, मनोज टंडन, भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील, आदित्य प्रजापतिए संभाजी सगरे, लक्ष्मण महाजन, गोपाल महाजन, मनोज महाजनए रमेश महाजन, विनोद कोली, सुरेश सोनी, विजय उमाल, महेंद्र चौधरी, उमेश शाह, भरत रावल, अपर कलेक्टर वीर सिंह, तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का सांसद कार्यालय में हुआ जोरदार स्वागत

पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रति मेरी असीम श्रद्धा व लगाव है जिसमें मैं कभी कमी नहीं होने दूंगा-टेकाम

बुरहानपुर, (निप्र)। मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पंकज टेकाम के प्रथम नगर आगमन पर सांसद कार्यालय बुरहानपुर में नेपानगर विधायक मंजू दादू, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. मनोज मानेए सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकताओं ने स्वागत कर शुभकामनाएं दी। सर्वप्रथम अतिथियों ने माँ भारतीए भगवान बिरसा मुंडा व जननायक टंट्या मामा के चित्र पर माल्यार्पण किया।



नेपानगर विधायक मंजू दादू ने कहा की मुझे पूर्ण विश्वास है कि पंकज टेकाम जी के नेतृत्व में मोर्चा मध्यप्रदेश में नीत नई ऊँचाईयां प्राप्त कर पार्टी और संगठन को मजबूती प्रदान करेंगा। मैं आपके प्रथम नगर आगमन पर खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील और नेपानगर विधानसभा के समस्त कार्यकर्ताओं की ओर से स्वागत व अभिनंदन करती हु। मेरा आपसे अनुरोध है कि जिन जिलों में हमारे जनजातीय समाज की संख्या अधिक हैए उन जिलों में हमारे संगठन का जनजातीय कार्यालय होना चाहिए। विधायक दादू ने जनजातीय गौरव दिवस को लेकर जिले में होने वाले विभिन्न आयोजन और उसकी तैयारीयो के संबंध में भी अपनी बात रखी। इस दौरान उनके द्वारा नेपानगर विधानसभा के समस्त कार्यकर्ताओं की ओर से प्रदेश अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री पंकज टेकाम ने कहा कि भाजपा राजनीतिक दल के साथ एक परिवार है। पार्टी कार्यकर्ता परिवार के सदस्य हैं। पार्टी संगठन मजबूत होए हर कार्यकर्ता को सम्मान महसूस होए इसका मैं पूरा प्रयास करूंगा। पार्टी कार्यकताओं के लिए मैं दिन.रात खड़ा रहूंगा। पार्टी कार्यकताओं के प्रति मेरी असीम श्रद्धा व लगाव हैए जिसमें मैं कभी कमी नहीं होने दूंगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र और मुख्यमंत्री डॉण मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार कई जनकल्याणकारी और जनहितैषी योजनाएं चला रही हैंए जो लोगों के जीवन में बदलाव लाने कार्य कर रही हैं। लोगों के जीवन में बदलाव लाने सभी कार्यकर्ता गांव.गांव जाएं और जन.जन तक भाजपा सरकारों की कल्याणकारी योजनाओं को बताएं और उनका लाभ दिलाने का प्रयास करें। जनता को जनहितैषी योजनाओं का लाभ मिलेए तभी प्रदेश और देश का विकास होगा और भारत विश्व गुरू बनेगा। मध्य प्रदेश में जनजातीय गौरव दिवस पर 11 से 15 नवंबर तक यात्रा के साथ ही कई आयोजन होंगे। बुरहानपुर जिले में भी यह आयोजन बहुत ही शानदार होने जा रहा है। आज आप सभी कार्यकताओं से मिले अपार स्नेह से मैं अभिभूत हूं। आप सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ मनोज मानेए नेपानगर की पूर्व विधायक श्रीमती सुमित्रा कासडेकर द्वारा भी संबोधित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गंगाराम मार्कोए अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री भरत पटेलए महामंत्री श्री राहुल जाधवएभाजपा युवा नेता श्री गजेंद्र पाटील सहित पार्टी के पदाधिकारीगण व कार्यकर्तागण आदि मौजूद रहे। संचालन जिला महामंत्री सुभान चौहान ने किया तथा आभार जिला पंचायत सदस्य अशोक पटेल ने माना।



नेपानगर में एडीबी सहायतित जलावर्धन योजना को लेकर बैठक संपन्न

बुरहानपुर, (निप्र)। गुरूवार को नगर परिषद नेपानगर में नगर की जलावर्धन योजना के विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना की वर्तमान प्रगति, कार्य की गुणवत्ता एवं जनहित से जुड़े पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि प्रत्येक तीन वार्ड पर एक दल गठित किया जाएगा, जो योजना की गहन समीक्षा करते हुए समस्याओं का शत-प्रतिशत निवारण सुनिश्चित करेगा, ताकि जलावर्धन योजना का संचालन निर्बाध रूप से हो सके।

बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती भारती पाटिल, उपाध्यक्ष श्रीमती सरला काटकर, प्रवीण काटकर, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य नगरपालिका अधिकारी मोहन अलावे, उपयंत्री विजय सिंह, परियोजना प्रबंधक प्रमोद कुमार गढ़वाल, उप परियोजना प्रबंधक श्री राहुल पंवार, सामुदायिक विकास अधिकारी बनवारीलाल यादव, फील्ड इंजीनियर संदीप मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

लेख है कि, नेपानगर में मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी की खरगोन इकाई द्वारा एशियन डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से जल प्रदाय परियोजना पर कार्य किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य नगरवासियों को स्वच्छ, पर्याप्त एवं सतत जल आपूर्ति उपलब्ध कराना है।

जिले में एसआईआर कार्य की नियमित मॉनिटरिंग जारी

बुरहानपुर, (निप्र)। विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत जिले में मतदाता सूची के सत्यापन का कार्य जारी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हर्ष सिंह के मार्गदर्शन में जिले में बीएलओ द्वारा मतदाताओं के घर पहुंचकर गणना पत्रक प्रदान करने, भरवाने एवं वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग का कार्य प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने इस कार्य में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं।

इसी कड़ी में गुरूवार को अधिकारियों द्वारा फील्ड कार्यों का अवलोकन किया गया। अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान द्वारा ग्राम बहादरपुर में एसआईआर कार्य का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान, उन्होंने गणना पत्रक वितरण कार्य का जायजा लिया और निर्देशित किया कि वितरण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए। निरीक्षण की कड़ी में अधिकारियों द्वारा ग्राम बालापाट में किये जा रहे मैपिंग कार्य का भी अवलोकन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी हर्ष सिंह ने निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि, एसआईआर कार्य में आने वाली समस्याओं का तुरंत और शीघ्र निराकरण किया जाए, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे।

निर्वाचन संबंधी कार्यों की दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण में अधिकारियों और बीएलओ को मतदाता सूची के शुद्धिकरण की नवीनतम प्रक्रियाओं, गणना पत्रक भरने के सही तरीके और बीएलओ ऐप के प्रभावी उपयोग के बारें में विस्तार से जानकारी दी गयी है। वहीं एसआईआर कार्य में सहयोग हेतु शिक्षकों को भी ट्रेनिंग देकर प्रशिक्षित किया गया है। जिला प्रशासन ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि, जब भी बीएलओ आपके घर आएं, तो उन्हें सही जानकारी देकर मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाने में सहयोग करें।







नाममात्र का बस स्टैंड, यात्रियों के लिए कोई सुविधा नहीं

बुरहानपुर, (निप्र)। बुरहानपुर नगर में आम जनमानस में चर्चा है कि शहर के कुछ जनप्रतिनिधी जनता को अधिक से अधिक सुविधा मिले , छोटे से खर्च में जनता को राहत मिले इस ओर ध्यान देने की बजाय बडे-बडे कामो की ओर ध्यान दे रहे है। बुरहानपुर का पुष्पक बस स्टैंड पर किसी भी तरह की यात्रियो को सुविधा नहीं है। यात्रियो को खडे रहकर गाडी की प्रतिक्षा करनी पडती है। यहां पर थोडे से खर्च में महापौर अतुल पटेल की पहली पारी में यात्रियो के बैठने के लिए शेड और बेंच बनाए गए थे । कुछ वर्षो पूर्व ये शेड गिर गए थे इन्हें दुबारा लगाने का प्रयास नहीं किया गया और बेंचो की ओर भी ध्यान नहीं देने के कारण बेंच भी टूट गए। केवल अल्प खर्च में बेंच और शेड लग सकते है किंतु उस ओर जनप्रतिनिधियो का ध्यान नहीं है। जो चर्चा का विषय है।


इसी तरह यात्रियो को बसो के बारे में जैसे बसो के टाइमिंग, स्थान इत्यादि के बारे में भी भटकना पडता है । बसो की जानकारी के लिए किसी भी तरह का सूचनाफलक या जानकारी देने वाला कोई नहीं है। इसलिए आम जनमानस में चर्चा है कि मामूली से खर्च में जनता को जो सुविधा मिल सकती है उस ओर जनप्रतिनिधियो का ध्यान नहीं है।

नवीन किस्मों के बीज का उपयोग करें

बुरहानपुर। उपसंचालक कृषि एम.एस.देवके ने जानकारी देते हुए बताया कि, जिले में गेंहू के नवीन किस्मों के बीज उपलब्ध है, जो बायो फोटीर्फाइड प्रकार की है, जिसमे एच.आई.-1650 (पूसा ओजस्वी), एच.आई. 1634 (पूसा अहिल्या), एच.आई.-1544 (पूर्णा), एच.आई.-1655, जी डब्ल्यू-322 एवं जे डब्ल्यू-513 उपलब्ध है, जिनमें फरवरी अंत में तापमान में कमी होने पर भी सहनशीलता है।

चना में सूखने की बीमारी से बचाव के लिए कृषकगण बीज का उपचार करे, बीजोपचार कार्बेन्डाजिम एवं थायरम को मिक्स कर 3 ग्राम प्रति किलो बीज से उपचारित करे या ड्रायकोडर्मा 10 ग्राम प्रति किलो से बीज उपचार करे, चना की नवीन किस्मों में आर.व्ही.जी. -202, 204 एवं पूसा-20211 का उपयोग करे।







सकलपंच फूलमाली समाज का अन्नकूट महोत्सव आयोजित

धार, (निप्र)। फूलमाली समाज ने धार नगर में भगवान श्री रामजी की भव्य शोभायात्रा पौशाक दानदाता मदनलाल पिता भेरुलाल जी के घर झिरन्या अखाड़ा के पास से प्रारंभ हुई श्रीराम मंदिर पौ चौपाटी से होते हुए नगर के प्रमुख मार्गो से निकली कई सामाजिक संगठनों ने स्वागत सम्मान समाज का किया जिसमें स्वजातीय बंधुओं मातृशक्ति एवं प्रबुद्धजनों ने अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर समाज की संघठित शक्ति का परिचय दिया उसके पश्चात फूलमाली समाज के श्रीराम मंदिर पर समापन हुआ और पोशाक दानदाता मदनलालजी पिता भेरूलाल जी के द्वारा छप्पन भोग एवं समाज अध्यक्ष माणकचंद्र जी पटेल नवयूवक मंडल अध्यक्ष ललित डोड महिला मण्डल अध्यक्ष श्रीमति मोनिका चौधरी सामूहिक विवाह समिति अध्यक्ष दिनेश देवड़ा शिक्षा समिति अध्यक्ष सुनील बल्दिया कोषाध्यक्ष अनिल गेहलोद, हेमंत देवड़ा हीरा मौर्य, राजेश पटेल, योग देवड़ा और समाज के सभी पधाधिकारी एवं समाजजनो भगवानश्री राम दरबार वभगवान विष्णु जी की महाआरती कर धर्म लाभ लिया ।



उसके पश्चात भवानी माता बाग गार्डन पर मंच पर अतिथि के रूप में रमेशचंद जी चौधरी , पूर्व समाज अध्यक्ष बाबूलाल जी गेहलोत, नंदराम पहलवान, नंदू भाई , दुलीचंद जी बानीवाल, मीना जी डोड, धार नगर पालिका अध्यक्ष, नेहा महेश जी बढ़ाने का स्वागत सम्मान सकल पंच फूल माली समाज अध्यक्ष मानकचंद जी पटेल द्वारा किया गया एवं 10 एवं 12 बोर्ड में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण को प्रोत्साहन और महिला मंडल और नवयुवक मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभागी भैया बहिन को पुरस्कार वितरण किया गया। ओर सम्मान किया गया और अन्नकूट महोत्सव के आयोजन में महप्रसादी का लाभ लिया सभी समाज जनों ने लिया , उक्त जानकारी सकल पंच फूलमाली समाज मीडिया प्रभारी प्रेम रनोजा द्वारा दी गई

एक नजर

53.27 करोड़ की लागत के छात्रावासों के निर्माण की मिली प्रशासकीय स्वीकृति

झाबुआ। महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया के निरंतर प्रयासों से जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जिले में नए छात्रावासों के निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस स्वीकृति के अंतर्गत सीनियर बालक छात्रावास पेटलावद (नवीन), सीनियर बालक छात्रावास क्रमांक-3 कॉलेज मार्ग झाबुआ, सीनियर बालक छात्रावास ढेकलवाड़ी, सीनियर कन्या छात्रावास पारा, सीनियर बालक छात्रावास पारा, सीनियर बालक छात्रावास साढ़, सीनियर बालक छात्रावास मोरडुंडीया, सीनियर बालक छात्रावास कुंदनपुर, सीनियर बालक छात्रावास मदरानी, सीनियर बालक छात्रावास थान्दला (नवीन), सीनियर बालक छात्रावास काकनवानी, सीनियर बालक छात्रावास बोलासा तथा शासकीय सीनियर कन्या उत्कृष्ट छात्रावास गणपती चैक पेटलावद के निर्माण को मंजूरी दी गई है। प्रत्येक छात्रावास का निर्माण कार्य लगभग ?409.80 लाख की लागत से किया जाएगा। जो सम्मिलित रूप से 53.27 करोड़ की लागत से बनाए जाएंगे। मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने जिले में इन छात्रावासों की स्वीकृति प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह के प्रति आभार व्यक्त किया है।

विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत जागरूकता हेतु बैठक संपन्न

झाबुआ। जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा मीना के



निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा हैं। इसी तारतम्य में पेटलावद विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 195 के अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 283, प्राथमिक शाला खाडियाखाल में आज विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बी.एल.ओ. द्वारा घर-घर जाकर वर्तमान मतदाता सूची के विवरण से भरे गए गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) की दो प्रतियां प्रदान करने, फॉर्म भरने की प्रक्रिया एवं आवश्यक मार्गदर्शन की जानकारी भी दी गई। ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने प्रश्न रखे तथा विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर जागरूकता प्रदर्शित की। बैठक में बी.एल.ओ., सरपंच, मंत्री, पटवारी, आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

9 से 14 नवंबर तक न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह-2025 का होगा आयोजन

झाबुआ। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं प्रधान जिला न्यायाधीश और



अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झाबुआ श्रीमती विधि सक्सेना के निर्देशानुसार 9 से 14 नवंबर तक न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह-2025 का आयोजन किया जाएगा।
जानकारी देते हुए जिला विधिक सहायता अधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयदेव माणिक ने बताया कि इसका उद्देश्य विधिक जागरूकता को बढ़ावा देना, विभिन्न विधिक सेवा योजनाओं की जानकारी का प्रचार-प्रसार करना और समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गो के लिए न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करना है। 9 नवंबर को विधिक जागरूकता प्रदर्शनी एवं मैराथन दौड़ के माध्यम से न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया जाएगा। 10 नवंबर को जिला जेल में पैरालीगल वालेंटियर एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सहयोग से बंदियों को उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी एवं मामलों की प्रगति से अवगत करवाया जाएगा। 11 नवंबर को विश्व शिक्षा दिवस के अवसर पर स्थानीय विद्यालय एवं महाविद्यालयों में निबंध, चित्रकला, नुक्कड़ नाटक एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 12 नवबंर को श्रमिक एवं ग्रामीण बस्तियों में पैरालीगल वालेंटियर्स द्वारा विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन होगा। 13 नवबंर को बाल संस्थाओं में देखरेख निरीक्षण एवं जागरूकता शिविर के आयोजन किए जाएंगे। अंतिम दिवस 14 नवबंर को बाल दिवस के अवसर पर स्कूलों में कार्यक्रमों का आयोजन एवं बाईक, साईकल रैली आयोजन के साथ न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह-2025 का समापन होगा।

अहमदाबाद गर्ल्स कालेज की स्टूडेंट ने बाग प्रिंट की बारीकियों को समझा

बाग, (निप्र)। बाग प्रिंट एक ऐसी कलाकारी हो गई है जिसे हर कोई बारीकी से परखना और समझना चाहता है । आज बाग प्रिंट देश प्रदेश में प्रसिद्ध हो रही है । इस कला को सिखने का जुनून अब स्टूडेंटों में भी जाग रहा है ।इसी को लेकर 5 नवंबर बुधवार को किला कालोनी स्थित अय्यूब खत्री पिता अब्दूल खत्री के कारखाने पर अहमदाबाद जी एल एस इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइनरों ने बाग प्रिंट की कला को निहारा और कपड़े से लेकर कलर तक और छपाई को बारीकी से समझा अय्यूब खत्री ने सभी स्टूडेंट्स को बाग प्रिंट की कलाकारी को उनके सामने रखा और केसे बाग प्रिंट का कलर तैयार कीमा जाता है उसके लिए क्या क्या साधन होते हैं । और ब्लाक की मदद से कपड़े पर प्रिंट को उकेरा जाता है ।

खत्री ने कपड़े पर प्रिंट कर के भी बताया साथ ही सभी स्टुडेंट्स को प्रिंट के रुमाल बनाकर दिए गये । जिस कलाकारी को



देखते हुए प्रोफेसर सिमरन गमंबर ने कलाकारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि बड़ी मेहनत के बाद इतनी अच्छी डिजाइन वाला कपड़ा तैयार होता है जब इसकी पुरी प्रोसेस जानी तो पता चला बहुत मेहनत लगती है इस बनाने में मगर बनने के बाद इसका लूक अलग ही हो जाता है । साथ ही जिस प्रकार इनसे हमारे द्वारा जौ कलर बनाने की विधी को जाना तो बड़ा ही अद्भुत लागा अलग ही तरह का कलर बनाया जाता है ओर उसी कलर से कपड़े पर चमक बिखरती है । बाग नगर की यह बाग प्रिंट आज सभी के मन को लुभा रही है जो इनकी मेहनत का परिणाम है । आज यहां आकर बड़ा अच्छा लगा सभी चिजों को प्रिंट कलाकार अय्यूब खत्री ने हमें बताया और समझाया सभी टीम इनका आभार मानते है ।

बुजुर्गों के कार्य को आगे बढ़ा रहे – बाग प्रिंट कलाकार अय्यूब खत्री ने बताया की वर्षों से इस कार्य को कर रहै है और इसी अपना रोजगार भी चला रहै । हमारे बाप दादा ने इस कार्य को चालू किया था उसी को हम आगे बढ़ा रहे हे पहले इतने साधन नहीं रहते थे तो इतना बाग प्रिंट का चलन नहीं था जब संसाधन बड़े तो कार्य में रुचि बढ़ी और इसे अच्छे से अच्छा करने का प्रयास किया हाजी इस्माइल खत्री के यहां मेरे पिता जी काम करते थे । अब में स्वयं का कारखाना चला रहा हु जहा सात से आठ कारीगर मेरे पास हे । शासन से तो कोई लाभ नहीं मीला बस अपने दम पर इस कार्य को अंजाम दे रहै ओर आगे भी देते रहेंगे ।



भावसार क्षत्रिय समाज का अन्नकूट महोत्सव में भगवान को लगाए छप्पन भोग

कुक्षी, (निप्र)। बैकुंठ चौदस महापर्व के उपलक्ष्य में भावसार क्षत्रीय समाज द्वारा अन्नकूट महोत्सव का आयोजन भावसार धर्मशाला में स्थित मां हिंगलाज माता मंदिर में हर्षोल्लास के साथ किया गया ।इस अवसर पर मंदिर का आकर्षक श्रृंगार किया था वहीं भगवान शिव और मां हिंगलाज माता की महाआरती बड़े भाव भक्ति से कर भगवान को छप्पन भोग लगाया गया। सहभोज का आयोजन किया गया इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के बच्चों, महिला, पुरुष सहित मंदिर दर्शनार्थियों द्वारा अन्नकूट महोत्सव प्रसादी का लाभ लिया।

स्थापना दिवस पर किया ध्वजारोहण

मेघनगर, (निप्र)। विश्व पूज्य दादा गुरुदेव श्रीमद विजय राजेंद्र सुरीश्वरजी महाराज के शिष्य, व्याख्यान वाचस्पति श्रीमद विजय यतीन्द्र सुरीश्वरजी महाराज साहब द्वारा स्थापित अखिल नवयुवक परिषद् के 67वे स्थापना दिवस कार्तिक सुदी पूर्णिमा के शुभ दिन श्री राजेन्द्र सूरी जैन ज्ञान मंदिर प्रांगण में चारों परिषद की स्थानीय इकाई एवं श्रीसंघ द्वारा परिषद स्थापना दिवस पर परिषद् का झंडावंदन व परिषद् गीत का उद्घोष कर संस्था कि स्थापना के उद्देश्य पर खरा उतरने का संकल्प लिया।

उक्त जानकारी देते हुए परिषद प्रवक्ता दिविक कावड़िया ने बताया कि, परिषद अध्यक्ष देवेंद्र जैन, महामंत्री राहुल लोढ़ा, महिला परिषद अध्यक्ष स्नेहलता कावड़िया, उपाध्यक्ष साधना लूनिया द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर श्रीसंघ, एवं चारों परिषद इकाई के सदस्य उपस्थित रहे।

गुरुनानक जयंती के प्रकाश पर्व पर छाया उल्लास

लंगर में हजारों श्रद्धालुओं ने की सहभागिता

मेघनगर, (निप्र)। शहर के सरकारी अस्पताल के पीछे गौर बंजारा समाज गुरु नानक जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है। इस इस अवसर पर समाज द्वारा भव्य लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

गुरु नानक जयंती 556वा प्रकाश पर्व के अवसर पर देर रात भजन संध्या आयोजित हुई। जिसमें गुरु वाणी के साथ ही धर्म गुरुओं के भजन गाए गए। कार्यक्रम में मेघनगर के बंजारा समाज के साथ ही शहर के सभी समाज और वर्ग के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। दोपहर साढ़े 12 बजे गुरु नानक देव जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर उनकी आरती उतारी गई। आरती के बाद प्रसादी वितरण और लंगर का शुरू हुआ जो देर



शाम तक सतत चलता रहा। इस धार्मिक आयोजन को सफल करने में बंजारा अशवन देवाना , भोपत देवना, दिलीप, चीनू, गोलू , सहित देवाना परिवार का सहयोग रहा। सभी उत्साहित समाजजनो और श्रद्धालुओं की उपस्थिति में रात 12 बजे गुरुकाजन्म जी का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लंगर प्रसादी वितरण में बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं ने सेवा दी।

महिला एवं बाल विकास मंत्री भूरिया ने मप्र के महामहिम राज्यपाल से की सौजन्य भेंट

झाबुआ, (निप्र)। मप्र शासन की महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने 6 नवंबर, गुरूवार को मप्र की राजधानी भोपाल स्थित राजभवन में मप्र के महामहिम राज्यपाल मंगूभाई छगनभाई पटेल से सौजन्य भेंट की। इस दौरान केबिनेट मंत्री सुश्री भूरिया ने महामहिम राज्यपाल श्री पटेल का भव्य पुष्प गुच्छ भेंटकर आत्मीय अभिनंदन किया। बाद महामहिम राज्यपाल से मंत्री सुश्री भूरिया ने प्रदेश में सिकल सेल एनीमिया के प्रभावी रोकथाम हेतु विस्तार से बातचीत की।

मप्र के महामहिम राज्यपाल श्री पटेल से मंत्री सुश्री भूरिया की यह भेंट करीब 15-20 मिनिट की रहीं। जिसमें मंत्री सुश्री भूरिया ने महामहिम राज्यपाल का आत्मीय अभिनंदन करने के साथ उनसे प्रदेश में सिकल सेल जैसी गंभीर एवं जानलेवा बिमारी से किस तरह रोकथाम हो सके, इस संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त किया। भेंटवार्ता में महामहिम राज्यपाल श्री पटेल ने बताया कि यह बिमारी मुख्य रूप से व्यक्ति के



शरीर में रक्त की कमी से होती है और इसमें ग्रसित रोगी का शरीर धीरे-धीरे कमजोर होने लगता है। यह अत्यंत ही गंभीर एवं खतरनाक बिमारी है। इसके रोकथाम के लिए मप्र एवं केंद्र सरकार को मिलकर सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है। साथ ही विशेष रूप से स्वास्थ्य महकमे को इस बिमारी के लक्षण, बचाव और उपचार संबंधी जानकारी का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार किया जाना आवश्यक है। सभी के सामूहिक प्रयासों से सिकल सेल जैसी जानलेवा बिमारी से रोकथाम संभव है। साथ ही इस बिमारी ग्रसित रोगियों को समय पर एवं नियमित उपचार मिलने से मरीज जल्द स्वस्थ भी हो सकता है।

जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा- महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री भूरिया ने बताया कि प्रदेशभर में महिलाओं एवं विशेषकर बच्चों को सिकल सेल एनीमिया से रोकथाम के लिए मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विशेष अभियान संचालित किया जाएगा। इसके लिए जन-जागरूकता और प्रचार-प्रसार संबंधी कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे। मंत्री सुश्री भूरिया की महामहिम राज्यपाल श्री पटेल से सौंहादपूर्ण वार्ता में इस अभियान के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन पर जोर दिया गया।

लेबड़ नयागांव फोरलाइन पर अब तेज रफ्तार वाहन चालकों पर पुलिस कसेगी शिकंजा

बदनावर, (निप्र)। सड़कों पर वाहनों को तेज गति से दौड़ाने वाले चालक अब संभल जाएं। जिले भर ने अब ट्रैफिक पुलिस ने तेज गति से वाहन चलाने वाले चालकों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है, पुलिस अधीक्षक धार मयंक अवस्थी के निर्देशन में अब लेबड - जावरा मार्ग पर यातायात पुलिस द्वारा स्पीड रडार गन के माध्यम से चालानी कार्यवाही की जा रही है।

विगत दिनों धार पुलिस अधीक्षक श्री अवस्थी द्वारा जिले में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण करने के उद्देश्य से जिले भर के पुलिस अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली गई। जिसके अंतर्गत जिले में अधिक सड़क दुर्घटना वाले मार्गो को चिन्हित कर उन पर प्रभावी प्रवर्तन के निर्देश दिए गए जिसके पालन में एस.डी.ओ.पी.बदनावर श्री अरविंद सिंह तोमर के निर्देशन में लेबड - नयागांव एवं बदनावर उज्जैन रोड पर हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से ओवर स्पीड में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की जा रही है।

स्पीड रडार गन के साथ हाइवे पर पुलिस तैनात-

यातायात पुलिस द्वारा हाईवे पर स्पीड रडार गन को इस तरह से तैनात किया जाता है कि सामने से आने वाले वाहनों की 100 मीटर दूरी से वाहन की रफ्तार की जानकारी मशीन दे देती है। आधुनिक स्पीड रडार गन में एएनपीआर (ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रीकैनइजेशन) कैमरे लगाए गए हैं, जो वाहन की स्पीड बताएंगे और साथ में नंबर प्लेट की फोटो ले सकेंगे। इस स्थिति में वाहन चालक तेज रफ्तार को लेकर बहाने बाजी नहीं कर सकेगा। स्पीड रडार गन का उपयोग उन सड़कों पर ज्यादा किया जाएगा, जिन सड़कों पर गति सीमा तय होती है। सड़क की गति सीमा और वाहन की गति की तुलना करने पर अगर वाहन की गति सड़क की गति सीमा से ज्यादा पाई जाएगी, तो संबंधित



वाहन का चालान काटा जाएगा। तेज रफ्तार वाहन चलाते हुए अगर स्पीड रडार गन में दर्ज होंगे, तो रफ्तार के साथ वाहन की नंबर प्लेट भी दर्ज होगी।

हादसे कम होंगे, सबूत भी रहेगा-ट्रेफिक सूबेदार नितेश राठौर ने बताया कि स्पीड रडार गन के माध्यम से चालान की कार्रवाई शुरू हो गई है। इस कारण वाहन चालक निर्धारित रफ्तार में ही वाहन चलाएंगे। इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। डायवर्जन रोड पर ही वाहन चालक तय गति से तेज वाहन चलाते हैं, ऐसे में ट्रैफिक पुलिस वाहनों की जांच करेगी कि कोई वाहन तेज गति से तो नहीं चल रहा। तेज गति से आ रहे वाहन चालक का चालान काटा जाएगा।

तेज रफ्तार वाहन बनते हैं हादसे का कारण-सड़क पर होने वाली ज्यादातर घटना है तेज रफ्तार के कारण होती हैं. ज्यादा तेज रफ्तार वाहन नियंत्रण से बाहर हो जाते हैं और हादसों की वजह बनते हैं, अधिकतर हाईवे पर एक तरह की दुर्घटनाएं ज्यादातर होती है। एक साल के भीतर जिलेभर में से 1849 अधिक सड़क हादसे हुए, जिनमें 589 लोगों की मृत्यु हो गई है।

राजमार्गों पर वाहनों की अधिकतम गति सीमा-भारतीय राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्री कारों (श्रेणी) के लिए गति सीमा सामान्यतः 100 किमी/घंटा और वाणिज्यिक वाहनों के लिए 80 किमी/घंटाहै । हालाँकि, विशिष्ट सड़क, वाहन के प्रकार और राज्य के नियमों के आधार पर गति सीमा भिन्न हो सकती है, इसलिए लगे हुए संकेतों का पालन करना जरूरी है। एक्सप्रेसवे पर यात्री कारों के लिए गति सीमा आमतौर पर 120 किमी/घंटा होती है। सड़क पर लगे संकेतों पर अंकित गति सीमा का हमेशा पालन करें, क्योंकि सामान्य नियमों की अपेक्षा इन्हें प्राथमिकता दी जाती है।

लाइसेंस रद्द होने की संभावना-लगातार ओवर-स्पीडिंगः अगर आप बार-बार पकड़े जाते हैं और तेज गति से गाड़ी चलाने के दोषी पाए जाते हैं, तो आपका ड्राइविंग लाइसेंस रद्द किया जा सकता है।

गंभीर अपराधः अत्यधिक तेज गति से गाड़ी चलाना एक गंभीर अपराध है, और पुलिस अधिकारी इसे आपके लाइसेंस को तुरंत जब्त करने का कारण मान सकते हैं, खासकर अगर वे अदालत में मुकदमा चलाने के लिए तैयार हों।

नियमों का सख्ती से पालनः कई राज्य और शहर यातायात पुलिस को ओवर-स्पीडिंग पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश देते हैं, जिसमें लाइसेंस को निलंबित या रद्द करना भी शामिल है।

एक नजर

वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर देशभर में होंगे समारोह

झाबुआ। भारत सरकार द्वारा राष्ट्रगीत ह्यवंदे मातरम्ह्न के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 7 नवम्बर 2025 से 7 नवम्बर 2026 तक देशभर में वर्षभर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह निर्णय स्वतंत्रता संग्राम में इस गीत की भूमिका और इसकी स्थायी सांस्कृतिक विरासत के महत्व को रेखांकित करता है। वर्षभर आयोजित होने वाले समारोह चार चरणों में सम्पन्न होंगे प्रथम चरण रू 7 से 14 नवम्बर 2025 (शुभारंभ), द्वितीय चरण रू 19 से 26 जनवरी 2026 (गणतंत्र दिवस), तृतीय चरण रू 7 से 15 अगस्त 2026 (हर घर तिरंगा अभियान के साथ), चतुर्थ चरण रू 1 से 7 नवम्बर 2026 (समापन सप्ताह)। म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुसार, राष्ट्रगीत ह्यवंदे मातरम्ह्न के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले में भी आयोजन किए जाएंगे। जिला मुख्यालय झाबुआ में महिला एवं बल विकास विभाग मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया की अध्यक्षता में 7 नवम्बर 2025 को प्रातः 09रू30 बजे कलेक्टर कार्यालय परिसर स्थित लाडली लक्ष्मी उद्यान में वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया जाएगा। इसके उपरांत नई दिल्ली से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा जाएगा। इसी प्रकार सभी तहसील एवं विकासखण्ड मुख्यालयों में भी वंदे मातरम् का संपूर्ण गायन सुनिश्चित किया जाएगा।

बहादुर सागर तालाब के घाट पर मातृ शक्तियों ने सामूहिक महाआरती की

झाबुआ। शहर के वार्ड क्रमांक-1 की पार्षद रेखा अश्विन शर्मा के प्रयासों से




प्रथम बार शुक्ल पक्ष की कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर स्थानीय कॉलेज मार्ग स्थित बहादुर सागर तालाब के छतरी घाट पर शहर की महिलाओं ने संध्याकाल घाट पर दीप प्रज्ज्वलित कर सामूहिक महाआरती का भव्य आयोजन किया। इस हेतु दोनों घाट (महिला घाट एवं छतरी घाट) पर साफ-सफाई करवाकर आसपास लगी जालीयों को मालाओं से सजाया गया और धर्मालुजनों के लिए पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था भी की गई। सांयकाल भगवान की महाआरती घाट पर उपस्थित मातृ शक्तियों द्वारा भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रेखा अश्विन शर्मा के नेतृत्व में उतारी गई। कार्यक्रम पश्चात उपस्थित धर्मालुजनों ने तालाब की सफाई, विद्युत व्यवस्था सहित सामूहिक महाआरती के इस भव्य आयोजन के लिए वार्ड पार्षद श्रीमती शर्मा का आभार माना। वहीं वार्ड पार्षद रेखा शर्मा ने भी समस्त मातृ शक्तियों एवं धर्मालुजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

ईसाई समाज ने कब्र को फूलों से सजाकर जलाई मोमबत्ती

झाबुआ। पूरे विश्व में 2 नवंबर को ईसाई समाज प्रतिवर्ष समस्त मृत परिजनों को



याद कर उनकी आत्मा की शांति के लिए मिस्सा पूजा प्रार्थना और पुष्प वं के साथ मोमबत्ती उनकी कब्र पर अर्पित करता है। झाबुआ डायसिस के बिशप पीटर खरादी कब्र की आशीष और प्रार्थना के लिए नगर की पद्मावती नदी किनारे स्थित कैथोलिक ईसाई कब्रिस्तान पर उपस्थित हुए। उन्होंने कहा हम आज जीवित है हम उन सभी मृत आत्माओं के लिए प्रार्थना करें जो आज हमारे साथ नहीं है। क्योंकि वे मरने के बाद स्वयं अपने गुनाहों लिए ईश्वर से प्रार्थना और क्षमा याचना नहीं कर सकती। इसलिए हमें उनके लिए प्रार्थना एवं उनके गुनाहों के प्रायश्चित के लिए क्षमा याचना करने का यह अवसर मिला है। इसलिए हम उनके गुनाहो के लिए ईश्वर से अनुनय विनय करें। जिससे वे स्वर्ग धाम में अनंत सुख प्राप्त करें। कैथोलिक ईसाई कब्रिस्तान 126 वर्ष पुराना है। जहां पुरखों के पौत्र पुत्र एवं पर पोतों ने दूर दूर से आकर मृत परिजनों की कब पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पल्ली पुरोहित फादर पीटर कटारा, फादर असीम मिंज भी उपस्थित रहे। ईसाई समाज के लोगों द्वारा कब्र की सफाई की जाकर फूलों से सजावट की गई। साथ ही मोमबत्ती लगाई।



जनपद अध्यक्ष की कलेक्टर से शिकायत

मेघनगर, (निप्र)। जनपद पंचायत अध्यक्ष ललिता मुकेश मुनिया ने अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके निर्देशों को पूरी तरह नजर अंदाज किया गया । उन्होंने बताया –मैंने स्पष्ट कहा था कि आयोजन में जो वास्तविक खर्च हो वही बिल लगाया जाए लेकिन मुझे दरकिनार कर मनमाने बिल पास किए गए टेंट का काम किसी और को दे दिया गया और पूरे आयोजन की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो गए। उन्होंने बताया कि इस मामले की लिखित शिकायत कलेक्टर से जनसुनवाई में की गई है और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

देव दीपावली पर स्वर्णकार समाज का अन्नकूट महोत्सव आयोजित

कुक्षी, (निप्र)। स्थानीय रणछोड़ राय मंदिर में छप्पनभोग महोत्सव समिति, ब्राह्मण स्वर्णकार समाज कुक्षी द्वारा देव दीपावली पर्व पर छप्पन भोग दर्शन एवं अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें रणछोड़राय मंदिर को फूलों से आकर्षक रूप से सजाया गया तथा घर पर बने व्यंजनों से छप्पन भोग लगाया गया । इस अवसर पर सर्व स्वर्णकार समाज उपस्थित रहा , साथ ही डही, मनावर , गंधवानी, बाग , डेहरी , इंदौर , जोबट , सहित कई स्थानों से स्वजातीय बंधुओं की सहभागिता रही ।



देव दिवाली के पावन अवसर पर भगवान रणछोड़राय को घर पर बने व्यंजनों से छप्पन भोग लगाए गए जो बाद में श्रद्धालुओं में वितरित कर दिए । अन्नकूट महोत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर में भव्य फूलों का श्रृंगार किया गया , जो बहुत ही आकर्षक रहा ।

भगवान रणछोड़राय की महा आरती के पश्चात अन्नकूट महा प्रसाद का आयोजन हुआ , जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अन्नकूट महा प्रसाद का लाभ लिया 24 वर्षों से अनवरत जारी इस महोत्सव में श्रद्धालुओं में अपार उत्साह रहता है , और सभी समाज जन इसमें बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में , संतोष बाड़मेरा , रणछोड़ जोजावरा , सुभाष मंडोरा , भूपेंद्र सोनी , हीराचन्द बाड़मेरा ,प्रदीप मंडोरा , गोपाल भजुड़, मनीष बाड़मेरा , राजेश हेड़ाऊ , निर्मल सोनी , बसंत काला , प्रवीण जोजावरा , योगेश बड़मेरा , शिवम बाड़मेरा , यश मंडोरा अनिल मंडोरा , कृष्णा बाड़मेरा नमन बाड़मेरा सहित सभी समाज बंधुओं का सहयोग सराहनीय रहा ।

सुसारी में ब्राह्मण समाज का अन्नकूट महोत्सव सौहाद्रपूर्ण रुप से संपन्न

कुक्षी, (निप्र)। श्री सत्यानारायण भगवान जी को समर्पित 56 भोग तथा श्री गौड़ सेहरा ब्राह्मण समाज सुसारी द्वारा आयोजित अन्नकूट समारोह एवं अन्नपूर्णा प्रसादम में, श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। श्री सत्यानारायण भगवान जी को 56 भोग अर्पित किए गए। अन्नकूट प्रसाद में विविध व्यंजन एवं मिठाइयाँ परोसी गईं। ग्रामवासियों एवं समाजजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। महिलाओं ने भक्ति भाव से सुंदर गरबा नृत्य किए, जिससे माहौल भक्तिमय बन गया।



सहभोज जन का शुभारंभ बच्चों द्वारा हनुमान चालीसा पाठ से हुआ। इसके बाद बड़ों द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया। भोजन स्तुति के साथ अन्नकूट प्रसाद एवं सहभोज का आरंभ हुआ। सभी ने प्रेम, सहयोग और आनंद के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। इससे पूर्व बस स्टैंड स्थित भगवान सत्यनारायण मंदिर में कथा संपन्न हुई। ढोल बाजे के मंदिर से भोजन शाला तक चल समारोह निकाला गया जिसमें समाज के महिला, पुरुष, बच्चे आदि बड़ी संख्या में शामिल हुए।

निसरपुर चौकी द्वारा आपरेशन मुस्कान कार्यक्रम आयोजित

कुक्षी, (निप्र)। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत चौकी प्रभारी उप निरीक्षक रवि वास्के ने स्थानीय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेंअभियान के तहत जागरूक किया। 1 से 30 नवंबर तक ऑपरेशन मुस्कान चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य गुम हुई नाबालिक बालक बालिकाओं का पता करना , बालाक,बालिकाओं के खिलाफ जो विभिन्न प्रकार के अपराध होते हैं उन अपराधों से उनको बचाना भी है इसी को लेकर थाना प्रभारी उनि. रवि वास्केल, सहायक उप निरीक्षक थान सिंह जमरा ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निसरपुर में बालिकाओं को गुड टच बेड टच के बारे में बताया,साथ ही उनके खिलाफ होने वाले विभिन्न अपराध और उनसे बचने के तरीके भी बताएं । छात्राओं को वर्तमान में हो रहा है इंटरनेट क्राइम,साइबर फ्रॉड फेसबुक, व्हाट्सएप इंस्टाग्राम के माध्यम से हो रहे विभिन्न साइबर क्राइम और उनसे बचने के उपाय भी बताए गए।



बालिकाओं को पेन और कॉपी वितरण की गई। कार्यक्रम में स्कूल प्रिंसिपल मोहनलाल पाटीदार, देवेंद्र नामदेव, श्रीमती बबीता चौहान इस अवसर पर शाला एवं पुलिस चौकी शामिल रहा।

कुक्षी में साध्वीजी का चातुर्मास स्थल परिवर्तन संपन्न

जैन समाज में वर्षावास का समय बड़ा महत्वपूर्ण

कुक्षी, (निप्र)। जैन धर्म में सनातन धर्म में चातुर्मास का कालखंड काफी महत्वपूर्ण माना जाता है, जैन धर्म में इसे वर्षावास भी कहा जाता है, और इस कालखंड में संत महात्मा यानी आचार्य साधु साध्वी भगवंत चातुर्मास पूर्ण होने के पश्चात कार्तिक पूर्णिमा को जिस स्थान पर चातुर्मास किया है। उस स्थान से दूसरे स्थान पर स्थिरता करते हैं जिसे चातुर्मास स्थल परिवर्तन कहा जाता है, कुक्षी में दादा गुरुदेव श्रीमद् विजय राजेंद्रसुरिश्वर जी महाराजा साहेब की वंदनीय पाट परंपरा में पुण्य सम्राट आचार्य देवेश श्रीमद् विजय जयंतसेनसुरिश्वर जी महाराज साहब के पट्टधर गच्छाधिपति श्रीमद् विजयनित्यसेन सुरिश्वर जी महाराजा साहेब, आचार्य देवेश जयरत्न सुरिश्वर जी महाराजजि



साहेब की आज्ञानुवर्ती साध्वी भगवंत परम पूज्य लब्धि निधि श्रीजी आदि ठाणा चार का चातुर्मास स्थल परिवर्तन 5 नवंबर को कुक्षी में श्री संघ ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर पूर्ण करवाया।

इस अवसर पर कुक्षी स्थित दादा सिंमधर स्वामी मंदिर से बाजे गाजे के साथ परम पूज्य साध्वी भगवंतो का विहार कुक्षी की पूर्णिमा स्टेट कॉलोनी हुआ , इस दौरान एक धर्म सभा का भी आयोजन किया गया जिसमें साध्वी भगवंत ने अपनी देशना देते हुए परिवर्तन क्यों विषय पर अपने विचार रखें। इस अवसर पर सिद्धाचल पट के समक्ष भाव यात्रा भी की गई वंदना की गई इस अवसर पर की महिला श्राविकाओं ने सिद्धाचल पट की गहुंली बनाकर वंदना की। पुण्य सम्राट की अति प्रिय संस्था अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन युवक परिषद का स्थापना दिवस भी था इस अवसर पर पूर्णिमा स्टेट में साध्वी भगवंत की निश्रा में परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष में परिषद के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री श्री रमेश धाडीवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुएपरिषद क्या और पुण्य सम्राट परिषद के लिए कैसे प्रेरणा पुंज थे, विषय पर अपने विचार रखें, श्री संघ की उपस्थिति में परिवर्तन का यह आयोजन भव्य रूप से संपन्न हुआ, परिषद स्थापना दिवस के अवसर पर परिषद गीत का भी सस्वर पाठ किया गया, कार्यक्रम में कुक्षी जैन संघ के अध्यक्ष श्री मनोहर लाल जी पुराणिक एवं परिषद के अध्यक्ष रूपेश जैन विशेष रूप से उपस्थित थे, परिवर्तन विहार के लाभार्थी धाडीवाल परिवार ने साध्वी भगवंत को वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा श्री संघ का आभार व्यक्त किया।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, ग्राम पंचायत काकड़दा के सीमा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम काकड़दा के मुख्य मार्ग पर गांवठान आबादी क्षेत्र में वार्ड नं. 17 प.ह.नं. 01, तह. महेश्वर जिला खरगोन (मप्र) में पक्का आवासीय प्रयोजन का मकान स्थित है जो कार्यालय ग्राम पंचायत काकड़दा के प्रमाण पत्र क्रमांक 02/2025 एवं क्रमांक 17/25 दिनांक 03.11. 2025 के अनुसार पंचायत के भवन स्वामी रेकार्ड में 259 के रूप में दर्ज है। जिसकी लम्बाई पुर्व से पश्चिम 50 फिट एवं चौड़ाई उत्तर से दक्षिण 15 फिट जिसका कुल क्षेत्रफल 750 वर्गफीट अर्थात 69.70 वर्गमीटर है। उक्त सम्पत्ति विक्रय पत्र क्रमांक MP229342024A11012248 दिनांक 09.08.2024 के अनुसार श्री सलमान कांकर पिता रईस कांकर जाति मुसलमान निवासी ग्राम काकड़दा तह. महेश्वर जिला खरगोन (मप्र) के नाम से दर्ज है। उक्त संपत्ति पर मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा गुजरी द्वारा ऋण दिया जा रहा है। सदर भूखंड भवन एवं संपत्ति पर किसी व्यक्ति, संस्था, कंपनी, वारिसान, विधिक प्रतिनिधि, किसी शासकीय-अशासकीय कार्यालय, निकाय, वित्तीय संस्थान, बैंक इत्यादि का किसी प्रकार से कोई हक, हित, अधिकार, स्वत्व, दावा, रहन, कर्ज, डिक्री, आपत्ति, चार्ज, जमानत, बोझ, बंधक आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस की अवधि में मय लिखित दस्तावेजी प्रमाण में आपत्ति मेरे समक्ष या मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा गुजरी के समक्ष प्रस्तुत करे। अन्यथा समयावधि के पश्चात मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा गुजरी के द्वारा ऋण राशि का भुगतान कर उक्त संपत्ति को बंधक रखा जावेगा तथा बैंक संस्था एवं मेरे समक्ष किसी को भी आपत्ति मान्य, बंधनकारक व स्वीकार नहीं होगी।

पक्षकार तर्फे अधिवक्ता
जितेंद्र सेन एड.
वरदान सेन एड.
धरमपुरी जिला धार मप्र

एक नजर

मंधाना आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नॉमिनेट:वोल्वार्ट और गार्डनर ने कम्पीट करेंगी

दुबई। विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाली स्मृति मंधाना को आईसीसी के बेस्ट प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नॉमिनेट किया गया है। 29 साल की मंधाना ने 2 नवंबर को समाप्त हुए टूर्नामेंट में 434 रन बनाए थे। उनके इस प्रदर्शन की मदद से भारतीय टीम साउथ अफ्रीका को 52 रनों से हराते हुए पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बनी थी। अक्टूबर महीने के नॉमिनेशन में भारतीय उपकप्तान मंधाना के अलावा, साउथ अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ट और ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर भी शामिल हैं।



भुल्लर सिंगापुर ओपन में 10वें स्थान पर

सिंगापुर। भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर बृहस्पतिवार को यहां पहले दौर में पांच अंडर 67 के स्कोर से मोतेई सिंगापुर ओपन में संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर हैं।पहले दौर का खेल अभी पूरा नहीं हुआ है।भुल्लर ने सात बर्डी की लेकिन दो बोगी भी कर गए।अन्य भारतीयों में अजितेश संधू (70) संयुक्त 57वें, विराज मादप्पा (71) संयुक्त 79वें, शिव कपूर (72) संयुक्त 98वें स्थान पर और एस चिकारंगप्पा (75) संयुक्त 121वें स्थान पर हैं। कोरिया के जेयुंगहुन वैंग ने आठ अंडर 64 के स्कोर से बढ़त बना रखी है।

दीक्षा डागर चीन में भारतीयों के बीच शीर्ष पर

शेनझेन (चीन)। दीक्षा डागर बृहस्पतिवार को यहां अरामको चीन गोल्फ चैंपियनशिप के पहले दौर में एक अंडर 72 के स्कोर से भारतीय खिलाड़ियों के बीच शीर्ष पर हैं।दीक्षा संयुक्त रूप से 42वें स्थान पर हैं।



भारत की प्रणवी उर्स पार 73 के स्कोर से संयुक्त रूप से 57वें स्थान पर हैं। दो अन्य भारतीय खिलाड़ी त्वेसा मलिक और अवनि प्रशांत एक ओवर 74 के समान स्कोर से संयुक्त रूप से 75वें पायदान पर हैं। स्वीडन की मोया फोल्क ने छह अंडर 67 के स्कोर से इंग्लैंड की एलिस ह्युसन, थाईलैंड की ओचिसा उताना और जर्मनी की लॉरा फुएंफस्टुएक पर एक शॉट की बढ़त बना ली है।

अल्काराज एटीपी फाइनल्स ड्रॉ में जोकोविच के साथ, सिनर और ज्वेरेव दूसरे ग्रुप में

तूरिन (इटली)। शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज को बृहस्पतिवार को एटीपी फाइनल्स के ड्रॉ में नोवाक जोकोविच के साथ रखा गया है जबकि गत चैंपियन यानिक सिनर और एलेक्जेंडर ज्वेरेव दूसरे ग्रुप में हैं। जिमी कोनोर्स ग्रुप में अल्काराज, जोकोविच, टेलर फ्रिट्ज और एलेक्स डि मिनॉर शामिल हैं।ब्योर्न बोर्ग ग्रुप में सिनर, ज्वेरेव, बेन शेल्टन मौजूद है जबकि फेलिक्स ऑगर आलियासिमे या लोरेंजो मुसेटी में से एक इसमें जगह बनाएगा।

भारत ने चौथे टी20 मैच में ऑस्ट्रेलिया को 48 रन से हराया, श्रृंखला में 2-1 की बनाई बढ़त

घर में टी-20 में दूसरे सबसे छोटे स्कोर पर आस्ट्रेलिया आलआउट

सुंदर-शिवम और अक्षर चमके, गिल ने खेली 46 रनों की शानदार पारी

कैरारा (एजेंसी)। अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर की उम्दा गेंदबाजी से भारत ने बृहस्पतिवार को यहां चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को 48 रन से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बनाई। भारत के 168 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम वाशिंगटन सुंदर (तीन रन पर तीन विकेट), अक्षर पटेल (20 रन पर दो विकेट) और शिवम दुबे (20 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 18.2 ओवर में 119 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कप्तान मिचेल मार्श (30) ही 30 रन के आंकड़े को छू पाए। नाथन एलिस (21 रन पर तीन विकेट) और एडम जंपा (45 रन पर तीन विकेट) ने इससे पहले अंतिम ओवरों में भारत को लगातार झटके दिए जिससे एक समय दो विकेट पर 121 रन बनाकर अच्छी स्थिति में दिख रही मेहमान टीम आठ विकेट पर 167 रन ही बना सकी।

घर में ऑस्ट्रेलिया की शर्मनाक हार-पांच मैचों की सीरीज के चौथे मुकाबले में मेजबान ऑस्ट्रेलिया अपने घर में टी20 अंतरराष्ट्रीय के दूसरे सबसे छोटे स्कोर पर ऑलआउट हो गई। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया 2022 में सिडनी में न्यूजीलैंड के खिलाफ 111 के स्कोर पर ऑलआउट हो गई थी। वहीं, भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्हीं की सरजमीं पर दूसरा सबसे बड़ा लक्ष्य सफलतापूर्व डिफेंड किया। इससे पहले 2020 में भारत ने 162 रनों का लक्ष्य डिफेंड किया था।

गिल के अलावा कोई और नहीं चला-भारत की ओर से गिल के अलावा कोई और नहीं चला। उन्होंने सबसे ज्यादा 46 रन की पारी खेली। अभिषेक शर्मा 21 गेंद में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 28 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, शुभमन गिल ने 39 गेंद पर चार चौके और एक छक्के की मदद से 46 रन की पारी खेली। वहीं, शिवम दुबे 18 गेंद में 22 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 10 गेंद में दो छक्के की मदद से 20 रन की पारी खेली। तिलक वर्मा पांच रन और अर्शदीप खाता खोले बिना पवेलियन लौटे। आखिर में अक्षर पटेल ने जरूर कुछ आक्रामक शॉट्स खेले। वह 11 गेंद में 21 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया के लिए नाथन एलिस और जैम्पा ने तीन-तीन विकेट लिए। इसके अलावा जेवियर बार्टलेट और स्टोइनिस को एक-एक विकेट मिला।



जितेश शर्मा तीन रन बनाकर आउट हुए। वॉशिंगटन सुंदर भी 12 रन ही बना सके।

168 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाई और 18.2 ओवर में सिर्फ 119 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से कप्तान मिचेल मार्श (30) ही 30 रन का आंकड़ा छू सके, जबकि मैथ्यू शॉर्ट (25) ने शुरूआत में कुछ आक्रामक शॉट लगाए। अक्षर पटेल ने शॉर्ट को एलबीडब्ल्यू आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई, फिर जोश इंग्लिस (12) को बोल्ड किया। इसके बाद शिवम दुबे ने मिचेल मार्श और टिम डेविड (14) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को बैकफुट पर धकेल दिया। ग्लेन मैक्सवेल (2) और जोश फिलिप (10) जल्दी लौट गए। आखिर में वाशिंगटन सुंदर ने कहर बरपाया। उन्होंने लगातार दो गेंदों पर मार्कस स्टोइनिस (17) और जेवियर बार्टलेट (0) को आउट करने के बाद अगले ओवर में एडम जंपा (0) को भी चलता किया। सुंदर ने मात्र तीन रन देकर तीन विकेट झटके, जबकि अक्षर पटेल ने 20 रन पर दो विकेट और शिवम दुबे ने भी 20 रन पर दो विकेट लिए। अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह को भी एक-एक सफलता मिली।

शिवम ने 117 मीटर लंबा छक्का लगाया, बॉल गुमी

शिवम दुबे ने 11वें ओवर में एडम जम्पा की बॉल पर 117 मीटर लंबा छक्का लगाया। उनके इस छक्के से बॉल गुम गई। ऐसे में अंपायर्स को दूसरी बॉल मंगानी पड़ी। दुबे ने जम्पा के ऑफ स्टंप के बाहर की बॉल को सामने की तरफ मारा। बॉल सामने की तरफ साइट स्क्रीन की ओर चली गई। इसके बाद थर्ड अंपायर दूसरी बॉल लेकर आए।





विश्वविजेता बेटियों से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने की मुलाकात : कहा-

आप युवा लड़कियों के लिए रोल मॉडल है

नई दिल्ली, (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को विश्वकप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ियों के मुलाकात की और कहा कि वे आज युवा पीढ़ी की लड़कियों के लिए रोल मॉडल बन गई हैं, इससे उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। आज यहां राष्ट्रपति भवन में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस समारोह में भारतीय महिला क्रिकेट खिलाड़ियों ने ट्रॉफी लेकर राष्ट्रपति मुर्मू के साथ फोटो खिंचवाई। इस दौरान कप्तान हरमनप्रीत कौर ने राष्ट्रपति को खिलाड़ियों के हस्ताक्षर वाली टी-शर्ट भेंट की। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, आप युवा पीढ़ी, विशेषकर लड़कियों के लिए रोल मॉडल बन गई हैं, इससे वह जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगी।

अनऑफिशियल टेस्ट

जुरेल के शतक से भारत ए के 255 रन

साउथ अफ्रीका-ए से वान वुरेन को 4 विकेट

बेंगलुरू, (एजेंसी)। ध्रुव जुरेल के शानदार शतक की मदद से भारत ए ने शीर्षक्रम की नाकामी से उबरते हुए दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ चार दिवसीय मैच के पहले दिन बृहस्पतिवार को 255 रन बनाये । पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर भारत ए ने सात विकेट 126 रन पर गंवा दिये थे लेकिन जुरेल (नाबाद 132) और कुलदीप यादव (20) ने आठवें विकेट के लिये 79 रन की साझेदारी की । जुरेल ने 175 गेंदों में 12 चौकों और चार छक्कों की मदद से 126 रन की पारी खेली जबकि कुलदीप ने अपनी पारी में 87 गेंदों का सामना किया ।जुरेल ने आफ स्पिनर प्रेनेलान सुब्रायेन को लांग आन पर शानदार छक्का जड़ा । इसके बाद इसी गेंदबाज को स्लॉग स्वीप पर छक्का लगाया । उन्होंने वान वूरेन की गेंद पर एक रन लेकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में चौथा शतक पूरा किया । पिछली सात पारियों में यह उनका तीसरा शतक है । उन्होंने आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ लखनऊ में और वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद में शतक बनाया था । इससे पहले साइ सुदर्शन (17), केएल राहुल (19) और कप्तान ऋषभ पंत (24) सस्ते में आउट हो गए ।



खरगोन जिला

उम्मत की फ़िक्र के साथ इमामों की फ़िक्र भी ज़रूरी- सूफ़ी सैफुल्लाह क़ादरी

इस्लाही जलसे इस्लाम, इल्म और उम्मत की तरक़्क़ी के बयानात किए पेश

खरगोन निप्र।



दरगाह मैदान इंदौर सोनवाय शरीफ़ में ऐतिहासिक इस्लाही जलसे का आयोजन किया गया। इसमें उलमा-ए-किराम, मशायख़ और नबी-ए-करीम सल्लल्लाहो अलैही वसल्लम के परस्तारों ने बड़ी तादाद में शिरकत की। जलसे में इस्लाम, इल्म और उम्मत की तरक़्क़ी के साथ-साथ, इमाम-ए-मस्जिद के हक़ूक़ और उम्मत की ज़िम्मेदारियां जैसे अहम मौज़ू पर रूहानी बयानात पेश किए गए। कार्यक्रम की सरपरस्ती दारुल उलूम नूरी के शैखुल हदीस, मुफ़्ती-ए-आज़म मालवा, पीरे तरीक़त, हज़रत मौलाना मुफ़्ती नूरुल हक़ साहब ने फ़रमाई। मुख्य अतिथि ग़ौसे आज़म फ़ाउंडेशन के चेयरमैन व चीफ़ क़ाज़ी, ख़लीफ़ा-ए-मुफ़्ती-ए-आज़म मालवा, हमदर्दे-क़ौम व मिल्लत, पीरे तरीक़त, हुज़ूर सैफ़े मिल्लत, हज़रत मौलाना सूफ़ी सैफ़ुल्लाह क़ादरी साहब थे।

सूफ़ी सैफ़ुल्लाह क़ादरी ने अपने रूहानी और असरदार बयान में फ़रमाया कि उम्मत की फ़िक्र करना, इमामों का शेवा है, लेकिन अब वक़्त आ गया है कि उम्मत भी इमामों की फ़िक्र करना शुरू करे। उन्होंने कहा कि इमाम-ए-मस्जिद सिर्फ़ नमाज़ पढ़ाने वाले नहीं, बल्कि उम्मत के रूहानी रहबर, सर का ताज और समाज की इस्लाही रहनुमाई करने वाले होते हैं। हर मोहल्ले, गांव और शहर को चाहिए कि अपने इमाम को इज़्ज़त और एहमियत दे, ताकि वह चैन और सुकून से दीन की ख़िदमत कर सकें। जिस इलाक़े में इमामों की इज़्ज़त और ख़िदमत की जाती है, वहां अल्लाह का फ़ज़्ल, रहमत और बरकत नाज़िल होती है।

सूफ़ी सैफ़ुल्लाह क़ादरी ने इमामों के हक़ूक़ का ज़िक्र करते हुए कहा कि इमाम की इताअत और ताअज़ीम की जाए। इमाम की ग़ीबत और बदगुमानी से बचा जाए। इमाम को रूहानी रहबर समझा जाए, न कि कर्मचारी। इमाम की सलाह और मशवरे को अहमियत दी जाए। इमाम और उनके परिवार का ख़ास ख़्याल रखा जाए और सबसे बढ़कर, दिल खोलकर इमाम से मोहब्बत की जाए। उन्होंने उम्मत से अपील की कि अपने इमामों को तन्हा मत छोड़ो, उनके साथ मिलकर मस्जिदों और समाज की इस्लाही तहरीक में हिस्सा लो। अंत में दुआ के साथ जलसे को विराम दिया गया।

इस मौक़े पर हज़रत मौलाना तौसीफ़ रज़ा, हज़रत मौलाना अमजद ख़ान, नूरी जामा मस्जिद कमेटी के सदर हाजी एहसान पटेल (सरपंच), नायब सदर हाजी सूफ़ी पप्पू पटेल, हाजी अरब अली पटेल, कमेटी के तमाम ज़िम्मेदार और समाजसेवी बड़ी तादाद में मौजूद थे। महफ़िल का समापन दरूद व सलाम और दुआ-ए-ख़ैर पर हुआ। उसके बाद सभी को लंगर खिलाया गया।

श्री पुर्णेश्वर महादेव और बांके बिहारी मिलने के साक्षी बने ग्रीन गोल्डवासी, उत्सवी माहौल में मनी हरि मिलन चतुर्दशी

खरगोन निप्र।



शहर की ग्रीन गोल्ड कॉलोनी में कार्तिक मास के दौरान लगातार धार्मिक आयोजनों का दौर चल रहा है। यहां कार्तिक चतुर्दशी पर दीपदान एवं हरि हर मिलन का धार्मिक आयोजन किया गया। उक्त आयोजन के चलते कॉलोनी में शाम से देररात तक भजन-कीर्तन और जयकारें गुंजायमान होते रहे। कॉलोनी के श्याम बड़ोले ने बताया कि हरि हर मिलन चतुर्दशी पर मंगलवार को रात्रि 11 बजे से हरि. हर मिलन का उत्सव मनाया गया।

शास्त्रोक्त अनुसार प्रभु श्री हरि विष्णु चातुर्मास में आषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष की देवशयनी एकादशी से योग निद्रा में जाने से पूर्व सृष्टि का भार भगवान् शिव शंकर को सौंपकर जाते हैं। कार्तिक मास की देव उठनी एकादशी पर योग निद्रा से जागने के बाद वैकुंठ चतुर्दशी पर भगवान श्री हरि और भगवान श्री भोलानाथ का मिलन होता है और रात्रि 12 बजे पुन: भगवान भोलेनाथ विष्णुजी को सृष्टि का भार सौंपते है। इस मनोरम दृश्य को हरि हर मिलन कहा जाता है। इस दिव्य आयोजन के सैंकड़ों कॉलोनिवासी साक्षी बने।

शाम को पुर्णेश बड़ोले निवास से श्रीबांके बिहारी जी की शोभा यात्रा निकाली गई, जो बाजे-गाजे के साथ मंदिर पहुंची। यहां श्री पूर्णेश्वर महादेव मंदिर में श्री बांके बिहारी का मिलन कराया गया। इस दौरान महिलाओं ने दीपदान भी किया। कॉलोनी की संगीता बड़ोले, पूजा पटेल आदि ने बताया कि कार्तिक मास के दौरान पिछले एक माह से चल रही काकड़ आरती को भी कार्तिक पूर्णिमा पर बुधवार सुबह महाआरती के साथ विराम दिया गया। इस दौरान महिलाओं ने सामुहिक आरती कर सभी के सुख- समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना की। काकड़ आरती समापन पर मंदिर में पूरे माह सफाई सेवा करने के साथ ही पूजन सामग्री संग्रहण करने वाले नगर पालिका कर्मचारियों का मंदिर संस्थापक श्याम बड़ोले ने शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मान करते हुए आभार जताया।

मुस्कान विशेष अभियान के तहत पुलिस ने वृहद स्तर पर आयोजित किए जागरूकता कार्यक्रम



खरगोन निप्र।

जिले में संचालित हो रहे ऑपरेशन मुस्कान विशेष अभियान के तहत जिले के सभी पुलिस थानाक्षेत्रों के करीब 25 शिक्षण संस्थानों में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। उल्लेखनीय है कि एसपी रविन्द्र वर्मा ने निर्देश जारी किए है कि जिले के समस्त थानों में अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक गुम नाबालिग बालिकाओं को दसत्याब एवं जागरूक किया जाए। निर्देशों के पालन में गुरुवार को छात्रओं को गुड़ टच और बेड टच में अंतर के साथ ही महिला हेल्प नम्बर पर शिकायत करने के बारे में जानकारी दी गई। जिले के विभिन्न थानों के द्वारा बालिकाओं को बाल विवाह निषेध अधिनियम, पोक्सो एक्ट, जेजे एक्ट, आत्मरक्षा, गुड-टच एवं बैड-टच की पहचान नाबालिग बालक/बालिका को बहला फुसला कर साथ ले जाने या घर से चले जाने पर धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत दर्ज होने वाले अपराध, भ्रूण हत्या रोकने, सायबर फॉड आदि के संबंध में जानकारी दी गई व महिला हेल्पलाईन 1090, पुलिस हेल्प लाईन 100/112, सायबर हेल्पालाईन 1930, चाईल्ड हेल्पलाईन 1098, राष्ट्रीय महिला आयोग 7827170170 एवं एंटी ट्रैफिकिंग हेल्पलाइन 10582 के बारे में बताकर मानव दुर्व्यापार के विरूद्ध आवाज उठाने हेतु बच्चों को प्रेरित किया गया।

महेश्वर में ईआरओ सुश्री मंडलोई ने किया बीएलओ कार्य का मौका निरीक्षण

खरगोन निप्र। विधानसभा क्षेत्र 183 महेश्वर में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सुश्री पूर्वा मंडलोई ने मतदान केंद्र 49 मातमूर और मतदान केंद्र 15 आशापुर में मौका निरीक्षण किया। उन्होंने नागरिकों से जानकारी प्राप्त की कि वास्तव में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना पत्रक का वितरण किया जा रहा है अथवा नहीं। उन्होंने बीएलओ ऐप के माध्यम से गणना पत्रकों के वितरण का सत्यापन भी किया। ईआरओ सुश्री मंडलोई ने स्वयं बीएलओ के साथ गणना पत्रकों का वितरण भी किया। ईआरओ सुश्री मंडलोई के निरीक्षण में मतदाता केंद्र 98 मर्दानिया असुखेड़ी में केम्प लगा कर बीएलओ द्वारा मेपिंग का कार्य किया गया।



अखाड़ा पहलवानों ने दिखाए देशी कुश्ती के दांव पेंच

स्टेडियम मैदान पर पहली बार मिट्टी में हुआ दंगल, जिले भर के पहलवानों ने लगाया दमखम

खरगोन निप्र।



शहर के स्टेडियम खेल मैदान पर बुधवार का दिन खेल प्रेमियों के लिए यादगार रहा। यहां श्रीकृष्ण व्यायामशाला द्वारा आयोजित दंगल प्रतियोगिता में जिलेभर के पहलवान ने कुश्तियों में दांव पेंच लगा एक दूसरे को पटखनी देकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। युवा मिट्टी में पैर जमाकर प्रतिद्वंदी को पटखनी लगाने के लिए एक से बढ़कर एक दांव-पेंच आजमाते नजर आए। श्रीकृष्ण व्यायाम शाला अध्यक्ष रिंगा पहलवान ने बताया प्रतियोगिता 40 पहलवानों के बीच हुई। समापन पर बतौर अतिथी बल्लू पहलवान, राजाराम पहलवान, गुलाबसिंग पहलवान, सीताराम पहलवान, राजेश श्रीवास, महेश्वर के विक्रम पहलवान, अशोक पहलवान, मोनू पहलवान, आशीष पहलवान, विकासखंड समन्वयक भानुप्रताप दसौंधी, झिरनिया से परमजीत बरसे, बड़वाह से मिर्ची पहलवान मौजूद रहे। विजेता पहलवानों को मुख्य अतिथि कैलाश अग्रवाल, संतोष पाटीदार, बालकृष्ण पाटीदार, अमित पाटीदार आदि ने पुरस्कृत किया।

एक नजर



बालिका युवंशी नामदेव को मिला नया जीवन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम बना संजीवनी

गुना, (निप्र)। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं सीएमएचओ डा. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में जिले में बच्चों की जन्मजात बीमारियों की पहचान और उपचार हेतु राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड चांचौड़ा के बीनागंज निवासी 2 वर्ष 6 माह की बालिका युवंशी नामदेव, पिता रवि नामदेव एवं माता श्रीमती पूनम नामदेव को कार्यक्रम के माध्यम से नया जीवन मिला है। जन्म से जन्मजात हृदय रोग ;दिल में छेद से पीड़ित इस बालिका की बीमारी की जानकारी अभिभावकों को नहीं थी। जब बालिका की हृदय गति में अनियमितता एवं कमजोरी दिखाई दी तो उन्होंने स्थानीय चिकित्सक से परामर्श लिया। जांच के दौरान संभावित हृदय विकार की आशंका व्यक्त की गई। इस दौरान आंगनवाड़ी भ्रमण के समय टीम डॉ. अमित जयसवाल, डॉ. ज्योति मीना एवं फार्मासिस्ट रिंकू निगवाल द्वारा बालिका की जांच की गई जिसमें हृदय में छेद की पुष्टि हुई। टीम द्वारा बालिका को तत्काल जिला चिकित्सालय गुना के लिए रेफर किया गयाए जहां ईको जांच में दिल में छेद की पुष्टि हुई। इसके पश्चात डॉ0 अमित जयसवाल द्वारा अभिभावकों को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क उपचार सुविधा की जानकारी दी गई। सिविल सर्जन डॉ0 व्हीएसएस रघुवंशी एवं सीएमएचओ डॉ0 राजकुमार ऋषिश्वर द्वारा शीघ्रता से उपचार हेतु एस्टीमेट तैयार कर बालिका को इंदौर के अरविंदो हॉस्पिटल में सर्जरी के लिए रेफर किया गया।अरविंदो हॉस्पिटल में बालिका का सफल ऑपरेशन किया गया। वर्तमान में युवंशी पूर्ण रूप से स्वस्थ है एवं सामान्य जीवन जी रही है। अभिभावकों ने जिला प्रशासनए स्वास्थ्य विभाग एवं आरबीएसके टीम के प्रति आभार व्यक्त किया है।



राहवीर योजना के तहत 112 वाहन चालकों को किया जागरूक एवं प्रशिक्षित

बड़वानी, (निप्र)। एसपी जगदीश डावर के निर्देशन एवं एएसपी धीरज बब्बर के मार्गदर्शन में गुरूवार को नवीन पुलिस कंट्रोल रूम में एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यातायात पुलिस के तत्वावधान में हुए कार्यक्रम में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के डायल 112 वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों का पालन, प्राथमिक उपचार (सीपीआर) राह वीर योजना एवं एमडीटी प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्र में यातायात प्रभारी विनोद सिंह बघेल, डॉ गजेन्द्र चैहान, रेडियो प्रभारी मनोज साहू तथा उपनिरीक्षक संगीता उपस्थित थे। विशेषज्ञों ने चालकों को आपात स्थिति में घायलों को त्वरित प्राथमिक उपचार देने की विधियां, सड़क पर सावधानी बरतने के उपाय तथा सुरक्षित ड्राइविंग के व्यवहारिक पहलुओं के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में लगभग 80 वाहन चालक, पुलिसकर्मी एवं रेडियो शाखा के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। अंत में अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम आगे भी नियमित रूप से होते रहेंगे।



गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व पर हुआ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

पलसूद, (निप्र)। नगर के सेंधवा रोड़ स्थित खालसा नगर में गुरुद्वारा से श्रद्धापूर्वक कीर्तन की शुरूआत हुई। जहां श्री गुरुग्रंथ साहिब का प्रकाश विराजित है, कीर्तन से संगतों सहित मौजूद समाज जनों में जोश आ गया और वाहेगुरु जी का खालसा वाहेगुरु जी की फतेह के जयकारे लगने शुरू हो गए। तत्पश्चात पूरे रीति रिवाजों और अरदास के साथ कीर्तन शुरू हुआ। कीर्तन में शामिल गुरु की संगत पवित्र शबद गुरबाणी का जाप कर श्री गुरुनानक देव जी का गुणगान किया गया। प्रेम सिंह खालसा ने बताया कि कीर्तनी जत्थे ने शबदों के माध्यम से गुरु का जस गायन किया। वही तीरथ सिंग ने बताया कि कीर्तन सहित गुरुद्वारा साहिब में आकर्षण फूलों से सुसज्जित किया गया। अरदास और कीर्तन में नगर वासियों ने भी हिस्सा लिया और गुरुद्वारे साहिब पहुंच कर मत्था टेका और सामाजिक एकता का परिचय दिया। प्रेम सिंह खालसा ने पूरी संगत से हर कार्यक्रम में तन-मन -धन से हिस्सा लेने की अपील संगत से की है। इस दौरान ज्ञानी अमर सिंग, तीरथ सिंग, रमेश सिंग राजुसिंग, देपाल सिंग, अजीत सिंग प्रेम सिंग, रामलाल सिंग, ज्ञानीजी सिंग, जगदीशसिंग, मनोहर जायसवाल, गिरीश जायसवाल, कालुनायक, निलेश राठौड़ मुकेश धनगर, राधेश्याम धनगर आदि समाज जन उपस्थित थे।





चित्रकला, कहानी-लेखन एवं विज्ञान मेला प्रदर्शनी विधा में युवा उत्सव का आयोजन

गुना, (निप्र)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिनांक 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जंयती के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण देश में राष्ट्रीय युवा दिवस तथा पूर्ण सप्ताह राष्ट्रीय युवा सप्ताह के रूप में जाना है। राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में युवा एकीकरण, सांस्कृतिक आदान.प्रदान को बढावा देने कला और सांस्कृतिक पहलुओं को समझने और सराहनेए एक दूसरे की संस्कृतियों का अन्वेशण करना, पारंपरिक कला रूपों को बढावा देना, सांस्कृतिक विविधता के प्रति सम्मान और युवाओं को उनकी प्रतिभा का प्रदर्शन करने हेतु मंच प्रदान करने के मुख्य उद्देश्य से चित्रकला कहानी लेखन कविता लेखन एवं विज्ञान मेला प्रदर्शनी विधा में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन दिनांक 6 नवम्बर को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना में प्रातः 10.30 बजे से प्रारंभ किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविन्द गुप्ता एवं प्राचार्य शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीके तिवारी गुना रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों को दुर्गेश चंद सक्सेना, अतुल कुमार शर्मा, श्रीमती सुनीता कंवर द्वारा पुष्पगुच्छ भेट कर स्वागत किया गया। श्रीमती सविता अरविन्द गुप्ता नगर पालिका अध्यक्ष गुना एवं बीके तिवारी प्राचार्य शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना द्वारा मॉ सरस्वती की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। श्रीमती सविता अरविन्द गुप्ता द्वारा अपने उद्बोधन में बच्चों को प्रोत्साहित करते हुये कहा गया कि वह युवा उत्सव में अच्छा प्रदर्शन कर संभागए राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपना एवं अपने जिले का नाम रोशन करें। इसके उपरांत मुख्य अतिथियों द्वारा विज्ञान मेला प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया जिसकी उनके द्वारा काफी सराहना की गई। जिला स्तरीय युवा उत्सव में निर्णायक के रूप में सतीष चतुवेर्दी, अनिरूद्ध सिंह सेंगर, मधुर कुलश्रेष्ठ, श्रीमती नीलम कुलश्रेष्ठ, रनीष जैन, श्रीमती एकता सक्सैना, श्रीमती सोनिया गोयल, श्रीमती किरण सिंह तोमर, डॉक्टर पूजा विरथरे, डॉक्टर शालिनी जैन, डॉक्टर रिंकू सिंह कंसाना रहीं।

जिला स्तरीय युवा उत्सव में विज्ञान मेला प्रदर्शनी विधा में दयानंद यादव प्रथम स्थान परए श्री विशाल कुशवाह अंशुल आदिवासी आईटीआई से द्वितीय स्थान पर तथा मालती केवट तृतीय स्थान परए कहानी लेखन विधा में हर्षिता सिंह प्रथम स्थान परए नेहा शर्मा द्वितीय स्थान पर एवं सानिध्य जोशी तृतीय स्थान परए चित्रकला विधा में सिद्धार्थ अहिरवार प्रथम स्थान परए लकी साहू द्वितीय स्थान पर एवं नीति चक्रवर्ती तृतीय स्थान पर तथा कविता लेखन विधा में मुस्कान साहू प्रथम स्थान परए आन्या जैन द्वितीय स्थान पर एवं रविना लोधा तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम का संचालन श्री सतीष चतुवेर्दी द्वारा किया गया। जिला स्तरीय युवा उत्सव में दिनांक 7 नवम्बर को समूह लोकगीत, समूह लोकनृत्य एवं तात्कालिक भाषण विधा में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना में प्रातः 10.30 बजे से प्रारंभ किया जावेगा जिसके उपरांत दिनांक 7 नवम्बर को जिला स्तरीय युवा उत्सव का समापन किया जावेगा।

आदिवासी अंचल में जागेगी संस्कार की अलख, गायत्री संस्कार केंद्र ने लिया आकर

बड़वानी, (निप्र)। जिले के ठीकरी अंतर्गत ग्राम कुंदामाल के गुलाब पावना ने पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के सूत्रों को आत्मसात कर आदिवासी अंचल में आध्यात्मिक वातावरण उत्पन्न करने में अपनी 1 एकड़ जमीन समर्पित कर दी। भूमि पर निर्मित गायत्री संस्कार केंद्र पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के सद्विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा। ग्राम वासियों को अध्यात्म से जोड़ने में अग्रसर होगा, नव युवकों को संस्कार का पाठ पढ़ाकर व्यसन से बचने की कार्यशालाएं आयोजित की जाएगी। युग निर्माण योजना को नई गति जिले में मिलेगी। 10 मार्च को वैदिक मंत्रोचार से गायत्री परिजनों ने भूमि पुजन कर निर्माण की कार्य योजना बनाई थी।

कलेक्टर के नवाचार मोबाइल कोर्ट के माध्यम से किया जा रहा भूमि संबंधित विवादों का निराकरण





गुना, (निप्र)। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के नवाचार मोबाईल कोर्ट के माध्यम से भूमि संबंधित विवादों का निराकरण आपसी सहमति के आधार पर किया जा रहा हैं।

इसी क्रम में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन के निदेर्शानुसार तथा राघौगढ़ एसडीएम अमित कुमार सोनी के मार्गदर्शन में ग्राम देवीपुरा में रामचरण पुत्र उमराव सहरिया द्वारा उनके भूमि पर हरनारायण घनश्याम हरभजन पुत्रगण हजारीलाल मीणा निवासी देवीपुरा द्वारा काफी समय से भूमि पर कब्जा किए हुए थे उनको मौके पर राजस्व एवं पुलिस दल के साथ एवं दोनों पक्षों की उपस्थिति में कब्जा दिलवाया गया दोनों पक्षों को संतुष्ट किया गया।

इसी क्रम में ग्राम राजपुरा में कलेक्टर श्री कन्याल को नानजी राम पुत्र कालूराम जाति सहरिया द्वारा एक आवेदन प्रस्तुत कर बताया था कि ग्राम राजपुरा के सर्वे क्रमांक 26 रकबा 0.627 पर अनावेदक भारत सिंह राजपूत एवं मांगीलाल यादव के खेतों के मध्य जाते हुए शासकीय रास्ते को अवरुद्ध कर दिया गया है। समस?या के निराकरण के लिये तहसीलदार मकसूदनगढ़ डॉ. उदय सिंह द्वारा दोनों पक्षों की उपस्थिति में शासकीय रास्ते का सीमांकन कर उसे चिन्हित कर चूना लाइन डलवा कर रास्ता खुलवाया गया। कलेक्टर कन्याल द्वारा जनसुनवाई के माध्यम से तहसील मकसूदनगढ़ के 19 आवेदनों पर मोबाइल कोर्ट के माध्यम से निराकरण करने के निर्देश प्राप्त हुए थे। जिसमें सभी 19 प्रकरणों पर कार्रवाई करते हुए निजी खेतों से रास्ते, शासकीय रास्ते, भूमि पर कब्जे आदि की कार्रवाई पूर्ण की गई तथा समय सीमा में सभी आवेदनों का निराकरण किया गया हैं। मोबाईल कोर्ट की कार्यवाही में नायब तहसीलदार कमल सिंह कोली, राजस्व निरीक्षक लल्लू सिंह भील, शंकर सिंह पटेलिया, पटवारी भूपेंद्र सिंह लोधा, पवन भील, राकेश यादव, कोमल सिंह भील एवं कोटवार तथा थाना जामनेर एवं चौकी उकावद की पुलिस टीम उपस्थित थे।



कलेक्टर के निर्देशन में मोबाइल कोर्ट की त्वरित कार्रवाई से ग्राम बमूरपुरा में रास्ता विवाद का हुआ समाधान

गुना, (निप्र)। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में जिले में भूमि विवाद संबंधी प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु मोबाइल कोर्ट के माध्यम से प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में तहसील राघौगढ़ अंतर्गत ग्राम भूकनी के मजरा बमूरपुरा में रास्ता विवाद का निराकरण किया गया। ग्राम बमूरपुरा के ग्रामवासियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन में बताया गया शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 36 पर स्थित परंपरागत मार्ग को बाड़ लगाकर अवरुद्ध कर दिया गया हैए जिससे आमजन को आवागमन में असुविधा हो रही थी। प्रकरण पर प्राप्त शिकायत के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राघौगढ़ अमित कुमार सोनी के मार्गदर्शन में तथा तहसीलदार श्री अनुराग जैन के नेतृत्व में पटवारी संजय धाकड़ए लक्ष्मण सिंह भीलए गोविन्द भील एवं पुलिस बल की उपस्थिति में दोनों पक्षों की सहमति से रास्ता खुलवाया गया तथा भविष्य में विवाद की पुनरावृत्ति रोकने के उद्देश्य से उभय पक्षों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई।

नगरीय क्षेत्रों में रात्रिकालीन स्वच्छता अभियान चलाएं- चंद्रा

कलेक्टर ने की नगरीय विकास कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा



नीमच, (निप्र)। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा द्वारा गुरूवार को कलेक्टर सभा कक्ष में नगरीय निकायों में संचालित योजनाओं निर्माण कार्यों एवं करो की वसूली आदि की समीक्षा की गई। बैठक में परियोजना अधिकारी पराग जैन, सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं उपयंत्री उपस्थित थे। बैठक में नगर परिषद सिंगोली के मुख्य नगरपालिका अधिकारी को निर्देशित कियाए कि आगामी माह तक 95 प्रतिशत पीएमएवआवास पूर्ण करावे। कार्य समय में नही होने पर सीएमओं एवं उपयंत्री नगर परिषद सिंगोली को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिये गये। शेष निकाय 15 दिसम्बर तक प्रधानमंत्री आवास 1.0 के समस्त आवासो को पूर्ण कराए। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में शेष रहे आवेदनों का सत्यापन करए कार्यवाही पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

बैठक में निर्देश दिए गये कि अमृत 2.0, कार्याकल्प 1.0 एवं 2.0 तथा मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना में प्रचलित निमार्ण कार्यो को सभी नगरीय निकाय समय सीमा में कार्य पूर्ण करें तथा अप्रारंभ कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराये जावे। नगरीय निकायों में नियमित स्वच्छ एवं साफ पेयजल उपलब्ध कराए। इसमें किसी प्रकार कोई शिकायत नही हो। पीएम स्वनिधि 2.0 योजनान्तर्गत निर्धारित लक्ष्य को समय सीमा में पूर्ण करने तथा लक्ष्य से अधिक ऋण प्रकरण बैंकों में लगाने के निर्देश दिए गए।

नगरीय निकाय में करों की वसूली की समीक्षा की गई। समीक्षा के में नगरीय निकायों की करो की वसूली संतोषजनक नही पाई गई। नगरीय निकायों का आगामी दिसम्बर माह तक का लक्ष्य निर्धारित किया गया। जिसमें सभी नगरीय निकायों को 60 प्रतिशत वसूली करने के निर्देश दिये गयें। सभी नगरीय निकाय 100 बडे.कर दाताओं की सूची तैयार कर वसूली करे। इस माह करो की वसूली का निर्धारित लक्ष्य पूर्ण नही करने पर संबंधित मुख्य नगरपालिका अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। सीएम हेल्प लाईन में माह नवम्बर की ग्रेडिंग में 90 प्रतिषत अंक का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

जिले की सभी नगरीय निकायों में प्रतिदिन रात्रीकालीन सफाई अभियान चलाने और सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों का अपने-अपने क्षेत्र का नियमित भ्रमण करने के निर्देश दिए गये। प्रति सप्ताह शनिवार को प्रातः विशेष सफाई अभियान चलानेए सफाई मित्रों को आवश्यक उपकरण ड्रेसए मास्क आदि करने, तालाब, मंदिरों के पास के जल स्त्रोंतो की साफ सफाई करने और अभियान में जनप्रतिनिधियों नगरीय निकाय के पार्षदो आदि को जोडने के निर्देश दिए गए। मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि नगर के सार्वजनिक स्थलोए बाजारों, गलियों में रात्री कालीन सफाई अभियान चलाएं। सभी सार्वजनिक स्थानों प्रायवेट दुकानों के दुकानदारों की दुकानों पर डस्टबिन रखे जाए तथा सिग्लयूज प्लास्टिक पर जप्ती की कार्यवाही करं। सब्जी मंडी, बाजार में कपडे की थेली के उपयोग हेतु जनता को प्रेरित करें। विधायक निधि एवं सांसद निधि के निर्माण कार्यो की सीसी समय सीमा में जिला योजना अधिकारी को प्रस्तुत करने, पेंशन प्रपोजल का वेरिफिकेशन करने के निर्देश दिए गए है। यह जानकारी डिप्टी कलेक्टर एवं परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण पराग जैन द्वारा दी गई हैं।



प्रशासन की टीम ने कनावटी में 15 करोड़ रुपए मूल्य की 2 हेक्टेयर शासकीय जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई

नीमच, (निप्र)। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में जिले में शासकीय जमीनों के संरक्षण के लिए चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओं अभियान के तहत राजस्व विभाग की टीम द्वारा गुरूवार को ग्राम कनावटी में 15 करोड़ रुपए मूल्य की 2 हेक्टेयर शासकीय जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। तहसीलदार डॉ. अजेन्द्र नाथ प्रजापति ने बताया कि एसडीएम संजीव साहू के नेतृत्व में कनावटी जेल के पीछे शासकीय जमीन 2 हेक्टेयर पर अतिक्रामक राधाबाई व तेजपाल द्वारा अवैध अतिक्रमण किया गया था। जिसे राजस्व विभाग की टीम द्वारा बेदखली आदेश के पश्चात तहसीलदार अजेन्द्र नाथ प्रजापति, राजस्व निरीक्षक सुरेश निर्वाण एवं पटवारी सुरेश पाठक एवं दल द्वारा जेसीबी की मदद से अतिक्रमण मुक्त करा दिया गया है। यह जानकारी अजेन्द्र नाथ प्रजापति ने दी है।

आज होगी जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक

बड़वानी। पीसीपीएनडीटी अधिनियम अंतर्गत जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन 7 नवम्बर को सुबह 11.30 बजे से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के कक्ष में किया जाएगा।

वंदे मातरम गीत के 150 साल पूरे होने पर भाजपा मनाएगी उत्सव के रूप में-सोलंकी



बड़वानी, (निप्र)। भाजपा जिला कार्यालय पर शाम 4 बजे एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी ने प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे देश की सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निर्णय लिया कि 150 वर्ष पूर्व हमारे देश को आजादी दिलाने, क्रांतिकारियों का हौसला बढ़ाने व देशवासियों में देश भक्ति का जज्बा जगाने के लिए बंकिमचंद्र चटोपाध्याय जी ने वंदेमातरम गीत की रचना की थी। जिसे आज 150 साल पूर्ण हो गए हैं। जिसे भाजपा पूरे देशभर में 7 से 26 नवम्बर तक उत्सव के रूप में मनाएगी।

इसी के चलते जिला मुख्यालय पर 8 नवम्बर को भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अजय यादव के नेतृत्व में आयोजन किया जाएगा। उसके बाद पूरे जिलेभर में विधानसभा स्तर तथा प्रत्येक नगर व शहरों में आयोजित किया जाएगा। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता इस गीत को पूरी शिद्दत के साथ धरातल पर उतारने का प्रयास करेगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अजय यादव, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल, जिला महामंत्री भागीरथ कुशावह, जिला भाजपा मीडिया प्रभारी सुनील भावसार, वंदेमातरम के प्रभारी मिथुन यादव व सहप्रभारी निकिता भामदरे उपस्थित थे।

150वीं वर्षगांठ पर होगा वंदे मातरम का गायन

बड़वानी, (निप्र)। भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ को देशभर में 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक समारोहपूर्वक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व के दृष्टिगत वर्षभर विविध गतिविधियां चार चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण 7 से 14 नंबर, द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी 2026, तृतीय चरण 7 से 15 अगस्त 2026 तथा चतुर्थ चरण 1 से 7 नवंबर 2026 तक विविध गतिविधियां आयोजित की जाएगी।जिले में भी 7 नवंबर को सुबह 9.30 बजे जिला मुख्यालय, तहसील एवं विकासखण्ड मुख्यालय, सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों में वंदे मातरम का गायान किया जाएगा। इसके बाद सुबह 10 बजे से नई दिल्ली से प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा जाएगा। 8 नवंबर को सुबह 10 बजे से जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायतों में तथा 10 नवंबर को सुबह 10 बजे से समस्त नगरीय निकायों में वंदे मातरम् का गायन किया जाएगा।

कोई गलत टिप्पणी करे तो पुलिस को बताएं

शासकीय कन्या हाई स्कूल में हुआ कार्यक्रम



बड़वानी, (निप्र)। महिला सुरक्षा शाखा पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर मुस्कान विशेष अभियान 1 से 30 नवंबर तक चलेगा। यह अभियान एसपी जगदीश डावर, एएसपी धीरज बब्बर, एसडीओपी दिनेश चौहान, एडीएसपी महिला सुरक्षा शाखा महेश सुनैया के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है।

थाना प्रभारी दिनेश कुशवाह के नेतृत्व में शा कन्या हाई स्कूल में कार्यक्रम हुआ। महिला डेस्क प्रभारी ललीता चौहान ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों और आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करना है। बालिकाओं को गुड-टच, बेड-टच, बाल अधिकार, सुरक्षा के उपाय और साइबर क्राइम से बचाव के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही टोल फ्री नम्बर्स की जानकारी भी दी गई। वहीं काउंसलर अनीता चोयल ने बाल-विवाह के बारे में समझाते हुए कहा कि नाबालिक का विवाह करना कानूनन अपराध है। इस दौरान प्राचार्य श्रीमति रचना पुरोहित, प्रधान पाठक श्रीमति मोहिनी शुक्ला, श्रीमति संगीता मुकाती, मकवाने, बालिकाओं सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित था।

पशु चिकित्सा विभाग घर पहुंच दे रहा पशु चिकित्सा सेवा

बड़वानी, (निप्र)। पशुपालन एवं डेयरी विभाग की चलित पशु चिकित्सा इकाई के माध्यम से घर पहुंच कर पशुओं का उपचार, टीकाकरण, बंध्याकरण, कृत्रिम गभार्धान एवं जांच का कार्य मात्र 150 रूपए प्रति पशु के मान से किया जाता है। उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ लक्ष्मणसिंह बघेल ने बताया कि पशुपालक 1962 टोल फ्री नंबर पर फोन कर शासन की इस योजना के तहत आवश्यक पशु चिकित्सा सेवाएं त्वरित प्राप्त कर सकता है। जिले में 9 चलित पशु चिकित्सा इकाई वाहन कार्यरत हैं, जिनमें 1 पशु चिकित्सक, 1 पैरावेट एवं 1 वाहन चालक नियुक्त है।

एक नजर

बदमाशों ने मजदूर को लूटकर पटरी पर फेंका, ट्रेन की चपेट में आने से बांया पैर कटा

दर्दनाक हादसा, घायल अस्पताल में भर्ती

उज्जैन, (निप्र)। जीरो पाइंट ब्रिज के नीचे मक्सी रोड पर बुधवार शाम को एक दर्दनाक घटना हो गई। यहां 3-4 बदमाशों ने एक मजदूर को पकड़ कर उससे रुपए लूट लिए और मारपीट कर पटरी पर फेंक दिया। इसी बीच ट्रेन आ गई और उसका पैर कट गया। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार रात को लखन पिता मांगीलाल चौहान आयु 33 वर्ष निवासी पल्दुना ढांचा भवन में एक निर्माण कार्य पर मजदूरी करता है। देवासगेट स्थित सराय में वो अस्थायी रूप से रहता है। खाना लेकर वह सराय की ओर लौट रहा था तभी जीरो पाइंट ब्रिज के नीचे 3-4 बदमाशों ने उसे पकड़ा और रुपए छीनने लगे। इस दौरान बदमाशों ने उससे मारपीट की और रुपए लूटकर उसे पटरियों पर पटक दिया। इसी बीच ट्रेन आ गई,जिससे उसका बांया पैर ट्रेन की चपेट में आकर अलग हो गया। लोगों की नजर जब घटना पर पड़ी तो उसे तुरंत चरक अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को घटना की सूचना दी। जीआरपी पुलिस द्वारा मामले में कार्रवाई की जा रही है।



अनियमितता पाए जाने पर श्री सांवरिया पेट्रोलियम बड़नगर पेट्रोल पंप सील

उज्जैन, (निप्र)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रौशन कुमार सिंह के निर्देशानुसार मोटर स्प्रिट और उच्च वेग डीजल (प्रदाय और वितरण का विनियमन और अनाचार निवारण) आदेश 2005 अंतर्गत जिले में संचालित पेट्रोल डीजल पम्प का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। जिला आपूर्ति नियंत्रक शालू वर्मा, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रविन्द्रसिंह सेंगर,सुरभि जैन द्वारा अनुविभाग बड़नगर स्थित श्री सांवरिया पेट्रोल पम्प की संयुक्त जांच की गई, जिसमें विभिन्न अनियमितताएं स्टॉक रजिस्टर अद्यतन नहीं,विस्फोटक विभाग से प्राप्त भण्डारण क्षमता से अधिक भण्डारण, नोजल से शोर्ट डिलेवरी आदि पाये जाने पर मोटर स्प्रिट और उच्च वेग डीजल (प्रदाय और वितरण का विनियमन और अनाचार निवारण) आदेश 2005 का प्रावधानो का उल्लंघन करने पर श्री सांवरिया पेट्रोल पम्प को आगामी आदेश तक सील किया गया है। प्रकरण में 1,997 लीटर पेट्रोल, 17,162 लीटर डीजल कुल राशि 17,91,173 सत्रह लाख इनक्यानवे हजार एक सौ तिहत्तर रुपए का पयूल जप्त किया गया है।



मंच के अध्यक्ष श्री तिवारी बैठक को संबोधित करते हुए।

शिक्षा पद्धति को संस्कृति और सनातन से जोड़ने की आवश्यकता: डॉ. परोहा

संस्कृति रक्षक मंच ने पूर्व सैनिकों का किया सम्मान

उज्जैन, (निप्र)। संस्कृति एवं संस्कृत हमारे भारत देश की पहचान है। हमारी संस्कृति और संस्कृत का इतिहास सैकड़ो वर्ष पुराना हैं। हमारे धर्म ग्रंथों को तोड़ मडोर कर और उसमें मनगढ़ंत जानकारी को जोड़कर परोसा गया है। जबकि उसके मूल को अगर समझा जाए तो ध्यान में आएगा कि कई बातें जो उसमें नहीं थी उसे कालांतर में जोड़कर समाज के अंदर विभेद पैदा करने का षडयंत्र रचा गया है।

यह बात संस्कृति रक्षक मंच द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह एवं पूर्व सैनिकों के सम्मान समारोह में संस्कृत के विद्वान डॉ.तुलसीदास परोहा ने कही। आपने कहा कि हमारी नौजवान पीढ़ी की शिक्षा पद्धति को संस्कृति,संस्कृति और सनातन से जोड़ने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में अतिथि करनाल हरियाणा के विजय सिंगला ने कहा कि उज्जैन धार्मिक नगरी है और यहां पर संस्कृति रक्षक मंच द्वारा जो कार्य किये जा रहे हैं,वो सराहनीय है। अध्यक्षता करते हुए संस्कृति रक्षक मंच के अध्यक्ष शिवेंद्र तिवारी ने कहा कि संस्कृति रक्षक मंच लगातार समाज के अंदर कई प्रकार से अपने कार्य कर रहा है। आज हमने देश सेवा में रहते हुए अपनी नौकरी को पूरा करने वाले पूर्व सैनिकों का सम्मान किया है,आगामी 22 जनवरी 2026 को संस्था द्वारा संस्कृति संवाहक सम्मान प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में मंच के महामंत्री आशुतोष मीणा,शैलेंद्रसिंह झाला,दिनेश विश्वकर्मा,महेंद्र राव सुर्वे ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। इस अवसर पर पूर्व सैनिक वीरेंद्र मीणा,अजय सेदीवाल,संजय जादौन,वीरपालसिंह भदौरिया,दिलीपसिंह राठौड़, प्रभातसिंह भदौरिया का सम्मान अतिथियों ने किया। सैनिकों का परिचय मंच के पं.महेंद्र उपाध्याय ने दिया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश धाकड़ ने किया एवं आभार महेश साहू ने माना।

11 नवविवाहित जोड़ों को मिला गृहस्थी का सामान

मेवाड़ा प्रजापति समाज का सामूहिक विवाह समारोह सम्पन्न



सम्मेलन में उपस्थित अतिथिगण।

उज्जैन, (निप्र)। देवउठनी ग्यारस के अवसर पर मेवाडा प्रजापति समाज द्वारा अध्यक्ष रमेश मुन्नालाल प्रजापति एवं संयोजक महासंघ प्रदेश मुख्य महासचिव और पार्षद कैलाश प्रजापति के नेतृत्व में चिंतामण गणेश स्थित महाकाल परिसर में 11 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अनिल जैन कालूहेडा,महापौर मुकेश टटवाल, सभापति कलावती यादव, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र यादव और माटी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष अशोक प्रजापत उपस्थित थे। विशेष अतिथि के रूप में महासंघ के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव मनोज प्रजापति और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छगनलाल चक्रवर्ती, जिलाध्यक्ष प्रकाश प्रजापति आदि उपस्थित थे। अतिथियों ने नवविवाहितों ने 39,000 मूल्य का गृहस्थी का आवश्यक सामान उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री अनुदान मुख्यमंत्री डॉ.मोहन जी यादव की ओर से प्रत्येक जोड़े को 11 हजार की सहयोग राशि प्रदान की गई।

इस अवसर पर सुभाष पटेल,कोषाध्यक्ष अशोक मछामन,महासचिव राधेश्याम बैतड़लिया आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दिलीप प्रजापति मेवाडा ने किया।

सम्राट विक्रमादित्य विवि एनएसएस इकाई के 5 स्वयंसेवक दिल्ली की गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयनित

उज्जैन, (निप्र)। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन की राष्ट्रीय सेवा योजना एन.एस.एस.इकाई के 5 स्वयंसेवक कर्तव्यपथ दिल्ली परेड का हिस्सा बनने जा रहे है। विश्वविद्यालय की ओपन यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.रमणसिंह सोलंकी ने बताया कि विश्वविद्यालय के 5 चयनित स्वयंसेवक महेश चौहान,विनय शर्मा, संयम जैन, रोशनी मकवाना और कल्पना नागर कर्तव्यपथ परेड में भाग लेने की तैयारी करने में लगे हुए हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के विश्वविद्यालय समन्वयक डॉ.शेखर भैदमवार ने जानकारी दी कि ग्वालियर में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में 6 राज्यों के लगभग 200 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं।

अंतर्राष्ट्रीय शायर निजामी की किताब आंसुओं की आग का दुबई में विमोचन

मुनव्वर राना अवार्ड से किया सम्मानित



शायर निजामी की किताब को अतिथि विमोचन करते हुए।

उज्जैन, (निप्र)। दुबई पोयट्री फेस्टिवल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मुशायरे में अंतर्राष्ट्रीय शायर अहमद रईस निजामी की किताब आंसूओं की आग का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। संयुक्त अरब अमिरात के उद्योगपति इमादुल मालिक और राजस्थान के डॉ.जुबेर फारूक के आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में श्री निजामी की शायरी किताब का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में श्री निजामी को मुनव्वर राना अवार्ड से सम्मानित किया गया। मुशायरें में निजामी में श्रेष्ठ गजले पढ़ी।

उल्लेखनीय है कि श्री निजामी उज्जैन संभाग के एकमात्र शायर हैं जिन्हें विभिन्न देशों में भारत देश का प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य प्राप्त है। श्री निजामी ने विदेशों में आयोजित 35 अंतर्राष्ट्रीय आयोजनो में प्रतिनिधित्व किया है। श्री निजामी को देश व विदेश में अवार्ड और सम्मान भी प्राप्त हुए है। दुबई पोयट्री फेस्टिवल में श्री निजामी को मुनव्वर राना अवार्ड से सम्मानित किया गया।



पुलिस की कार्रवाई की डर से वाहन चालकों ने हेलमेट पहने।

चालानी कार्रवाई के डर से कुछ वाहन चालकों ने पहना हेलमेट

अधिकांश बिना हेलमेट के नजर आए,मिशन हेलमेट पहला दिन

उज्जैन, (निप्र)। पुलिस का मिशन हेलमेट गुरुवार से शुरू हो रहा है। कार्रवाई के डर से कुछ वाहन चालक सुबह से ही हेलमेट में नजर आए तो अधिकांश वाहन चालकों ने हेलमेट नहीं पहना था।

उल्लेखनीय है कि 22 अक्टूबर से पुलिस ने हेलमेट पहनने को लेकर जागरूकता अभियान शुरू किया था,जिसके तहत बाइक रैली निकाल गई,पेम्पलेट वितरित किए गए,गुलाब देकर और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से हेलमेट पहनने के लिए वाहन चालकों को समझाइश दी गई। 5 नवंबर को अभियान का समापन हुआ जिसके बाद 6 नवंबर गुरूवार से पुलिस कार्रवाई शुरू की। इसी के चलते कुछ वाहन चालकों ने कार्रवाई के डर से हेलमेट पहना तो अधिकांश वाहन चालक बिना हेलमेट ही नजर आए।

जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित

उज्जैन, (निप्र)। गुरुवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विधायक महिदपुर दिनेश जैन बोस, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, ईई जल संसाधन विभाग मयंक सिंह एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण तथा समिति के सदस्य मौजूद थे।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मैं किरण कुमार, नायक, आर्मी नम्बर 2796595W यह कि मेरे सेना लेखा कार्यालय में मेरी पुत्री का नाम तनिशा (TANISHA) दर्ज है। जो कि अपूर्ण है, मेरे पुत्री का वास्तविक नाम- तनिशा किरण कुमार (TANISHA KIRAN KUMAR) है। जो कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है। भविष्य में मेरी पुत्री का नाम तनिशा किरण कुमार (TANISHA KIRAN Kumar) पढ़ा व लिखा जावे एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

किरण कुमार निवासी . म. नं. 366, 7 NO .GATE WARD NO. 12 ग्राम + तेहसील - नेपानगर जिला-बुरहानपुर (म.प्र.) पिन कोड न.450221

नाम परिवर्तन

पूर्व मे मेरा नाम **Areif khan** आरिफ खान था अब मेरा नाम **Aarif khan** आरीफ खान कर लिया है । अतः भविष्य में मुझे **Aarif khan** आरीफ खान के नाम से जाना पहचाना जावे **Address Azad Nagar Ward no 12 Emagird Burhanpur MP**

TDS FINCAP PRIVATE LIMITED

Registered Office:
2nd Floor, 316, IDA Scheme No. 44, Transport Nagar, Indore (M.P) 452014
Tel. No.: + 0731-4293747, E-mail: companysecretary@tdsgroupindia.com

This Notice is hereby given by the Company pursuant to para 42.3.1 of Master Direction - Reserve Bank of India (Non-Banking Financial Company - Scale Based Regulation) Directions, 2023 dated October 19, 2023 read with order issued by RBI in respect of our application No. PRV.CO.DPSS.2025-2026.P9 dated May 12, 2025 for the acquisition of 58.83% shareholding of TDS Fincap Private Limited by Harman Singh Taranjeet Singh Hora HUF from the existing shareholders of the company (M/s. Claudia Sales Private Limited, M/s. Jatashiv Commercial Pvt. Ltd., M/s. Uniform Commosale Pvt. Ltd., M/s. Worldwealth Dealtrade Pvt. Ltd.), who have expressed that they are no longer interested in holding equity shares of the company.

For **TDS Fincap Private Limited**
Harman Singh Hora, Director

नगर निगम के सम्मेलन के खिलाफ धरना

ज्वलंत समस्या पर चर्चा करने से भाग रही भाजपा

स्थानीय मुद्दों को छोड़ राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा कराना महापौर के मानसिक दिवालीये पन की निशानी



रतलाम, (निप्र)। नगर निगम के सम्मेलन में स्थानीय मुद्दों के स्थान पर राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा कराने के विरोध में कांग्रेस पार्षद सलीम मोहम्मद बागवान तथा निर्दलीय पार्षद श्रीमती उमा रामचंद्र डोई ने परिषद के सम्मेलन का बहिष्कार कर नगर निगम के मुख्य गेट के बाहर चार घंटे तक धरना दिया ।

सलीम मोहम्मद बागवान ने बताया कि शहर के नलों में आ रहे पानी में सीवर की गंदगी मिल रही है ।सिवरेज के सारे चैंबर ओवरफ्लो होकर सड़कों पर गंदगी का सागर बह रहा है , सड़के टूट गई है, खंडहर जैसी हो गई है और लगातार एक्सीडेंट हो रहे है ,आवारा कुत्ते रोज 20 लोगों को काट रहे हैं , आदि कई गंभीर मुद्दों पर चर्चा करने के स्थान पर वन नेशन वन इलेक्शन , जीएसटी रिफॉर्मेशन , आत्म निर्भर भारत पर चर्चा कर रहे हैं । यह महापौर के मानसिक दिवालीयेपन का प्रतीक है । महापौर अगर समस्या पर चर्चा नहीं कर सकते तो उन्हें त्यागपत्र दे देना चाहिए ।

चार घंटे तक चला यह धरना पूर्व शहर अध्यक्ष महेंद्र कटारिया के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ कि इस लड़ाई को हर स्तर पर लड़ा जाएगा । इस अवसर पर महेंद्र कटारिया ने कहा कि जिन मुद्दों पर संसद बहस कर रही है , जो जेपीसी के अंदर चर्चा में हैं , उन मुद्दों पर नगर निगम में बहस करना , महापौर का जनता की समस्याओं से भागकर कर अपनी कमजोरी दिखाना हैं । महापौर समस्या को हल करने में अक्षम है । कार्यकारी अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह अठाना कहा कि सलीम मोहम्मद बागवान और उमा डोई ने जो कदम उठाया है , वह रतलाम की जनता के लिए हितकारी होगा । उन्होंने कहा कि स्थानीय ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा होनी चाहिए , उनके निदान पर चर्चा होनी चाहिए, क्या योजना बने, उस पर चर्चा होनी चाहिए , ना की राष्ट्रीय मुद्दों पर । इस अवसर पर नगर निगम पार्षद दल के उप नेता कमरुद्दीन कछवाया, पीयूष बाफना , सोनू व्यास , अल्पु नागोरी, धर्मेंद्र मंडवारिया, चिराग भंडारी आदि कई कार्यकर्ता एवं शहर के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

ओआरएस शब्द वाले भ्रामक पेय पदार्थों पर प्रतिबंध के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की कार्रवाई

रतलाम, (निप्र)। खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने फूड लाइसेंस प्राप्त पेय पदार्थों के ट्रेडमार्क या ब्रांड नाम पर ह्लओआरएसह्व शब्द (उपसर्ग, प्रत्यय अथवा किसी भी रूप में) के प्रयोग को भ्रामक पाया है। इस कारण ऐसे उत्पादों के निर्माण पर 14 अक्टूबर से प्रतिबंध लगा दिया गया है। हालांकि, डब्ल्यूएचओ प्रमाणित ओआरएस पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा।

शिकायत मिलने पर 5 नवंबर को खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा शुद्ध दही भंडार चौमुखी पुल रतलाम से घी के दो नमूने एवं पनीर व दही का नमूना जांच हेतु संग्रहित किया गया। इसी प्रकार डोमिनो पिज्जा में कीड़ा निकालने की शिकायत पर पनीर, पिज्जा एवं पनीर कैप्सिकम पिज्जा के नमूने जांच हेतु लिए गए। साथ ही फर्म बघेल फन एंड फूड से बेकर्स पार्क का नमूना जांच हेतु लिया गया। सभी नमूने जांच हेतु भोपाल स्थित राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे जाएंगे ।जहां से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। आगे भी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

WORTH

वर्थ पेरिफेरल्स लिमिटेड

सीआईएन - L67120MP1996PLC010808
पंजीकृत कार्यालय : 102, संस्कृति अपार्टमेन्ट, 44 साकेत नगर, इन्दौर-452018 (म.प्र.) भारत
वेबसाइट : www.worthindia.com

(₹ लाख में) जब तक कि अन्यथा न कहा गया हो

30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश

क्र संख्या	विवरण	स्टैंडअलोन						समेकित					
		तिमाही समाप्त			आधा वर्ष समाप्त		वर्ष समाप्त	तिमाही समाप्त			आधा वर्ष समाप्त		वर्ष समाप्त
		30.09.2025	30.06.2025	30.09.2024	30.09.2025	30.09.2024	31.03.2025	30.09.2025	30.06.2025	30.09.2024	30.09.2025	30.09.2024	31.03.2025
		असंपादित	असंपादित	असंपादित	असंपादित	असंपादित	लेखापरीक्षित	असंपादित	असंपादित	असंपादित	असंपादित	असंपादित	लेखापरीक्षित
1	परिचालन से कुल आय	5,342.26	5,212.63	4,921.05	10,554.89	9,750.68	19,470.84	7,746.36	7,622.74	7,025.05	15,369.10	13,657.74	27,579.15
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ (कर और अपवादात्मक मदों से पहले)	592.59	468.91	421.98	1,061.50	851.05	2,069.82	788.62	628.53	543.17	1,417.15	1,056.30	2,397.26
3	कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ (असाधारण मदों के बाद)	592.59	468.91	421.98	1,061.50	851.05	2,069.82	788.62	628.53	543.17	1,417.15	1,056.30	2,397.26
4	कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ												
	कम्पनी के मालिक	463.30	369.68	305.71	832.98	638.05	1,580.32	455.73	343.87	303.73	799.60	634.11	1,543.47
	गैर-नियंत्रण हित	-	-	-	-	-	-	99.24	89.91	64.01	189.15	109.48	190.91
	कुल	463.30	369.68	305.71	832.98	638.05	1,580.32	554.97	433.78	367.74	988.75	743.59	1,734.38
5	कुल व्यापक आय												
	कम्पनी के मालिक	463.29	369.67	305.26	832.96	637.16	1,580.27	454.60	342.74	303.31	797.34	633.28	1,538.93
	गैर-नियंत्रण हित	-	-	-	-	-	-	98.11	88.79	64.04	186.90	109.54	186.42
	कुल	463.29	369.67	305.26	832.96	637.16	1,580.27	552.71	431.53	367.35	984.24	742.82	1,725.35
6	चुकता इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10 रुपये प्रति शेयर)	1,575.10	1,575.10	1,575.10	1,575.10	1,575.10	1,575.10	1,575.10	1,575.10	1,575.10	1,575.10	1,575.10	1,575.10
7	पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व (जैसा कि पिछले वर्ष की लेखापरीक्षित बैलेंस शीट में दर्शाया गया है)	-	-	-	-	-	15,794.38	-	-	-	-	-	15,754.17
8	प्रति शेयर आय (₹10/- प्रत्येक)												
	-बेसिक (₹)	2.94	2.35	1.94	5.29	4.05	10.03	2.90	2.18	1.93	5.08	4.03	9.80
	डाइल्यूटेड (₹)	2.94	2.35	1.94	5.29	4.05	10.03	2.90	2.18	1.93	5.08	4.03	9.80

परिणामों के लिए नोट्स :
1. 30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए कंपनी के उपरोक्त अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और 6 नवम्बर, 2025 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा रिकॉर्ड पर लिया गया और अनुमोदित किया गया है। कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षकों ने संशोधित सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन, 2015 के विनियम 33 के अनुसार इन वित्तीय परिणामों की समीक्षा की है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणाम कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अन्तर्गत निर्धारित मान्यता और माप सिद्धांतों के अनुसार तैयार किए गए है, इसके तहत जारी प्रासंगिक नियमों, संशोधित कंपनियों (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 (इंड एएस) और भारत में आम तौर पर स्वीकार किए जाने वाले अन्य लेखांकन सिद्धांतों और संशोधित सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन, 2015 के विनियम 33 के अनुपालन में पढ़ा गया है।
3. कम्पनी के पास केवल एक रिपोर्ट योग्य खंड है, जिसका नाम है 'नालीदार बक्सों का निर्माण और बिक्री', जैसा कि भारतीय लेखा मानक 108-परिचालन खंड में बताया गया है।

तारीख : 06.11.2025
स्थान : इन्दौर

वर्थ पेरिफेरल्स लिमिटेड के लिए
जयवीर चड्ढा
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 02397468

कार्यालय पंचायतराज प्रशिक्षण केन्द्र, नागझिरी देवास रोड़ उज्जैन (म.प्र.)

प्रशिक्षण व्यवस्था हेतु निविदा आमंत्रण

क्र./52/नि.समिति/PTC/2025-26 उज्जैन दिनांक : 06/11/2025

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रशिक्षण संस्थान द्वारा उज्जैन संभाग में आयोजित बाह्य प्रशिक्षणों (जनपद स्तर एवं क्लस्टर स्तर पर) विभिन्न प्रशिक्षण कार्यशाला एवं सेमीनार में उपस्थित प्रतिभागियों के लिए प्रशिक्षण स्थल पर आवश्यकतानुसार बैठक व्यवस्था, कुर्सी, साउण्ड सिस्टम, लैपटॉप, एलसीडी प्रोजेक्टर एवं व्हाईट बोर्ड तथा अन्य आवश्यक व्यवस्था किराये पर लेने के लिए सील बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है।

(अ) निविदा प्रकाशन तिथि से निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि दिनांक 16/11/2025 तक कार्यालय समय 05.00 बजे तक निर्धारित रहेगी।

(ब) निविदा प्रपत्र कार्यालय में सील बंद बॉक्स में जमा करने की दिनांक 17/11/2025 को दोपहर 01.00 बजे तक रहेगी एवं प्राप्त निविदाएँ दिनांक 17/11/2025 (नियत तिथि) में समय दोपहर 02.30 बजे खोली जावेगी।

(स) उपरोक्त निविदा प्रपत्र की निविदा सेवा शर्त विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 16/11/2025 तक कार्यालयीन समय में पंचायतराज प्रशिक्षण केन्द्र, उज्जैन से राशि रू. 500/- नगद देकर प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदाएँ दिनांक 17/11/2025 को दोपहर 02.30 बजे संस्थान में गठित निविदा समिति के समक्ष खोली जावेगी एवं निविदा स्वीकृति/निरस्ती हेतु समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

प्राचार्य/उपायुक्त (विकास)
पंचायतराज प्रशिक्षण केन्द्र,उज्जैन (म.प्र.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, इंदौर

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि नगरीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली नीचे उल्लेखित खसरा भूमि पर संस्था / कंपनी / व्यक्तियों को **आवासीय भूखण्डीय विकास (DECENT HEIGHT EXTENSION) उपयोग** की विकास अनुमति प्रदान की गई है। उल्लेखित स्थल पर विकास कार्यों पेटे निम्नानुसार भूखण्ड / ब्लॉक / प्रकोष्ठ धरोहर रखे गये हैं:

अ क्र.	कॉलोनी/संस्था का नाम	ग्राम व खसरा क्रमांक	विकास अनुमति जारी करने का क्रमांक व दिनांक	धरोहर भूखण्डों का विवरण
1.	**मेसर्स सचिन लिजिंग एण्ड डेवलपर्स प्रायवेट लिमिटेड** पता: खण्डेलवाल चेम्बर्स, ए.बी. रोड, जिला इन्दौर (म.प्र.) तर्फे संचालक **श्री सचिन पिता रमेश शर्मा**, पता: 61-62, विष्णुपुरी कॉलोनी मेन, भंवरकुआं, जिला इन्दौर (म.प्र.) तर्फे **विकासकर्ता मेसर्स देव इन्फ्रा तर्फे अधिकृत भागीदार श्री राजेश पिता ओमप्रकाश बूलिया** पता: 82, स्वामी विवेकानंद नगर, कनाड़िया रोड, जिला इन्दौर (म.प्र.)	ग्राम मुण्डला नायता, तहसील जूनी इन्दौर, जिला इन्दौर स्थित खसरा क्रमांक 200, 205 कुल रकबा 2.193 हैक्टेयर (21930.00 वर्गमीटर) में से नेट स्कीम एरिया 14248.93 वर्गमीटर भूमि पर आवासीय भूखण्डीय विकास (DECENT HEIGHT EXTENSION) उपयोग की विकास अनुमति बाबद्।	पत्र क्रमांक 7420/ कॉलोनी सेल/ 2025 दिनांक 04.11.2025	विकास लागत के 125 प्रतिशत के मान से धरोहर पेटे अभिन्यास में लाल रंग से अंकित सदर स्थल के भूखण्ड क्रमांक एम-1 क्षेत्रफल 1817.23 वर्गमीटर, भूखण्ड क्रमांक 12, क्षेत्रफल 92.96 वर्गमीटर, इस प्रकार कुल 02 भूखण्ड, जिनका कुल क्षेत्रफल 1910.19 वर्गमीटर है, जो गिरवीनामा ई-पंजीकरण संख्या (रजिस्ट्रेशन नंबर) MP7IGR17522025A 100845131 दिनांक 22.09.2025 से धरोहर के रूप में रखे गये हैं।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखंडों / प्रकोष्ठों का क्रय-विक्रय नहीं किया जावे अन्यथा की स्थिति में निगम जवाबदेह नहीं होगा।

आज्ञा से
आयुक्त नगर पालिक निगम, इंदौर